55 वीं
वार्षिक रिपोर्ट
2023-2024

WAPCOS

(भारत सरकार का उपक्रम-जल शक्ति मंत्रालय)

(A Government of India Undertaking-Ministry of Jal Shakti)

वैश्विक उपस्थिति (75 से अधिक देश)



श्री सी. आर. पाटिल

माननीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय

भारत सरकार

श्री राज भूषण चौधरी

माननीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय

भारत सरकार

श्री वी. सोमन्ना

माननीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय

भारत सरकार

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार

श्री वी.एल. कांता राव
सचिव

श्री सुबोध यादव
अपर सचिव

श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल
संयुक्त सचिव (आरडी एवं पीपी)

श्री गौरव मसलदान
संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार

श्री करण सिंह
संयुक्त सचिव (एनआरसीडी)

विषय सूची

कॉरपोरेट अवलोकन

6 विजन और मिशन

7 निदेशक मंडल

8 वाप्कोस प्रोफ़ाइल

12 अध्यक्ष का संदेश

17 महत्वपूर्ण गतिविधियां

सांविधिक रिपोर्ट

41 निदेशकों की रिपोर्ट

वित्तीय विवरण

स्टैंडअलोन

234 सीएंडएजी की टिप्पणियाँ

235 स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

252 स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के अनुलग्नक

समेकित

338 सीएंडएजी की टिप्पणियाँ

339 स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

352 स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के अनुलग्नक

दूरदर्शिता

"जल, विद्युत तथा अवस्थापना परियोजनाओं के सतत् विकास हेतु एकीकृत व अनुकूलित समाधान उपलब्ध करवाने के लिए परामर्श और अभियांत्रिकी, प्रापण व निर्माण (ईपीसी) में विश्व में अग्रणी"

लक्ष्य

"सतत् लाभप्रद वृद्धि, कार्य निष्पादन में उत्कृष्टता, नवउन्नत तकनीकी विशेषज्ञता का प्रयोग, नवीकरण तथा विश्वव्यापी सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने में क्षमता निर्माण"

निदेशक मण्डल
(वार्षिक आम बैठक की तिथि: 15 दिसंबर, 2025)

श्रीमती शिल्पा सचिन शिंदे
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
(24.09.2025 से)

श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल
सरकारी नामित निदेशक,
(आर.डी. एंड पी.पी.) जल संसाधन,
नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग,
जल शक्ति मंत्रालय
(23.05.2025 से)

श्री पी. एस. गंगाधर
सरकारी नामित निदेशक,
संयुक्त सचिव (ईडी)
विदेश मंत्रालय
(06.03.2025 से)

श्री अमिताभ त्रिपाठी
निदेशक (वाणिज्य एवं मा.सं.वि.)
(01.02.2025 से)

वाप्कोस एक जानकारी

परिचय

वाप्कोस लिमिटेड जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के तत्वावधान के अंतर्गत “लघु रत्न-I” सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत 26 जून, 1969 को आरंभ; वाप्कोस देश और विदेश में जल, विद्युत तथा अवस्थापना के क्षेत्रों में इंजीनियरिंग परामर्शी सेवाओं और निर्माण संबंधी कार्यों में संलग्न है।

जल, विद्युत और अवसंरचना के सभी क्षेत्रों में अभियांत्रिकी, प्रापण और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं सहित संकल्पना से शुरूआत तक, सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करने वाला वाप्कोस एक अद्वितीय सीपीएसई है। कंपनी ने अपने ग्राहकों के लिए स्थायी और प्रभावशाली परिणाम सुनिश्चित करते हुए समाधान प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल की है।

वाप्कोस की शक्ति विविध और चुनौतीपूर्ण वातावरणों जैसे मंगोलिया की ठंडी बर्फ से लेकर राजस्थान के थार रेगिस्तान की तेज गर्मी और अफगानिस्तान में कार्य करने की कठिन स्थितियों से लेकर लद्दाख के दुर्गम इलाकों तक में परियोजनाओं को निष्पादित करने की उसकी क्षमता में निहित है।

तकनीकी नवाचार के अग्रिम मोर्चे पर, वाप्कोस जल प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट अवसंरचना और अत्याधुनिक सिंचाई तकनीकों में हुई प्रगति का लाभ उठाता है। इसके प्रमुख कार्यों में पम्पड स्टोरेज हाइड्रोपावर और सौर और पवन ऊर्जा का एकीकरण शामिल है। 75 से अधिक देशों में मौजूदगी और सिद्ध कार्य निष्पादन रिकार्ड के साथ वाप्कोस, दुनियाभर में विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली, सतत समाधान प्रदान करता है और यह दुनियाभर में एक विश्वसनीय नाम है।

कंपनी ने जल संसाधनों, विद्युत तथा अवस्थापना विकास परियोजनाओं में परामर्शी सेवाओं हेतु आईएसओ 9001:2015 की गुणवत्ता आश्वासन अपेक्षाओं और साथ ही आवासीय, कार्यालय भवनों, सिविल कार्यों से संबंधित परियोजनाओं के लिए अभियांत्रिकी प्रापण और निर्माण परियोजनाओं हेतु भी आईएसओ 9001:2015 की गुणवत्ता आश्वासन अपेक्षाओं का अनुपालन करते हुए व्यापक गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को कार्यान्वित किया है।

दूरदर्शिता

"जल, विद्युत तथा अवस्थापना परियोजनाओं के सतत् विकास हेतु एकीकृत व अनुकूलित समाधान उपलब्ध करवाने के लिए परामर्श और अभियांत्रिकी, प्रापण व निर्माण (ईपीसी) में विश्व में अग्रणी"

लक्ष्य

"सतत लाभप्रद वृद्धि, कार्य निष्पादन में उत्कृष्टता, नवउन्नत तकनीकी विशेषज्ञता का प्रयोग, नवीनीकरण तथा विश्वव्यापी सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने में क्षमता निर्माण"

विशेषज्ञता के क्षेत्र

कम्पनी के विशेषज्ञता के मुख्य क्षेत्रों में शामिल है :

- सिंचाई, जल निकासी और जल प्रबंधन
- भू जल खोज व लघु सिंचाई
- बाढ़ नियंत्रण और नदी आकारिकी
- बांध व जलाशय इंजीनियरिंग
- बांध सुरक्षा
- जल निकाय तथा भूमि संरक्षण
- कृषि
- जल विभाजक प्रबंधन
- प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन
- नदी बेसिन आयोजना
- हाइड्रो पावर
- थर्मल पावर
- पम्पड स्टोरेज परियोजना
- ट्रांसमिशन तथा वितरण
- ग्रामीण विद्युतीकरण
- सौर और पवन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा विकास
- जल आपूर्ति, स्वच्छता और जल निकासी
- पर्यावरण इंजीनियरिंग
- पत्तन, बंदरगाह तथा अंतर्देशीय जलमार्ग
- शहरी व ग्रामीण क्षेत्र विकास
- सड़कें, रेल एवं राजमार्ग अभियांत्रिकी
- भवन व नगरीकरण
- रोपवे

सेवाओं की श्रृंखला

वाप्कोस अपने ग्राहकों को जल, विद्युत और अवस्थापना क्षेत्रों की विभिन्न परियोजनाओं के अलावा "कॉन्सेप्ट-टू-कमीशनिंग" की सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करता है। प्रदत्त परियोजना के संबंध में हमारी ओर से दी जाने वाली सेवाओं में इनमें से एक अथवा इनका संयोजन शामिल है –

- प्रारम्भिक अन्वेषण/सर्वेक्षण
- व्यवहार्यता अध्ययन/आयोजना/ परियोजना सूत्रीकरण
- फील्ड सर्वेक्षण एवं अन्वेषण व परीक्षण
- डिजाइन इंजीनियरिंग
- आधार रेखा और सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण
- टेंडर इंजीनियरिंग
- संस्थागत/मानव संसाधन विकास
- परियोजना प्रबंधन और निर्माण पर्यवेक्षण
- प्रचालन व रखरखाव
- ईपीसी/टर्नकी व डिपोजिट कार्य

वाप्कोस के अद्वितीय विक्रय प्रस्ताव (यूएसपी) में 20 मिलियन हेक्टेयर सिंचाई क्षमता के विकास में योगदान करने वाली सिंचाई, जल संसाधन, भूजल और कृषि इत्यादि की 550 से अधिक परियोजनाएं; पत्तन, बंदरगाह और अंतर्देशीय जलमार्ग की 200 से अधिक परियोजनाएं; जल आपूर्ति और स्वच्छता, ग्रामीण और शहरी विकास, सड़क और राजमार्ग इंजीनियरिंग की 500 से अधिक परियोजनाएं; जल संसाधन, विद्युत और अवसंरचना विकास के क्षेत्रों की 300 से अधिक परियोजनाओं के लिए पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) शामिल हैं। इसी प्रकार, जल विद्युत क्षेत्र में, वाप्कोस को 100 गीगावॉट से अधिक वैश्विक जल विद्युत में अपना योगदान, 60 गीगावॉट से अधिक कुशल पंपड स्टोरेज प्रणाली और ऊर्जा भंडारण समाधानों के विकास में अग्रणी रहने पर हमें गर्व है। थर्मल ऊर्जा के क्षेत्र में, कंपनी ने वैश्विक स्तर पर लगभग 23 गीगावॉट की परियोजना क्षमता वाली परियोजनाओं के लिए सफलतापूर्वक इंजीनियरिंग परामर्श सेवाएं प्रदान की हैं। 15,000 सर्किट किलोमीटर से अधिक की ट्रांसमिशन लाइन, 500 सबस्टेशनों और 20,000 सर्किट किलोमीटर के वितरण नेटवर्क के साथ, वाप्कोस वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय, सतत ऊर्जा संवितरण सुनिश्चित करता है।

अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग

वाप्कोस विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषित अभिकरणों जैसे विश्व बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक, अफ्रीकन डेवलपमेंट बैंक, जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन, यूनाइटेड नेशंस ऑफिस फॉर प्रोजेक्ट सर्विसेज, फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी, जर्मन डेवलपमेंट बैंक, एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक, यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक और यूरोपियन बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट द्वारा वित्तपोषित कई विकास परियोजनाओं से जुड़ा हुआ है।

भारत सरकार की द्विपक्षीय वित्त पोषण पहल के हिस्से के रूप में हम अफगानिस्तान, भूटान, कंबोडिया, नेपाल, घाना और तंजानिया जैसे विभिन्न देशों की प्रमुख विकास परियोजनाओं से भी जुड़े हुए हैं।

वाप्कोस प्रचालन

21वीं सदी की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए वाप्कोस में उच्च अर्हता प्राप्त पेशेवर, कुशल प्रबंधन और उत्कृष्ट ढांचागत सुविधाएं मौजूद हैं। अपनी स्थापना से वाप्कोस पचहत्तर (75) से अधिक देशों में विभिन्न ग्राहकों को इंजीनियरिंग परामर्शी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

वाप्कोस ने विशेष रूप से दक्षिण एशिया और पूरे अफ्रीका में जल, विद्युत और अवस्थापना में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए इंजीनियरिंग परामर्श सेवाएं प्रदान करके वैश्विक उपस्थिति दर्ज की है। विदेशों में मौजूद हमारी व्यापक उपस्थिति और असाइनमेंट हमारे वर्षों के वैश्विक अनुभव और विशेषज्ञता को दर्शाती है। वर्तमान में, कंपनी भारत सहित पैंतीस से अधिक (35) देशों अंगोला, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, बोत्सवाना, बुंडुंडी, कंबोडिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो, एस्वातिनी, इथियोपिया, फिजी, गाम्बिया, घाना, इंडोनेशिया, लाओस, लाइबेरिया, मॉरिशस, म्यांमार, मंगोलिया, मोजाम्बिक, नेपाल, निकारागुआ, नाइजर, फिलिस्तीन, रवांडा, मार्शल द्वीप गणराज्य, सिएरा लियोन, ताजिकिस्तान, तंजानिया, टोगो, तुर्की, युगांडा, ज़ांज़ीबार और ज़िम्बाब्वे में जारी परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रही है।

वाप्कोस भारत के सभी राज्यों में 100 से अधिक परियोजना कार्यालयों के माध्यम से कार्य करता है और इसे अपने संचालन के क्षेत्रों में भारत सरकार की लगभग सभी प्रमुख योजनाओं जैसे जल जीवन मिशन (जेजेएम), कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत), नमामि गंगे-एकीकृत गंगा संरक्षण मिशन, स्मार्ट सिटी, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सागरमाला कार्यक्रम, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, पुनरोद्धार वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस), प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मत्स्य पालन और जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि में शामिल होने का गौरव प्राप्त है।

पुरस्कार/मान्यता

वाप्कोस को जल एवं अन्य शहरी अवसंरचना तथा सेवा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय परामर्शदात्री फर्मों में एडीबी द्वारा वर्ष 2021 और 2022 के लिए सबसे अधिक स्वीकृत वित्तपोषित राशि के साथ प्रथम स्थान दिया गया है, संबंधित वर्षों के लिए प्रकाशित वार्षिक खरीद रिपोर्ट के अनुसार वाप्कोस 2017-2021 और 2019-2023 की अवधि के लिए एशियाई विकास बैंक सदस्य तथ्य पत्रक के अनुसार एडीबी ऋण, अनुदान और तकनीकी सहायता परियोजनाओं के तहत परामर्श सेवा अनुबंधों में शामिल भारत के शीर्ष 3 सलाहकारों में भी शामिल है। वाप्कोस इन श्रेणियों में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है।

'मेरिटोरियस अवार्ड-कॉरपोरेट शासन'', **इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर (आईओडी) इंडिया द्वारा** वर्ष **2022** के लिए **'गोल्डेन पीकॉक बिजनेस एक्सलेंस अवार्ड**, वर्ल्ड मार्केटिंग कांग्रेस एंड अवार्ड्स द्वारा आयोजित **बेस्ट एचआर कंपनी टू वर्क** केन्द्रीय सिंचाई और बिजली बोर्ड (सीबीआईपी) **द्वारा 'बेस्ट कंसलटेंसी ऑरगेनाईजेशन इन वॉटर रिसोर्स सेक्टर**, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा **'मेरिटोरियस अवार्ड-कॉरपोरेट**

शासन", वॉटर डाइजेस्ट अवार्ड फॉर बेस्ट कंसल्टेंसी, सर्वश्रेष्ठ जल प्रबंधन - सार्वजनिक क्षेत्र; बेस्ट कम्युनिटी प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर और मेड इन इंडिया - बेस्ट वाटर कंपनी (पब्लिक सेक्टर), बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर" और "सीईओ विद एचआर ओरिएंटेशन" अवार्ड्स वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस, इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड 2021", स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राजेस, सार्वजनिक उद्यमों के एक शीर्ष निकाय द्वारा स्थापित **स्कोप कॉरपोरेट कम्युनिकेशन एक्सीलेंस अवार्ड्स** 2018- **सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन कैंपेन/कार्यक्रम- बाहरी**, लोक उद्यम विभाग ,भारत सरकार द्वारा स्थापित **"शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सीपीएसई" "एमओयू उत्कृष्टता पुरस्कार"**; - भारत सरकार द्वारा स्थापित एक प्रमुख संस्थान केंद्रीय सिंचाई और बिजली बोर्ड द्वारा स्थापित, "**जल संसाधन क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ परामर्श संगठन**"; **निर्यात योजना में उत्कृष्टता के लिए ईईपीसी उत्तरी क्षेत्र पुरस्कार - स्टार परफॉर्मर इन** 2015-16 **के लिए उत्पाद समूह (सिल्वर शील्ड) इंजीनियरिंग सेवाएं- इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद, उद्योग और वाणिज्य,मंत्रालय भारत सरकार** द्वारा स्थापित **बड़े उद्यम ओमेरर्स एंड इंडस्ट्री; सीईएआई राष्ट्रीय पुरस्कारों द्वारा परियोजना इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता श्रेणी के तहत इंजीनियरिंग परामर्श सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार**; भारतीय अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र के योगदान को मान्यता देने के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार और एसौचैम द्वारा स्थापित **परिचालन प्रदर्शन उत्कृष्टता पुरस्कार,पीएसई अवार्ड में महिलाओं का योगदान, कंपनी ऑफ द ईयर, कॉरपोरेट गवर्नेंस, बेस्ट ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट – पीएसई एक्सीलेंस अवार्ड,** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा **स्थापित कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी विजन अवार्ड; इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स – इंडिया कॉर्पोरेट गवर्नेंस एंड सस्टेनेबिलिटी विजन समिट- कॉर्पोरेट गवर्नेंस एंड सस्टेनेबिलिटी विजन** अवाडर्स **2018: ईटी नाउ-राइज पुरस्कार द्वारा सीएसआर लीडरशिप अवाडर्स- बेस्ट कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंजिबिलिटि प्रैक्टिस, कॉर्पोरेट अफेयर, लीडरशिप अवार्ड, बेस्ट यूज ऑफ मीडिया रिलेशन**, वर्ल्ड वॉटर लीडरशिप कॉंग्रेस अवार्ड, **बेस्ट कम्युनिटी वॉटर प्रोजेक्ट**, एशियन कोंफेडरेशन ऑफ बिजनेस द्वारा **समर्थित मोस्ट प्रोमिसिंग ब्रांड:** ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के तहत **इंडिया अफ्रीका चैंपियन में बिज एंड एसएमई अवाडर्स** 2017, **एस्सोचैम द्वारा समर्थित इन्फ्रास्ट्रक्चर में कृषि और समर्पित नेतृत्व में अनुकरणीय सेवाएं पुरस्कार।**

अध्यक्ष का संदेश

श्रीमती शिल्पा सचिन शिंदे
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

प्रिय शेयरधारकों,

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, आपकी कंपनी के कार्य-प्रदर्शन संबंधी विशेषताओं को आपके सामने प्रस्तुत करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। प्रतिस्पर्धात्मक व्यावसायिक वातावरण और चुनौतीपूर्ण बाजार की परिस्थितियों के मध्य, आपकी कंपनी ने उल्लेखनीय तन्यता और विकास का प्रदर्शन किया है। आपकी कंपनी ने प्रचालन के माध्यम से (परियोजना आय) ₹1,530.51 करोड़ रूपये का राजस्व, जबकि ₹2,956.50 करोड़ रूपये का नया व्यवसाय प्राप्त किया है। बोर्ड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹1.92 प्रति शेयर (₹10 प्रत्येक) के लाभांश के संबंध में ₹25.00 करोड़ देने की अनुशंसा की है।

आपकी कंपनी को विभिन्न स्तरों पर सराहना प्राप्त हो रही है। भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग द्वारा आयोजित सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में विदेशी मुद्रा अर्जन के आधार पर सेवाओं के क्षेत्र में आपकी कंपनी को शीर्ष 10 सीपीएसई में स्थान दिया गया है। इसके अतिरिक्त, एडीबी द्वारा अप्रैल 2024 में प्रकाशित "एशियाई विकास बैंक और भारत: फैक्ट शीट" के अनुसार, एडीबी ऋण, अनुदान और तकनीकी सहायता परियोजनाओं के अंतर्गत परामर्श सेवाओं के करारों में शामिल शीर्ष 5 भारतीय परामर्शदाताओं में वाप्कोस ने अप्रैल 2022 की रिपोर्ट में अपने तीसरे स्थान से सुधार करते हुए, दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि इन शीर्ष पांच सलाहकारों में वाप्कोस ही एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। इसके अतिरिक्त, एडीबी ने वर्ष 2021 और 2022 के संबंध में सर्वाधिक स्वीकृत वित्त राशि के साथ जल और शहरी अवस्थापना सेवाओं के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय परामर्शी प्रतिष्ठानों की श्रेणी में वाप्कोस को प्रथम स्थान दिया है।

वर्ष के दौरान, कंपनी की उपलब्धियों को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों के जरिए सराहा गया। इनमें कंसल्टिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा "प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता" हेतु **सीईएआई नेशनल अवार्ड 2024**, भारतीय वाणिज्य मंडल द्वारा प्रस्तुत 14वें पीएसई उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 में कॉर्पोरेट गवर्नेंस श्रेणी में **प्लेटिनम विजेता पुरस्कार**, और इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (भारत) द्वारा इंजीनियरिंग सेवाओं और परामर्श के लिए **आईईआई इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड 2024** में अभियांत्रिकी और **स्वर्ण पुरस्कार** शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वॉटर ट्रान्सवेलेटी ग्लोबल अवार्ड एंड कॉन्क्लेव 2024 में वाप्कोस को **"लीडिंग पीएसयू - वर्षा जल संचयन** और **भूजल प्रबंधन" पुरस्कार और "विशेष मान्यता पुरस्कार - विकास क्षेत्र में अग्रणी संगठन"** पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

आपकी कंपनी निगमित अभिशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध है। निगमित अभिशासन दिशानिर्देशों के अनुपालन के संबंध में लोक उद्यम विभाग द्वारा वाप्कोस को लगातार "उत्कृष्ट" श्रेणी प्रदान की गई है। इस वर्ष भी, हमारे संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए इन दिशानिर्देशों का सावधानीपूर्वक अनुपालन किया गया है। बेहतर निगमित अभिशासन नीतियों के अंगीकृत करने के साथ ही, हम अपने ग्राहकों का विश्वास जीतने में समर्थ रहे हैं।

परिचालनात्मक उत्कृष्टता और ग्राहक संतोष हमेशा से ही हमारी कार्यनीतिक प्राथमिकताओं के केंद्र में रहे हैं। हमने समय पर कार्य पूर्णता सुनिश्चित करते हुए परियोजना कार्य-निष्पादन, गुणवत्ता आश्वासन और कर्मचारी अनुकूलन में प्रणालीगत सुधार किए हैं। हमारे ग्राहकों की विकसित होती आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित सेवा आपूर्ति में उत्कृष्टता के प्रति हमारी सुदृढ़ प्रतिबद्धता ही हमारी तीव्र विस्तार योजनाओं को संतुलन प्रदान करती हैं।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार परिदृश्य में तीव्र गति से हो रहे परिवर्तन, जो पहले कभी नहीं हुए, इस संदर्भ में आपकी कंपनी को भी अपनी कामकाजी कार्यनीति को समकालिक के अनुरूप ही ढालना होगा। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी ने मौजूदा संचालन देशों जैसे **अंगोला, कंबोडिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, फिजी, लाइबेरिया, मोजाम्बिक, नेपाल, नाइजर, तंजानिया, टोगो, ताजिकिस्तान, युगांडा** में विभिन्न नई परियोजनाएं कार्यान्वित की हैं और साथ ही **मॉरीशस** में भी विविध प्रकार का संचालन किया है।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने कई प्रतिष्ठित परियोजनाओं को भी पूर्ण किया है। इनमें से कुछ पूर्ण हो चुकी/शुरू की गई परियोजनाओं की जानकारी निम्नानुसार है:

- माननीय प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात में राजकोट नगर निगम के अंतर्गत शुरू की गई विभिन्न जल आपूर्ति परियोजनाओं हेतु परियोजना प्रबंधन परामर्श।
- उत्तर प्रदेश में गाजीपुर और तरिघाट के बीच गंगा नदी पर रेल-और-रोड पुल के निर्माण हेतु परियोजना प्रबंधन परामर्श इसका उदघाटन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया।
- माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे, महाराष्ट्र का उद्घाटन।
- मुंबई में संताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र- विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंतर्गत मेगा कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर (मेगा सीएफसी) और नए उद्यम एवं सर्विस टॉवर - 01 हेतु परियोजना प्रबंधन परामर्श, इसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया
- संयुक्त गणराज्य तंजानिया के महामहिम राष्ट्रपति डॉ. सामिया सुलुहू हसन द्वारा शेलुई में "विक्टोरिया झील पाइपलाइन का टिंडे और शेलुई कस्बों और आस-पास के गांवों तक विस्तार" का उद्घाटन किया गया।
- केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री, भारत सरकार द्वारा "भारत के महारजिस्ट्रार, गृह मंत्रालय के मान सिंह रोड, नई दिल्ली स्थित कार्यालय का उद्घाटन किया गया।
- माननीय केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा कोच्चि और जम्मू में राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी के कार्यालय परिसर का उद्घाटन किया गया।
- नागपुर शहर में अमृत के अंतर्गत अवैध लेआउट/बस्तियों/झुग्गियों सहित संवितरण अवसंरचना कार्यान्वयन - 8 उन्नत सतही जलाशयों का उद्घाटन माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री द्वारा किया गया।
- कोपारी वॉटरफ्रंट विकास परियोजना, ठाणे के संबंध में परियोजना प्रबंधन सलाहकार, इसका उद्घाटन महाराष्ट्र के तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री ने किया।
- राजस्थान में इंद्रोका बांध का उद्घाटन तत्कालीन माननीय जल शक्ति मंत्री ने किया।
- मॉरीशस में लघु जल विद्युत परियोजना विकास हेतु तकनीकी सहायता।
- हिमाचल प्रदेश के बड्डी में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी) का उद्घाटन तत्कालीन माननीय रसायन और उर्वरक मंत्री द्वारा किया गया।
- राजस्थान के जोधपुर, सीकर, जैसलमेर, बाड़मेर और अलवर जिलों में 112 कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का उद्घाटन तत्कालीन माननीय केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री द्वारा किया गया।
- सोनीपत, औरंगाबाद और भोपाल में 300 बिस्तरों वाले छात्रावास उद्घाटन तत्कालीन माननीय केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल तथा गृह राज्य मंत्री द्वारा किया गया।
- बेंगलुरु में 300 बिस्तरों वाले छात्रावास उद्घाटन तत्कालीन माननीय केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री द्वारा किया गया।

- गंगाधर मेहर लिफ्ट सिंचाई परियोजना के संबंध में परियोजना प्रबंधन परामर्श इस परियोजना का उद्घाटन ओडिशा के तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।
- श्री जगन्नाथ क्रिकेट स्टेडियम और जिम्नास्टिक्स हाई परफॉर्मेंस का उद्घाटन ओडिशा के तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

सतत और सामाजिक रूप से जिम्मेदार बने रहने के साथ बाजार की गतिशीलता के साथ स्वयं को अनुकूलित करते हुए आपकी कंपनी का ध्यान भविष्य पर केंद्रित है। मौजूदा ग्राहकों से लगातार मिल रहे पुनरावृत्ति कार्यों के साथ-साथ नए व्यवसायों का मिलना, गुणवत्ता, समय पर कार्य निष्पादन और लागत दक्षता के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता को सत्यापित करते हैं। विकास संबंधी हमारी कार्यनीति इस दशक में राष्ट्रीय और वैश्विक विकास के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे **जल, विद्युत और अवस्थापना** क्षेत्रों में संचालन विस्तार पर आधारित है।

आज के व्यापार परिदृश्य में, कोई भी कंपनी नई उभरती और अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाये बिना स्वयं के अस्तित्व को बनाये नहीं रख सकती। अपने क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के उपयोग के साथ स्वयं को अद्यतन रखने पर हमारा ध्यान केन्द्रित रहा है और यह आगे भी जारी रहेगा। हम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं में विभिन्न संख्यात्मक मॉडलिंग सॉफ़्टवेयर का व्यापक रूप से उपयोग कर रहे हैं। ये संख्यात्मक मॉडलिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ हमारी सेवाओं में गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करते हैं। वर्तमान में प्रचलित सभी प्रमुख सॉफ़्टवेयर का उपयोग आपकी कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

घरेलू स्तर पर, वाप्कोस ने अपनी अखिल भारतीय उपस्थिति को और मजबूत किया है, जोकि जल जीवन मिशन (जेजेएम), कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत), नमामि गंगे-एकीकृत गंगा संरक्षण मिशन, स्मार्ट सिटी, प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सागरमाला कार्यक्रम, प्रधान मंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस), प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड जैसी महत्वपूर्ण सरकारी पहलों में योगदान दे रही है। इन परियोजनाओं के माध्यम से, हम भारत के बुनियादी ढांचे और विकास परिदृश्य में लगातार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सक्रिय रूप से परिचालन दक्षता बढ़ाने हेतु डिजिटल समाधानों को एकीकृत करने के साथ ही कंपनी का प्रौद्योगिकी को अंगीकृत करने पर फोकस रहा है। हमने प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, पारदर्शिता बढ़ाने और सेवा वितरण में सुधार हेतु विभिन्न आईटी-आधारित प्रणालियों को कार्यान्वित किया गया है। नकद रहित और कुशल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने हेतु सरकारी निर्देशों के अनुरूप **डिजिटल भुगतान प्रणालियों** को अपनाया गया है। इसके अतिरिक्त, **उद्यम संसाधन योजना (ईआरपी) प्रणाली** को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, वित्त मॉड्यूल पहले से ही कार्यात्मक है और अन्य मॉड्यूल—मानव संसाधन, परियोजना प्रबंधन, और व्यवसाय विकास—संबंधी कार्य पूरा होने वाला है। ईआरपी के पूर्ण स्तरीय कार्यान्वयन से व्यवसायिक कार्यों में दक्षता और समन्वय में व्यापक रूप से वृद्धि होगी।

आपकी कंपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) को अपने मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानती है, जिसमें **स्वास्थ्य एवं पोषण, पर्यावरणीय स्थिरता, महिलाओं का कल्याण, और स्वच्छ गंगा कोष** में योगदान पर आधारित पहल शामिल हैं। सभी सीएसआर गतिविधियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धाराओं और सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार कार्यांवित किया जाता है।

हमारी सबसे बड़ी शक्ति हमारे कर्मचारी हैं। 31 मार्च 2024 तक **929 नियमित कैडर कर्मचारियों** के साथ, वाप्कोस एक ज्ञान-आधारित संगठन बना हुआ है, जहां विशेषज्ञता और नवाचार सफलता के प्रमुख चालक हैं। कर्मचारियों के कौशल विकास को प्राथमिकता दी जाती है, जिसमें तकनीक को अपनाने और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु भौतिक और आभासी दोनों प्रकार की पद्धतियों में निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उत्कृष्टता की सराहना करने और प्रोत्साहित करने हेतु, कंपनी ने **"माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी"** कार्यक्रम की भी शुरूआत की है।

इसके अतिरिक्त, जारी परियोजनाओं और पूर्ण हो चुकी परियोजनाएं, प्रमुख सफलताओं और कर्मचारियों की उपलब्धियों सहित प्रमुख गतिविधियों की जानकारी देने हेतु एक **मासिक समाचार पत्र** भी प्रकाशित किया जा रहा है। इन प्रयासों के माध्यम से, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे कर्मचारी न

केवल प्रेरित हो बल्कि कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्वयं को जोड़े रखे।

ग्राहक संतोष ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम अपेक्षाओं के अनुरूप और उससे अधिक उच्च गुणवत्ता, समयबद्ध और लागत-कुशल समाधान प्रदान करके दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध हैं। उत्कृष्टता पर मुख्य ध्यान केन्द्रित करने के साथ, हम भारत की विकास यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार और उससे कहीं अधिक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बनाये हुए हैं।

आपकी कंपनी अपनी सहायक कंपनी, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन (एनपीसीसी) के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। दोनों कंपनियों की कार्यशक्तियों के समन्वय और हमारे हाल के कार्यकलापों के साथ, एनपीसीसी के कार्य निष्पादन में व्यापक रूप से सुधार हुआ है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि दोनों कंपनियां आगे भी इसी प्रकार विकास जारी रखेंगी और आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगी।

मैं इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्यों का कंपनी के विकास की दिशा में उनकी सक्रिय भागीदारी और योगदान के लिए, अपना हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं।

मैं माननीय जल शक्ति मंत्री, माननीय जल शक्ति राज्य मंत्री; सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की आभारी हूं, जिनका बहुमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग समय-समय पर हमें मिलता रहता है।

मैं सरकार के मंत्रालयों/विभागों/स्वायत्त निकायों विशेष रूप से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय; आयुष मंत्रालय; रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय; संस्कृति मंत्रालय; रक्षा मंत्रालय; उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय; गृह मंत्रालय; विदेश मंत्रालय; आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय; खान मंत्रालय; रेल मंत्रालय; सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय; पर्यटन मंत्रालय; जनजातीय कार्य मंत्रालय; पत्तन-पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय; युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का भी आभार व्यक्त करती हूं, जिनकी सहायता के बिना कंपनी के लक्ष्यों को प्राप्त करने की यात्रा सरल नहीं होती।

मैं इस अवसर पर लोक उद्यम विभाग, निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग; वित्त मंत्रालय; भारत में विदेशी मिशन और दूतावास; एक्ज़िम बैंक; विदेश में भारतीय मिशन और दूतावास; भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक; सांविधिक लेखा परीक्षकों, कंपनी से जुड़े सम्मानित ग्राहकों और अन्य पेशेवरों द्वारा हमें हमेशा दिए जाने वाले मूल्यवान सहयोग और योगदान के लिए धन्यवाद देती हूं।

निदेशक मंडल और प्रबंधन की ओर से, कंपनी के विकास में उत्कृत योगदान देने के लिए कंपनी के कर्मचारियों की हृदय से सराहना करना चाहती हूं।

मैं सभी शेयरधारकों की भी आभारी हूँ जिन्होंने कंपनी को दुनिया की सबसे विश्वसनीय और प्रशंसित कंपनियों में से एक बनाने हेतु निरंतर अपना सहयोग प्रदान किया है। मैं आशा करती हूं कि यह निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन हमें हमेशा की तरह मिलता रहेगा।

अंत में, अपनी बात के समापन में, मैं यह कहना चाहती हूँ कि आपकी कंपनी जल, विद्युत और अवसंरचना के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने में अग्रणी रही है, जोकि **विकसित भारत@2047** के विजन को प्राप्त करने हेतु समावेशी विकास की आधारशिला हैं। एक ओर जहां, सतत विकास संबंधी चुनौतियाँ भयावह हैं, लेकिन आपकी कंपनी द्वारा किए जा रहे प्रयास यह दर्शाते हैं कि गुणवत्ता पर ध्यान केन्द्रित करने, प्रौद्योगिकी के उपयोग, महत्वकांक्षी व्यावसायिक कार्यनीतियां और ग्राहकों के साथ स्थायी साझेदारी के साथ, आपकी कंपनी का भविष्य सुरक्षित है और अधिक से अधिक सफलता की प्राप्ति निर्धारित है।

श्रीमती शिल्पा सचिन शिंदे
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

अद्वितीय विशेषताएं
यूनिक सेल्लिंग प्रोपोज़िशन (यूएसपी)

जल संसाधन

सिंचाई, जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, भूजल इत्यादि के क्षेत्र में 550 से अधिक परियोजनाएं

पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव आंकलन

जल, विद्युत और अवस्थापना के क्षेत्र में 300 से अधिक परियोजनाएं

विद्युत

जलविद्युत

100 गीगावॉट से अधिक वैश्विक जलविद्युत, 60 गीगावॉट से अधिक सक्षम पम्प भंडारण प्रणालियों और ऊर्जा भंडारण समाधानों के विकास का नेतृत्व करते हुए 200 से अधिक परियोजनाएं

थर्मल

वैश्विक स्तर पर लगभग 23 गीगावॉट परियोजना क्षमता के साथ 40 से अधिक परियोजनाओं को अभियांत्रिकी परामर्श सेवाएँ प्रदान करना

ट्रांसमिशन और संवितरण लाइन

15,000 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों, 500 सबस्टेशनों और 20,000 सर्किट किलोमीटर वितरण नेटवर्क के साथ 200 से अधिक परियोजनाएँ

अवस्थापना

जल आपूर्ति एवं स्वच्छता, ग्रामीण तथा शहरी विकास, सड़क और राजमार्ग इत्यादि के क्षेत्र में 550 से अधिक परियोजनाएँ

पत्तन, बंदरगाह, और अंतर्देशीय जलमार्ग के क्षेत्र में 200 से अधिक परियोजनाएँ

महत्वपूर्ण गतिविधियां

भारत के महापंजीयक का कार्यालय, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली

22.05.2023

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उद्घाटन वाप्कोस द्वारा लुटियंस जोन में इस प्रतिष्ठित भवन का डिज़ाइन, इंजीनियरिंग और निर्माण कार्य किया गया।

केंद्रीय लोक स्वास्थ्य और पर्यावरण अभियांत्रिकी (संगठन) जल आपूर्ति नियमावली के संशोधन और अद्यतन हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला

12.06.2023 - 13.06.2023

सचिव (एमओएचयूए) ने विज्ञान भवन, दिल्ली में जीआईएच, जानकारी साझेदार द्वारा वित्त पोषित केंद्रीय लोक स्वास्थ्य और पर्यावरण अभियांत्रिकी संगठन (सीपीएचईईओ) जल आपूर्ति नियमावली के संशोधन और अद्यतन पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया।

तकनीकी सत्र के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न यूएलबी के उपस्थित प्रतिनिधियों, उच्चाधिकारियों के समक्ष वाप्कोस द्वारा तैयार की गई नियमावली से संबधित प्रस्तुति प्रस्तुत की गई।

भारत-अफ्रीका विकास साझेदारी पर 18वां सीआईआई एक्सिम बैंक सम्मेलन, नई दिल्ली

14.06.2023 - 16.06.2023

माननीय विदेश मंत्री, श्री एस. जयशंकर द्वारा उद्घाटन।

इस अवसर पर वाप्कोस द्वारा एक प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें अफ्रीका में वाप्कोस द्वारा कार्यान्वित विभिन्न विकास परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया। वाप्कोस के अधिकारियों ने विभिन्न विदेशी गणमान्य उच्चाधिकारियों के साथ बातचीत भी की।

वाप्कोस निगमित कार्यालय, गुरुग्राम में योग दिवस समारोह

21.06.2023

श्री आनंद मोहन, संयुक्त सचिव (आरडीएंडपीपी), जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री आर. के. अग्रवाल ने इस समारोह की अध्यक्षता की।

55वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर

26.06.2023

55वें स्थापना दिवस के अवसर पर वाप्कोस निगमित कार्यालय, गुरुग्राम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. रंगासामी के साथ बैठक

05.07.2023

वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने पुडुचेरी में जल संसाधन, विद्युत और अवस्थापना के क्षेत्रों की विकासात्मक परियोजनाओं में वाप्कोस की भागीदारी के संबंध में चर्चा करने हेतु संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी के माननीय मुख्यमंत्री साथ मुलाकात की।

वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

25.07.2023

कंपनी के विकास को सुसाध्य बनाने के उद्देश्य से जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के तत्कालीन सचिव श्री पंकज कुमार और वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री आर. के. अग्रवाल के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

गुजरात में राजकोट में न्यारी-1 बांध से रायधार जल उपचार संयंत्र तक 1219 मिमी कच्चे पानी की पाइपलाइन का उद्घाटन

27.07.2023

माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने तत्कालीन माननीय केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल की उपस्थिति में राजकोट नगर निगम की विभिन्न जल परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

वाप्कोस ने राजकोट में नयारी बांध से रायधार जल उपचार संयंत्र तक 10.06 किमी लंबी 1219 मिमी व्यास की एमएस पाइपलाइन बिछाने हेतु परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं प्रदान कीं। इस योजना से गुजरात के राजकोट शहर के नए विकसित क्षेत्र में पेयजल की समस्या का समाधान हुआ है।

"हर घर तिरंगा अभियान"

14.08.2023

वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने 77वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए और साथ ही उन्हें आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा अभियान' में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

चेन्नई में आईआईटी मद्रास के नए शैक्षणिक परिसर (एनएसी) II का निर्माण

15.08.2023

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटी द्वारा उद्घाटन वाप्कोस ने इस परियोजना हेतु तृतीय पक्ष गुणवत्ता आश्वासन सेवाएँ प्रदान कीं हैं।

आईआईटी प्रदास के निदेशक ने वाप्कोस को स्मृति चिन्ह भेंट किया

एनएसी II भवन का दृश्य

77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

15.08.2023

वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने वाप्कोस निगमित कार्यालय, गुरूग्राम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के सहायक सचिवों (2021 बैच के आईएएस अधिकारी बैच) वाप्कोस कार्यालय का दौरा

24.08.2023

जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग में नवनियुक्त सहायक सचिवों सुश्री अनामिका (उत्तराखंड कैडर), सुश्री अपूर्वा त्रिपाठी (बिहार कैडर), श्री प्रखर कुमार सिंह (उत्तर प्रदेश कैडर), श्री सुहास लक्ष्मण गड़े (महाराष्ट्र कैडर) और श्री विश्पुते श्रीकांत यशवंत (झारखंड कैडर) ने वाप्कोस एवं एनपीसीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के साथ वाप्कोस के कार्यालय, नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक के दौरान, उन्हें वाप्कोस और एनपीसीसी की कार्यप्रणाली और संचालन के बारे में जानकारी दी गई।

"बांध सुरक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 2023" जयपुर, राजस्थान

14.09.2023

वाप्कोस ने "बांध सुरक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" में एक प्रदर्शनी आयोजित की जिसमें वाप्कोस द्वारा कार्यान्वित विभिन्न विकास परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया।

"सीपीएसई सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2023", नई दिल्ली

25.09.2023

तत्कालीन माननीय केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भगवत किशनराव कराड द्वारा उद्घाटन

वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने अन्य अधिकारियों के साथ भाग लिया। वाप्कोस द्वारा एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

महाराष्ट्र के मुंबई में चौपाटी बीच पर "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023"

01.10.2023

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए ‘स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023’ के एक भाग के रूप में वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री आर. के. अग्रवाल के नेतृत्व में वाप्कोस की टीम ने मुंबई की चौपाटी बीच पर "एक तारीख, एक घंटा, एक साथ" श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 : श्रमदान अभियान केरल के तिरुवंनंतपुरम में श्रमदान अभियान

01.10.2023

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 के अंतर्गत, वाप्कोस के केरल के क्षेत्रीय कार्यालय स्पेशल चिल्ड्रन , सरकारी एलपीएस स्कूल, केरल और अर्बन रिसोर्स सेंटर (ऑटिज्म केंद्र) पेट्टाह, तिरुवनंतपुरम, के साथ मिलकर श्रमदान अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता ऑटिस्टिक बच्चों (विशेष रूप से सक्षम बच्चों) की स्वच्छता अभियान में सहभागिता थी।

संयुक्त गणराज्य तंजानिया की राष्ट्रपति महामहिम सामिया सुलुहू हसन के साथ बैठक

12.10.2023

तंजानिया में वाप्कोस के संचालन के संबंध में जानकारी देने हेतु वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने संयुक्त गणराज्य तंजानिया की राष्ट्रपति महामहिम सामिया सुलुहू हसन के साथ मुलाकात की। महामहिम ने कार्यनीतिक अवस्थापना परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए वाप्कोस के योगदान की सराहना की।

वाप्कोस और एनपीसीसी द्वारा नई दिल्ली में "विशेष अभियान 3.0 और निवारक सतर्कता सम्मेलन" का आयोजन किया

30.10.2023

इस अवसर पर जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की सचिव सुश्री देवश्री मुखर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री आर. के. अग्रवाल ने समारोह की अध्यक्षता की।

मुख्य अतिथि द्वारा "सत्यनिष्ठा शपथ" दिलाई गई। पीआईडीपीआई के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु एक "नुक्कड़ नाटक" भी प्रस्तुत किया गया।

चित्रकला और गद्यांश लेखन प्रतियोगिता, गुरुग्राम

01.11.2023

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अवसर पर, वाप्कोस द्वारा अपने निगमित कार्यालय में बच्चों के लिए चित्रकला और गद्यांश लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

वाप्कोस द्वारा आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 25वें अंतर्राष्ट्रीय सिंचाई और जल निकासी कांग्रेस और आईसीआईडी की 74वीं अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक का आयोजन

02.11.2023

तत्कालीन माननीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत और आंध्र प्रदेश के तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री श्री वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी द्वारा उद्घाटन किया गया। वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने उच्चाधिकारियों के साथ बातचीत की और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की

"कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न" विषय पर कार्यशाला

06.12.2023

वाप्कोस द्वारा अपने निगमित कार्यालय, गुड़गांव में एक कार्यशाला के आयोजन के माध्यम से "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह" मनाया गया। कार्यशाला का संचालन "भारत में यौन उत्पीड़न विरोधी कानून" की लेखिका और हरियाणा राज्य यौन उत्पीड़न विरोधी परिषद तथा भारतीय महिला वाणिज्य एवं उद्योग चैंबर (डब्ल्यूआईसीसीआई) की अध्यक्ष सुश्री श्रीमती माला थापर द्वारा किया गया।



भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सचिव द्वारा पुणे के राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन) का स्थल दौरा

14.12.2023

इस प्रतिष्ठित संस्थान के निर्माण हेतु वाप्कोस एक परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) के रूप में संलग्न है।

कर्नाटक के बेंगलुरु में नेताजी सुभाष दक्षिणी केंद्र में 300 बिस्तरों वाला छात्रावास

23.12.2023

तत्कालीन केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर द्वारा उदघाटन

इस परियोजना के संबंध में वाप्कोस द्वारा कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य किया गया और 304 एथलीटों के आवास हेतु 108 छात्रावास कमरों, 6 स्टूडियो अपार्टमेंट, रसोई घर और भोजनकक्ष, मनोरंजन क्षेत्र तथा बाहरी विकास कार्यों इत्यादि सहित इस 5 मंजिला छात्रावास भवन के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

"वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो 2024"

09.01.2024

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांधीनगर में मोजाम्बिक गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति, तिमोर लेस्ते लोकतांत्रिक गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति और गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया गया।

वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जल, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में वाप्कोस की वैश्विक उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।



गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद के नल्कनाथ क्षेत्र की सिंचाई योजना की आधारशिला रखी

13.02.2024

अहमदाबाद जिले के सानंद में नल्कनाथ क्षेत्र की सिंचाई योजना के संबंध में वाप्कोस डिज़ाइन सलाहकार के रूप में जुड़ा हुआ है। इस सिंचाई योजना से अहमदाबाद जिले के 39 गांवों का 35000 सीसीए हेक्टेयर क्षेत्र लाभान्वित होगा।

भूटान में पुनात्सांग्चू-II जलविद्युत परियोजना (1020 मेगावाट) बांध का प्रारंभिक जलाशय भरण

21.02.2024

भूटान के माननीय प्रधानमंत्री महामहिम डैशो त्शेरिंग तोबगे द्वारा इसका उदघाटन किया गया, समारोह के दौरान वाप्कोस टीम के साथ भूटान में भारत के राजदूत श्री सुधाकर डलेला, माननीय ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्री और पीएचपीए के अध्यक्ष ल्योंपो जेम त्शेरिंग; माननीय स्वास्थ्य मंत्री ल्योंपो तंदिन वांगचुक, भूटान की शाही सरकार के सचिव और अधिकारी तथा पीएचपीए-II के प्रबंध निदेशक उपस्थित थे।

इस प्रतिष्ठित द्विपक्षीय परियोजना के साथ वाप्कोस डिजाइन परामर्शदाता के रूप में संलग्न है।

महाराष्ट्र के पुणे में निसर्ग ग्राम - राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का निर्माण

25.02.2024

भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजकोट, गुजरात से वर्चुअल रूप से इसका उद्घाटन किया गया। महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री, श्री एकनाथ शिंदे ने भी वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

वाप्कोस द्वारा आयुष मंत्रालय के लिए बनाये गये इस शीर्ष संस्थान में 250 बिस्तरों वाला अस्पताल परिसर, मेडिकल कॉलेज, आवासीय और छात्रावास परिसर शामिल हैं जो अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं। वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को एनआईएन के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) के सत्य लक्ष्मी द्वारा सम्मानित किया गया।

महाराष्ट्र के नागपुर में वाथोड़ा में एलिवेटिड सर्विस जलाशय का निर्माण का

25.02.2024

माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा उद्घाटन

वाप्कोस नागपुर शहर में अमृत के अंतर्गत संवितरण अवसंरचना का विकास कर रहा है जिसमें 16 एलिवेटिड सर्विस जलाशय, 15 किमी फीडर मेन और 378 किमी वितरण पाइपलाइन शामिल है।

उड़ीसा के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पुरी में श्री जगन्नाथ क्रिकेट स्टेडियम और जिम्नास्टिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर का उद्घाटन

25.02.2024

वाप्कोस ने इस परियोजना का डिज़ाइन कार्य और इसे विकसित किया है। इस परियोजना की मुख्य सुविधाओं में: 2,500 व्यक्तियों की मौजूदा क्षमता वाला क्रिकेट का मैदान; ओलंपिक आकार का स्विमिंग पूल; खेल छात्रावास; खो-खो का मैदान; बास्केटबॉल कोर्ट; वॉलीबॉल कोर्ट और इनडोर जिम्नास्टिक हॉल शामिल हैं।

अमृत योजना के अंतर्गत सिल्चर के 5 जोन में जल उपचार संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) की आंशिक शुरूआत

01.03.2024

असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा इसका उद्घाटन किया गया, इससे सिल्चर के 6000 घरों को साफ पेयजल मिलेगा।

इन परियोजनाओं के संबंध में वाप्कोस परियोजना विकास और प्रबंधन परामर्शदाता के रूप में संलग्न है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार के बरुनी में 9512 करोड़ रुपये की लागत वाले नये अमोनिया-यूरिया (नीम कोटेड) उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन

02.03.2024

गंगा नदी से नगर की पेयजल आवश्कयताओं के साथ-साथ यूरिया संयत्र की संकल्पना से शुरूआत तक दोनों के लिए निर्बाध जल आपूर्ति प्रणाली के डिजाइन और कार्यान्वयन संबंधी परियोजना से जुड़ने पर वाप्कोस को गर्व है।

हिमाचल प्रदेश के बद्दी में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान का निर्माण

04.03.2024

तत्कालीन माननीय रसायन और उर्वरक मंत्री श्री मनसुख एल. मंडाविया द्वारा उद्घाटन किया गया।

माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के सिंदरी में 8939.25 करोड़ रुपये की लागत वाले नई अमोनिया-यूरिया उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन किया

06.03.2023

दामोदर नदी से नगर की पेयजल आवश्यकताओं के साथ-साथ यूरिया संयत्र की संकल्पना से शुरूआत तक दोनों के लिए निर्बाध जल आपूर्ति प्रणाली के डिजाइन और कार्यान्वयन संबंधी परियोजनाओं से जुड़ने पर वाप्कोस को गर्व है।

हरियाणा के सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र में 300 बिस्तर वाला छात्रावास और तीरंदाजी उत्कृष्टता केंद्र

11.03.2024

तत्कालीन माननीय केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा गृह राज्य मंत्री श्री निसिथ प्रमाणिक द्वारा वर्चुअली रूप से उद्घाटन किया गया। सोनीपत में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी, सचिव (खेल) ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।

वाप्कोस ने 300 एथलीटों के लिए 100 कमरों वाले इस 4 मंजीला छात्रावास भवन का निर्माण किया है जिसमें 24 स्टूडियो यूनिट के साथ रसोईघर, भोजन कक्ष, मनोरंजन कक्ष, एवीएसी, अग्निशामक, वर्षा जल संचयन इत्यादि शामिल हैं। तीरंदाजी उत्कृष्टता केन्द्र का निर्माण इन्डोर और आउट डोर तीरंताजी संबंधी अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया गया है।



जम्मू और कोच्चि में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण का कार्यालय भवन

14.03.2024

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा वर्चुअली रूप से उद्घाटन किया गया।

इस कार्यक्रम में वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने भी भाग लिया। इन भवनों का डिजाइन कार्य और विकास वाप्कोस द्वारा किया गया है।

नोट्स

निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके निदेशकों को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की 55वीं वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित विवरण प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

1. वित्तीय कार्य निष्पादन

(रूपये करोड़ में)

विवरण	वर्ष 2023-24 के वास्तविक आंकड़े	वर्ष 2022-23 के वास्तविक आंकड़े
क. आय		
प्रचालन से प्राप्त आय		
i) परामर्श सेवाएं	675.75	689.54
ii) निर्माण परियोजनाएं	854.76	730.07
प्रचालन से कुल राजस्व (परियोजना आय)	1530.51	1419.61
iii) अन्य आय	38.92	54.62
कुल आय (क)	1569.43	1474.23
ख. व्यय		
i) परामर्श सेवाएं	486.73	523.19
ii) निर्माण परियोजनाएं	851.85	771.90
कुल परियोजना व्यय	1338.58	1295.09
iii) प्रशासन/सामान्य व्यय	142.91	199.75
iv) मूल्यहास	9.08	9.59
कुल व्यय (ख)	1490.57	1504.43
असाधारण मदों और कर ग से पूर्व लाभ = (क-ख)	78.86	-30.20
जोड़ : असाधारण मद	0.02	0
कर पूर्व लाभ	78.88	-30.20

समेकित वित्तीय विवरणों के अनुसार समूह का कार्य निष्पादन निम्नानुसार है:

(रूपये करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष
टर्नओवर	3164.23
कराधन से पहले लाभ/(हानि)	142.86
घटाएं: कर व्यय	22.63
कर के बाद लाभ/(हानि)	120.23

2. रिजर्व में स्थानांतरण

कंपनी ने सामान्य रिजर्व में कोई राशि स्थानांतरित नहीं की है।

3. पूंजी संरचना

कंपनी की शेयर पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। कंपनी ने 200 करोड़ रुपये की अधिकृत शेयर पूंजी को 10 रुपये के अंकित मूल्य के 20 करोड़ इक्विटी शेयरों में विभाजित किया है और 130 करोड़ रुपये की पेड-अप शेयर पूंजी को 10 रुपये के अंकित मूल्य के 13 करोड़ इक्विटी शेयरों में विभाजित किया है।

4. लाभांश

समीक्षाधीन वर्ष के लिए, बोर्ड ने दिनांक 31.03.2024 को समाप्त वर्ष के लिए प्रत्येक 10 रूपये के प्रति इक्विटी शेयर 1.92 रूपये के लाभांश की सिफारिश की है, जो कंपनी की प्रदत्त पूंजी का 19.20% है, जो कुल मिलाकर 25.00 करोड़ रूपये है।

5. जमा

कंपनी ने समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान न तो कोई जमा आमंत्रित किया है और न ही स्वीकार किया है।

6. शेयरों की पुनर्खरीद (बाय-बैक)

कंपनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शेयरों की कोई पुनर्खरीद नहीं की है।

7. सहायक / संयुक्त उपक्रम और सम्बद्ध कंपनी का विवरण

नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनपीसीसी) - सहायक कंपनी

एनपीसीसी लिमिटेड, जल शक्ति मंत्रालय के तत्वावधान में एक “मिनी रत्न-I” केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जिसे 9 जनवरी, 1957 को कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत शामिल किया गया था। वैपकोस ने राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड (एनपीसीसी) की 98.89% शेयरधारिता हासिल कर ली, जिसके परिणामस्वरूप यह वैपकोस की सहायक कंपनी बन गई है। हमारी सहायक कंपनी बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के निर्माण के व्यवसाय में लगी हुई है। इसने विभिन्न क्षेत्रों में कई परियोजनाएं शुरू की हैं जैसे टाउनशिप और अन्य आवासीय भवनों का निर्माण, संस्थागत भवन, कार्यालय परिसर, सड़कें, पुल और फ्लाई-ओवर, अस्पताल और स्वास्थ्य क्षेत्र की परियोजनाएं, औद्योगिक संरचनाएं, सतही परिवहन परियोजनाएं, पर्यावरण परियोजनाएं, तापीय परियोजनाएं, जलविद्युत परियोजनाएं, बांध, बैराज और नहरें, सुरंगें और भूमिगत परियोजनाएं कंपनी ने वर्ष 2023-24 के लिए कर से पहले 77.84 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है और कर के बाद 74.79 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। कंपनी ने वर्ष 2023-24 के दौरान 1344.83 करोड़ रुपये का नया कारोबार हासिल किया है।

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, एनपीसीसी ने परिचालनों के माध्यम से 1650.75 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया है। कंपनी ने वर्ष 2023-24 में 77.84 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ और 74.79 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ है अर्जित किया है। कंपनी ने वर्ष 2023-24 के दौरान 1314.83 करोड़ रुपये का नया व्यवसाय प्राप्त किया।

8. वाप्कोस का नया लोगो

26.06.2024 को 55वें वार्षिक दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर, माननीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल जी ने माननीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की सचिव श्रीमती देवश्री मुखर्जी, वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री आर.के. अग्रवाल और जल शक्ति मंत्रालय तथा वाप्कोस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वाप्कोस के नये लोगो का अनावरण किया। हमारे नए लोगो में ग्लोब 75+ देशों में हमारी वैश्विक उपस्थिति का प्रतीक है। हरा रंग हमारे परियोजनाओं के माध्यम से हमारे संचालन के प्रत्येक पहलू में सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जल सदैव जल शक्ति मंत्रालय और वाप्कोस के केन्द्र में रहा है और इसलिए नीले रंग की लहरें हमारे अग्रणी कार्यों का प्रतीक हैं। भवन अवस्थापना के क्षेत्र में हमारी उपस्थिति का प्रतीक है। O के अंदर बिजली का चिन्ह विद्युत क्षेत्र में स्पष्टता, हमारी नेतृत्व स्थिति और हमारी आकांक्षाओं को दर्शाता है।

WAPCOS

9. गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली

कंपनी ने जल संसाधन, विद्युत और अवसंरचना विकास परियोजनाओं में परामर्श सेवाओं के लिए आईएसओ 9001:2015 की आवश्यकताओं के साथ-साथ आवासीय, कार्यालय भवन, सिविल कार्य, सड़क और राजमार्ग, सिंचाई, कृषि और जल परियोजनाएं, उत्पादन के लिए विद्युत ऊर्जा परियोजनाएं, सबस्टेशन, ट्रांसमिशन, वितरण नेटवर्क, ग्रामीण विद्युतीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा, औद्योगिक, आईटी, दूरसंचार और संबंधित परियोजनाओं से संबंधित इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं के लिए आईएसओ 9001:2015 की आवश्यकताओं के अनुपालन में एक व्यापक गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली लागू की है।

10. अवार्ड और मान्यता

भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में वाप्कोस के योगदान की प्रशंसा हेतु सार्वजनिक उपक्रमों के स्थायी सम्मेलन जो कि केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक उपक्रमों का एक शीर्ष निकाय है, के द्वारा स्थापित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रबंधन में उत्कृष्टता और उत्कृष्ट योगदान पुरस्कार प्रदान किया गया।

कंपनी को कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जैसे वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा "मेरिटोरियस अवार्ड-कार्पोरेट गवर्नेंस", वाटर डाइजेस्ट अवार्ड्स फॉर बेस्ट कंसल्टेंसी; बेस्ट वाटर मैनेजमेंट - पब्लिक सेक्टर; बेस्ट कम्युनिटी प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर और मेड इन इंडिया - बेस्ट वाटर कंपनी (पब्लिक सेक्टर), "बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर" और "सीईओ विद एचआर ओरिएंटेशन" अवार्ड्स, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा **"इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड 2021" स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राजेस, सार्वजनिक उद्यमों के एक शीर्ष निकाय द्वारा स्थापित स्कोप कॉरपोरेट कम्युनिकेशन एक्सीलेंस अवार्ड्स 2018- सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन कैंपेन/कार्यक्रम- बाहरी,** लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा स्थापित **"शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सीपीएसई" "एमओयू उत्कृष्टता पुरस्कार"; भारत सरकार द्वारा स्थापित एक प्रमुख संस्थान केंद्रीय सिंचाई और बिजली बोर्ड द्वारा स्थापित, "जल संसाधन क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ परामर्श संगठन"**

निर्यात योजना में उत्कृष्टता के लिए ईईपीसी उत्तरी क्षेत्र पुरस्कार - स्टार परफॉर्मर इन 2015-16 के लिए उत्पाद समूह (सिल्वर शील्ड) इंजीनियरिंग सेवाएं- इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद, उद्योग और वाणिज्य,मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित सीईएआई राष्ट्रीय पुरस्कारों द्वारा परियोजना इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता श्रेणी के तहत इंजीनियरिंग परामर्श सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार; भारतीय अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र के योगदान को मान्यता देने के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार और एसौचैम द्वारा स्थापित **परिचालन प्रदर्शन उत्कृष्टता पुरस्कार,पीएसई अवार्ड में महिलाओं का योगदान, कंपनी ऑफ द ईयर, कॉरपोरेट गवर्नेंस, बेस्ट ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट यूनेस्को और एसोचैम द्वारा समर्थित वॉटर अवार्ड – बेस्ट कंसल्टेंसी कंपनी, बेस्ट इंडियर वॉटर कंपनी टू वर्क एंड मेड इन इंडिया – बेस्ट वॉटर कंपनी (पब्लिक सेक्टर) ; इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा स्थापित कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी विजन अवार्ड;** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स – **इंडिया कॉर्पोरेट गवर्नेंस एंड सस्टेनेबिलिटी विजन समिट- कॉर्पोरेट गवर्नेंस एंड सस्टेनेबिलिटी विजन अवार्डस 2018: ईटी नाउ-राइज पुरस्कार द्वारा सीएसआर लीडरशिप अवार्डस- बेस्ट कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंजिबिलिटि प्रैक्टिस, कॉर्पोरेट अफेयर, लीडरशिप अवार्ड, बेस्ट यूज ऑफ मीडिया रिलेशन,** वर्ल्ड वॉटर लीडरशिप कॉंग्रेस अवार्ड - **बेस्ट कम्युनिटी वॉटर प्रोजेक्ट,** एशियन कोंफेडरेशन ऑफ बिजनेस द्वारा समर्थित **मोस्ट प्रोमिसिंग ब्रांड:** ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के तहत **इंडिया अफ्रीका चैंपियन में बिज एंड एसएमई अवार्डस 2017,** एस्सोचैम द्वारा समर्थित **इन्फ्रास्ट्रक्चर में कृषि और समर्पित नेतृत्व में अनुकरणीय सेवाएं पुरस्कार।**

11. व्यवसाय विकास

वाप्कोस विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक, अफ्रीकी विकास बैंक, जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बैंक, संयुक्त राष्ट्र परियोजना सेवा कार्यालय, फ्रांसीसी विकास एजेंसी, जर्मन विकास बैंक, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक, यूरोपीय निवेश बैंक और यूरोपीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक जैसी बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित अनेक विकास परियोजनाओं से संबद्ध है।

वाप्कोस भारत सरकार की द्विपक्षीय वित्त पोषण पहल के भाग के रूप में अन्य के साथ-साथ अफगानिस्तान, भूटान, कंबोडिया, नेपाल, घाना और तंजानिया जैसे विभिन्न देशों में प्रमुख विकास परियोजनाओं से भी संबद्ध है।

12. कॉर्पोरेट योजना/विपणन रणनीति

हमारी मार्केटिंग रणनीति मुख्य रूप से दीर्घकालिक संबंधों के लिए क्लाइंट एंगेजमेंट पर केंद्रित है। इसका ध्यान एक इन-हाउस टीम द्वारा रखा जाता है, जिसे व्यवसाय विकास और क्लाइंट रिलेशनशिप मैनेजमेंट का काम सौंपा जाता है और इसका नेतृत्व हमारे अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निदेशक (वाणिज्यिक और मानव संसाधन विकास) और मुख्य कार्यकारी निदेशक (ओं) द्वारा किया जाता है। व्यवसाय उत्पन्न करना जारी रखने के लिए, हमारा कॉर्पोरेट नियोजन प्रभाग, जो बाजार की खुफिया जानकारी पर नज़र रखता है, रुचि की अभिव्यक्तियों के प्रस्तुतीकरण के लिए समन्वय करता है और बहुपक्षीय फंडिंग एजेंसियों और अन्य निष्पादन एजेंसियों के साथ पंजीकरण की स्थिति बनाए रखता है। हमारी कंपनी संयुक्त आयोगों/मिशन बैठकों, तकनीकी और व्यापार संघों के साथ-साथ भारत और विदेश में संयुक्त व्यापार परिषदों में व्यापार के अवसरों और विभिन्न एजेंसियों की सदस्यता की खोज के लिए विचार-विमर्श में भाग लेती है। हम व्यवसाय खरीद के अवसरों का पता लगाने और विभिन्न एजेंसियों के सदस्य बनने के लिए विभिन्न सरकारी और सामुदायिक कार्यक्रमों में कर्मियों को भी नियुक्त करते हैं। वैपकोस हमारे संभावित ग्राहकों और अन्य व्यावसायिक हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करता है। हम विभिन्न पुरस्कारों में भी भाग लेते हैं, प्रेस विज्ञप्तियां तैयार करते हैं, विपणन ब्रोशर प्रकाशित करते हैं तथा प्रचार और व्यवसाय उत्पन्न करने के उद्देश्य से एससीओपीई, ईईपीसी, फआईसीसीआई, सीबीआईपी, सीआईआई आदि संस्थाओं के साथ संबंध स्थापित करते हैं।

13. विदेशी परियोजनाएं

अफ्रीकी क्षेत्र

❍ **बोत्सवाना**

- ज़म्बेजी एकीकृत कृषि-वाणिज्यिक विकास परियोजना हेतु संव्यवहार सलाहकार सेवाएँ

इनटेक और पंप हाउस का स्थान

रोड क्रॉसिंग 1 (सीआर-1) का स्थान
जाम्बिया जाने वाली सड़क पर फेरी के पास

❍ बुरूंडी

- भारत सरकार की ऋण व्यवस्था के अंतर्गत काबू 16 जल विद्युत परियोजना (20 मेगावॉट) के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्शी सेवाएं।

अपस्ट्रीम से बांध का दृश्य

डाउनस्ट्रीम से बांध का दृश्य

वाल्व हाउस

स्विचयार्ड क्षेत्र

- मध्यम पहाड़ी केन्द्रों और कोलिनों का विद्युतीकरण अध्ययन

स्थल दौरा

केन्द्रीय अफ्रीकी गणराज्य

- यूएनडीपी द्वारा वित्तपोषित चार लघु जलविद्युत साइटों के विकास के लिए व्यवहार्यता अध्ययन, विस्तृत प्रारंभिक डिजाइन और तकनीकी दस्तावेज तैयार करना
- मोबायी के जलविद्युत संयंत्र से नौ इलाकों का सीमा पार विद्युतीकरण अध्ययन और पीएमआईआरई आरसीए के लाभ के लिए आर्थिक और वित्तीय औचित्य अध्ययन, पर्यावरण और सामाजिक प्रभाव आकलन

एनईआरसीए के अधिकारियों के साथ प्रगति समीक्षा बैठक

बाम्बारी शहर में मौजूदा वितरण नेटवर्क दौरा

डीआर कांगो

- हिंदी पखवाड़े के दौरान दिनांक 26.09.2023 को वाप्कोस में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला में जल शक्ति मंत्रालय के श्री विजय सिंह मीना, निदेशक (रा.भा.) को आमंत्रित किया गया जिन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्मिकों को राजभाषा नियमों व अधिनियमों की जानकारी दी तथा वाइस टाइपिंग का प्रशिक्षण भी दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने कार्मिकों को गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में दिये गए निर्धारित लक्ष्यों के बारे में जानकारी भी दी। इस हिन्दी पखवाड़े के दौरान, विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (विराकास) की एवं बैठक भी आयोजित की गई।

हिंदी पखवाड़ा 2023

राजभाषा निरीक्षण

- सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रगामी उपयोग की समीक्षा हेतु संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा दिनांक 10.05.2023 को वाप्कोस के पटना कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण किया गया।

- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा दिनांक 13.05.2023 को वाप्कोस के पंचकुला कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण अमृतसर में किया गया।

- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा दिनांक 24.05.2023 को वाप्कोस के देहरादून कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण किया गया।

- सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रगामी उपयोग की समीक्षा करने हेतु संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा दिनांक 23.06.2023 को वाप्कोस के लखनऊ कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण किया गया।

- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा दिनांक 10.07.2023 को वाप्कोस के गांधीनगर कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण राजकोट (गुजरात) में किया गया।

- संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप-समिति द्वारा दिनांक 09.11.2023 को वाप्कोस के भुवनेश्वर कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण भुवनेश्वर में किया गया।

नराकास गतिविधियां

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) गुरूग्राम की पहली छमाही बैठक दिनांक 19.07.2023 को गुड़गांव कार्यालय के समिति कक्ष में श्री अनुपम मिश्रा, निदेशक (वाणिज्य और मानव संसाधन विकास) और अध्यक्ष, विराकास, वाप्कोस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। नराकास, गुड़गांव के सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख अथवा उनके प्रतिनिधि और हिंदी अधिकारी इस बैठक में उपस्थित थे। श्री नरेंद्र सिंह मेहरा, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय -1 (दिल्ली), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय भी इस बैठक में उपस्थित थे।

- वर्ष 2023-24 की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) गुरूग्राम की दूसरी छमाही की बैठक वाप्कोस के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष नराकास, गुरूग्राम श्री आर.के. अग्रवाल की अध्यक्षता में दिनांक 27.12.2023 को गुरूग्राम कार्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। नराकास, गुरूग्राम के सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख अथवा या उनके प्रतिनिधि और हिंदी अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

- वाप्कोस द्वारा दिनांक 28.06.2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) गुरूग्राम के तत्वावधान में "हिंदी निबंध प्रतियोगिता - नदियों में बढ़ता प्रदूषण" का आयोजन किया, जिसमें नराकास, गुरूग्राम के विभिन्न सदस्य कार्यालयों से 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विराकास बैठकें/कार्याशालाएं

- वर्ष 2023-24 के दौरान, श्री अनुपम मिश्रा, निदेशक (वाणि. एवं मा.सं. वि.) और अध्यक्ष, विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें प्रत्येक तिमाही में नियमित रूप से आयोजित की गई।
- वर्ष 2023-24 के दौरान, वाप्कोस में प्रत्येक तिमाही में नियमित रूप से एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में व्याख्यान देने हेतु जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के अधिकारियों को

आमंत्रित किया गया। इन कार्यशालाओं में निम्नलिखित विषयों पर व्याख्यान दिए गए और व्यावहारिक अभ्यास कराए गए:-

- ❖ वॉयस टाइपिंग
- ❖ राजभाषा नियमों/अधिनियमों के बारे में जानकारी
- ❖ कार्यालय कामकाज में हिंदी के उपयोग से संबंधित नियमों और कार्यालयी कामकाज में हिंदी की मूलभूत जानकारी और व्यावहारिक पत्राचार संबंधी जानकारी
- ❖ टिप्पण और प्रारूपण का व्यावहारिक अभ्यास

कर्मचारियों ने इन कार्यालशालाओं में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

जल शक्ति मंत्रालय की बैठकें

- जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली बैठक से संबंधित समीक्षा बैठक आर्थिक सलाहकार एवं राजभाषा प्रभारी की अध्यक्षता में दिनांक 08.02.2024 को जल शक्ति मंत्रालय में आयोजित हुई। इस बैठक में वाप्कोस से श्री प्रदीप कुमार, वरि.कार्यकारी निदेशक (प्रशा. एवं रा.भा.का.) तथा श्री दलीप कुमार सेठी, उप मुख्य प्रबन्धक (रा.भा.का.) द्वारा भाग लिया गया।

क्षेत्रीय कार्यालयों के विभागीय निरीक्षण

- राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी स्थिति का जायजा लेने हेतु श्री दलीप कुमार सेठी, उप मुख्य प्रबन्धक (रा.भा.का.) द्वारा क्रमश: दिनांक 08.05.2023 को पटना कार्यालय तथा दिनांक 12.09.2023 को वाप्कोस के पुणे कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण किया गया।

सेमिनार में सहभागिता

- राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 व 15 सितम्बर 2023 को हिंदी दिवस व तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन पुणे में किया गया। इस सम्मेलन में वाप्कोस की ओर से श्री दलीप कुमार सेठी, उप मुख्य प्रबन्धक (रा.भा.का.), राजेन्द्र कुमार, उप प्रबन्धक, शशांक राणा, कार्यालय प्रबन्धक, श्री बालकृष्ण, परियोजना प्रबन्धक, पुणे कार्यालय, श्रीमती रीता बर्मन, अपर मुख्य अभियंता, पुणे कार्यालय, श्री रामदास कदम, कनि.सहायक, पुणे कार्यालय ने भाग लिया।
- राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा दिनांक 28.12.2023 को क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर, राजस्थान में किया गया। इस सम्मेलन में वाप्कोस लिमिटेड की ओर से श्री दलीप कुमार सेठी, उप मुख्य प्रबन्धक (रा.भा.का.) द्वारा भाग लिया गया।

विविध

- वर्ष के दौरान, विभिन्न प्रकार की तकनीकी रिपोर्ट, वाप्कोस प्रस्तुति, वाप्कोस संगठन चार्ट, विभिन्न कार्य आदि द्विभाषी रूप में तैयार किए गए।
- वर्ष के दौरान, वाप्कोस की हिन्दी गृह पत्रिका 'वाप्कोस दर्पण' का नियमित रूप से प्रकाशन किया गया
- कम्पनी का समझौता ज्ञापन द्विभाषी रूप में तैयार किया गया।

- हिंदी में काम करने की सुविधा की दृष्टि से अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक सहायक सामग्री उपलब्ध कराई गई।
- जल संसाधन पर संसदीय स्थायी समिति हेतु वाप्कोस के प्रस्तुतीकरण और कार्यान्वित की जा रही, वाप्कोस की परियोजनाओं के विवरण हिंदी में तैयार किये गए।
- परियोजना रिपोर्टों के कार्यकारी सार हिन्दी में तैयार किए गए।
- राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।
- अधिकारियों और कर्मचारियों को अपना अधिकांश कार्य हिन्दी में करने हेतु प्रेरित, प्रोत्साहित और उत्साहित करने के प्रयास भी किए गए।

17. सतर्कता

केंद्रीय सतर्कता आयोग भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई के अधिदेश के साथ और सतर्कता प्रशासन पर सामान्य पर्यवेक्षण हेतु एक शीर्ष समेकित संस्था है। आयोग भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई में बहु-दीर्घकालिक पद्धति को अपनाता है जिसमें निवारक, दंडात्मक और सहभागी सतर्कता उपाय शामिल हैं। देश के नागरिकों में सत्यनिष्ठा की भावना को विकसित करने के एक प्रयास के रूप में, आयोग विभिन्न हितधारकों को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न भ्रष्टाचार विरोधी उपायों में सामूहिक रूप से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करता है।

इस संबंध में, केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिनांक 02.08.2023 के परिपत्र (संख्या 023/वीजीएल/035/556449) के, अनुसार, आयोग ने 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2023 मनाने का निर्णय लिया, जिसका विषय था **"भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे; Say no to corruption; Commit to the Nation".**

आयोग की वांछा थी कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के पूर्वाभास के रूप में, सभी संगठनों को निम्नलिखित निवारक सतर्कता उपायों के साथ तीन महीने के अभियान (16 अगस्त, 2023 से 15 नवंबर, 2023) आयोजित करें :-

क. जनहित प्रकटीकरण और सूचनाकर्ताओं के संरक्षण (पीआईडीपीआई) संकल्प के संबंध में जागरूकता निर्माण

ख. क्षमता निर्माण कार्यक्रम

ग. प्रणालीगत सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन

घ. शिकायत निपटान हेतु आईटी का लाभ

ङ. परिपत्र/निर्देश/नियमावलियों को अद्यतन करना

च. 30-06-2023 से पूर्व प्राप्त शिकायतों का निपटान

वाप्कोस के सतर्कता अनुभाग ने आयोग द्वारा यथानिर्देशित सभी उपायों को संबंधित विभागों को जानकारी दी गई और यह सुनिश्चित करते हुए कि निवारक सतर्कता उपायों को अपनाया गया, संबंधित विभागों से पखवाड़े की अनुपालन रिपोर्ट एकत्र की गई।

उपरोक्त के परिणामस्वरूप, प्रमुख उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

पीआईडीपीआई के संबंध में जागरूकता हेतु उठाए गए कदम

बैनर

स्टैन्डी





भ्रष्टाचार से संबंधित नारे वाले पोस्टर

i) सीवीसी द्वारा अग्रेषित पीआईडीपीआई पोस्टर को और अधिक सरल बनाया गया और हिंदी क्षेत्र के लोगों को आसानी से समझ में आ जाये इसके लिए निर्धारित सामान्य प्रारूप के अलावा इसे फिर से डिजाइन किया गया और इसे भारत के सभी कार्यालयों में प्रदर्शित करने हेतु भेजा गया और गुड़गांव में वाप्कोस के निगमित कार्यालय में भी इसे प्रदर्शित किया गया।

ii) सभी कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे कार्यालयों/परियोजना कार्यालय परिसर और साथ ही कार्यालय के 1 किमी के दायरे में विभिन्न स्थानों पर पीआईडीपीआई संकल्पों से संबंधित द्विभाषी और क्षेत्रीय भाषा के पोस्टर/बैनर प्रदर्शित करके पीआईडीपीआई जागरूकता अभियान चलाएं ताकि जनता के मध्य इस संबंध में जागरूकता बढ़ाई जा सके। पोस्टरों का स्थानीय भाषा में अनुवाद किया गया और 4 कार्यालयों, नामत: गांधीनगर, हैदराबाद, पोलावरम और चेन्नई में इन्हें प्रदर्शित किया गया।

लोकहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प, 2004 (PIDPI)

क्या आप के आस-पास भ्रष्टाचार है
और अपनी पहचान गोपनीय रखना चाहते हैं तो
PIDPI
के तहत शिकायत दर्ज कराएं

PIDPI क्या है?	• लोकहित प्रकटीकरण और सूचना प्रदाता के संरक्षण के संकल्प के तहत की गई शिकायतों को PIDPI शिकायत कहा जाता है। यह भारत सरकार का एक संकल्प है। • इसके तहत दर्ज सभी शिकायतों में शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है।
PIDPI शिकायत कैसे दर्ज की जाती है?	• शिकायत को सचिव, केन्द्रीय सतर्कता आयोग को संबोधित किया जाना चाहिए एवम नीचे दिये गए पते पर भेजा जाना चाहिए। लिफाफे के ऊपर "PIDPI" अंकित किया जाना चाहिए। • शिकायतकर्ता का नाम और पता लिफाफे पर नहीं बल्कि अंदर बंद लिफे पत्र में अंकित होना चाहिए।
शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखने के लिए दिशानिर्देश।	• ऐसी शिकायतें जिनमें शिकायतकर्ता व्यक्तिगत रूप से संबंधित हैं या अन्य अधिकारियों से संबंधित हैं, जिनसे शिकायतकर्ता की पहचान का खुलासा हो सकता है उनको PIDPI द्वारा भेजना चाहिए। • शिकायतें खुली स्थिति में या सार्वजनिक पोर्टल पर नहीं भेजी जानी चाहिए। • पहचान उजागर करने वाले दस्तावेज़ शिकायत में संलग्न या उल्लिखित नहीं किए जाने चाहिए जैसे आरटीआई के तहत प्राप्त दस्तावेज़। • ऊपर वाले लिफाफे पर अपना नाम और पता ना लिखें परंतु अंदर बंद शिकायती पत्र पर अपना नाम व पता अवश्य लिखें। • जिन शिकायतों की पुष्टि नहीं होती, उन्हें बंद कर दिया जाता है। • गुमनाम/छद्मनाम पत्रों पर विचार नहीं किया जाता है।

शिकायत भेजने का पता :
सचिव, केन्द्रीय सतर्कता आयोग
सतर्कता भवन, ब्लॉक-ए जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स, आई.एन.ए.,

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023

नई दिल्ली- 110023
अधिक जानकारी के लिए https://www.cvc.gov.in पर जायें
वाप्कोस लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
76-सी, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 18, गुरुग्राम, हरियाणा - 122015

वाप्कोस के निगमित कार्यालय के प्रवेश गेट पर पीआईडीपीआई पोस्टर लगाये गये

रांची परियोजना कार्यालय के पास विभिन्न स्थानों पर पीआईडीपीआई संकल्प पोस्टरों को लगाया गया

एसबीआई अशोक नगर, रांची के पास

बैंक ऑफ इंडिया, अशोक नगर, रांची

राजमुंदरी की तस्वीरें

आरटीसी बस स्टॉप, लालाचेरुवु

एचबी कॉलोनी

सीटीआरआई भास्कर नगर

डी मार्ट क्वारी जंक्शन

iii) "विशेष अभियान 3.0 और निवारक सतर्कता" पर सम्मेलन के दौरान 30-10-2023 को नई दिल्ली, अकबर रोड स्थित गरवी गुजरात भवन में पीआईडीपीआई के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक/सड़क नाटक का आयोजन किया गया।

iv) पीआईडीपीआई के बारे में जागरूक बनाने वाले, आयोग द्वारा अग्रेषित जिंगल को भारत और विदेश में सभी वाप्कोस कार्यालयों को भेजा गया। इस जिंगल का प्रदर्शन नई दिल्ली के गरवी गुजरात भवन में आयोजित सम्मेलन के दौरान किया गया। वाप्कोस गुरुग्राम कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में वाप्कोस के कर्मचारियों के लिए आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता और गुरुग्राम के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सरहौल में आयोजित प्रतियोगिताओं के दौरान भी इस जिंगल का प्रदर्शन किया गया।

v) वाप्कोस एवं एनपीसीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने 30-10-2023 को नई दिल्ली के गरवी गुजरात भवन में आयोजित सम्मेलन के दौरान "वाप्कोस एवं एनपीसीसी में किए गए प्रणालीगत सुधारों का प्रभाव और पीआईडीपीआई शिकायत" विषय पर पर एक प्रस्तुति दी।

क्षमता निर्माण के अंतर्गत उठाए गए कदम

i) आईओ/पीओ हेतु प्रशिक्षण क्षेत्र के अंतर्गत दो अधिकारियों नामत : श्री आशीष शर्मा, अपर मुख्य प्रबंधक (विधि) और श्रीमती श्वेता पसरीजा, प्रबंधक (मा.सं.) ने 25 से 27 सितंबर, 2023 तक सीबीआई अकादमी, गाज़ियाबाद में आयोजित 3-दिवसीय ऑफलाइन ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम में भाग लिया।

ii) सार्वजनिक खरीदारी पर प्रशिक्षण के दौरान 29 अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण का आयोजन वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के GeM विभाग द्वारा किया गया।

iii) नैतिकता और अभिशासन पर प्रशिक्षण के दौरान 37 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन कार्यनीतिक मानव संसाधन एवं प्रशिक्षण द्वारा किया गया।

iv) 28 अधिकारियों को साइबर स्वच्छता और सुरक्षा पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन वाप्कोस के सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग द्वारा किया गया था।

परिपत्रों/निर्देशों/नियमावलियों का अद्ययतीकरण

- नवंबर 2022 से अब तक के सभी प्रासंगिक परिपत्र/दिशा- निर्देशों को मानव संसाधन विभाग से एकत्र किया गया और जारी किए कार्यालय आदेशों/परिपत्रों/निर्देशों के संग्रह को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 के दौरान अद्यतन किया गया।
- महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों/नियावलियों जैसे वाप्कोस आर एंड पी नियम, सीडीए नियम और यौन उत्पीड़न निवारण विवरण को कंपनी की वेबसाइट पर अद्यतन किया गया।

भ्रष्टाचार के खतरों के संबंध में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने हेतु सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उपयोग एक साधन के रूप में करने के उद्देश्य से वाप्कोस द्वारा 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2023 का आयोजन किया।

सप्ताह को पूरे उत्साह के साथ मनाने और जन जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु वाप्कोस द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण पहल की गई:

1. जन जागरूकता पैदा करने हेतु सप्ताह के प्रथम दिन - 30.10.2023 को गरवी गुजरात भवन, नई दिल्ली के अकबर रोड़ में "विशेष अभियान 3.0 और निवारक सतर्कता" पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में, सुश्री देवश्री मुखर्जी आईएएस, सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इससे सतर्कता जागरूकता के महत्व के संदेश को संगठन में उच्चतम स्तर तक पहुंचाने में मदद मिली।

2. यह सुनिश्चित करने हेतु कि यह संदेश पूरे संगठन में प्रसारित हो, सप्ताह की शुरुआत सभी अधिकारियों को एक साथ सत्यनिष्ठा शपथ दिलाने के साथ की गई इस शपथ को सम्मेलन कक्ष में भौतिक रूप से उपस्थित और साथ ही भारत और विदेशों में वाप्कोस और एनपीसीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों में अन्य सभी अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन मोड से लिया गया।

3. सम्मेलन के दौरान, विवेक हाई स्कूल, सेकटर-39, गुरुग्राम के छात्रों को सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि प्रदान की गई।



4. वाप्कोस एवं एनपीसीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री आर.के. अग्रवाल ने अपने भाषण में भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों को उजागर किया और सभी को इसके विरूद्ध संघर्ष करने हेतु एकजुट होने के लिए प्रोत्साहित किया।

5. वाप्कोस एवं एनपीसीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अनुपम चंद्रा ने "वाप्कोस एवं एनपीसीसी में किए प्रणालीगत सुधारों के प्रभाव और पीआईडीपीआई शिकायतों" पर एक प्रस्तुति दी।

6. सम्मेलन के दौरान, वाप्कोस और एनपीसीसी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वाप्कोस के मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा द्वारा करने और न करने संबंधी एक शिक्षाप्रद सत्र आयोजित किया गया और अनुभव साझा किए गए।

7. 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वाप्कोस के कार्यालयों में **"भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे; Say no to corruption; Commit to the Nation"** संबंधी बैनर/स्टैंडियों का प्रदर्शन किया गया।

8. कार्यालय परिसर में **"भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे; Say no to corruption; Commit to the Nation"** से संबंधित नारे वाले पोस्टर प्रदर्शित किए गए।

9. बच्चे ही कल के नागरिक हैं और इसलिए उन्हें विभिन्न गतिविधियों में शामिल करके जागरूकता अभियान में शामिल किया गया। गतिविधियों की योजना इस प्रकार तैयार की गई कि उन्हें भ्रष्टाचार के खतरों और इस बारे में सोचने के लिए तैयार किया गया कि यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो यह समाज के और अधिक विनाश का कारण बन सकता है। इसके लिए, निम्नलिखित गतिविधियों की योजना तैयार की गई:

क. दिनांक 01-11-2023 को कर्मचारियों के 6 से 9 वर्ष के बच्चों के लिए "भ्रष्टाचार को रोकने के लिए नियमों का पालन करें" विषय पर एक

चित्रकला प्रतियोगिता और 10 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए **"भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे; Say no to corruption; Commit to the Nation"** विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ख. आम आदमी विशेष रूप से, समाज के सबसे निचले स्तर के व्यक्ति के बच्चे ही भ्रष्टाचार का सर्वाधिक शिकार बनते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए, गुड़गांव के सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सरहौल से संपर्क किया गया, जहां ज्यादातर आम आदमी के बच्चे पढ़ रहे हैं। सरकारी स्कूल के तीसरी कक्षा के छात्रों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता और पांचवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम को सफल और बच्चों के लिए यादगार बनाने के लिए सभी बच्चों को खाने के पैकेट और स्टेशनरी वाले सहभागिता उपहार वितरित किए गए।

10. भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूकता फैलाने और 2023 सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाये जाने को प्रचारित करने हेतु वाप्कोस लिमिटेड द्वारा फेसबुक, एक्स. कॉम, लिंक्डइन, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग किया गया।

11. दिनांक 02-11-2023 को वाप्कोस के कर्मचारियों के लिए **"भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे; Say no to corruption; Commit to the Nation"** विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस संबंध में वाप्कोस के सभी फील्ड/क्षेत्रीय/विदेशी कार्यालयों को एक परिपत्र जारी किया गया।

18. डिजिटाइजेशन

प्रौद्योगिकी में तीव्र उन्नति के लिए, प्रबंधन ने कर्मचारी अनकूल वातावरण बनाने के लिए पेपर रहित कार्यालय की संकल्पना की है। हमने पहल की और हमारे संगठन को अधिक दक्ष, निर्बाध पारदर्शी कार्य परिवेश व डिजिटल वाप्कोस बनाने के लिए विभिन्न आईटी गतिविधियों का कार्यान्वयन किया है। आईटी प्रभाग ने कम्पनी को अखिल भारतीय आधार पर निम्नलिखित आईटी सेवाएं उपलब्ध करवाईः

- अनुबंध कार्यों के लिए भारत सरकार के केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल के माध्यम से ई-निविदाकरण
- वस्तु और सेवाओं के लिए जेम पोर्टल प्रापण
- ई-ऑफिस
- विडियो कांफ्रेंसिंग

19. जोखिम प्रबंधन नीति

कंपनी के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति है। नीति में पहचाने गए, जोखिम वाले क्षेत्रें में पूर्णता/बाजार हिस्सेदारी जोखिम, मानव संसाधन जोखिम, बीमा जोखिम, रियलाइजेशन जोखिम, प्रणाली जोखिम, धोखाधड़ी जोखिम, व्यवसाय प्रचालन जोखिम, क्रेडिट जोखिम, अनुबंध निर्माण और निष्पादन जोखिम कानूनी जोखिम, आपदा जोखिम शामिल हैं। इन पहचाने गए जोखिमों के उपशमन के लिए कार्य योजना जोखिम प्रबंधन नीति में निहित है। विभागों के प्रमुख जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं, जैसा भी उनके कामकाज से संबंधित क्षेत्रों पर लागू होता हो, और लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा के लिए छमाही आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार है।

20. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

आंतरिक वित्तीय विवरणों के संदर्भ में कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है। वाप्कोस में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित कई नीतियां/योजनाएं हैं और इसका व्यवस्थित एवं कुशल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाएं निर्धारित की गई हैं। आवधिक रूप से परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया जाता है और लेखा परीक्षा समिति को प्रस्तुत किया जाता है।

कंपनी के प्रचालन में लागू लेखा मानकों और वित्तीय रिर्पोटिंग नियमों और विनियमों का अनुपालन किया जाता है। सभी पुस्तिकाओं, रिकार्ड़ों, लेखाओं और वित्तीय विवरणों को उचित विवरण सहित अनुरक्षित किया जाता है तथा यह कंपनी के लेनदेन में प्रतिबिंबित होता है और प्रयोज्य कानूनी आवश्यकताओं के अनुरूप होता है।

कंपनी के बढ़ते व्यावसायिक कार्यक्षेत्र को देखते हुए, कंपनी मौजूदा कार्यप्रणाली में आवश्यक बदलाव करने पर विचार कर रही है। इस दिशा में उठाए गए ऐसे कदमों के अंतर्गत, कंपनी ने कंपनी की तेजी से बढ़ रही आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नियामक ढांचे के अनुरूप ईआरपी प्रणाली को लागू करने का निर्णय लिया है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय निर्णय नवीनतम जानकारी पर आधारित हों, उपयोगकर्ताओं को समय पर विश्वसनीय वित्तीय जानकारी प्रदान करने का हर संभव प्रयास किया जाता है।

21. सांविधिक लेखा परीक्षक

सीएंडएजी ने अपने दिनांक 12.09.2023 के पत्र के माध्यम से मेसर्स कुमार विजय गुप्ता एंड कंपनी, नई दिल्ली को कंपनी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

इसके अलावा, सीएंडएजी ने अपने दिनांक 19.09.2024 के पत्र के माध्यम से मेसर्स कुमार विजय गुप्ता एंड कंपनी, नई दिल्ली को कंपनी

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया है। सांविधिक लेखा परीक्षक की नियुक्ति कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के प्रावधानों के अनुसार की गई है।

22. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर विभिन्न दस्तावेज /अभिलेखों को रखा है, जो नियमित रूप से अपडेट किए जा रहे हैं। कंपनी ने श्री सुमीर चावला अपर मुख्य प्रबंधक (मा.स.वि.) को जन सूचना अधिकारी और डा- अमन शर्मा मुख्य कार्यकारी निदेशक (पर्यावरण निर्माण प्रबंधन और प्रशासन) को प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। वर्ष 2023-24 के दौरान प्राप्त आरटीआई के 175 आवेदनों और 56 अपीलों पर त्वरित कार्रवाई की गई और आवेदकों को सूचना प्रदान की गई।

23. कार्पोरेट प्रशासन

डीपीई दिशाानिर्देशों के अनुसार, कारपोरेट अभिशासन संबंधी रिपोर्ट, **अनुलग्नक 'क'** पर दी गई है।

24. सचिवीय मानकों का अनुपालन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेकरेटीरज ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा जारी सचिवीय मानकों का अनुपालन किया।

25. प्रबंधन चर्चा ओर विश्लेषण रिपोर्ट

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट संबंधी रिपोर्ट **अनुलग्नक 'ख'** पर दी गई है।

26. वार्षिक रिटर्न

कंपनी अधिनियम की धारा 134 (3) (क) के साथ पठित धारा 92 (3) के अनुसरण में 31.03.2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के वार्षिक रिटर्न कंपनी की वेबसाइट अर्थात http://www.wapcos.co.in/ पर उपलब्ध हैं।

27. कर्मचारियों का विवरण

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम 2014 के नियम 5(2) और 5(3) के प्रावधानों के तहत कंपनी में कोई कर्मचारी नहीं था, जो रिपोर्ट किए जाने की आवश्यकता वाले कर्मचारियों की श्रेणी के अंतर्गत आता हो।

28. दिवाला और शोधन अक्षमता कोड, 2016 के तहत लंबित कार्यवाही

माननीय एनसीएलटी, मुंबई के समक्ष एक मामला लड़ा जा रहा था और कंपनी ने माननीय एनसीएलटी, मुंबई के आदेश के विरूद्ध 31.05.2022 को माननीय एनसीएलएटी, नई दिल्ली के समक्ष एक अपील दायर की थी और उक्त अपील आईबीसी, 2016 के क्षेत्राधिकार और दायरे के अंतर्गत नहीं आती है।

29. कार्पोरेट सामाजिक दायितव पहल

कंपनी के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति है, जो कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है, और कंपनी की वेबसाइट http://www.wapcos.co.in/ पर देखी जा सकती है। सीएसआर कार्यकलाप संबंधी वार्षिक रिपोर्ट **अनुलग्नक 'ग'** पर दी गई है।

30. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी मुद्रा आय और व्यय

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी मुद्रा आय और व्यय से संबंधित विवरण, जैसा कि अधिनियम के तहत प्रकट किया जाना आवश्यक है, इस रिपोर्ट के **अनुलग्नक 'घ'** पर दिया गया है।

31. लागत रिकार्ड

कंपनी द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप-धारा (1) के प्रावधान के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट लागत रिकॉर्ड का रखरखाव आवश्यक नहीं है।

32. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के तहत गारंटी या निवेश

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधानों के तहत कवर किए गए ऋण, गारंटी और निवेश का विवरण वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में दिया गया है।

33. सचिवीय लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी की सचिवीय लेखा परीक्षा कार्य हेतु मैसर्स जे.के. गुप्ता एंड ऐसोसिएट्स, कंपनी सचिव इन प्रेक्टिस को नियुक्त किया है। सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट **अनुलग्नक 'ङ'** के रूप में संलग्न है।

34. सांविधिक लेखापरीक्षकों की योग्यता और सचिवीय लेखापरीक्षकों के निरीक्षण पर प्रबंधान के उत्तर

प्रबंधन ने सचिवीय लेखापरीक्षकों की टिप्पणियों पर जवाब दिया है जो **अनुलग्नक 'च'** में दी गई हैं।

35. निदेशक और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

इस समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, श्री अभिषेक सिंह, संयुक्त सचिव, (ईडी एवं एमईआर) विदेश मंत्रालय को 23 अगस्त, 2023 से वाप्कोस बोर्ड में सरकारी नामांकित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। श्री मो. नूर रहमान शेख, संयुक्त सचिव (ईडी), विदेश मंत्रालय 16 अगस्त, 2023 से वाप्कोस बोर्ड में निदेशक नहीं रहे।

इसके अलावा, श्री शैलेंद्र विश्वकर्मा को 20 जून, 2023 से कंपनी सचिव (मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक) और अनुपालन अधिकारी नियुक्त किया गया।

36. स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

कंपनी के स्वतंत्र निदेशक द्वारा बोर्ड की बैठकों में यह स्वतंत्र घोषणा दी गयी है कि वह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) में प्रदान किए गए, स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करती है।

37. बोर्ड की बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, छः बोर्ड बैठकें आयोजित की गईं, जिनका विवरण **अनुलग्नक 'क'** में कारपोरेट अभिशासन संबंधी रिपोर्ट में दिया गया है।

38. निदेशकों की जिम्मेदारी का विवरण

एतत द्वारा पुष्टि की जाती है कि:

क) वार्षिक लेखों की तैयारी के दौरान, निम्नलिखित लागू लेखा मानकों का पालन किया गया था।

ख) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया है और उन्हें निरंतर लागू किया है तथा निर्णय और अनुमान तैयार किया है जो कि उचित और विवेकपूर्ण थे, ताकि 31 मार्च, 2023 को कंपनी की स्थिति और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लाभ अथवा हानि के बारे में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दिए जा सके।

ग) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधडी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्डों के रखरखाव हेतु उचित और पर्याप्त ध्यान दिया है।

घ) निदेशकों ने 'गोइंग कन्सर्न' के आधार पर वार्षिक लेखा तैयार किया है।

ड) निदेशकों ने कंपनी द्वारा पालन किए जाने वाला आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तैयार किया था और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे थे_ तथा

च) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की थी और इस तरह की प्रणली पर्याप्त और प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है।

39. संबंधित पक्ष लेन देन

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए सभी संबंधित पक्ष लेनदेन नियमित लेन-देन और स्वतंत्र प्रकृति थे। किसी भी संबंधित पक्ष के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन का कंपनी के हितों के साथ विरोधाभास नहीं था। तदनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ज) के तहत एओसी-2 के रूप में आवश्यक संबंधित पार्टी लेनदेन का प्रकटीकरण लागू नहीं है।

कंपनी ने इस मामले पर कंपनी अधिनियम, 2013 और संबंधित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रक्रियाओं का निर्धारण किया है।

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान संबंधित पक्ष लेनदेन का विवरण 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 41 में उल्लिखित है।

40. निदेशकों के चयन और नियुक्ति और उनके पारिश्रमिक हेतु नीति

आपकी कंपनी एक सरकारी कंपनी होने के नाते, कॉरपोरेट मंत्रालय, भारत सरकार दिनांक 5 जून 2015 को जारी राजपत्र अधिसूचना के दृष्टिगत कंपनी अधिनियम, 2013 धारा 134 (3) (ड.) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

41. सामान्य

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित मदों के संबंध में जानकारी को 'शून्य' समझा जा सकता है:

- व्यवसाय की प्रकृति में परिवर्तन
- कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले भौतिक परिवर्तन और प्रतिबद्धता यदि कोई हों, जो कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत के बीच हुई हैं जिससे वित्तीय विवरण और रिपोर्ट की तारीख से संबंधित हैं।

- नियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण या गंभीर आदेश जो भविष्य में गोइंग कन्सर्न स्टेटस और कंपनी के प्रचालन को प्रभावित करते हैं
- लाभांश, मतदान या अन्यथा के रूप में विभेदक अधिकारों के साथ इक्विटी शेयर जारी करना
- किसी भी योजना के तहत कंपनी के कर्मचारियों को शेयर (स्वेट इक्विटी शेयर सहित) जारी करना
- एकबारगी निपटान के समय किए गए मूल्यांकन की राशि और बैंकों या वित्तीय संस्थानों से ऋण लेते समय किए गए मूल्यांकन के बीच अंतर का विवरण और उसके कारण।
- वर्ष के दौरान नियुक्त स्वतंत्र निदेशकों की सत्यनिष्ठा, विशेषज्ञता और अनुभव (दक्षता सहित) के संबंध में बोर्ड की राय संबंधी विवरण

आभार

बोर्ड भारत और विदेशों में अपने मूल्यवान ग्राहकों को उनके निरंतर संरक्षण और साथ ही साथ कंपनी पर विश्वास और आस्था बनाए रखने के लिए प्रशंसा और अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता है। यह बोर्ड जल शक्ति मंत्रलय, जल संसाधन, नदी विकास और संरक्षण विभाग, विदेश मंत्रलय, विद्युत मंत्रलय, भारत सरकार के विभिन्न अन्य मंत्रलयों और विभागों, राज्य सरकारों, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, अध्यक्ष और सदस्य लेखा परीक्षा बोर्ड, संवैधानिक लेखा परीक्षकों और बैंकरों की सहायता, सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद व्यक्त करता है। बोर्ड अपने कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत, उत्साह, अथक प्रयासों और योगदान की दिल से सराहना करता है, जिनके बिना वर्तमान विकास और उपलब्धियां संभव नहीं होतीं।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता/-

(आर. के. अग्रवाल)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

डीआईएन: 09344894

स्थान: नई दिल्ली

दिनांक:

अनुलग्नक-क

कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट

1. कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर कंपनी का दर्शन

कंपनी द्वारा भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी निगमित अभिशासन संबंधी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जाता है। नैतिक व्यावसायिक पद्धतियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पिछले कई वर्षों से कॉर्पोरेट प्रशासन दिशा-निर्देशों के अनुपालन में हमें प्राप्त होने वाली **'उत्कृष्ट रेटिंग'** की हमारी निरंतर उपलब्धि के माध्यम से परिलक्षित होती है। यह अभिशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

2. डीपीई दिशा निर्देश

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए डीपीई दिशानिर्देशों के अनुपालन संबंधी रिपोर्ट को जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन विभाग नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग को भेजा गया।

3. डीपीई दिशा निर्देश

31.03.2024 की स्थिति के अनुसार, बोर्ड में तीन कार्यात्मक निदेशक नामत: अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निदेशक (वाणिज्यिक और मानव संसाधन विकास) और निदेशक (वित्त), जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग से नामांकित दो सरकारी निदेशक, विदेश मंत्रालय से एक अन्य और चार स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बोर्ड की छ: बैठकें 03.05.2023; 02.08.2023; 02.09.2023; 17.10.2023; 29.12.2023 और 14.03.2024 को आयोजित की गई।

बोर्ड के निदेशकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बोर्ड के निदेशकों के नाम और श्रेणियां, उनमें से प्रत्येक के कार्यकाल के दौरान 2023-24 में हुई बोर्ड की बैठकों में उनकी उपस्थिति, उनके द्वारा धारित निदेशक पदों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है:

निदेशक का नाम/निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन)	श्रेणी	निदेशक के कार्यकाल में 2023-24 में आयोजित बोर्ड बैठकें/उपस्थिति		क्या 29 दिसंबर 2023 को हुई पिछली एजीएम में शामिल हुए थे	अन्य कंपनी में धारित निदेशक पद की संख्या – कंपनी का नाम	
		सम्पन्न हुई	उपस्थिति		अध्यक्ष	सदस्य
श्री रजनी कांत अग्रवाल अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डीआईएन 09344894	कार्यात्मक निदेशक	6	6	हाँ	1 एनपीसीसी लिमिटेड	2 1. जीपीसीएल परामर्श सेवाएँ लिमिटेड 2. एनपीसीसी लिमिटेड
श्री पंकज कपूर निदेशक (वित्त) डीआईएन 07290569	कार्यात्मक निदेशक	6	6	हाँ	-	1 1. एनपीसीसी लिमिटेड,
श्री अनुपम मिश्रा निदेशक (वाणिज्य एवं मानव संसाधन विकास) डीआईएन 08271048	कार्यात्मक निदेशक	6	6	हाँ	-	-
श्री आनंद मोहन डीआईएन 07590405	सरकारी नामांकित निदेशक	6	6	हाँ	-	1 1. एनपीसीसी लिमिटेड,
श्री अभिषेक सिंह डीआईएन 10290240 (23.08.2023 से)	सरकारी नामांकित निदेशक	6	6	हाँ	-	6 1. इन्वेस्ट इंडिया 2. इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन 3. इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल 4. एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ ईओयू एंड एसईजेड 5. प्रोजेक्ट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल 6. इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड

निदेशक का नाम/निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन)	श्रेणी	निदेशक के कार्यकाल में 2023-24 में आयोजित बोर्ड बैठकें/उपस्थिति		क्या 29 दिसंबर 2023 को हुई पिछली एजीएम में शामिल हुए थे	अन्य कंपनी में धारित निदेशक पद की संख्या – कंपनी का नाम	
		सम्पन्न हुई	उपस्थिति		अध्यक्ष	सदस्य
मोहम्मद नूर रहमान शेख डीआईएन 09481101 (29.12.2022 से 31.03.2023 तक)	सरकारी नामांकित निदेशक	2	0	नहीं	-	2 1. आईटीपीओ 2. इन्वेस्ट इंडिया
श्री अनिल कुमार त्रिगुणायत डीआईएन 07900294	स्वतंत्र निदेशक	6	6	हाँ	-	4 1. एमआईसीसीआईए चैंबर ऑफ कॉमर्स 2. एजीसीसीआई चैंबर ऑफ कॉमर्स 3. दिमित्रिस इंफ्राप्रो प्राइवेट लिमिटेड 4. डिफ्यूजन इंजीनियर्स लिमिटेड
श्री जसबीर सिंह ठाकुर डीआईएन 09469477	स्वतंत्र निदेशक	6	6	हाँ	-	1 1. एनपीसीसी लिमिटेड,
श्री लखन लाल साहू डीआईएन 09488818	स्वतंत्र निदेशक	6	6	हाँ	-	-
श्री पार्थ सारथी घोष डीआईएन 09517108	स्वतंत्र निदेशक	6	6	हाँ	-	-

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, वाप्कोस लिमिटेड में निम्नलिखित निदेशकों की नियुक्ति की गई :

- **श्री अभिषेक सिंह**

  चालू वित्तीय वर्ष अर्थात 2023-24 के दौरान, जल शक्ति मंत्रालय के दिनांक 16.08.2023 के कार्यालय आदेश के माध्यम से विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आर्थिक कूटनीति) श्री अभिषेक सिंह को श्री मोहम्मद नूर रहमान शेख के स्थान पर सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

  श्री अभिषेक सिंह का परिचय निम्नानुसार है:

  श्री अभिषेक सिंह ने 17 जुलाई 2023 को विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले, श्री सिंह अगस्त, 2020 - जुलाई, 2023 के दौरान वेनेजुएला में भारत के राजदूत थे। श्री सिंह 2018-2020 में काबुल में भारतीय दूतावास के मिशन के उप प्रमुख थे। उन्होंने 2016-17 में बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास में मिशन के उप प्रमुख के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने 2017-18 में विदेश मंत्रालय में निदेशक (पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका) के रूप में कार्य किया।

बर्लिन आने से पहले, श्री सिंह संयुक्त राष्ट्र न्यूयॉर्क में भारत के स्थायी मिशन (2013-16) में काउंसलर/राजनीतिक अधिकारी थे, इस दौरान उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों, पी-5 देशों, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद मामलों, शांति स्थापना, एनएएम, आतंकवाद-निरोध, निरस्त्रीकरण एवं प्रथम समिति के मुद्दे, और राष्ट्रमंडल आदि मानवीय मुद्दों से जुड़े राजनीतिक विषयों पर काम किया। उन्होंने 2012, 2013, 2014 और 2015 में एक प्रतिनिधि के रूप में यूएनजीए में भाग लिया है। श्री सिंह 2003 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी, सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस, नई दिल्ली और एक्सटर्नल पब्लिसिटी डिवीजन (एक्सपी), एमईए में दो साल के प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद, उन्होंने 2005-10 तक भारतीय दूतावास, बीजिंग में 5 साल तक अपनी सेवाएं दी। इसके बाद, वह 2010 में विदेश मंत्रालय गए, सर्वप्रथम उन्होंने डेस्क अधिकारी के रूप में पाकिस्तान के साथ भारत के द्विपक्षीय और राजनीतिक संबंधों के क्षेत्र में कार्य किया। तत्पश्चात उन्हें 2011-2013 के बीच विदेश राज्य मंत्री के कार्यालय में विशेष कर्तव्य अधिकारी के रूप में चुना गया।

श्री अभिषेक सिंह ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.के. पुरम, नई दिल्ली से स्कूली शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से राजनीति विज्ञान ऑनर्स की स्नातक की उपाधि प्राप्त की, जहां वे दिल्ली विश्वविद्यालय में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने पीजीडीएम (मानव संसाधन) और उन्होंने चाइना फॉरेन अफेयर्स यूनिवर्सिटी, बीजिंग से मंदारिन भाषा में अठारह महीने का पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया है। श्री सिंह ने इलियट स्कूल ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स, द जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी, वाशिंगटन डी.सी. से विदेश नीति पर एक पाठ्यक्रम को पूरा किया है।

4. लेखा परीक्षा समिति

कंपनी में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 और कॉरपोरेट गवर्नेंस पर डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसरण में लेखा परीक्षा समिति मौजूद है। विवरण निम्न प्रकार है:-

लेखा परीक्षा समिति की भूमिका/शक्तियां

लेखा परीक्षा समिति की भूमिका/शक्तियों में निम्नलिखित शामिल है: -

1. संबंधित निरीक्षण कार्यों में बोर्ड की सहायता करना जिनमें शामिल है:
   - क) लेखापरीक्षित और गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों में निहित प्रकटीकरण की गुणवत्ता और सत्यनिष्ठा;
   - ख) कानूनी और नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन; और
   - ग) समय-समय पर स्थापित आंतरिक नियंत्रणों की सत्यनिष्ठा।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 में निर्दिष्ट या बोर्ड द्वारा संदर्भित मदों के संबंध में किसी भी मामले की जांच करना और इस उद्देश्य के लिए, इसमें हमारी कंपनी के रिकॉर्ड में निहित सूचना तक पूरी पहुंच और यदि आवश्यक हो तो बाहरी जानकारी पेशेवर परामर्श प्राप्त करना शामिल होगा।
3. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा कंपनी के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की जानकारी रखना;
4. सदर्भगत किसी भी गतिविधि की जांच करना।
5. कर्मचारियों सहित किसी भी स्रोत से जानकारी प्राप्त करना।
6. यदि आवश्यक हो तो बाहरी विधिक या अन्य पेशेवर सलाह प्राप्त करना।
7. यदि आवश्यक समझे तो प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले बाहरी लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करना।
8. मुखबिरों की रक्षा करना।
9. यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय हैं, हमारी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया और इसकी वित्तीय जानकारी के प्रकटीकरण की निगरानी करना।

10. बोर्ड के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने से पूर्व प्रबंधन के साथ त्रैमासिक/छमाही वित्तीय विवरणों की समीक्षा करना।

11. विशेष संदर्भ में अनुमोदन हेतु बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व प्रबंधन के साथ, वार्षिक वित्तीय विवरण और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा करना।

    क) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के खंड (3)(ग) के संदर्भ में बोर्ड की रिपोर्ट में निदेशकों के उत्तरदायित्व विवरण में शामिल किए जाने वाले मामले;

    ख) लेखांकन नीतियों और पद्धतियों में परिवर्तन, यदि कोई हो, और उसके कारण;

    ग) प्रबंधन द्वारा निर्णय के आधार पर अनुमानों को शामिल करने वाली प्रमुख लेखांकन प्रविष्टियाँ;

    घ) लेखापरीक्षा निष्कर्षों से उत्पन्न वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन;

    ड.) भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानकों का अनुपालन;

    च) वित्तीय विवरणों से संबंधित सूचीबद्धता और अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन;

    छ) किसी भी संबंधित पक्ष लेनदेन का प्रकटन; और

    ज) मसौदा लेखा परीक्षा रिपोर्ट में अर्हताएं/संशोधित अभिमत।

12. लेखापरीक्षा (परीक्षाएं)

(i) आंतरिक लेखा परीक्षा:

क) आंतरिक लेखा परीक्षकों (बाहरी प्रतिष्ठानों) के प्रबंधन प्रदर्शन और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता की समीक्षा करना।

ख) आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, कर्मचारी और विभाग का नेतृत्व करने वाले अधिकारी की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना कवरेज और ऐसे लेखापरीक्षा की आवृत्ति सहित आंतरिक लेखापरीक्षा (आंतरिक), यदि कोई हो के कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा करना।

ग) किसी भी महत्वपूर्ण निष्कर्ष पर आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई।

घ) लेखा परीक्षा और अन्य सेवाओं, यदि कोई हो, के लिए आंतरिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति और शुल्क निर्धारण, हेतु बोर्ड को सिफारिश करना।

(ii) सांविधिक लेखा परीक्षा एवं शाखा लेखा परीक्षा :

क) लेखा की प्रकृति और दायरे के साथ-साथ संबंधित विषय पर सांवधिक लेखा परीक्षकों और शाखा लेखा परीक्षकों के साथ पूर्व लेखा परीक्षा साथ ही साथ पश्चात लेखा परीक्षा चर्चा

ख) किसी भी महत्वपूर्ण निष्कर्ष पर सांविधिक लेखा परीक्षकों और शाखा लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई।

ग) सांविधिक और शाखा लेखा परीक्षा शुल्क के निर्धारण के लिए बोर्ड को सिफारिश करना।

घ) सांविधिक लेखा परीक्षकों को उनके द्वारा प्रदान की गई किसी अन्य सेवा (लेखा परीक्षा के अलावा) के लिए भुगतान की मंजूरी।

(iii) लागत लेखा परीक्षा एवं कर लेखा परीक्षा: :

लागत लेखा परीक्षकों और कर लेखा परीक्षकों की नियुक्ति, पुनर्नियुक्ति और यदि आवश्यक हो, बदलने या हटाने और लेखा परीक्षा शुल्क और नियुक्ति की अन्य शर्तों के निर्धारण हेतु बोर्ड को सिफारिश करना।

13. लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता और लेखा परीक्षा प्रक्रिया के निष्पादन और प्रभावशीलता की समीक्षा और निगरानी करना।

14. लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल प्रत्येक आरक्षण या अहर्तता की पूरी जानकारी और स्पष्टीकरण के साथ उसकी समीक्षा करना और बोर्ड के विचारार्थ रिपोर्ट की सिफारिश करना।

15. स्वतंत्र लेखा परीक्षक, आंतरिक लेखा परीक्षक और निदेशक मंडल के बीच संचार का एक खुला अवसर प्रदान करना।

16. कवरेज की पूर्णता, अनावश्यक प्रयासों में कमी और सभी ऑडिट संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए ऑडिट प्रयासों के समन्वय की स्वतंत्र लेखा परीक्षकों के साथ समीक्षा करना।

17. स्वतंत्र लेखा परीक्षकों और प्रबंधन के साथ निम्नलिखित पर विचार करना और समीक्षा करना:

    क) कम्प्यूटरीकृत सूचना प्रणाली नियंत्रण और सुरक्षा सहित आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता, और

    ख) प्रबंधन प्रतिक्रियाओं के साथस्वतंत्र लेखा परीक्षक और आंतरिक लेखा परीक्षक के संबंधित निष्कर्ष और सिफारिशें।

18. प्रबंधन, आंतरिक लेखा परीक्षक और स्वतंत्र लेखा परीक्षक के साथ निम्नलिखित पर विचार करना और समीक्षा करना :

    क) पिछली लेखापरीक्षा अनुशंसाओं की स्थिति सहित वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण निष्कर्ष,

    ख) जिसमें गतिविधियों के दायरे या आवश्यक जानकारी तक पहुंच पर कोई प्रतिबंध सहित लेखा परीक्षा कार्य के दौरान आने वाली कोई भी कठिनाई

19. सरकारी लेखा परीक्षा : सीएंडएजी लेखा परीक्षा की लेखा परीक्षा टिप्पणियों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करना।

20. संसद की सार्वजनिक उपक्रम समिति की सिफारिशों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करना।

21. ऐसे मामलों में जहां संदिग्ध धोखाधड़ी या अनियमितता या आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की वास्तविक विफलता है, आंतरिक लेखा परीक्षकों/वैधानिक लेखा परीक्षकों/अन्य एजेंसियों द्वारा किसी भी आंतरिक जांच के निष्कर्षों की समीक्षा करना और मामले जानकारी बोर्ड को देना।

22. जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न करने की स्थिति में) और लेनदारों को भुगतान में पर्याप्त चूक के कारणों पर गौर करना।

23. व्हिसिल ब्लोअर तंत्र की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना।

24. हमारी कंपनी के सभी संबंधित पक्ष लेनदेन की समीक्षा करना और पूर्व-अनुमोदन करना। इस प्रयोजन हेतु, लेखापरीक्षा समिति एक सदस्य को नामित कर सकती है जो संबंधित पार्टी लेनदेन के पूर्व-अनुमोदन हेतु उत्तरदायी होगा।

25. हमारी कंपनी की वित्तीय नीतियों, वाणिज्यिक नीतियों और जोखिम प्रबंधन नीतियों की समीक्षा करना।

26. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन।

27. किसी मामाले (सार्वजनिक मामाले, अधिकार मामले, व्यवसायिक मामले आदि) के माध्यम से एकत्र फंड के उपयोग/आवेदन का विवरण, इस प्रस्ताव दस्तावेज़/प्रॉस्पेक्टस/ में बताए गए उद्देश्यों के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग किए गए फंड का विवरण। नोटिस, और सार्वजनिक या अधिकार मुद्दे की आय के उपयोग की निगरानी करने वाली निगरानी एजेंसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर प्रबंधन के साथ समीक्षा करना और इस मामले में कदम उठाने के लिए बोर्ड को उचित सिफारिशें करना।

28. अंतर-कॉर्पोरेट ऋणों और निवेशों की जांच।

29. हमारी कंपनी के व्यवसायों या संपत्तियों का मूल्यांकन, जहां भी आवश्यक हो।

30. संबंधित पक्षों के साथ हमारी कंपनी के लेनदेन की मंजूरी अथवा अनुवर्ती संशोधन।

31. निम्नलिखित जानकारी की अनिवार्य रूप से समीक्षा करना :

    क) वित्तीय स्थिति और संचालन के परिणामों पर प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण;

    ख) प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन का विवरण (जैसा कि ऑडिट समिति द्वारा परिभाषित किया गया है);

    ग) सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा जारी प्रबंधन पत्र/आंतरिक नियंत्रण खामियों के पत्र;

    घ) आंतरिक नियंत्रण खामियों से संबंधित आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट;

    ड.) मुख्य आंतरिक लेखा परीक्षक की नियुक्ति, हटाये जाने और पारिश्रमिक की शर्तें; और

    च) विचलन विवरण की समीक्षा:

        (i) विनियम 32(1) के अनुसार निगरानी एजेंसी की रिपोर्ट सहित यदि लागू हो, तो विचलन का त्रैमासिक विवरण स्टॉक एक्सचेंज को प्रस्तुत किया जाएगा।

        (ii) सेबी एलओडीआर विनियमों के विनियमन 32(7) के संदर्भ में प्रस्ताव दस्तावेज़/प्रॉस्पेक्टस/नोटिस में निर्दिष्ट उद्देश्यों के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग की गई राशि का वार्षिक विवरण।

32. मुख्य कार्यकरी/मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों के प्रमाणीकरण/घोषणा की समीक्षा;

33. लेखा परीक्षकों की पर्यवेक्षण सहित आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों, लेखापरीक्षा के दायरे, से संबंधित लेखा परीक्षकों की टिप्पणियां आमंत्रित करना और बोर्ड को प्रस्तुत किए जाने से पूर्व वित्तीय विवरण की समीक्षा और किसी भी संबंधित मुद्दे पर हमारी कंपनी के प्रबंधन और आंतरिक और सांविधिक लेखापरीक्षकों के साथ चर्चा करना।

34. इस प्रावधान के लागू होने की तारीख से मौजूद कंपनी द्वारा अपनी सहायक कंपनी में ₹ 100 करोड़ से अधिक या सहायक कंपनी की संपत्ति के आकार का 10% से अधिक के ऋण और/या अग्रिम/निवेश जो भी मौजूदा ऋण/अग्रिम/ निवेश सहित कम हो, के उपयोग की समीक्षा।

35. सूचीबद्ध संस्था और उसके शेयरधारकों पर विलय, डिमर्जर, समामेलन आदि से जुड़ी योजनाओं के औचित्य, लागत-लाभ और प्रभाव पर विचार और टिप्पणी।

36. ऐसे अन्य कार्य जो हमारी कंपनी के निदेशक मंडल और/या निदेशकों की अन्य समितियों द्वारा विशेष रूप से समिति को निर्दिष्ट किए जा सकते हैं।

लेखापरीक्षा समिति द्वारा सूचना की समीक्षा

(i) वित्तीय स्थिति और प्रचालनों के परिणामों का प्रबंधन के साथ विचार-विमर्श और विश्लेषण;

(ii) प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत महत्वपूर्ण पार्टी संबंधी लेन-देन (लेखापरीक्षा समिति द्वारा परिभाषित) का विवरण;

(iii) विधायी लेखापरीक्षकों द्वारा जारी किए गए प्रबंधन के पत्र/आंतरिक नियंत्राण कमजोरियों के पत्र;

(iv) आंतरिक नियंत्रण कमजोरियों से संबंधित आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्टें;

(v) मुख्य आंतरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति और पदच्युति लेखापरीक्षा समिति के समक्ष रखी जाएगी; तथा

(vi) मुख्य कार्यकारी/मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों का प्रमाणन/घोषणा।

समीक्षाधीन वर्ष में, लेखा परीक्षा समिति में अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्र निदेशक श्री अनिल कुमार त्रिगुनायत, सदस्य के रूप में श्री जसबीर सिंह ठाकुर, श्री पार्थ सारथी घोष, स्वतंत्र निदेशक और श्री अनुपम मिश्रा, निदेशक (वाणिज्य एवं मा.सं.वि.) शामिल थे।

समीक्षाधीन वर्ष में लेखा परीक्षा समिति की चार बैठकें 3 मई, 2023, 2 सितंबर, 2023, 29 दिसंबर, 2023 और 14 मार्च, 2024 को आयोजित हुई। लेखा परीक्षा समिति के सभी सदस्यों ने अपनी संबंधित अवधि में आयोजित सभी बैठकों में भाग लिया।

5. नामांकन और पारिश्रमिक समिति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 और कॉर्पोरेट प्रशासन से संबंधित डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुरूप कंपनी में एक नामांकन और पारिश्रमिक समिति मौजूद है। नामांकन और पारिश्रमिक समिति के लिए निर्देश इस प्रकार हैं:

1. प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित सीमा के भीतर वार्षिक बोनस / परिवर्तनीय वेतन पूल प्रदर्शन संबंधित वेतन (पीआरपी) का निर्धारण करना और अधिकारियों (बोर्ड स्तर के अधिकारियों सहित) और गैर-संघीय पर्यवेक्षकों में इसके वितरण हेतु नीति तय करना
2. एचआर मुद्दे से संबंधित सभी प्रस्तावों की जांच करना और अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करना।
3. "नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति" की सिफारिशों को अनुमोदन हेतु निदेशक मंडल के समक्ष रखा जाता है।
4. एक निदेशक की योग्यता, सकारात्मक गुण और स्वतंत्रता का निर्धारण करने हेतु मानदंड तैयार करना और निदेशक मंडल को निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक से संबंधित नीति की सिफारिश करना;
5. स्वतंत्र निदेशकों और निदेशक मंडल के कार्य निष्पादन के मूल्यांकन हेतु मानदंड तैयार करना;
6. निदेशक मंडल की विविधता पर एक नीति तैयार करना;
7. ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक बनने के लिए योग्य हैं और जिन्हें निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है, और निदेशक मंडल को उनकी नियुक्ति और हटाने की सिफारिश करना; और
8. स्वतंत्र निदेशकों के प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति की अवधि बढ़ाई जाए या जारी रखी जाए।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की एक बैठक 2 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई, जिसमें नामांकन और पारिश्रमिक समिति के सभी सदस्यों नामत: श्री पार्थ सारथी घोष, अध्यक्ष, श्री लखन लाल साहू और श्री जसबीर सिंह ठाकुर, स्वतंत्र निदेशक ने भाग लिया।

6. निदेशकों और मुख्य प्रबंधन कार्मिकों को पारिश्रमिक

(क) अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को, पूर्णकालिक निदेशकों और/अथवा प्रबंधक को पारिश्रमिक :

(राशि रूपये में)

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	प्र.नि./पूर्ण. का. नि./प्र. का नाम	प्र.नि./पूर्ण. का. नि./प्र. का नाम	प्र.नि./पूर्ण. का. नि./प्र. का नाम	कुल राशि
1.	सकल वेतन	आर.के. अग्रवाल, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेश	पंकज कपूर, निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ	अनुपम मिश्रा, निदेशक (वाणिज्यिक एवं मानव संसाधन विकास)	
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन	3825158	4113480	3836969	11775607
	(ख) आयकर अधिनियम की धारा 17(2) के तहत अनुलाभों का मूल्य,	659127	744395	680212	2083734
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के तहत वेतन के एवज में लाभ	-	-	-	-
2.	स्टॉक विकल्प	-	-	-	-
3.	स्वीट इक्विटी	-	-	-	-
4.	कमीशन लाभ के % के रूप में अन्य, निर्दिष्ट करें	-	-	-	-
5.	अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें	-	-	-	-
	कुल (क)	**4484285**	**4857875**	**4517181**	**13859341**
	अधिनियम के अनुसार उपरी सीमा	-	-	-	-

ख. अन्य निदेशकों को पारिश्रमिक :

(राशि रूपये में)

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशक का नाम				कुल राशि
क	स्वतंत्र निदेशक	अनिल कुमार त्रिगुणायत	लखन लाल साहू	पार्थ सारथी घोष	जसबीर सिंह ठाकुर	
	बोर्ड/समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र निदेशक शुल्क	3,60,000	3,00,000	3,20,000	3,60,000	13,40,000
	कमीशन	-	-	-	-	-
	कुल (क)	**3,60,000**	**3,00,000**	**3,20,000**	**3,60,000**	**13,40,000**
ख	अन्य गैर-कार्यकारी निदेशक	-	-	-	-	-
	बोर्ड/समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए शुल्क	-	-	-	-	-
	कमीशन	-	-	-	-	-
	अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें	-	-	-	-	-
	कुल (ख)	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
	कुल = (क+ख)	**3,60,000**	**3,00,000**	**3,20,000**	**3,60,000**	**13,40,000**
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक	-	-	-	-	-
	अधिनियम के अनुसार उपरी सीमा	-	-	-	-	-

(ग) प्रबंध निदेशक/ प्रबंधक एवं पूर्णकालिक निदेशक के अतिरिक्त मुख्य प्रबंधक कार्मिकों को पारिश्रमिक (राशि रूपये में)

(राशि रूपये में)

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक			कुल राशि
		सीईओ	सीएफओ	सीएस	
1	सकल वेतन		श्री पंकज कपूर	श्री शैलेन्द्र विश्वकर्मा	
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन	-	4113480	819845	4933325
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के तहत अनुलाभ का मूल्य	-	744395	64217	808612
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के तहत वेतन के एवज में लाभ	-	-	-	-
2	स्टॉक विकल्प		लागू नहीं	लागू नहीं	-
3	स्वीट इक्विटी		लागू नहीं	लागू नहीं	-
4	कमीशन-लाभ के % के रूप में		लागू नहीं	लागू नहीं	-
	अन्य निर्दिष्ट करें...				-
5	अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें		लागू नहीं	लागू नहीं	-
	कुल				**5741937**

7. निगमित सामाजिक दायित्व समिति

इस विषय पर डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुरूप निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के लिए दो स्तरीय संरचना की स्थापना की गई है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति में अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्र निदेशक श्री अनिल त्रिगुणायत, श्री लखन लाल साहू, श्री जसबीर सिंह ठाकुर, स्वतंत्र निदेशक और सदस्य के रूप मेंश्री अनुपम मिश्रा निदेशक (वाणिज्य एवं एचआरडी) शामिल थे। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति के निर्धारित निर्देश इस प्रकार हैं:

1. एक कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी नीति तैयार करना और उसकी सिफारिश बोर्ड को करना करना, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अनुसार कंपनी द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को इंगित करे, समय-समय पर इसके कार्यान्वयन की निगरानी करना,और बोर्ड द्वारा जब कभी भी कोई निर्णय लिये जाएं तो उसमें संशोधन करना;

2. खंड 1 में निर्दिष्ट गतिविधियों पर होने वाले व्यय की राशि की समीक्षा और अनुशंसा करना;

3. कंपनी की निगमित सामाजिक जिम्मेदारी नीति की समय-समय पर निगरानी करना;

4. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के दायरे में आने वाली निगमित सामाजिक जिम्मेदारी परियोजनाओं/कार्यक्रमों/प्रस्तावों की सिफारिश/समीक्षा करना;

5. कंपनी की निगमित सामाजिक जिम्मेदारी पहल से संबंधित रणनीति तैयार करने में निदेशक मंडल की सहायता करना;
6. कंपनी द्वारा शुरू की गई निगमित सामाजिक जिम्मेदारी परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए एक पारदर्शी निगरानी तंत्र स्थापित करना;
7. कोई अन्य मामला जिसे निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति निदेशक मंडल के अनुमोदन के बाद उचित समझे या निदेशक मंडल द्वारा समय-समय पर निर्देशित किया जाए।

   सीएसआर समिति की 2023-24 के दौरान तीन बैठकें 23.06. 2023, 27.09.2023 और 28.02.2024 को आयोजित की गई। सभी सदस्यों ने अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित सभी बैठकों में भाग लिया। श्री लखन लाल साहू और श्री जसबीर सिंह ठाकुर, सदस्यों ने 23.06.2023, 27.09.2023 और 28.02.2024 को आयोजित सीएसआर समिति की तीन बैठकों में भाग लिया। श्री अनुपम मिश्रा, सदस्य, 23.06.2023 को आयोजित सीएसआर समिति की बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

8. स्वतंत्र निदेशकों की बैठक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी में पाँच स्वतंत्र निदेशक थे। लोक उद्यम विभाग के दिनांक 28.12.2012 के 16(4)/2012-जीएम और दिनांक 20.6.2013 के कार्यालय ज्ञापन सं. 16(4)/2012-जीएम और गैर-सरकारी निदेशकों की भूमिका और दायित्वों के विषय पर कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV - भाग VII के साथ पठित धारा 149(8) के अनुसरण में, मौजूदा स्वतंत्र निदेशकों अर्थात अध्यक्ष के रूप में श्री लखन लाल साहू, सदस्य के रूप में श्री अनिल कुमार त्रिगुणायत, श्री जसबीर सिंह ठाकुर और श्री पार्थ सारथी घोष की "अलग बैठक" 05.02.2024 को कार्यात्मक और सरकारी निदेशकों ओर प्रबंधन के सदस्यों की उपस्थिति के बिना आयोजित की गई थी। जिसमें बोर्ड के कर्तव्यों को प्रभावी और उचित ढंग से निष्पादित करने के लिए आवश्यक कंपनी प्रबंधन और बोर्ड के बीच सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समयबद्धता का मूल्यांकन किया गया है।

9. वार्षिक आम बैठकें/असाधारण सामान्य बैठकें

पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान हुई एजीएम/ईजीएम की तारीख, समय और स्थान : -

वार्षिक आम बैठकें

वर्ष	दिनांक	समय (आईएसटी)	स्थान
2020-21	08.12.2021	01.00 पी. एम.	कैलाश, 3 तल, 26, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 0011
2021-22	07.12.2022	03:30 पी. एम.	कैलाश, 3 तल, 26, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 001
	20.12.2022 (एजीएम स्थगित)	04.00 पी. एम.	
2022-23	29.12.2023	04.30 पी. एम.	कैलाश, 3 तल, 26, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 001

52वीं एजीएम में निम्नलिखित विशेष संकल्प पारित किए गए :

क्र. सं.	दिनांक	पारित विशेष संकल्प
1	08.12.2021	• कंपनी के निदेशक मंडल की की शक्तियाँ • कंपनी की संपत्ति पर शुल्क का निर्माण

10. असाधारण सामान्य बैठकें

दिनांक	समय (आईएसटी)	स्थान
25.02.2021	02.30 पी. एम.	कैलाश, 3 तल, 26, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 0011
03.03.2022	01.00 पी. एम.	कैलाश, 3 तल, 26, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 0011

वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2022-23 के दौरान कोई असाधारण सामान्य बैठक आयोजित नहीं की गई।

ईजीएम में निम्नलिखित विशेष संकल्प पारित किए गए :-

क्र. सं.	दिनांक	परित विशेष संकल्प
1.	25.02.2021	• कंपनी का निजी कंपनी से सार्वजनिक कंपनी में रूपांतरण
		• 100 /- रुपये (एक सौ रुपये) के नाममात्र मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर का उप-विभाजन, प्रत्येक पूरी तरह से भुगतान किए गए 10/- (दस रुपये) के नाममात्र मूल्य वेफ 10 इक्विटी शेयरों में प्रत्येक पूरी तरह से भुगतान किया गया।
		• प्राधिकृत शेयर पूंजी को 100 करोड़ से बढ़ाकर 200 करोड़ कर दिया गया।
		• संस्था के ज्ञापन में परिवर्तन
		• कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन और विद्यमान आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के स्थान पर आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के नये सेट को अपनाना।
		• बोनस शेयरों के रूप में 10 रूपये के तीन करोड़ इक्विटी शेयर जारी करना।

11. प्रकटन

- समीक्षाधीन वर्ष में सीएमडी, कार्यात्मक निदेशकों को भुगतान किए गए पारिश्रमिक और स्वतंत्र निदेशक को भुगतान किए गए शुल्क को छोड़कर, कोई भी महत्वपूर्ण संबंधित पक्ष लेनदेन नहीं किया गया, जिसका व्यापक पैमाने पर कंपनी के हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता हो।
- कंपनी में बोर्ड द्वारा अनुमोदित "व्हिसल ब्लोअर नीति" है।"
- कंपनी कॉर्पोरेट गवर्नेंस से संबंधित लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों की अपेक्षाओं का अनुपालन कर रही है। एक कार्यरत कंपनी सचिव ने कंपनी द्वारा वर्ष 2022-23 में कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुपालन की जांच की और उनके दिनांक 20.10.2023 के प्रमाण पत्र को वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा बनाया गया।
- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बही खातों में बिना व्यवसायिक उद्देश्यों वाले किसी प्रकार के व्यय को डेबिट नहीं किया गया।
- व्यक्तिगत प्रकृति का कोई व्यय निदेशक मंडल और शीर्ष प्रबंधन के लिए नहीं किया गया।

12. संचार के साधन

कंपनी पूर्णतः भारत सरकार के स्वामित्व में है। यह अपने अस्थायी परिणाम जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग को प्रस्तुत करती है। कंपनी अपने लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण अपनी वेबसाइट में प्रदर्शित करती है। समय-समय पर अपनी उपलब्धियों के बारे में कंपनी द्वारा प्रेस विज्ञप्तियां जारी की जाती हैं।

13. आचार संहिता

कंपनी की एक आचरण संहिता है जो बोर्ड के सदस्यों और साथ ही उच्च प्रबंधन पर लागू है तथा इसे वेबसाइट पर डाला गया है। 31 मार्च, 2024 को सभी बोर्ड सदस्यों और उच्च प्रबंधन के लोगों ने आचरण संहिता का दृढ़ता से अनुपालन करने का निश्चय किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान बोर्ड सदस्यों और उच्च प्रबंधन द्वारा आचरण संहिता के अनुपालन के संबंध में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की घोषणा **अनुलग्नक-I** में दी गयी है।

14. निदेशक मंडल का चार्टर

कम्पनी के पास निदेशक मंडल का चार्टर है, जो बोर्ड और व्यक्तिगत निदेशकों की भूमिकाओं और दायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है।

15. बोर्ड सदस्यों का प्रशिक्षण

कंपनी ने, बोर्ड की मंजूरी से बोर्ड सदस्यों के लिए प्रशिक्षण नीति तैयार की है। इसके अलावा, बोर्ड में उनके शामिल होने के समय कंपनी निदेशकों को दस्तावेजों का एक सेट प्रस्तुत करती है। इस सेट में कंपनी का ब्रोशर, वार्षिक रिपोर्ट, ज्ञापन और संगम ज्ञापन, कॉर्पोरेट गवर्नेंस दिशानिर्देश और विभिन्न नीतियां आदि शामिल होती हैं। कंपनी के मामलों के बारे में बोर्ड बैठकों में विस्तृत प्रस्तुतियाँ दी जाती हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों को किसी प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया।

16. धोखा निवारण नीति

कंपनी की एक धोखा निवारण नीति है, जिसकी स्थापना नियंत्राणों के विकास में सुविधा के लिए की गयी है जो वाप्कोस के खिलाफ धोखे का पता लगाने और उसे रोकने में मदद करती है।

17. जोखिम प्रबंधन नीति

कम्पनी के पास बोर्ड से अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति है। जब भी आवश्यक लगा बोर्ड द्वारा नीति की समीक्षा की गई। नीति में पहचान कि, गए होगों में प्रतिस्पर्धा/बाजार हिस्सेदारी जोखिम, मानव संसाधन जोखिम, बीमा जोखिम, प्राप्ति जोखिम, सिस्टम जोखिम, धोखाधड़ी जोखिम, व्यवसाय संचालन जोखिम, क्रेडिट जोखिम अनुबंध निर्माण और निष्पादन जोखिम, कानूनी जोखिम आपदा जोखिम शामिल हैं। इन पहचान गए जोखिमों को कम करने की कार्य योजना जोखिम प्रबंधन नीति में समाविष्ट है। विभागों के प्रमुख उनके कामकाज के संबंधित क्षेत्रों पर यथा लागू जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन और लेखा परीक्षा समिति द्वारा अर्धवार्षिक आधार पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी हैं।

18. व्हिसिल ब्लोअर नीति

कंपनी व्यावसायिकता, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और नैतिक व्यवहार के उच्च मानक अपनाकर एक उचित और पारदर्शी तरीके से अपने संघटकों के मामलों का संचालन करने में विश्वास करती है। इस संबंध में कम्पनी की बोर्ड द्वारा स्वीकृत व्हिसिल ब्लोअर नीति है।

19. पीई सर्वेक्षण हेतु डाटा शीट प्रस्तुत करना

डीपीई की आवश्यकता के अनुसार सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2023-24 के लिए डेटा शीट 29.09.2023 को डीपीई को प्रस्तुत की गई थी।

20. समग्रता अनुबंध

कंपनी ने निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर लेनदेन अनुबंध प्राप्त करने के संबंध में समग्रता अनुबंध करने की प्रणाली आरंभ की।

21. सी ई ओ/सी एफ ओ प्रमाणन

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक(सीईओ) / निदेशक (वित्त) प्रमाणन को **अनुलग्नक -II** में शामिल किया जाएगा।

22. अनुपालन प्रमाण पत्र

कॉर्पोरेट शासन पर डी.पी.ई. के दिशानिर्देशों के अनुपालन का एक व्यावसायिक कंपनी सचिव से प्राप्त किया गया एक प्रमाण पत्र इस रिपोर्ट के **अनुलग्नक -III** में है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(आर. के. अग्रवाल)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 09344894

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक:

अनुलग्नक-I

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा आचरण कोड के अनुपालन के संबंध में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक द्वारा घोषणा

मैं, आर. के. अग्रवाल, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, वाप्कोस लिमिटेड, एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि कंपनी के निदेशक बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन टीम के सभी सदस्यों ने 2023-24 के दौरान कंपनी की आचरण संहिता के अनुपालन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

(आर. के. अग्रवाल)

स्थान: नई दिल्ली
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

दिनांक:
डीआईएन: 09344894

अनुलग्नक-II

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीईओ) और निदेशक (वित्त) (सीएफओ) द्वारा प्रमाण

(क) वित्तीय वर्ष 2023-24 (स्टैण्डअलोन और समेकित) के लिए वित्तीय विवरणों और नकदी प्राप्ति विवरण की हमने उचित समीक्षा कर ली है और हमारी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार:

(i) इन विवरणों में कोई महत्वपूर्ण रूप से असत्य विवरण शामिल नहीं हैं अथवा विवरण जो भ्रामक हो सकते हैं शामिल नहीं हैं। और

(ii) ये विवरण मिलकर कंपनी के मामलों की एक सही और उचित तस्वीर पेश करते हैं तथा वर्तमान लेखाकरण मानकों, लागू विधियों और विनियमों के अनुपालन में हैं।

(ख) हमारी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा कोई ऐसे लेनदेन नहीं किए गए, जो कपटपूर्ण, अवैध या कंपनी के आचरण कोड का उल्लंघन करते हों।

(ग) हम आंतरिक नियंत्रणों को स्थापित करने और बनाए रखने के दायित्व को स्वीकार करते हैं और हमने कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया है। हमने आंतरिक नियंत्रणों के अभिकल्प या प्रचालन में कमियां, यदि कोई हैं, जिनकी हमें जानकारी है और इन कमियों को दूर करने के लिए जो कदम हमने उठाए हैं या उठाए जाने प्रस्तावित हैं, को

लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षा समिति को बताया है।

(घ) हमने जहां कहीं लागू है। लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षा समिति को निम्न के बारे में बताया है:

(i) वर्ष के दौरान, आंतरिक नियंत्रण में किए गए/किए जाने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों,

(ii) वर्ष के दौरान, लेखाकरण नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तनों, यदि कोई हैं, और उन्हें वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में प्रकट किया गया है, और

(घ) 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष से सम्बंधित न तो महत्वपूर्ण कपट का कोई मामला हमारी जानकारी में आया है और न ही कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में प्रबंधन अथवा एक महत्वपूर्ण भूमिका वाले किसी कर्मचारी की उसमें संलिप्तता पायी गयी है।

ह./-	**ह./-**
(पंकज कपूर)	**(आर. के. अग्रवाल)**
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ	**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**
डीआईएन: 07290569	**डीआईएन: 09344894**

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक:

अनुलग्नक-III

उर्वशी वर्मा एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

दिनांक : 15 जनवरी, 2025

सेवा में,

सदस्य

वाप्कोस लिमिटेड

5वां तल, कैलाश

26, कस्तूरबा गांधी मार्ग,

नई दिल्ली - 110 001

हमने, सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रलय, भारत सरकार के का-ज्ञा-सं- 18(8)/2005-जीएम दिनांक 14-05-2010 द्वारा जारी 'केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट शासन पर दिशानिर्देशों (इसके पश्चात डीपीई दिशा निर्देशों के रूप में संदर्भित) में दी गई शर्तों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए वाप्कोस लिमिटेड (इसके पश्चात 'कंपनी' के रूप में निर्दिष्ट) द्वारा कॉर्पोरेट शासन की शर्तों के अनुपालन से संबंधित हमें दिए गए संबद्ध रिकार्ड व दस्तावेजों की जांच की है।

कॉर्पोरेट शासन की शर्तों का अनुपालन, प्रबंधन का दायित्व है। हमारी जांच उपरोक्त उल्लिखित दिशानिर्देशों और इसके अंतर्गत नियमों में दी गई शर्तों के अनुसार कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपनायी गयी प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह न तो एक लेखापरीक्षा है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरणों पर राय की एक अभिव्यक्ति है।

हमारे मत में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम एतत् द्वारा प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने कंपनी नियमावली 2014 के नियम 3 (निदेशकों को नियुक्ति और अर्हता) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (1) जो कि कंपनी के निदेशक मंडल में एक महिला निदेशक की नियुक्ति से संबंधित है, को छोड़कर सामान्य रूप से उपरोक्त उल्लिखित दिशानिर्देशों में यथा विनिर्दिष्ट कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है। हम समझते हैं कि उपरोक्त नियुक्ति से संबंधित मामला प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात जल शक्ति मंत्रालय के पास लंबित है।

हम यह भी सूचित करते हैं कि कंपनी की सहायक कंपनी के बोर्ड ने दिशानिर्देशों में निर्धारित निगमित प्रशासन की शर्तों का अनुपालन किया है।

कंपनी की 54वीं वार्षिक आम बैठक 29 दिसम्बर, 2023 अर्थात कंपनी रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और हरियाणा द्वारा प्रदत्त तीन माह की विस्तारित अवधि के भीतर आयोजित की गई जिसमें वित्तीय विवरणों को स्वीकृति प्रदान की गई।

हम पुनः उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की भावी सक्षमता और न ही प्रभावकारी कार्यकुशलता जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यकलापों का संचालन किया है के संबंध में एक आश्वासन है।

के लिए और की ओर से
उर्वशी वर्मा एंड एसोसिएट्स
(कंपनी सचिव कार्यरत)

सीएस उर्वशी वर्मा
एसीएस नं. 55202
सीओपी नं. 20456
यूडीआईएन: A05502F003685070

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 15/01/2025

अनुलग्नक-ख

प्रबंधन विचार-विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट

1. उद्योग संरचना और विकास

वाप्कोस भारत और विदेशों में व्यवसायों और समुदायों के लिए जल, विद्युत और अवसंरचना क्षेत्रों में इंजीनियरिंग परामर्शी सेवाएं और निर्माण कार्य उपलब्ध कराने के व्यवसाय से जुड़ी हुई है। पिछले 5 (पांच) दशकों से, कंपनी जल, विद्युत और अवसंरचना क्षेत्रों में परियोजनाओं के लिए इंजीनियरिंग परामर्शी सेवाएं उपलब्ध करा रही है, जिन्होंने भारत और विदेशों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इसके अतिरिक्त, हम अपने विविध अनुभव, प्रमुख दक्षताओं और हमारे पास उपलब्ध नवीनतम तकनीकों का उपयोग कराते हुए अपने ग्राहकों को "अवधारणा से कमीशनिंग" और उससे आगे जल, विद्युत और अवसंरचना क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं तक सेवाएं प्रदान करते हैं। हमारी अवधारणा-से-कमीशनिंग सेवाएँ हमारे डोमेन क्षेत्रों में विभिन्न उप-क्षेत्रों और सेवाओं को पूरा करती हैं, जिनमें बांध और जलाशय इंजीनियरिंग, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और नदी आकृति विज्ञान, भूजल अन्वेषण, कृषि, वाटरशेड प्रबंधन और नदी बेसिन योजना, पर्यावरण इंजीनियरिंग, जल विद्युत और पंप भंडारण, थर्मल पावर, नवीकरणीय ऊर्जा विकास जैसे सौर और पवन, जल आपूर्ति और स्वच्छता, पोर्ट और बंदरगाह, सड़क, रेलवे और राजमार्ग इंजीनियरिंग, शहरी और ग्रामीण विकास और रोपवे जैसे कुछ प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

वैश्विक इंजीनियरिंग सेवा बाजार 3.6% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) पर वर्ष 2023 में 1,147.21 बिलियन डॉलर की तुलना में वर्ष 2024 में बढ़कर 1,188.41 बिलियन डॉलर हो जाएगा। रूस-यूक्रेन युद्ध ने कम से कम अल्पावधि में, कोविड-19 महामारी से वैश्विक आर्थिक सुधार की संभावनाओं को बाधित किया है। इन दोनों देशों के बीच युद्ध के कारण कई देशों पर आर्थिक प्रतिबंध लग गए, वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान हुआ, जिससे वस्तुओं और सेवाओं में मुद्रास्फीति हुई, जिससे दुनिया भर के कई बाजार प्रभावित हुए। वर्ष 2028 में इंजीनियरिंग सेवा बाजार 3.6% की सीएजीआर पर बढ़कर 1,366.8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

2. भारतीय परिदृश्य

2.1 जल संसाधन

भारत में, जल संसाधन विकास राज्य का विषय है और इसकी परियोजनाओं की आयोजना, वित्त पोषण और कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अपनी स्वयं की प्राथमिकताओं के अनुसार अपने स्वयं के संसाधनों से किया जाता है। केंद्र में, जल संसाधन से जुड़े मंत्रालय का नाम बदलकर दिनांक 14.06.2019 को दो विभागों के साथ "जल शक्ति मंत्रालय" कर दिया गया, जिनमें से एक जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग है। इस विभाग को सौंपे गए कार्य में राष्ट्रीय संसाधन के रूप में जल का विकास, संरक्षण और प्रबंधन; जल के विविध उपयोगों और नदियों को जोड़ने के संबंध में जल आयोजना और समन्वय का समग्र राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य शामिल है।

भारतीय नदियों को आपस में जोड़ने का उद्देश्य भारतीय नदियों को जलाशयों और नहरों के नेटवर्क से जोड़कर भारत में जल संसाधनों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना है। नदियों को आपस में जोड़ने में जल की अधिकता वाले नदी बेसिनों से जल की कमी वाले बेसिनों में जल का स्थानांतरण शामिल है।

राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के अनुसार, व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा 30 नदी लिंक की पहचान की गई है। आठ के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। केवल एक, केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्यान्वयन शुरू हुआ है। इसे दिसंबर 2021 में केंद्र सरकार द्वारा ₹44,605 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया था। वर्ष 2021-22 में, परियोजना के लिए ₹4,642 करोड़ का बजट रखा गया था, और व्यय ₹4,634 करोड़ था। वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 में बजट आवंटन घटकर क्रमशः ₹1,400 करोड़ और ₹3,500 करोड़ हो गया। इसके अतिरिक्त 2024-25 में बजट आवंटन में 1500 करोड़ रूपये की कटौती की गई।

जल शक्ति मंत्रालय को 2024-25 में ₹98,418 करोड़ आवंटित किए गए हैं। जल संसाधन विभाग को ₹21,028 करोड़ आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.74% अधिक है।

पेयजल और स्वच्छता विभाग का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं प्राप्त हो। 2024-25 के लिए इस विभाग को पिछले वर्ष की तुलना में 0.4% की वृद्धि के साथ ₹77,390 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

विभाग दो प्रमुख स्कीमें कार्यान्वित करता है: (i) जल जीवन मिशन (जेजेएम), और (ii) स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण (एसबीएम-जी)। .

(I) जल जीवन मिशन (जेजेएम)

प्रत्येक ग्रामीण परिवार (16 करोड़ परिवारों) को एक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान करने के लिए, जेजेएम को वर्ष 2019 में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम को शामिल करते हुए लॉन्च किया गया था। 15वें वित्त आयोग ने जल आपूर्ति और स्वच्छता में सुधार के लिए ग्रामीण स्थानीय निकायों को 2.36 लाख करोड़ रुपये की निधि आवंटित की थी। निधि का 60% (1.42 लाख करोड़ रुपये) विशेष रूप से पेयजल, वर्षा जल संचयन और स्वच्छता सुविधाओं के लिए उपयोग किया जाना है। वर्ष 2019 और वर्ष 2024 के बीच जेजेएम का कुल अनुमानित परिव्यय 3.6 लाख करोड़ रुपये है। 16 फरवरी, 2023 तक, योजना पर कुल व्यय 1.3 लाख करोड़ रुपये है। जून 2024 तक, योजना पर कुल 3.36 लाख करोड़ रूपये का व्यय किया गया।

केन्द्रीय बजट 2024-25 में जल जीवन मिशन (जे.जे.एम.) के लिए ₹70,163 करोड़ आवंटित किए गए हैं। यह आवंटन पिछले वर्ष के बजट के अनुरूप है, जो सरकार की 2024 तक भारत के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पर्याप्त और सुरक्षित पेयजल की पहुंच सुनिश्चित किए जाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कोष के माध्यम से जे.जे.एम. के अंतर्गत विभिन्न पहलों को सहायता प्रदान की जाएगी जिसमें जल आपूर्ति अवसंरचना का निर्माण और रखरखाव, जल संरक्षण को बढ़ावा देना, और जल संसाधनों की स्थिरता सुनिश्चित करना शामिल है।

जेजेएम को वर्ष 2024 तक देश के सभी घरों (19.4 करोड़) को एफएचटीसी तक पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

30 जनवरी 2024 तक, जल जीवन मिशन (जेजेएम) ने ग्रामीण परिवारों को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अगस्त 2019 में जब मिशन की शुरूआत की गई थी तब केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों के पास ही नल के पानी का कनेक्शन था। 2024 की शुरुआत तक, यह संख्या बढ़कर 14.21 करोड़ घरों से अधिक हो गई है, जो भारत के सभी ग्रामीण घरों का लगभग 73.76% है।

वित्तीय आवंटन के मामले में, इस मिशन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 70,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस राशि में से, 16,340.92 करोड़ रुपये की राशि पहले ही पात्र राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की जा चुकी है।

जून 2024 तक, 14.93 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को जेजेएम के अंतर्गत नल के पानी के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जिनमें सिर्फ वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 2.99 करोड़ जोड़े गए कनेक्शन शामिल हैं।

(II) स्वच्छ भारत मिशन – ग्रामीण (एसडबल्यूएम-जी)

एसबीएम-जी को वर्ष 2019 तक सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज प्राप्त करने के उद्देश्य से एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में वर्ष 2014 में शुरूआत की गई

थी। यह ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता में सुधार और खुले में शौच को समाप्त करने पर भी केंद्रित है। अक्टूबर 2019 तक, देश के सभी गांवों को खुले में शौच-मुक्त (ओडीएफ) घोषित कर दिया गया था। योजना का दूसरा चरण वर्ष 2020 में शुरू किया गया था और इसका लक्ष्य पहले चरण में देश द्वारा प्राप्त ओडीएफ स्थिति को बनाए रखना है, और सभी गांवों को ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के साथ कवर करना है। यदि ये मानदंड पूरे होते हैं तो एक गांव को ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त होता है और गांव दृष्टिगत रूप से स्वच्छ होता है।

2024 की शुरुआत तक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एसबीएम-जी) चरण II के तहत महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। जनवरी 2024 तक, लगभग 75% भारतीय गांव, अर्थात कुल 4.43 लाख से अधिक गांव खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) प्लस का दर्जा प्राप्त कर चुके हैं। इसका मतलब है कि उन्होंने न केवल अपनी ओडीएफ स्थिति को बनाए रखा है बल्कि ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को भी कार्यान्वित किया है। विशेषकर, 2,92,497 गांव ओडीएफ प्लस आकांक्षी हैं जिनमें या तो ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन है, 55,549 ओडीएफ प्लस राइजिंग हैं जिनमें दोनों हैं, और 96,018 ओडीएफ प्लस मॉडल गांव हैं जिनमें संपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता है। यह जल जीवन मिशन (जेजेएम) और एसबीएम-जी के समन्वय के महत्व को उजागर करता है।

कचरा प्रबंधन के मामले में, 2,31,080 गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्थाएं हैं, जबकि 3,76,353 गांवों में तरल कचरा प्रबंधन संबंधी प्रणालियां मौजूद हैं।

प्रभावी ग्रे वॉटर उपचार हेतु समुदाय और घरेलू स्तर पर लगभग 22 लाख सोख पिट के निर्माण के साथ ग्रे वॉटर के प्रबंधन में सुजलम अभियान महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

(III) अटल भूजल योजना

अटल भूजल योजना वर्ष 2020 में 6,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र स्कीम के रूप में शुरू की गई थी। इसका लक्ष्य वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक पांच वर्षों में भूजल संसाधनों के प्रबंधन में सुधार करना है। यह योजना सात राज्यों में लागू की जाएगी, जहां देश में जल की कमी वाले ब्लॉकों का 37% हिस्सा है। हालाँकि, पंजाब, जिसका भूजल विकास 166% (2022) है, को इस योजना से बाहर रखा गया है। मंत्रालय ने कहा है कि भाग लेने वाले राज्यों का निर्धारण परामर्श, भूजल की गंभीरता, इच्छा और तैयारी की डिग्री के आधार पर किया गया था।

वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए, अटल भूजल योजना (अटल जल) भारत में भूजल प्रबंधन में सुधार के अपने मिशन को जारी रखे हुए है। इस योजना का कुल बजट ₹6,000 करोड़ है, जो विश्व बैंक और भारत सरकार द्वारा समान रूप से वित्त पोषित है। इसका उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से स्थायी भूजल प्रबंधन को बढ़ावा देना और सात राज्यों: गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना है।

इस वर्ष, इन पहलों की स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी) में जल सुरक्षा योजनाओं (डब्ल्यूएसपी) को एकीकृत करने पर जोर दिया जा रहा है। यह विशेष रूप से कृषि में जल उपयोग दक्षता को बढ़ाने हेतु नवाचारी सिंचाई तकनीकों और कुशल जल उपयोग को भी उजागर करती है।

(IV) प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई)

1 जुलाई, 2015 को "हर खेत को पानी" के उद्देश्य के साथ शुरू गई प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) का कार्यान्वयन आश्वस्त सिंचाई के साथ उपज क्षेत्र का विस्तार करने, पानी की बर्बादी को कम करने और पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार करने हेतु किया जा रहा है। पीएमकेएसवाई न केवल आश्वस्त सिंचाई हेतु स्रोत निर्माण पर ध्यान केंद्रित करती है, बल्कि "जल संचय" और "जल सिंचन" के माध्यम से सूक्ष्म स्तर पर वर्षा के पानी को संचय करके संरक्षात्मक सिंचाई बनाने पर भी फोकस किया जाता है। सूक्ष्म सिंचाई को "प्रति बूंद- ज्यादा फसल" सुनिश्चित करने हेतु सब्सिडी के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है।

पीएमकेएसवाई का उद्देश्य (i) सिंचाई के तहत कृषि योग्य क्षेत्र का विस्तार करना, (ii) खेतों पर पानी की वास्तविक पहुंच को बढ़ाना, (iii) खेतों में पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार करना, और (iv) सतत जल संरक्षण पद्धतियों की शुरूआत करना है। इसमें तीन मंत्रालयों द्वारा लागू किए गए चार घटक शामिल हैं। जल शक्ति मंत्रालय त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम और हर खेत को पानी (एचकेकेपी) का कार्यान्वयन करता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जलवायु विकास घटक का कार्यान्वयन किया जाता है, और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग प्रति बूंद अधिक फसल द्वारा लागू किया जाता है।

कृषि में जल उपलब्धता और दक्षता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) हेतु बजट आवंटित किया गया है। यह आवंटन जल संरक्षण और प्रबंधन की व्यापक प्रतिबद्धता का एक भाग है।

2024-25 के लिए पीएमकेएसवाई के लिए कुल बजट आवंटन 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए अनुमोदित कार्यक्रम के तहत निरंतर प्रयास का हिस्सा है। इस व्यापक अनुमोदन में 37,454 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता और 93,068.56 करोड़ रुपये का कुल आवंटन शामिल है, जिसमें राज्य सरकारों के योगदान और एनएबीआरडी को ऋण सेवा प्रदान करना शामिल है।

इस योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक पहुंच और समुदाय की भागीदारी हेतु एक मजबूत आधार प्रदान करने के लिए कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, सेमिनारों, सम्मेलनों और कई आईईसी गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया। रैलियों, अभियानों, प्रदर्शनियों, श्रमदान, स्वच्छता ड्राइव, प्रतियोगिताओं, वृक्षारोपण अभियान और संसाधन सामग्री के विकास और वितरण के माध्यम से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया और टीवी/रेडियो, प्रिंट मीडिया विज्ञापनों, फीचर्ड लेखों और विज्ञापन-लेखों के माध्यम से प्रकाशित करके व्यापक रूप से प्रचारित किया गया। एनएमसीजी ने फेसबुक, एक्स (पूर्व में "ट्विटर"), और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर उपस्थिति सुनिश्चित की। गंगा का लिडार मानचित्रण, जलाशय मानचित्रण, नदी शहर योजना के लिए नया सिद्धांत, सांस्कृतिक योजना आदि जैसी पहलों को नीति, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी (ज्ञान गंगा) पहलों के अलावा कार्यान्वित किया गया।

जल संसाधनों के क्षेत्र में वाप्कोस के प्रतिद्वंदियों में डीएचवी कंसल्टेंट्स, मॉट मैक डोनाल्ड, एमडब्ल्यूएच, नॉर कंसल्ट, एसएमईसी, समन, केईसीसी, सिनो-टेक, निप्पॉन कोएई, ताहल, केपीएमजी, अर्न्स्ट और यंग (ई एंड वाई), पीडब्ल्यूसी, डेलॉइट, मैकिंसेy, ग्रांट थॉर्नटन (जीटी) कंसल्टेंट्स शामिल हैं। इसके अलावा, इस व्यवसाय क्षेत्र में वाप्कोस के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले छोटे कंसल्टेंट्स की भी एक बड़ी संख्या है।

2.2 विद्युत

विद्युत क्षेत्र भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए एक प्रमुख प्रवर्तक है। भारत का विद्युत क्षेत्र दुनिया में सबसे विविधतापूर्ण क्षेत्रों में से एक है। विद्युत उत्पादन के स्रोत कोयला, लिग्नाइट, प्राकृतिक गैस, तेल, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा जैसे पारंपरिक स्रोतों से लेकर पवन, सौर, ज्वारीय और कृषि एवं घरेलू अपशिष्ट जैसे व्यवहार्य गैर-पारंपरिक स्रोतों तक होते हैं। देश में विद्युत की मांग तेजी से बढ़ी है और आने वाले वर्षों में इसके और बढ़ने की संभावना है। देश में विद्युत की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए स्थापित उत्पादन क्षमता में बड़े पैमाने पर वृद्धि की आवश्यकता है। उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण के तीन स्तंभों वाला यह क्षेत्र भारत के अवसंरचना और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उत्पादन तीन क्षेत्रों अर्थात केंद्रीय क्षेत्र, राज्य क्षेत्र और निजी क्षेत्र के माध्यम से किया जाता है। भारतीय विद्युत उद्योग पर केंद्र और राज्य सरकार के संगठनों का वर्चस्व है। प्रमुख खिलाड़ी राज्य विद्युत बोर्ड (एसईबी) हैं, जो विद्युत का उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण करते हैं। भारत में विद्युत क्षेत्र मुख्य रूप से विद्युत मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा शासित होता है। विद्युत अवसंरचना के सबसे महत्वपूर्ण घटकों में से एक है, जो राष्ट्रों के आर्थिक विकास और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है।

· 31 मार्च, 2024 तक भारत की कुल संस्थापित विद्युत क्षमता 442 गीगावाट तक पहुँच गई है। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से महत्वपूर्ण योगदान शामिल है, जिसमें 144 गीगावाट (33%) नवीकरणीय ऊर्जा से और 47 गीगावाट (11%) जलविद्युत से है। सौर ऊर्जा एक प्रमुख योगदान करने वाला क्षेत्र बना

हुआ है, जिसमें अकेले वित्त वर्ष 2024 में 15 गीगावाट की वृद्धि हुई है, जो भारत की अपने नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना के विस्तार के प्रति सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2024 तक भारत पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और समग्र नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लिए संस्थापित क्षमता में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर बना हुआ है। यह वर्ष 2023 से अपने स्थान पर बना हुआ है। संस्थापित क्षमता के संदर्भ में, मार्च 2024 तक, भारत ने 143.64 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के साथ महत्वपूर्ण प्रगति की है। इसमें सौर, पवन और बायोमास (इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन) जैसे विभिन्न स्रोत शामिल हैं। सरकार वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म आधारित विद्युत उत्पादन प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्ध है।

कुल मिलाकर, भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में ठोस वृद्धि देखी गई है और यह निरंतर पर्याप्त निवेश आकर्षित कर रहा है, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी रहते हुए इसकी स्थिति बेहतर हो रही है।

मार्च 2024 तक, भारत की कुल संस्थापित विद्युत क्षमता लगभग 416 गीगावाट है। इस क्षमता को ईंधन के प्रकार के आधार पर वर्गीकृत किया गया है, जिसमें जीवाश्म और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों दोनों का महत्वपूर्ण योगदान है। विशेष रूप से, कोयले की संस्थापित क्षमता में लगभग 49.1% हिस्सा है, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत (जिसमें जलविद्युत, पवन और सौर ऊर्जा शामिल हैं) का हिस्सा लगभग 41.4% हैं।

भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता लक्ष्यों में पर्याप्त प्रगति देखी गई है। वर्ष 2024 तक, सौर ऊर्जा से लगभग 169 गीगावाट का योगदान होने का अनुमान है, तत्पश्चात पवन ऊर्जा से 41.2 गीगावाट का योगदान होगा। बायोमास और छोटे जलविद्युत जैसे अन्य नवीकरणीय स्रोत भी समग्र क्षमता में योगदान करते हैं। नवीकरणीय ऊर्जा में भारत की रैंकिंग के संबंध में, नवीनतम डेटा के अनुसार, देश पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और समग्र नवीकरणीय ऊर्जा की संस्थापित क्षमताओं के क्षेत्र में दुनिया में चौथे स्थान पर बना हुआ है।

भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

- जुलाई 2024 तक, भारत में निर्माणाधीन ताप विद्युत परियोजनाओं की कुल संस्थापित क्षमता लगभग 27,300 मेगावाट है। इसमें विभिन्न चरणों में निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाएँ शामिल हैं।

- अप्रैल 2024 तक, भारत में 12,664 मेगावाट की कुल क्षमता वाली 361 बड़ी जलविद्युत परियोजनाएँ (25 मेगावाट से अधिक) कार्यान्वयन के अधीन हैं। इनमें से, 11,428 मेगावाट की कुल 27 परियोजनाएँ सक्रिय रूप से निर्माणाधीन हैं। ये परियोजनाएँ भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। देश का लक्ष्य वर्ष 2031-32 तक अपनी जलविद्युत क्षमता को मौजूदा 42 गीगावाट से बढ़ाकर 67 गीगावाट करना है, जो एक महत्वपूर्ण वृद्धि है।

    - भारत में वर्तमान में 7 परमाणु रिएक्टर निर्माणाधीन हैं, जिनकी कुल निवल विद्युत क्षमता लगभग 5,398 मेगावाट है। भारत सरकार ने पाँच राज्यों (कर्नाटक, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान) में 10 नए परमाणु रिएक्टर लगाने को मंज़ूरी दी है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 700 मेगावाट है। इन परियोजनाओं से वर्ष 2031 तक संस्थापित परमाणु क्षमता 6,780 मेगावाट से बढ़कर 22,480 मेगावाट तक हो जाने की संभावना है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, नवीकरणीय ऊर्जा पहलों सहित विद्युत क्षेत्र को 28,352 करोड़ रू. का महत्वपूर्ण आवंटन प्राप्त हुआ है, जो वर्ष 2023-24 में 18,945 करोड़ रू. के संशोधित अनुमान से लगभग 50% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। यह निधि विभिन्न स्कीमों के लिए निर्देशित है जिसका उद्देश्य विद्युत वितरण क्षेत्र में सुधार करना और हरित ऊर्जा पहलों को बढ़ावा देना है।

इस आवंटन के भीतर, विद्युत मंत्रालय के पास 20,502 करोड़ रू. का शुद्ध बजटीय आवंटन है, जो पिछले वर्ष के 20,671 करोड़ रू. से थोड़ी कम है। इस बीच, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने अपने बजट में पर्याप्त वृद्धि देखी है, पिछले वर्ष के 10,222 करोड़ रू. की तुलना में 19,100 करोड़ रू. प्राप्त किए हैं।

- **नवीकरणीय ऊर्जा:** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) को पिछले बजट में '7,848 करोड़ रू.' से बढ़कर 19,100 करोड़ रू. आवंटित किए गए हैं। इस वृद्धि का उद्देश्य सौर ऊर्जा पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को सहायता देना है। अकेले ग्रिड से जुड़ी सौर ऊर्जा के लिए आवंटन लगभग दोगुना होकर 8,500.35 करोड़ रू. हो गया है।

- **हरित हाइड्रोजन और जैव ऊर्जा:** राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) का बजट '100 करोड़ रू.' से बढ़कर '600 करोड़ रू.' हो गया है, जो हाइड्रोजन क्षेत्र में प्रायोगिक परियोजनाओं और प्रोत्साहन योजनाओं को आगे बढ़ाने के सरकार के इरादे को दर्शाता है। जैव ऊर्जा पहल और जलविद्युत परियोजनाओं को भी अधिक निधि मिली है।

- **विद्युत क्षेत्र की पहल:** विद्युत मंत्रालय के आवंटन में 40% की वृद्धि हुई है, जो 11,359 करोड़ रू. से बढ़कर 15,861 करोड़ रू. हो गया है। इसमें देश भर में कुशल और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत वितरण और ट्रांसमिशन अवसंरचना को बढ़ाने के लिए निधि शामिल है।

- **पवन ऊर्जा:** जबकि अधिकांश नवीकरणीय क्षेत्रों में निधि में वृद्धि देखी गई, पर पवन ऊर्जा को कम प्रत्यक्ष बजटीय सहायता प्राप्त हुई है, जिसमें क्षेत्र के विकास के अनुसार भविष्य के आवंटन के लिए प्रावधान किए गए है। सरकार ने ऑफसोर पवन परियोजनाओं के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि की घोषणा की है, यद्यपि विशिष्ट राशि का विवरण नहीं दिया गया है।

2.2.1 पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना

मुफ़्त बिजली योजना पीएम सूर्य घर: मुफ़्त बिजली योजना एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य भारत में घरों को मुफ़्त बिजली उपलब्ध कराना है। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15.02.2024 में की थी। इस योजना के तहत लोगों को अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडी सोलर पैनल की लागत का 40% तक कवर करेगी। इस योजना से पूरे भारत में 1 करोड़ घरों को लाभ मिलने की संभावना है। अनुमान है कि इस योजना से सरकार को विद्युत लागत में प्रत्येक वर्ष 75,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। योजना के लाभों में शामिल हैं:

1. घरों के लिए मुफ्त बिजली।
2. सरकार के लिए विद्युत लागत में कमी।
3. नवीकरणीय ऊर्जा का बढ़ता उपयोग।
4. कार्बन उत्सर्जन में कमी।

2.2.2 संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस)

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, भारत सरकार ने देश भर में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) को 3,03,758 करोड़ रू. आवंटित किए हैं। वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 तक चलने वाली यह योजना डिस्कॉम (विद्युत वितरण कंपनियों) की परिचालन दक्षता और वित्तीय स्थिरता में सुधार लाने पर केंद्रित है, जिसका लक्ष्य कुल तकनीकी और वाणिज्यिक (एटी एंड सी) घाटे को 12-15% तक कम करना और वर्ष 2024-25 तक आपूर्ति औसत लागत और औसत राजस्व प्राप्त (एसीएस-एआरआर) अंतर को कम करना है।

आरडीएसएस के तहत आने वाली प्रमुख परियोजनाओं और पहलों में शामिल हैं:

अवसंरचना उन्नयन: विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत वितरण नेटवर्क के आधुनिकीकरण और विस्तार में महत्वपूर्ण निवेश।

स्मार्ट ग्रिड और स्वचालन : परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा में सुधार के लिए स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकियों और स्वचालन का प्रयोग।

नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण: नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत करने के लिए ग्रिड क्षमता को बढ़ाना, सतत ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देना।

क्षमता निर्माण: योजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए डिस्कॉम कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और क्षमता निर्माण पहल।

सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी): अतिरिक्त निवेश और विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए अवसंरचना परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना।

इस योजना में एक परिणाम मूल्यांकन ढांचा (आरईएफ) भी शामिल है जो डिस्कॉम के कार्य प्रदर्शन की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए है, यह सुनिश्चित करता है कि निधियों को विशिष्ट मानदंडों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के आधार पर जारी किया जाए।

2.2.3 जलविद्युत और पीएसपी परियोजना

भारत में जलविद्युत क्षमता काफी है, जो भारतीय विद्युत क्षेत्र के कार्बन फूटप्रींट को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। देश के विभिन्न नदी बेसिनों में जलविद्युत क्षमता के पुनः आकलन के लिए, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने वर्ष 1978-87 की अवधि के दौरान अध्ययन किया गया था। इन अध्ययनों के अनुसार, देश में कुल 845 चिन्हित जलविद्युत स्कीमों से 84,044 मेगावाट (60% लोड फैक्टर पर) जलविद्युत क्षमता का आकलन किया गया था, जो पूरी तरह से विकसित होने पर संभावित औसत लोड फैक्टर के आधार पर लगभग 1,48,701 मेगावाट की संस्थापित क्षमता होगी। कुल ऊर्जा क्षमता प्रति वर्ष 600 बिलियन यूनिट आंकी गई है। 25 मेगावाट से अधिक संस्थापित क्षमता वाली एच.ई. स्कीमों की पहचानी गई क्षमता कुल 592 एच.ई. स्कीमों में से 145320 मेगावाट है। दिनांक 31.03.2023 तक, 4745.60 मेगावाट क्षमता के पंप भंडारण स्टेशनों को छोड़कर 42104.55 मेगावाट (31.56%) की कुल संस्थापित क्षमता वाली एच.ई. योजनाएं पहले ही विकसित की जा चुकी हैं और निर्माणाधीन स्कीमों में 15023.5 मेगावाट (11.26%) की क्षमता है, (1500 मेगावाट का पीएसएस छोड़कर)। इस प्रकार, लगभग 57.18% पहचानी गई क्षमता का उपयोग किया जाना शेष है।

भारत में, 25 मे वा. या उससे कम क्षमता के जलविद्युत संयंत्रों को छोटे जलविद्युत के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिन्हें आगे सूक्ष्म (100kW या उससे कम), लघु (101 कि.वा.-2 मे.वा) और लघु जलविद्युत (2- 25 मे.वा) खंडों में वर्गीकृत किया गया है।

दिनांक 31.03.2024 तक देश में लघु जल विद्युत की संस्थापित क्षमता 5003.25 मेगावाट है।

पम्प भंडारण परियोजना

पीएसपी जिन्हें अक्सर 'विशाल बैटरी' कहा जाता है, कुछ समय से मौजूद हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत तकनीक हैं। इसका उपयोग पारंपरिक रूप से ग्रिड को स्थिर करने और अधिकतम ऊर्जा बनाए रखने के लिए किया जाता है। नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की मौसमी परिवर्तनशीलता के साथ, बैटरी भंडारण और पीएसपी जैसी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों का महत्व बढ़ गया है। ये परियोजनाएं प्रशंसनीय मात्रा में ऊर्जा संग्रहीत करती हैं और आवश्यकता पड़ने पर इसे जारी करती हैं। नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ने के साथ यह तकनीक एक पसंदीदा विकल्प है।

पीएसपी में दो जल भंडार होते हैं जो विभिन्न ऊंचाइयों पर एक सुरंग या भूमिगत पाइप के माध्यम से जुड़े होते हैं। जब विद्युत का उत्पादन अधिक होता है और मांग कम होती है, तो ये परियोजनाएं नीचे के जलाशय से ऊपर के जलाशय की ओर पानी पंप करती हैं। जब अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है, तो तुरंत आवश्यक विद्युत उत्पन्न करने के लिए टरबाइन के माध्यम से जल को ऊपर से नीचे की ओर धकेला जाता है।

भंडारण और सहायक सेवाओं की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रौद्योगिकियों में से, पंप भंडारण परियोजनाएं (पीएसपी) स्वच्छ, मेगावाट-स्केल पर, घरेलू रूप से उपलब्ध, टाइम-टेस्टेड और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत हैं। पीएसपी स्वच्छ, हरे, सुरक्षित और गैर-विस्फोटक

हैं। वे कोई जहरीला/हानिकारक उप-उत्पाद उत्पन्न नहीं होता है या निपटान संबंधी समस्याएँ पैदा नहीं होती है।

पीएसपी को बढ़ावा देने के दिशानिर्देश न केवल ग्रिड स्थिरता बनाए रखने और वीआरई एकीकरण को सुविधाजनक बनाने में उनकी उपयोगिता पर आधारित हैं, बल्कि अन्य उपलब्ध ऊर्जा भंडारण प्रणालियों की तुलना में उनके अन्य सकारात्मक गुणों पर भी आधारित हैं।

पीएसपी क्षेत्र में अभी भी कई अन्य देशों की तुलना में व्यापक वृद्धि होनी है और इसकी गति सुस्त है। वर्तमान में, भारत में पीएसपी की लगभग 4.7 गीगावाट (जीडब्ल्यू) संस्थापित क्षमता है, जिसमें से 3.3 गीगावाट कार्यात्मक है। विश्व स्तर पर, चीन 50 गीगावॉट की कुल संस्थापित क्षमता के साथ पीएसपी बाजार में अग्रणी है, इसके बाद 28 गीगावॉट के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका और 24 गीगावॉट के साथ जापान का स्थान है।

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के राष्ट्रीय विद्युत योजना 2022-32 के अनुसार, 2031-32 के अंत तक नियोजित आरई क्षमता को पूरा करने के लिए, भारत को 26.68GW पीएसपी और 47.24 GW बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) की ज़रूरत होगी। कुछ चालू पीएसपी प्लांट तेलंगाना (नागार्जुन सागर, श्रीशैलम), तमिलनाडु (कदमपराई), महाराष्ट्र (भीरा, घाटघर), और पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जैसे राज्यों में हैं।

2.3 अवस्थापन

अवसंरचना क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है। सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह, आर्थिक गलियारे, किफायती आवास, सौर ऊर्जा, जल आपूर्ति और स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अवसंरचना विकास पर विशेष बल को विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण लीवर के रूप में पहचाना गया है।

अवसंरचना दक्षता में सुधार करने में पीएम गति शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। पीएम गति शक्ति अवसंरचना योजना से लेकर विकास और उपयोग के चरण तक अवसंरचना निर्माण में वास्तविक सार्वजनिक-निजी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। छह मंत्रालयों की 24 डिजिटल प्रणालियों को यूनिफाइड लॉजिस्टिक इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूलिप) के माध्यम से एकीकृत किया जा रहा है और इससे एक राष्ट्रीय सिंगल विंडो लॉजिस्टिक्स पोर्टल बनेगा जो लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में सहायता करेगा।

(I) अमृत 2.0

अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 स्कीम, जिसे 01 अक्टूबर, 2021 को 05 वर्ष की अवधि अर्थात वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक के लिए लॉन्च किया गया है, को देश के सभी वैधानिक कस्बों में सभी घरों में कार्यात्मक नल के माध्यम से जल की आपूर्ति और अमृत योजना के पहले चरण में शामिल 500 शहरों में सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन का सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

अमृत 2.0 प्रत्येक शहर के लिए शहरी जल संतुलन योजना (सीडब्ल्यूबीपी) के विकास के माध्यम से जल की चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा, जो शोधित सीवेज के पुनर्चक्रण/पुन: उपयोग, जल निकायों के संरक्षण और जल संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह शहरों को कार्यात्मक नल जल कनेक्शन, जल स्रोत संरक्षण, जल निकायों और कुओं का संरक्षण, शोधित उपयोग किए गए जल के पुनर्चक्रण/पुन: उपयोग और वर्षा जल संचयन के सार्वभौमिक कवरेज पर ध्यान केंद्रित करने वाली परियोजनाओं के लिए क्षेत्र की पहचान करने में सहायता करेगा। सीडब्ल्यूबीपी में पहचानी गई परियोजनाओं के आधार पर, मिशन में जल की चक्रीय अर्थव्यवस्था के माध्यम से शहरों को 'जल सुरक्षित' बनाने की परिकल्पना की गई है।

मिशन में गैर-राजस्व जल में कमी, शोधित उपयोग किए गए जल का पुनर्चक्रण, जल निकायों का संरक्षण दोहरी प्रविष्टि लेखा प्रणाली को बढ़ाना, शहरी नियोजन, शहरी वित्त को सुदृढ़ करना आदि के माध्यम से नागरिकों के जीवन को आसान बनाने पर एक सुधार एजेंडा भी है।

अमृत 2.0 के अन्य घटक हैं:

- जल के समान वितरण, अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग, जल निकायों के मानचित्रण और शहरों/कस्बों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए पेय जल सर्वेक्षण आयोजित करना।
- जल के क्षेत्र में नवीनतम वैश्विक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के लिए जल के लिए प्रौद्योगिकी उप-मिशन।
- जल संरक्षण के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान।

अमृत 2.0 के लिए कुल अनुमानित बजट ₹2,99,000 करोड़ है, जिसमें पांच साल की अवधि के लिए केंद्रीय भाग के रूप में ₹76,760 करोड़ शामिल हैं। इस बजट में पिछले अमृत चरण से पूर्व की जारी परियोजनाओं के लिए ₹22,000 करोड़ और केंद्रीय सहायता के रूप में ₹10,000 करोड़ का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अमृत 2.0 के लिए कुल अनुमानित बजट ₹1.44 लाख करोड़ (₹1.44 ट्रिलियन) है। यह व्यापक बजट आवंटन शहरी अवसंरचना में सुधार, स्थिरता को बढ़ावा देने और भारत के शहरों में जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

(II) एसबीएम शहरी

2 अक्टूबर 2014 को शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन - शहरी (एसबीएम-यू) का उद्देश्य शहरी भारत को खुले में शौच से मुक्त बनाना और देश के 4,041 वैधानिक शहरों में नगरपालिका ठोस कचरे का 100% वैज्ञानिक प्रबंधन प्राप्त करना है। एसबीएम-यू का दूसरा चरण 1 अक्टूबर 2021 को 5 वर्ष की अवधि के लिए लॉन्च किया गया था। एसबीएम-यू 2.0 का लक्ष्य 2026 तक सभी शहरों के लिए "कचरा मुक्त" स्थिति प्राप्त करना है।

इसके विभिन्न घटकों के लिए इकाई और प्रति व्यक्ति लागत के आधार पर एसबीएम (शहरी) के कार्यान्वयन की अनुमानित लागत 62,009 करोड़ रुपए है। अनुमोदित फंडिंग पैटर्न के अनुसार भारत सरकार की हिस्सेदारी 14,623 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, भारत सरकार के वित्त पोषण के 25% के समान न्यूनतम अतिरिक्त राशि, 4,874 करोड़ रुपये का योगदान राज्यों द्वारा राज्य/यूएलबी शेयर के रूप में किया जाएगा। शेष निधि को निधि के विभिन्न अन्य स्रोतों के माध्यम से उत्पन्न करने का प्रस्ताव है। अब तक निम्नलिखित उपलब्धि प्राप्त की गई है:

खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ):

- शहरी भारत खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) हो गया है, सभी 4,715 शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) पूरी तरह से ओडीएफ हो गए हैं।
- 3,547 यूएलबी कार्यात्मक और स्वच्छ सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों के साथ ओडीएफ+ हैं, और 1,191 यूएलबी पूर्ण मल कीचड़ प्रबंधन के साथ ओडीएफ++ हैं।
- 14 शहर वाटर+ प्रमाणित हैं, जिसमें अपशिष्ट जल का शोधन और इसका इष्टतम पुन: उपयोग शामिल है।

अपशिष्ट प्रसंस्करण:

भारत में अपशिष्ट प्रसंस्करण वर्ष 2014 में 17% से 4 गुना बढ़कर वर्ष 2024 में 80% हो गया है, जिसमें देश के सभी यूएलबी में 98% वार्डों में 100% डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और लगभग 92% वार्डों में नागरिकों द्वारा कचरे के स्रोत पृथक्करण के माध्यम से सहायता प्राप्त हुई है।

कचरा मुक्त शहर:

- जनवरी 2018 में लॉन्च किया गया कचरा मुक्त शहर (जीएफसी)-स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल जिसमें पहले वर्ष में केवल 56 शहर थे वह अब बढ़कर 445 शहरों तक पहुंच गया है, अक्टूबर 2024 तक कम से कम 1,000 3-स्टार जीएफसी बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है।

- स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) और संबंधित योजनाओं के अंतर्गत "कचरा मुक्त शहर" पहल के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित बजट लगभग ₹19,000 करोड़ है। इस बजट का उद्देश्य कचरा प्रबंधन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, प्रसंस्करण सुविधाओं में सुधार करने और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।

(III) शहर 2.0

नवप्रवर्तन, एकीकरण और स्थायित्व के लिए शहरी निवेश 2.0 (सीआईटीआईआईएस 2.0)- सीआईटीआईआईएस 2.0 आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा फ्रांसीसी विकास एजेंसी (एएफडी), क्रेडिटनस्टाल्ट फर विडेराउफबाउ (केएफडब्ल्यू), यूरोपीय संघ (ईयू) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) के साथ साझेदारी में तैयार किया गया एक कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम चार वर्ष की अवधि अर्थात वर्ष 2023 से 2027 तक चलेगा।

कार्यक्रम में शहरी स्तर पर एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन, राज्य स्तर पर जलवायु-उन्मुख सुधार कार्यों और राष्ट्रीय स्तर पर सांस्थानिक सुदृढ़ीकरण और ज्ञान प्रसार पर ध्यान देने के साथ चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाली प्रतिस्पर्धी रूप से चयनित परियोजनाओं की सहायता करने की परिकल्पना की गई है।

सीआईटीआईआईएस 2.0 के लिए वित्तपोषण में एएफडी और केएफडब्ल्यू (100 मिलियन यूरो प्रत्येक) से 1760 करोड़ रुपये (यूरो 200 मिलियन) का ऋण और यूरोपीय संघ से 106 करोड़ रुपये (यूरो 12 मिलियन) का तकनीकी सहायता अनुदान शामिल होगा।।

सीआईटीआईआईएस 2.0 का लक्ष्य सीआईटीआईआईएस 1.0 के अनुभवों और सफलताओं का लाभ उठाना और उन्हें बढ़ाना है। सीआईटीआईआईएस 1.0 को वर्ष 2018 में एमओएचयूए, एएफडी, ईयू और एनआईयूए द्वारा संयुक्त रूप से ₹933 करोड़ (यूरो 106 मिलियन) के कुल परिव्यय के साथ लॉन्च किया गया था। सीआईटीआईआईएस 1.0 में तीन घटक शामिल थे:

घटक 1: प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित 12 शहर-स्तरीय परियोजनाएं।

घटक 2: ओडिशा राज्य में क्षमता-विकास गतिविधियाँ।

घटक 3: एनआईयूए द्वारा की गई गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत शहरी प्रबंधन को बढ़ावा देना, जो सीआईटीआईआईएस 1.0 के लिए कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (पीएमयू) था।

बजट वित्त वर्ष 23-2024- अवसंरचना क्षेत्र पर प्रभाव

- पीएम आवास योजना व्यय में 66% की वृद्धि के साथ 79,000 करोड़ रुपये हो गया।
- रेलवे को 2.4 लाख करोड़ रुपये की पूंजीगत परिव्यय प्रदान किया जाएगा, जो 2013–14 के बाद का सबसे बड़ा आवंटन है।
- टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में शहरी अवसंरचना के निर्माण हेतु सार्वजनिक एजेंसियाँ शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) का उपयोग करेंगी, जिसे राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा प्रबंधित किया जाएगा। यूडीआईएफ को प्राथमिकता क्षेत्र ऋण की कमी का उपयोग करके स्थापित किया जाएगा।
- समाज के पहले और अंतिम व्यक्ति को कोयला, बंदरगाह, खाद्यान्न, स्टील और उर्वरक अनाज क्षेत्रों के तक पहुंच प्रदान करने हेतु 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 75,000 करोड़ रुपये (15,000 करोड़ रुपये निजी स्रोतों से) का निवेश किया जाएगा।
- नई बुनियादी ढांचा वित्त सचिवालय का निर्माण निजी बुनियादी ढांचा निवेश के अवसरों को बढ़ाएगा।
- सरकार ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष के समान ही शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष स्थापित करेगी, जिसे एनएचबी द्वारा संचालित किया जाएगा।
- पूरक नीतियों को अपनाने और अवसंरचना निवेश को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकारों को 50 वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण का एक वर्षीय विस्तार।

- राज्यों और स्थानीय प्रशासनों को शहरी नियोजन परिवर्तनों और पहल को कार्यान्वित करने के लिए प्रेरित करना, जिसका लक्ष्य अपने शहरों को "भविष्य के स्थयी शहर" में बदलना है।
- सभी शहरों और कस्बों को मशीन-होल प्रणाली में परिवर्तित करना, जिससे वे अपने सेप्टिक टैंक और सीवरेज को पूरी तरह से मशीन से कीचड़ मुक्त कर सकें।

केंद्रीय बजट 2024-25 अवसंरचना

केंद्रीय बजट 2024-25 अवसंरचना वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में विभिन्न क्षेत्रों में अवसंरचना विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्याप्त आवंटन शामिल हैं। नीचे प्रमुख परिव्यय और ध्यान दिए गए क्षेत्रों की रूपरेखा दी गई है:

1. **समग्र अवसंरचना निवेश:**
   - कुल आवंटन: ₹10 लाख करोड़ (लगभग 120 बिलियन डॉलर), जो मजबूत अवसंरचना विकास के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से कुल बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।
2. **परिवहन क्षेत्र:**
   - सड़क और राजमार्ग:
     - o आवंटन: ₹ 2.7 लाख करोड़।
     - o फोकस: कनेक्टिविटी में सुधार और आर्थिक गतिविधियों की सहायता के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और ग्रामीण सड़कों का विस्तार और अपग्रेडेशन।
   - रेलवे:
     - o निवेश: ₹ 1.5 लाख करोड़।
     - o उद्देश्य: रेलवे अवसंरचना का आधुनिकीकरण, नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करना और प्रमुख शहरों में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार करना।
   - सार्वजनिक परिवहन:
     - o सहायता: शहरी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के लिए वित्तपोषण, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अवसंरचना और बस रैपिड ट्रांजिट (बीआरएन प्रणालियाँ) शामिल हैं।
3. **शहरी अवसंरचना:**
   - अमृत 2.0:
     - o आवंटन: ₹ 60,000 करोड़।
     - o उद्देश्य: जलापूर्ति, सीवरेज प्रणाली, तूफानी जल निकासी में सुधार और शहरी हरित स्थानों का निर्माण करना।
   - स्वच्छ भारत मिशन (शहरी):
     - o वित्तपोषण: ₹ 19,000 करोड़।
     - o लक्ष्य: अपशिष्ट प्रबंधन अवसंरचना मे वृद्धि करना, जिसमें नई अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाएँ और अपशिष्ट पृथक्करण और निपटान के लिए सहायता शामिल है।
4. **ऊर्जा क्षेत्र:**
   - नवीकरणीय ऊर्जा:
     - o निवेश: ₹ 30,000 करोड़।

o उद्देश्य: सततता सुनिश्चित करने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए सौर और पवन ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देना।

- ऊर्जा दक्षता:

  o सहायता: ऊर्जा उपयोग को अनुकूलित करने और अपव्यय को कम करने के लिए स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा-दक्ष प्रौद्योगिकियों में निवेश।

5. **किफायती आवास:**

- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी):

  o आवंटन: ₹ 48,000 करोड़।

  o फोकस: आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और मध्यम आय समूहों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराना, जिससे शहरी जीवन स्थिति में सुधार हो।

6. **स्मार्ट सिटीज मिशन:**

- वित्तपोषण: ₹ 20,000 करोड़।
- उद्देश्य: स्मार्ट समाधानों के माध्यम से शहरी शासन और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना तथा शहरी आयोजना में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करना।

7. **डिजिटल अवसंरचना:**

- ब्रॉडबैंड विस्तार:

  o निवेश: ₹ 15,000 करोड़।

  o लक्ष्य: डिजिटल समावेशन और ई-गवर्नेंस पहलों के समर्थन के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण और कम सुविधा वाले क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट एक्सेस का विस्तार करना।

8. **सामाजिक अवसंरचना:**

- स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा:

  o स्वास्थ्य सेवा: स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्माण और उन्नयन के लिए ₹35,000 करोड़ आवंटित।

  o शिक्षा: सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं में सुधार के लिए शैक्षणिक संस्थानों के लिए ₹ 40,000 करोड़।

9. **ग्रामीण अवसंरचना :**

- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई):

  o सहायता : ₹25,000 करोड़

  o फोकस : संपर्क को बढाने हेतु ग्रामीण सड़कों का निर्माण और रखरखाव और ग्रामीण विकास को सहयोग

10. **विशेष योजनाएं और पहल :**

- हरित ऊर्जा कोरिडोर : नवीकरणीय ऊर्जा के संचरण को सुविधाजनक बनाने हेतु परियोजनाओं के लिए ₹8,000 करोड़
- शहरी कायाकल्प मिशन : शहरी नवीनीकरण और शहरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने हेतु परियोजनाओं के लिए ₹50,000 करोड़

2.3.1 सड़क

केन्द्रीय बजट 2024-25 के तहत, भारत सरकार ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को 2.70 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस वर्ष मंत्रालय को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में निवेश हेतु अतिरिक्त 1.35 करोड़ रुपये का एक बड़ा भाग आवंटित किया गया है। 25,000 किलोमीटर सड़क नेटवर्क विकसित करने और जोड़ने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य में नई सड़कों के साथ ही मौजूदा सड़कों के उन्नयन दोनों शामिल हैं। केन्द्रीय बजट 2024-25 के अनुसार:

- राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं: लगभग 25,000 किलोमीटर की राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परियोजनाएं दिये जाने का प्रस्ताव है। इसमें नए निर्माण और मौजूदा सड़कों के उन्नयन दोनों शामिल हैं।
- नवोन्मेषी वित्तपोषण: ₹20,000 करोड़ नवोन्मेषी वित्तपोषण विधियों के माध्यम से जुटाए जाएंगे। ये पद्धतियों को सार्वजनिक संसाधनों को पूर्ति और सड़क अवसंरचना के त्वरित विकास को सहयोग प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है।
- पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान: 2024-25 के लिए एक्सप्रेसवे पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान के निर्माण की योजना बनाई गई है। इस प्लान का उद्देश्य एक्सप्रेसवे नेटवर्क में सुधार और पीएम गतिशक्ति ढांचे के तहत विभिन्न अवसंरचना तत्वों को एकीकृत करके लोगों और माल की तेज गति से आवाजाही को सुविधाजनक बनाना है।

2.3.2 पत्तन, बंदरगाह और अंतर्देशीय जलमार्ग

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार,मात्रा के हिसाब से भारत का लगभग 95 प्रतिशत व्यापार और मूल्य के हिसाब से 70 प्रतिशत व्यापार समुद्री परिवहन के माध्यम से होता है।

भारत में 13 प्रमुख बंदरगाह (12 सरकारी स्वामित्व वाले और एक निजी) और 205 अधिसूचित छोटे और मध्यवर्ती बंदरगाह हैं जो भारी मात्रा में यातायात संभालते हैं। किसी राष्ट्र के विकास में बंदरगाह बहुत केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। बंदरगाहों के माध्यम से परिवहन की लागत, क्षमता और सुगमता अन्य उपलब्ध साधनों की तुलना में सबसे प्रभावी है। लगभग 7,517 किलोमीटर लंबी तटरेखा के साथ भारत दुनिया का सोलहवां सबसे बड़ा समुद्री देश है।

1. पत्तन और बंदरगाह :

- कुल आवंटन : ₹50,000 करोड़.

✓ फोकस क्षेत्र :

  - अवसंरचना उन्नयन: बंदरगाह सुविधाओं के आधुनिकीकरण में निवेश, जिसमें माल हैंडलिंग क्षमताओं का विस्तार और नए टर्मिनलों का विकास शामिल है।
  - बंदरगाह कनेक्टिविटी : लॉजिस्टिक्स क्षमता को सुधारने और परिवहन लागत को कम करने के लिए बंदरगाहों और आंतरभूमि के बीच संपर्क को बढ़ाना।
  - हरित बंदरगाह: बंदरगाह संचालन में पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को बढ़ावा देने हेतु पहल, जैसे ऊर्जा-क्षमता प्रौद्योगिकी और प्रदूषण नियंत्रण उपाय।
  - सार्वजनिक-निजी भागीदारी : बंदरगाह विकास और संचालन में निजी निवेश को आकर्षित करने हेतु पीपीपी मॉडल को प्रोत्साहन।

2. सागरमाला परियोजना:

- आवंटन: ₹25,000 करोड़ रुपये।

- उद्देश्य: सागरमाला पहल को जारी रखना, जिसका उद्देश्य बंदरगाह-आधारित विकास को बढ़ावा देना, बंदरगाह संपर्क में सुधार करना और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है।
- प्रमुख घटक: नए बंदरगाहों का विकास, मौजूदा बंदरगाहों का आधुनिकीकरण और प्रमुख बंदरगाहों के आसपास विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) का निर्माण।

3. अंतर्देशीय जलमार्ग:

- कुल आवंटन: ₹15,000 करोड़ रुपये।

✓ फोकस क्षेत्र:

- जलमार्ग विकास: राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास और रखरखाव में निवेश ताकि उनकी नौ-परिवहन और कनेक्टिविटी बढ़ाई जा सके।
- अवसंरचना: टर्मिनलों, जेटी और कार्गो हैंडलिंग सुविधाओं के निर्माण सहित अंतर्देशीय जलमार्ग अवसंरचना का उन्नयन।
- क्षमता विस्तार: सड़क और रेल लॉजिस्टिक्स के पूरक के लिए अंतर्देशीय जल परिवहन की क्षमता और दक्षता का विस्तार करना।

4. प्रमुख परियोजनाएँ और पहल:

- समर्पित माल गलियारा (डीएफसी): बंदरगाहों को प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़कर माल परिवहन दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से परियोजनाओं के लिए सहायता।
- तटीय आर्थिक क्षेत्र (सीईजेड): औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रमुख बंदरगाहों के आसपास सीईजेड का विकास।

5. प्रौद्योगिकी और नवाचार:

- डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म: कार्गो हैंडलिंग के स्वचालन और उन्नत लॉजिस्टिक्स प्लेटफ़ॉर्म के उपयोग सहित बंदरगाह प्रबंधन के लिए डिजिटल समाधानों का कार्यान्वयन।
- • अनुसंधान और विकास: नवाचार बंदरगाह प्रौद्योगिकियों और सतत मेरीटाइम प्रथाओं के लिए अनुसंधान और विकास में निवेश।

6. कौशल विकास:

- प्रशिक्षण कार्यक्रम: मेरीटाइम और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में कार्यबल को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए आवंटन।

इन आवंटनों और पहलों का उद्देश्य भारत के मेरीटाइम अवसंरचना को मजबूत करना, बेहतर लॉजिस्टिक्स के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और बंदरगाह तथा जलमार्ग संचालन में सतत प्रथाओं को बढ़ावा देना है। विस्तृत सूचना और अपडेट के लिए, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के आधिकारिक बजट दस्तावेज़ों और घोषणाओं को देखें।

2.3.3 रेलवे

भारत का राष्ट्रीय रेल नेटवर्क दुनिया में चौथा सबसे बड़ा है। अप्रैल 2022 तक, 52,247 किमी या 80% ब्रॉड-गेज मार्गों को 25 केवी एसी विद्युत ट्रेक्शन के साथ विद्युतीकृत किया गया है। यह दुनिया के सबसे व्यस्त नेटवर्कों में से एक है, जो वार्षिक 8.086 अरब यात्रियों और 1.208 अरब टन माल का परिवहन करता है। भारत सरकार के क्रमिक प्रशासनों ने रेलवे में सुधार पर काम किया है। परियोजनाओं में 2023 तक संपूर्ण भारतीय रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण शामिल है।


1.	प्रौद्योगिकी के समावेश के लिए किए गए प्रयास	**प्रभाग में निम्नलिखित सॉफ्रटवेयर खरीदे गए:** क) पीएसएसई - पॉवर सिस्टम अध्ययन हेतु इंजीनियरिंग के लिये पॉवर सिस्टम अनुकारक ख) ई टी ए पी - पावर सिस्टम का अध्ययन (मॉडड्यूल) ग) पी एल एस - कैड - ट्रांसमिशन लाइन डिजाइन सॉफ्रटवेयर घ) पीएलएस टावर - पावर ट्रांसमिशन टावर का डिजाइन घ) पीएलएस पोल - वितरण पोल का डिजाइन च) पी वी सिस्ट - सौर ऊर्जा उत्पादन का अध्ययन करने का सॉफ्रटवेयर छ) पीएलएस - एसएपीएस - पावर का संरचनात्मक विश्लेषण संचार प्रणाली ज) एम एस- परियोजनाएं 2016 प्रोफेशनल - परियोजना निगरानी उपकरण झ) एस टी ए डी डी प्रो - संरचनात्मक विश्लेषण और कंप्यूटर प्रोग्राम डिजाइन ण) कृत्रिम बुद्धि ट) अर्कजीआईएस सॉफ्रटवेयर - आर्कजीआईएस एक भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) अनुप्रयोग है। सॉफ्रटवेयर अन्य आर्कजीआईएस उत्पादों के साथ बनाए गए मानचित्रें को देखने और क्वेरी करने की अनुमति देता है।
2.	प्राप्त हुए लाभ जैसे उत्पाद में सुधार, लागत में कमी, उत्पाद में विकास, आयात का स्थानापन्न	सोफ्रटवेयर बहुत अधिक लाभदायक होते हैं क्योंकि ये न्यूनतम समय अवधि में उच्च गुणवत्ता का कार्य करते हैं। इन सॉफ्रटवेयरों का प्रयोग निम्नलिखित प्रकार से किया जाता है: **क) ईटीएपी** विद्युतीय प्रणाली के निर्माण और विश्लेषण के दौरान उसके डायनेमिक्स, ट्रांसजिएंट और सुरक्षा को शामिल करते हुए इलेक्ट्रिकल नेटवर्क मॉडलिंग और सॉफ्रटवेयर के सिमुलेशन में इलेक्ट्रिकल ट्रांसिएंट एनालाइजर प्रोग्राम का प्रयोग (ईटीएपी)किया जा रहा है। • शॉर्ट सर्किट अध्ययन - सिस्टम में प्रत्येक भाग पर उपलब्ध त्रुटि का निर्धारण करने के लिए इनका प्रयोग जाता है। ये अध्ययन सर्किट ब्रेकरों के आवश्यक हस्तक्षेप करने वाली क्षमता का निर्धारण करने में मदद करते हैं जो एक उचित रिले सिस्टम को डिजाइन करने का आधार बनते हैं। • लोड फ्रलो अध्ययन - पावर सिस्टम प्रचालन और नियोजन में समस्याओं के अन्वेषण में यह अध्ययन महत्वपूर्ण है। **ख) पीएलएस-कैड** - सर्वेक्षण डाटा पर आधारित ट्रांसमिशन लाइन रूट प्रोफाइल के लिए डिजाइन और विकास हेतु तत्काल रूकावट, स्वीकृति और लोड गणना हेतु प्रयोग किया जाता है।

		• सर्वेक्षण डाटा के आधार पर वितरण लाइन रूट प्रोफाइल का डिजाइन और विकास ग) **पीएलएस-टावर**- इसका प्रयोग पावर ट्रांसमिशन टावर की डिजाइनिंग में किया जा रहा है। घ) **पीएलएस-पोल** - सॉफ्रटवेयर के साथ (जैसे वितरण पोल की डिजाइनिंग) का निर्माण शीघ्रता से करने में सहायता। ङ) **पीवी सिस्टम - इसका प्रयोग सौर पीवी आधारित प्रणालियों के सौर ऊर्जा उत्पादन और कार्य-निष्पादन मूल्यांकन की (तकनीकी और वित्तीय) गणना के लिए किया जाता है।** च) **पीएलएस - एसएपीएस** • पावर और संचार प्रणाली का संरचनात्मक विश्लेषण एक सामान्य संरचनात्मक विश्लेषण कार्यक्रम है और इसका प्रयोग बाधा क्षमताओं, पावर और संचार प्रणाली के संरचनात्मक विश्लेषण की गणना करने के लिए किया जाता है। छ) **एम एस परियोजनाएं-2016 (व्यावसायिक)** • परियोजना मॉनिटरिंग, परियोजनाओं का विश्लेषण, वित्तीय संसाधनों का आवंटन, मानव संसाधन प्रबंधन ज) **एस टी ए डी डी प्रो** • संरचनात्मक विश्लेषण, मॉडल की डिजाइनिंग परिशुद्ध तथा किफायती डिजाइन, लोडिंग स्थितियों का निर्धारण।

3.	आयात की गई प्रौद्योगिकी के मामले में (वित्त वर्ष के आरंभ से गणना करते हुए पिछले 3 वर्षों के दौरान आयात किए गए)	
क)	आयात की गई प्रौद्योगिकी का विवरण	क) पीएसएसई-जर्मनी से आयातित ख) ईटीएपी- यूएसए से आयातित ग) पीएलएस-कैड/टावर/पोल - यूएसए से आयातित घ) पीवी सिस्ट - भारत ङ) पीएलएस - एसएपीएस - यूएसए से आयातित च) एमएस-परियोजनाएं - 2016 (व्यावसायिक) छ) एसटीएडीडी प्रो ज) आर्कजीआईएस – भारत से
ख)	आयात का वर्ष	क) ईटीएपी- 2012 (वर्तमान तिथि तक अद्यतन) ख) पीएलएस-कैड/टावर/पोल - 2013 (2018 को उन्नयन किया गया) ग) पीवी सिस्ट - 2013 घ) पीएलएस - एसएपीएस - 2019 ङ) एमएस-परियोजनाएं - 2014 (व्यावसायिक) च) एस टी ए डी डी प्रो - 2013/2014 छ) पीएसएसई ज) आर्कजीआईएस
ग)	क्या प्रौद्योगिकी को पूरी तरह समावेशित कर लिया गया है	हां और प्रचालन में है
घ)	यदि समावेषित नहीं किया गया है तो उन क्षेत्रें के बारे में बताएं जहां समावेषित नहीं किया गया है और उसका कारण भी बताएं_ और	लागू नहीं
4	अनुसंधान और विकास पर होने वाला व्यय	शून्य

विदेशी विनिमय आय एवं व्यय

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विदेशी विनिमय से आय एवं व्यय का विवरण निम्न प्रकार से हैः-

आय	व्यय
163.44 करोड़ रू.	**60.47 करोड़ रू.**

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(आर. के. अग्रवाल)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 09344894

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक:

अनुलग्नक-ङ

प्रपत्र संख्या एमआर-3

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट
31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी
(प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम संख्या 9 के अनुपालन में]

सेवा में,
सदस्य,
वाप्कोस लिमिटेड
5वां तल, कैलाश,
26, कस्तूरबा गांधी मार्ग,
नई दिल्ली - 110 0011

हमने **वाप्कोस लिमिटेड** (इसके पश्चात **"कंपनी"** के रूप में संदर्भित) जिसका पंजीकृत कार्यालय **5वां तल कैलाश, 26 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001** पर स्थित है, के द्वारा प्रयोज्य सांविधिक प्रावधानों और बेहतर निगमित पद्धतियों के अनुपालन की सचिवीय लेखा परीक्षा की है। सचिवीय लेखा परीक्षा इस प्रकार से की गई है जिसने हमें निगमित लेन-देन/सांविधिक अनुपालन का मूल्यांकन करने और उस पर अपनी राय व्यक्त करने हेतु एक समुचित आधार प्रदान किया है।

कंपनी की पुस्तकें, दस्तावेज, कार्यवृत्त बही, प्रपत्रों और दर्ज विवरणी तथा अन्य अनुरक्षित अभिलेख, और साथ ही कंपनी, उसके अधिकारियों, एजेंटों और अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा सचिवीय लेखा परीक्षा के दौरान प्रदान की गई जानकारी, हमें दिए गए व्याख्यानों और स्पष्टीकरणों और प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुति के आधार पर, हम यह सूचित करते हैं कि हमारी राय में, 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षा के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का सामान्यत: अनुपालन किया है और साथ ही यह भी कि कंपनी के पास बोर्ड प्रक्रियाएँ और अनुपालन तंत्र उचित रूप से मौजूद हैं, जोकि उस सीमा तक, जिस रीति में और यहां इसके पश्चात दी गई जानकारी के अध्यधीन है।

हमने **'कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और इसके अंतर्गत निर्मित नियमों"** के प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के संबंध में कंपनी द्वारा धारित और हमें उपलब्ध कराए गए अन्य अभिलेखों तथा दाखिल की गई विविरणियों, पुस्तकों, कागजात, कार्यवृत्त पुस्तकों, प्रपत्रों और की जांच की है।

इसके अतिरिक्त, हमने **"भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानकों"** और समय-समय पर यथा संशोधित **"केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की उद्यमों के लिए लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों"** की प्रयोज्य धाराओं के अनुपालन की जाचं की है।

इसके अतिरिक्त, हमने कंपनी द्वारा लागू वित्तीय कानूनों जैसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर कानून के अनुपालन की जांच नहीं की है, क्योंकि इन्हें सांविधिक वित्तीय लेखा परीक्षक और अन्य नियुक्त पेशेवरों द्वारा की जाने वाली समीक्षा के अध्यधीन रखा गया है।

निम्नलिखित टिप्पणियों के अध्यधीन कंपनी द्वारा समीक्षाधीन अवधि के दौरान उपरोक्त अधिनियम, नियम, विनियम, दिशानिर्देश, मानक आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है,:

1. कंपनी द्वारा 2023-2024 की अवधि के दौरान बोर्ड में एक महिला निदेशक की नियुक्ति नहीं की गई है, अत: कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) नियम, 2014 के नियम 3 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(1) का अनुपालन नहीं किया जा रहा है

2. कंपनी (बोर्ड की बैठक और इसकी शक्तियों) के नियम 7 के साथ पठित खंड 177(10) का अनुपालन नहीं किया गया है, जिसके अंतर्गत लेखा समिति के अध्यक्ष को सतर्कता तंत्र तक सीधी पहुंच की व्यवस्था है, लेकिन कंपनी ने लेखा समिति के अध्यक्ष के स्थान पर कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को सीधी पहुंच प्रदान की है।

3. कंपनी ने सभी प्रयोज्य प्रपत्रों और रिटर्न को कंपनी रजिस्ट्रार या अन्य प्राधिकरणों के पास निर्धारित समय में दाखिल किए हैं, परन्तु कुछ प्रपत्र अतिरिक्त शुल्क के साथ विलम्ब से दाखिल किए गए हैं।

4. मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में बोर्ड / समिति की बैठकों के मसौदा कार्यवृत्त को सभी निदेशकों की टिप्पणी प्राप्त करने हेतु बैठकों के समाप्त होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर वितरित नहीं किया गया, जिसके कारण एस एस-1 के खंड 7.4 का अनुपालन नहीं हो रहा है।

हम यह सूचित करते हैं कि :

बोर्ड सदस्यों को पर्याप्त नोटिस, एजेंडा और एजेंडा संबंधी विवरण नोट उपलब्ध कराने के माध्यम से समुचित रीति से बोर्ड बैठकें आयोजित की गईं; और बैठक से पूर्व एजेंडा मदों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त करने और बैठक में सार्थक सहभागिता हेतु एक प्रणाली मौजूद है।

अधिकांश निर्णय सहमति से लिए जाते हैं जबकि असहमति रखने वाले सदस्यों के विचारों को बैठकों के कार्यवृत्तों के भाग के रूप में अभिलेखित और दर्ज किया जाता है।

इसके अतिरिक्त हम यह भी सूचित करते हैं कि:

प्रयोज्य कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशा-निर्देशों के अनुपालन सुनिश्चित करने और निगरानी हेतु कंपनी में कंपनी के आकार और संचालन की दृष्टि से पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रियाएँ मौजूद हैं।

जे. के. गुप्ता एंड एसोसिएट्स के लिए

जितेश गुप्ता
(प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी)
एफसीएस नंबर 3978
सी.पी. नंबर: 2448
सहकर्मी समीक्षा संख्या 902/2020
यूडीआईएन: F003978F003527731

स्थान: नोएडा
दिनांक: 30.12.2024

इस रिपोर्ट को हमारे समसंख्यक दिनांक के पत्र जोकि **"अनुलनग्नक क"** के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का अभिन्न भाग है, के साथ पढ़ा जाएगा।

'अनुलग्नक-क '

सेवा में,

सदस्य,
वाप्कोस लिमिटेड
5वां तल, कैलाश,
26, कस्तूरबा गांधी मार्ग,
नई दिल्ली - 110 001

इस पत्र के साथ समसंख्यक तिथि की हमारी रिपोर्ट पढ़ी जानी है।

1. सचिवीय अभिलेखों का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी लेखापरीक्षा के आधार पर, इन सचिवीय रिकार्डों पर अपना अभिमत व्यक्त करना है।
2. हमने उन लेखापरीक्षा पद्धतियों और प्रक्रियाओं का पालन किया है जो सचिवीय रिकार्डों की सामग्री की शुद्धता के संबंध में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थे। सत्यापन, परीक्षण आधार पर किया गया था ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सचिवीय रिकार्डों में सही तथ्य परिलक्षित हो रहे हैं। हम मानते हैं कि हमने जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं का पालन किया है, वे हमारे अभिमत के लिए एक उचित आधार प्रदान करती हैं।
3. समीक्षाधीन अवधि की आंतरिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट हमें उपलब्ध नहीं करायी गई। इसलिए कंपनी के सांविधक अनुपालन की शुद्धता और उपयुक्तता के संबंध में कंपनी से प्राप्त प्रबंधन प्रतिनिधित्व पर निर्भरता व्यक्त की गई है।
4. समीक्षाधीन अवधि की सांवधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट हमें उपलब्ध नहीं करायी गई। इसलिए कंपनी के वित्तीय अभिलेखों और बहीखातों की शुद्धता और उपयुक्तता के संबंध में कंपनी से प्राप्त प्रबंधन प्रतिनिधित्व पर निर्भरता व्यक्त की गई है।।
5. जहां कहीं आवश्यक हो, हमे कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन और आयोजनों आदि के संबंध में प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है।
6. कॉर्पोरेट और अन्य प्रयोज्य कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जाँच, परीक्षण के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक और अपना अभिमत देने तक सीमित थी कि कंपनी के पास उचित बोर्ड-प्रक्रियाएं और अनुपालन-तंत्र है या नहीं।
7. सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस प्रभावोत्पादकता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों से सबंधित कार्य किया है।

जे. के. गुप्ता एंड एसोसिएट्स के लिए

जितेश गुप्ता
(प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी)
एफसीएस नंबर 3978
सी.पी. नंबर: 2448
सहकर्मी समीक्षा संख्या 902/2020
यूडीआईएन: F003978F003527731

स्थान: नोएडा
दिनांक: 30.12.2024

अनुलग्नक-च

सचिवीय लेखापरीक्षकों की टिप्पणियों पर प्रबंधन के प्रत्युत्तर

सचिवीय लेखा परीक्षकों की टिप्पणियां	टिप्पणियों पर कंपनी की प्रतिक्रिया
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(1) और कंपनी (निदेशक की नियुक्ति और अर्हताएं) नियम, 2014 के नियम 3 का पालन नहीं किया गया है, क्योंकि कंपनी ने 2023-2024 की अवधि के लिए बोर्ड में किसी महिला निदेशक की नियुक्ति नहीं की है।	सरकारी कंपनियों में निदेशकों की नियुक्ति का प्राधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास है। हमने अपने प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात जल शक्ति मंत्रालय से हमारी कंपनी के निदेशक मंडल में एक महिला-सह-स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति में तेजी लाने का अनुरोध किया है। नियुक्ति प्रतीक्षित है।
कंपनी (बोर्ड की बैठक एवं उसकी शक्तियां) नियम 7 के साथ पठित धारा 177(10) जोकि लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को सतर्कता तंत्र में सीधे पहुँच प्रदान करता है, का पालन नहीं किया गया है, लेकिन कंपनी ने लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष के स्थान पर कंपनी के सीएमडी को सीधे पहुँच प्रदान की है।	निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित लेखापरीक्षा समिति के कामकाजी संदर्भ में पहले से ही "व्हिसल ब्लोअर मैकेनिज्म के कामकाज की समीक्षा" और "व्हिसल ब्लोअर की सुरक्षा करना" शामिल है। इसके अलावा, लेखापरीक्षा समिति वार्षिक आधार पर व्हिसल ब्लोअर मैकेनिज्म के कामकाज की समीक्षा करती है। आवश्यक कारवाई की जाएगी।
कंपनी ने कंपनी रजिस्ट्रार तथा अन्य प्राधिकरणों के पास निर्धारित समय सीमा के अंदर सभी लागू फॉर्म और रिटर्न जमा कर दिए हैं, लेकिन कुछ फॉर्म अतिरिक्त फीस के साथ देर से जमा किए गए हैं।	अधिकारियों/संस्थाओं से निर्धारित समय पर दस्तावेज़ न मिलने के कारण कुछ फॉर्म अतिरिक्त फीस के साथ जमा किए गए हैं।
वित्तीय वर्ष 2023-24 की बोर्ड बैठक/ समिति बैठक के मसौदा कार्यावृत को बैठक संपन्न होने की तारीख से 15 दिनों के अंदर सभी निदेशकों को उनकी टिप्पणियों के लिए परिचालित नहीं किया गया, अतः एसएस-1 के खण्ड 7.4 का पालन नहीं किया गया।	कंपनी द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

नोट्स

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत 31 मार्च 2024 समाप्त वर्ष के संबंध में, वाप्कोस लिमिटेड के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के संबंध में कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग प्रारूप में, वाप्कोस लिमिटेड के वित्तीय विवरण तैयार करने का दायित्व कंपनी प्रबंधन का है।, अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत वित्तीय विवरणों पर अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर मत व्यक्त करने की जिम्मेदारी भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा अधिनियम की धारा 139(5) के अंतर्गत नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक है। यह उल्लिखित किया गया है कि ऐसा उनके द्वारा दिनांक 30 सितंबर 2024 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से किया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की ओर से, हमने अधिनियम की धारा 143(6)(क) के अंतर्गत 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के संबंध में वाप्कोस लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की एक अनुपूरक लेखा परीक्षा की है। सांविधिक लेखापरीक्षकों के कार्यपत्रों तक पहुंच के बिना यह अनुपूरक लेखा परीक्षा स्वतंत्र रूप से की गई है तथा यह मुख्य रूप से सांविधिक लेखा परीक्षकों और कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ तथा कुछ लेखा अभिलेखों की चयनित जांच तक ही सीमित है।

हमारी अनुपूरक लेखापरीक्षा के आधार पर, मैं अधिनियम के धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों को उजागर करना चाहूंगा जो मेरे संज्ञान में आये हैं और जो मेरे मत में वित्तीय विवरणों और संबंधित लेखा परीक्षा रिपोर्ट को समझने के लिए आवश्यक है।

क. लाभप्रदता पर टिप्पणी

लाभ और हानि का विवरण

क. अन्य व्यय – रू 156.85 करोड़ (टिप्पणी सं. 28)

कंपनी की लेखांकन नीति 1.7 व्यापार प्राप्तियां, प्रतिभूति जमा (एसडी) और अग्रिम राशि जमा (ईएमडी) सहित वित्तीय परिसम्पत्तियों के संबंध में मूल्यहास का प्रावधान करती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक, वित्तीय परिसंपत्तियों पर अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) की गणना हेतु कंपनी द्वारा आंतरिक ग्रेड मैट्रिक्स का उपयोग किया जा रहा था। वर्तमान वित्तीय वर्ष (2023-24) में, कंपनी ने भारतीय लेखा मानक के अंतर्गत अपेक्षित आवश्यकताओं के अनुरूप प्राप्ति पोर्टफोलियो के संबंध में संभावित क्रेडिट हानि का अनुमान उपलब्ध कराने हेतु ईसीएल की गणना के लिए बीमांकक की नियुक्ति के माध्यम से आंतरिक ग्रेड मैट्रिक्स पद्धति से सक्रिय मूल्यांकन आधारित का आश्रय लिया है। कंपनी ने इस परिवर्तन को लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में माना है और इसे पूर्व व्यापी रूप से पूर्व की अवधियों पर लागू किया है, जिसके परिणामस्वरूपप पूर्व के वित्तीय विवरणों में समायोजन किया गया।

भारतीय लेखामानक 8 (पैराग्राफ 32, 32क, 35) के अनुसार, वित्तीय संपत्तियों के संदर्भ में ईसीएल के मापन हेतु अनुमानित तकनीक में परिवर्तन लेखांकन तकनीक में परिवर्तन है और इसलिए, प्रभाव को भारतीय लेखामानक 8 के पैराग्राफ 36 में प्रदान किये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार भविष्य में लागू किया जाना चाहिए था, न कि पिछली अवधि के रूप में जैसा कंपनी ने किया है। वर्ष के दौरान प्रभार्य किये जाने वाला आवश्यक कुल प्रावधान लगभग 186.53 करोड़ रुपये (बीमांकिक पद्धति के अनुसार 164.22 करोड़ रुपये का अधिशेष प्रावधान और 22.31 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान और लेखा नीति के अनुसार 10 वर्षों से अधिक की प्राप्तियों के बट्टे खाते राशि)। लेकिन कंपनी द्वारा वर्ष में केवल 54.41 करोड़ रुपये का प्रभार्य किया गया जबकि 132.12 करोड़ रुपये पिछले वर्ष के व्यय के रूप में गलत तरीके से प्रभार्य किए गए (टिप्पणी-49)। त्रुटिपूर्ण लेखांकन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप वर्ष के संबंध में अन्य व्यय की न्यूनोक्ति की गई है और वर्ष के दौरान 132.12 करोड़ रुपये के लाभ का अतिकथन किया गया है।

ख. लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर टिप्पणी

ख.1 स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

कंपनी के लाभ और हानि विवरण में दर्शाए गए 59.30 करोड़ के लाभ पर उपरोक्त टिप्पणियों के प्रभाव 222.80 प्रतिशत के रूप में आंकलित किया गया है और उपरोक्त टिप्पणियों के प्रभाव के कारण 72.82 करोड़ रूपये की हानि होगी।

अत:, कंपनी के वित्तीय विवरण 'सत्य और स्पष्ट परिदृश्य' प्रस्तुत नहीं करते हैं और स्वतंत्र लेखा परीक्षक के पक्ष की ओर से समुचित आश्वासन भी उपलब्ध नहीं कराया गया है है कि वित्तीय विवरण 'सत्य और स्पष्ट परिदृश्य' प्रस्तुत करते हैं।

ख.2 अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं से संबंधित रिपोर्ट

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट - अन्य विधिक और नियामक अपेक्षाओं से संबंधित रिपोर्ट अपनी ओर ध्यान आकर्षित करती है जिसमें कहा गया है कि "कंपनी (खाता) नियम, 2014 के नियम 3(1) के प्रावधान 1 अप्रैल, 2023 से लागू होते हैं, अभिलेख प्रतिधारण हेतु सांविधिक आवश्यकताओं के अनुसार लेखा परीक्षा ट्रेल के संरक्षण संबंधी कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 (ग) के तहत दी गई जानकारी वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के संबंध में लागू नहीं है।"

इसी प्रकार, स्वतंत्र लेखापरीक्षक (आईए) रिपोर्ट के अन्य विधिक और नियामक आवश्यकताओं संबंधी रिपोर्ट की बिंदु संख्या 1(i)(v) अपनी ओर ध्यान आकर्षित करती है जिसमें कहा गया है कि "कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123 के अनुरूप विचाराधीन वर्ष के दौरान किसी प्रकार के लाभांश घोषित नहीं किया।"

लेखापरीक्षकों ने एमसीए द्वारा 24 मार्च 2021 को जारी अधिसूचना के माध्यम से यथासंशोधित कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11(छ) और 11(च) के अनुसार जानकारी नहीं दी है। इसलिए, स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट उस दृष्टि से त्रुटिपूर्ण है।

ख.3 लेखपरीक्षक रिपोर्ट का अनुलग्नक – ख

लेखा परीक्षकों ने वर्ष के दौरान तीन उप-दिशानिर्देशों के संबंध में रिपोर्ट की है जबकि वर्ष 2023-24 के लिए केवल एक उप-दिशानिर्देश को जारी किया गया था। इस प्रकार, अनुलग्नक – ख में दी गई जानकारी त्रुटिपूर्ण है।

ग. अन्य टिप्पणियाँ

ग.1 कंपनी (लाभांश की घोषणा और भुगतान) नियम, 2014 के अनुसार, कंपनी कुछ शर्तों के अनुपालन के अध्यधीन निर्बंध आरक्षित निधियों से लाभांश की घोषणा कर सकती है। कंपनी ने वर्ष 2022-23 के दौरान आरक्षित से 25 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया, लेकिन नियमों में निर्धारित शर्तों का पूरी तरह से अनुपालन नहीं किया गया, क्योंकि लाभांश के भुगतान के बाद 'सामान्य रिजर्व' की बकाया राशि नकारात्मक हो गई।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से

(तान्या सिंह)
प्रधान निदेशक, केंद्रीय व्यय लेखापरीक्षा
(कृषि, खाद्य एवं जल संसाधन)

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 04.07.2025

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वाप्कोस के स्टैंडअलोन वित्तीय पर सीएजी की टिप्पणी का प्रत्युत्तर

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
1.	**क. लाभप्रदता पर टिप्पणी** **लाभ और हानि का विवरण** **क.1 अन्य खर्चे – रु. 156.85 करोड़ (नोट 28)** व्यापार प्राप्तियां और प्रतिधारण राशि के लिए प्रावधान- रु. 53.77 करोड़ कंपनी की लेखा नीति संख्या 1.7 वित्तीय परिसंपत्तियों – जिसमें व्यापार प्राप्य, प्रतिभूति जमाराशि (एसडी), और बयाना जमा- राशि (ईएमडी) शामिल हैं – की हानि के लिए प्रावधान करती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक, कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों पर अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) की गणना के लिए आंतरिक ग्रेड मैट्रिक्स का उपयोग कर रही थी। चालू वित्तीय वर्ष (2023-24) में, कंपनी ने भारतीय लेखा मानक के तहत आवश्यकताओं के अनुसार प्राप्य संविभाग के लिए अपेक्षित क्रेडिट हानि का अनुमान प्रदान करने के लिए एक बीमांकक की नियुक्ति करके ईसीएल की गणना के लिए आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स की पद्धति का उपयोग करने के स्थान पर बीमांकिक-आधारित मूल्यांकन पद्धति का उपयोग किया। कंपनी ने इस परिवर्तन को लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में माना तथा इस पद्धति को पूर्ववर्ती अवधियों पर लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप पूर्व में रिपोर्ट किए गए वित्तीय विवरणों में समायोजन हुआ। भारतीय लेखा मानक 8 (पैरा 32, 32 ए, 35) के अनुसार, वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में ईसीएल के मापन के लिए आकलन तकनीक में परिवर्तन लेखांकन अनुमान में परिवर्तन है और इसलिए, प्रभाव को भारतीय लेखा मानक 8 के पैरा 36 के अनुसार भविष्य में लागू किया जाना चाहिए था, न कि कंपनी द्वारा पूर्वव्यापी रूप से लागू किया जाना चाहिए था। वर्ष के दौरान वसूला जाने वाला कुल प्रावधान 186.53 करोड़ रुपये (164.22 करोड़ रुपये बीमांकिक पद्धति के अनुसार प्रावधान का अंतर है और 22.31 करोड़ रुपये अतिरिक्त प्रावधान के लिए हैं तथा लेखांकन नीति के अनुसार 10 वर्ष से अधिक की प्राप्तियों के लिए बट्टे खाते में डाली गई राशि है) था। लेकिन कंपनी ने वर्ष के दौरान केवल 54.41 करोड़ रुपये वसूले, जबकि 132.12 करोड़	कंपनी वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान वित्तीय परिसंपत्तियों पर प्रत्याशित ऋण हानि (ईसीएल) का अनुमान लगाने के लिए पद्धति में परिवर्तन के वर्गीकरण और अनुप्रयोग के संबंध में लेखापरीक्षा अवलोकन पर अपनी सुविचारित प्रतिक्रिया प्रस्तुत करती है। **1. परिवर्तन का संदर्भ** • कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में भारतीय लेखा मानकों (भा.ले.) को अपनाया। • भारतीय लेखा मानकों की जरूरतों के अनुसार, कंपनी ऐतिहासिक चूक दरों के आधार पर आंतरिक रूप से विकसित ग्रेड मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए, भारतीय लेखा मानक 109 द्वारा अनुमत सरलीकृत दृष्टिकोण के तहत ईसीएल की गणना कर रही थी। • इस पद्धति को पूर्ववर्ती वैधानिक लेखापरीक्षाओं के साथ-साथ नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा वित्त वर्ष 2017-18 से 2020-21 तक लगातार लागू और स्वीकार किया गया था। • हालाँकि, वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने पाया कि मौजूदा मॉडल में पर्याप्त वैज्ञानिक आधार का अभाव था। इसी लेखा परीक्षक ने वित्त वर्ष 2020-21 में ईसीएल ग्रेड मैट्रिक्स दृष्टिकोण को स्वीकार किया था। • जवाब में, और उपयुक्त प्राधिकारियों के समक्ष प्रतिनिधित्व के बावजूद विशिष्ट मार्गदर्शन के अभाव में, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एक अधिक मजबूत और सांख्यिकीय रूप से समर्थित ईसीएल अनुमानित ढांचा विकसित करने के लिए एक स्वतंत्र और प्रतिष्ठित बीमांकक फर्म की नियुक्ति की। **2. लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में वर्गीकरण का आधार** • कंपनी का मानना है कि आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स से बीमांकिक मूल्यांकन ढांचे में परिवर्तन माप के आधार में परिवर्तन को निरूपित करता है और तदनुसार लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में योग्य है, जैसा कि भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 35 के तहत परिभाषित किया गया है, जिसमें कहा गया है: माप आधार में लागू परिवर्तन, लेखांकन नीति में परिवर्तन है, ना कि लेखांकन अनुमान में परिवर्तन है। आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स मुख्यतः पूर्वव्यापी आँकड़ों पर निर्भर था, जबकि अपनाए गए बीमांकिक दृष्टिकोण में रोल दर और हानि दर पद्धतियों जैसी उन्नत तकनीकें शामिल हैं, जो सांख्यिकीय मॉडलिंग के आधार पर प्राप्य राशियों की आयु वृद्धि प्रवृत्तियों और हानि व्यवहार का मूल्यांकन करती हैं। यह मापन मॉडल में एक मौलिक बदलाव को निरूपित करता है - न कि केवल मौजूदा ढाँचे के भीतर अनुमान मापदंडों में बदलाव। • भारतीय लेखा मानक-8 के अनुसार, पूर्वव्यापी पुनर्कथन की परिभाषा वित्तीय विवरणों केवयवों की मात्रा की पहचान, माप और प्रकटीकरण को सही करना है, जैसे कि पूर्व अवधि में कोई त्रुटि कभी हुई ही नहीं थी। • निम्नलिखित भारतीय लेखा मानक 8 प्रावधान इस वर्गीकरण का समर्थन करते हैं: • समान लेनदेन के लिए लेखांकन नीतियों के सुसंगत अनुप्रयोग की आवश्यकता होती है। • यदि इससे अधिक विश्वसनीय और प्रासंगिक वित्तीय जानकारी प्राप्त होती है तो लेखांकन नीति में परिवर्तन की अनुमति दी जाती है। • "भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 15 में कहा गया है कि "वित्तीय विवरणों के उपयोगकर्ताओं को किसी इकाई की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन और नकदी प्रवाह के

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>सीएजी की टिप्पणी</th><th>प्रबंधन का प्रत्युत्तर</th></tr>
<tr><td></td><td>रुपये पिछले वर्ष के व्यय के रूप में गलत तरीके से वसूले गए (टिप्पणी -49)।

गलत लेखांकन पद्धति के परिणामस्वरूप अन्य व्ययों को कम दर्शाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष के लिए लाभ 132.12 करोड़ रुपये अधिक दर्शाया गया है।</td><td>रुझानों की पहचान करने के लिए समय के साथ उसके वित्तीय विवरणों की तुलना करने में सक्षम होना चाहिए। इसलिए, प्रत्येक अवधि के भीतर और एक अवधि से दूसरी अवधि तक समान लेखांकन नीतियाँ लागू की जाती हैं।”
• लेखांकन नीतियों में परिवर्तन के लिए पूर्वव्यापी आवेदन को अनिवार्य करें, जब तक कि यह अव्यावहारिक न हो।
• लेखांकन नीति में परिवर्तन पूर्वव्यापी रूप से लागू किया जाएगा, सिवाय उस सीमा तक जब परिवर्तन के अवधि-विशिष्ट प्रभाव या संचयी प्रभाव का निर्धारण करना अव्यावहारिक हो।
• जब कोई संस्था पूर्वव्यापी नई लेखांकन नीति लागू करती है, तो वह नई लेखांकन नीति को यथासंभव पूर्व अवधियों की तुलनात्मक जानकारी पर लागू करती है।
• तदनुसार, कंपनी ने संशोधित नीति को पूर्वव्यापी रूप से लागू किया, और समायोजन चालू वर्ष के प्रारंभिक शेष में परिलक्षित हुए और वित्तीय विवरणों के नोट 49 में व्यापक रूप से प्रकट किए गए।

3. भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 32 क से अंतर
• सादर निवेदन है कि भारतीय लेखा मानक 8 का अनुच्छेद 32A, जो आकलन तकनीक में परिवर्तन को लेखांकन अनुमान में परिवर्तन मानता है, उन मामलों में लागू होता है जहाँ अंतर्निहित मापन आधार अपरिवर्तित रहता है। वर्तमान मामले में, स्थिर, ऐतिहासिक हानि मैट्रिक्स से गतिशील बीमांकिक मूल्यांकन में परिवर्तन, हानि प्रावधान के वैचारिक आधार में परिवर्तन का गठन करता है और इसलिए अनुच्छेद 35 के अनुसार लेखांकन नीति में परिवर्तन के दायरे में आता है।

4. अभिशासन, प्रकटीकरण और वित्तीय प्रभाव
किए गए परिवर्तन :
• वैधानिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर विचार करने के बाद निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित।
• भारतीय लेखा मानक 1 और भारतीय लेखा मानक 8 के अनुसार वित्तीय विवरणों में पारदर्शी तरीके से खुलासा किया गया।
• हम आपका ध्यान निम्नलिखित तालिका की ओर आकर्षित करना चाहते हैं जो लेखापरीक्षक को प्रस्तुत की गई थी:

रूपये करोड़ में
<table><tr><th></th><th>वाप्कोस</th></tr><tr><td>2022-2023</td><td></td></tr><tr><td>देनदार</td><td>1927.69</td></tr><tr><td>प्रावधान</td><td>351.5</td></tr><tr><td>देनदारों के % के रूप में प्रावधान</td><td>18.23</td></tr><tr><td></td><td></td></tr><tr><td>2023-2024</td><td></td></tr><tr><td>देनदार</td><td>2007.58</td></tr><tr><td>प्रावधान</td><td>492.53</td></tr><tr><td>देनदारों के % के रूप में प्रावधान</td><td>24.53</td></tr><tr><td>राशि में अंतर (प्रावधान)</td><td>141.03</td></tr><tr><td>प्रतिशत में अंतर (प्रावधान)</td><td>40.12</td></tr></table></td></tr>
</table>

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
		उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि कंपनी के पास 31.03.2023 तक सकल देनदारों के 18.23% के बराबर 351.50 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसकी गणना पुरानी ग्रिड मैट्रिक्स दर के आधार पर की गई थी। हालाँकि, बीमांकिक मूल्यांकन को अपनाने के बाद, प्रावधान की मात्रा बढ़कर 492.53 करोड़ रुपये हो गई, जो 31.03.2024 तक सकल देनदारों का 24.53% थी। इसके अलावा, यह पिछले वर्ष की तुलना में 31.03.2024 तक संचयी प्रावधान की मात्रा में 40.12% की वृद्धि को दर्शाता है। **5. निष्कर्ष** कंपनी पुनः दोहराती है कि: • यह परिवर्तन अनुपालन को मजबूत करने और वित्तीय रिपोर्टिंग में सुधार लाने के लिए लिया गया एक सोची-समझी, तर्कसंगत निर्णय था। • अपनाया गया व्यवहार भारतीय लेखा मानक 8 और भारतीय लेखा मानक 109 के लागू प्रावधानों के अनुरूप है। • लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में वर्गीकरण तकनीकी रूप से सटीक, कानूनी रूप से रक्षणीय तथा अंतर्निहित परिवर्तन के सार के अनुरूप है। इस प्रकार, लाभ का कोई अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन नहीं है।
2.	**ख. लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर टिप्पणियाँ** **ख.1 स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट** कंपनी के लाभ-हानि विवरण में दर्शाए गए 59.30 करोड़ रुपये के मुनाफे पर उपरोक्त टिप्पणियों का प्रभाव 222.80 प्रतिशत है और उपरोक्त टिप्पणियों के प्रभाव से 72.82 करोड़ रुपये की हानि होगी। इसलिए, कंपनी के वित्तीय विवरण 'सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण' को निरूपित नहीं करते हैं और स्वतंत्र लेखापरीक्षक की ओर से यह आश्वासन देना उचित नहीं था कि वित्तीय विवरण 'सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण' प्रस्तुत करते हैं।	हमारे विचार से, लाभ-हानि विवरण सही और निष्पक्ष है। नीचे दिए गए तथ्यों के आधार पर, और कैग (CAG) टीमों की टिप्पणियों का कोई प्रभाव नहीं होने के कारण: **पैरा ख1 के लिए लेखापरीक्षक का उत्तर** हमने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान वित्तीय परिसंपत्तियों पर अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) का निर्धारण करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली में परिवर्तन के वर्गीकरण और पूर्वव्यापी अनुप्रयोग के संबंध में लेखापरीक्षा अवलोकन की जाँच की है। तथ्यों, लागू भारतीय लेखा मानक प्रावधानों और मॉडल परिवर्तन के सार का विस्तृत मूल्यांकन करने के बाद, हम निम्नलिखित प्रस्तुत करते हैं: **1. परिवर्तन की प्रकृति और सार** कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में, अपने आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स (ऐतिहासिक चूक दरों पर आधारित) को एक बीमांकिक मूल्यांकन ढाँचे से बदल दिया है, जिसमें भारतीय लेखा मानक 109 द्वारा निर्धारित सरलीकृत दृष्टिकोण के तहत ईसीएल की गणना के लिए रोल दर और हानि दर तकनीकों का उपयोग किया गया है। यह मूल्यांकन कंपनी द्वारा चयनित एक प्रतिष्ठित बीमांकिक फर्म द्वारा किया जाता है और मूल्यांकन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यों में अनुभव रखने वाली एक प्रतिष्ठित बीमांकिक फर्म द्वारा किया गया था। हमने एसए 620 के अनुसार उनकी रिपोर्ट पर भरोसा किया क्योंकि इसमें विशेषज्ञों की राय शामिल थी और प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में भी इसी तरह के मॉडल का उपयोग किया गया है। यह परिवर्तन पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में जारी लेखापरीक्षा योग्यता के जवाब में किया गया था, जिसमें मौजूदा मॉडल की पर्याप्तता पर प्रश्न उठाए गए थे तथा वैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ दृष्टिकोण की सिफारिश की गई थी। पिछले वर्ष के दौरान, हमने ईसीएल पर निम्नलिखित लायक राय जारी की है: *"कंपनी ने पिछले वर्ष बोर्ड द्वारा अनुमोदित ईसीएल मैट्रिक्स के अनुसार ईसीएल के लिए*

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
		प्रावधान किया है और हमने उसी पर भरोसा किया है। *इसके अलावा, हमने संबंधित पक्षों से राशि की वसूली और मैट्रिक्स के आधार की पुष्टि नहीं की है क्योंकि कंपनी द्वारा हमें प्रासंगिक डेटा और दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जिसके कारण हम प्रावधान की पर्याप्तता और वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव के बारे में टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।"* **2. भारतीय मानक ब्यूरो 8 के तहत वर्गीकरण का आधार** हमारे व्यावसायिक निर्णय में, उक्त परिवर्तन लेखांकन नीति में परिवर्तन है, न कि अनुमान में परिवर्तन, जिसके निम्नलिखित कारण हैं: **भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 35 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि:** लागू की गई माप आधार में परिवर्तन लेखांकन नीति में परिवर्तन है, न कि लेखांकन अनुमान में परिवर्तन। आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स के अंतर्गत प्रयुक्त मापन का आधार पूर्वव्यापी ऐतिहासिक प्रवृत्तियों पर आधारित था। इसके विपरीत, बीमांकिक मॉडल भविष्योन्मुखी है, जो संभाव्यता-आधारित परिवर्तनों और नकदी प्रवाह व्यवहार मॉडलिंग द्वारा संचालित होता है। यह परिवर्तन केवल मापदंडों का परिशोधन नहीं है, बल्कि मूल्यांकन दर्शन में एक मूलभूत परिवर्तन है। भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 13 और 14(b) के तहत अपेक्षित, संशोधित नीति का चयन विश्वसनीयता बढ़ाने, वित्तीय रिपोर्टिंग की योग्यता और प्रासंगिकता से बचने के लिए किया गया, निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया, और वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रासंगिक वर्गों में सुसंगत रूप से लागू किया गया। भारतीय लेखा मानक 8 के अनुसार, पूर्वव्यापी पुनर्कथन की परिभाषा वित्तीय विवरणों के अवयवों की मात्रा की पहचान, माप और प्रकटीकरण को सही करना है, जैसे कि पूर्व अवधि में कोई त्रुटि कभी हुई ही नहीं थी। भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 19 और 22 के अनुरूप, कंपनी ने परिवर्तन को पूर्वव्यापी रूप से लागू किया और तुलनात्मक शेष को उचित रूप से पुनः प्रस्तुत किया, वित्तीय विवरणों के नोट 49 में विस्तृत प्रकटीकरण किया, जो सही है। **3. भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 32 क की प्रयोज्यता** विनम्र रूप से प्रस्तुत किया जाता है कि पैराग्राफ 32क, जो आकलन तकनीकों में बदलावों से संबंधित है, वहाँ लागू होने के लिए है जहाँ अंतर्निहित मापन आधार अपरिवर्तित रहता है, लेकिन आकलन मान्यताओं या इनपुट में संशोधन किया जाता है। इसका अर्थ है कि यह तभी लागू होता है जब मापन आधार वही रहता है। हमारे मामले में, पूरा मॉडल बदल दिया गया था, इसलिए पैरा 35 लागू होता है। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि बीमांकिक मूल्यांकनकर्ता अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) की गणना के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग कर सकते हैं, जिसमें शामिल है: रियायती नकदी प्रवाह विधि हानि दर विधि रोल दर विधि डिफॉल्ट पद्धति की लाभप्रदता ऐजिंग शेड्युल पद्धति

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
		हमारे मामले में, बीमांकिक मूल्यांकनकर्ता ने रोल दर और हानि दर विधियों को लागू किया है। मौजूदा ढाँचे के भीतर; इसने पूरे अनुमान आधारित मॉडल को एक नए बीमांकिक दृष्टिकोण से बदल दिया। इस प्रकार, पैराग्राफ 35 इस मामले को उचित रूप से नियंत्रित करता है, और अपनाया गया उपचार हमारी राय में तकनीकी रूप से सही है। **4. लेखापरीक्षा मूल्यांकन और निष्कर्ष** हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के हिस्सा के रूप में, हमारे पास उपलब्ध है: जाँची हुई बीमांकिक रिपोर्ट और कार्यपत्र। नीति परिवर्तन के औचित्य और शासन का मूल्यांकन किया गया। सत्यापित किया गया कि पूर्वव्यापी समायोजन भारतीय लेखा मानक 8 के अनुसार किए गए थे। यह सुनिश्चित किया गया कि प्रासंगिक प्रकटीकरण भारतीय लेखा मानक 1 और भारतीय लेखा मानक 8 के अंतर्गत अपेक्षित रूप से किए गए। **उपरोक्त के आधार पर, हम पुष्टि करते हैं कि:** वित्तीय विवरण किसी भी प्रकार की गलतबयानी से मुक्त हैं। लेखांकन नीति के रूप में परिवर्तन को मानना तथा उसका पूर्वव्यापी अनुप्रयोग भारतीय लेखा मानक 8 तथा भारतीय लेखा मानक 109 के पूर्णतः अनुरूप है। हम यह भी बताना चाहते हैं कि पिछले सांविधिक लेखापरीक्षक ने वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 में अपनी रिपोर्ट को यह कहते हुए योग्य ठहराया था कि ईसीएल ग्रेड मैट्रिक्स वैज्ञानिक नहीं है और ईसीएल गणना का उचित हिसाब नहीं रखा गया था। पिछले सांविधिक लेखापरीक्षक की योग्यता के कारण, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी नीति में बदलाव किया और अपने आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स (ऐतिहासिक डिफ़ॉल्ट दरों के आधार पर) को एक बीमांकिक मूल्यांकन ढांचे में बदल दिया, जिसमें भारतीय लेखा मानक 109 द्वारा निर्धारित सरलीकृत दृष्टिकोण के तहत ईसीएल की गणना के लिए रोल दर और हानि दर तकनीकों का उपयोग किया गया। प्रबंधन ने मॉडल का पुनर्मूल्यांकन किया और पिछली कमजोरियों को दूर करने और योग्यता संबंधी समस्या का समाधान करने के लिए पूर्वव्यापी रूप से एक मजबूत बीमांकिक पद्धति को अपनाया। इस परिवर्तन से ऋण जोखिम मूल्यांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग की गुणवत्ता और निष्पक्षता में बढ़ोतरी हुई है। इस प्रकार, ₹132.12 करोड़ को पूर्व अवधि समायोजन के रूप में समायोजित किया गया, और ₹37.30 करोड़ वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय लेखा मानक 8 के अनुपालन में वसूले गए। अतः, अन्य व्ययों को कम करके या लाभ को ₹132.12 करोड़ से अधिक नहीं दर्शाया गया है। वित्तीय विवरण सही और निष्पक्ष स्थिति को दर्शाते हैं। **निष्कर्ष** लाभ और हानि खाते में बताए गए 132.12 करोड़ रुपये के लाभ पर कैग (CAG) की टिप्पणी का प्रभाव सही और उचित दृष्टिकोण नहीं है, हम कैग (CAG) द्वारा प्रस्तुत किए गए दृष्टिकोण से असहमत हैं और इसको लेकर पूरी तरह से मतभेद है और हमारी राय ऊपर दिए गए तथ्य पर आधारित है, इसलिए स्वतंत्र लेखापरीक्षक द्वारा लाभ और हानि का कोई गलत बयान नहीं किया गया है, इसलिए कंपनी का वित्तीय विवरण सही और उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है और हितधारकों को आश्वासन देता है कि वित्तीय विवरण सही और उचित दृष्टिकोण को निरूपित करता है।

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
3.	**ख.2 अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट** " स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट - अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं की रिपोर्ट पर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें कहा गया है कि "कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 3 (1) के प्रावधान 1 अप्रैल, 2023 से लागू है, रिकॉर्ड प्रतिधारण के लिए वैधानिक आवश्यकता के अनुसार ऑडिट ट्रेल के संरक्षण पर कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 (g) के तहत रिपोर्टिंग 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लागू नहीं है।" ". इसी प्रकार, स्वतंत्र लेखापरीक्षक (IA) की अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट के बिंदु संख्या 1 (i) (v) पर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें कहा गया है कि "कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123 के संदर्भ में विचाराधीन वर्ष के दौरान लाभांश घोषित नहीं किया है"। लेखापरीक्षकों ने कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 (g) और 11 (f) के अनुसार रिपोर्ट नहीं दी है, जैसा कि 24 मार्च 2021 को एमसीए द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से संशोधित किया गया है। अतः, स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट काफी हद तक अपूर्ण है।	**पैरा B2 के लिए लेखापरीक्षक का प्रत्युत्तर** लेखापरीक्षा अवलोकन के प्रभाव का वित्त वर्ष 2024-25 में ध्यान रखा गया है।
4.	**ख.3 लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक-ख** लेखापरीक्षकों ने वर्ष के दौरान तीन उप-निर्देशों पर रिपोर्ट दी है, जबकि वर्ष 2023-24 के लिए केवल एक उप-निर्देश जारी किया गया था। इस प्रकार, अनुलग्नक-B में दी गई रिपोर्टिंग पूरी तरह से अपूर्ण है।	लेखापरीक्षा अवलोकन के प्रभाव का वित्त वर्ष 2024-25 में ध्यान रखा गया है।
5.	**अन्य टिप्पणियाँ** ग.1. कंपनी (लाभांश की घोषणा एवं भुगतान) नियम, 2014 के अनुसार, कोई भी कंपनी कुछ शर्तों को पूरा करने पर मुक्त आरक्षित निधियों से लाभांश घोषित कर सकती है। कंपनी ने वर्ष के दौरान आरक्षित निधियों में से 25 करोड़ रुपये (वर्ष 2022-23 से संबंधित) का लाभांश भुगतान किया, लेकिन नियमों में निर्धारित शर्तों का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया क्योंकि लाभांश भुगतान के बाद, 'सामान्य आरक्षित निधियों' का शेष ऋणात्मक हो गया।	लेखापरीक्षा अवलोकन के प्रभाव का वित्त वर्ष 2024-25 में ध्यान रखा गया है।

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

मेसर्स वाप्कोस के सदस्यों के लिए

स्टेंडअलोन वित्तीय विवरण संबंधी रिपोर्ट

अभिमत

हमने वाप्कोस लिमिटेड ("कंपनी") के संलग्न स्टेंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2024 तक की बैलेंस शीट, और लाभ-हानि का समेकित विवरण (अन्य बड़ी आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और तत्कालीन समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का विवरण, और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना (इसके बाद "स्टेंडअलोन वित्तीय विवरण" कहा गया है) शामिल है।

हमारे विचार में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हमारी रिपोर्ट के अर्हता विचार खंड के लिए आधार में वर्णित मामलों के संभावित प्रभावों को छोड़कर, उपरोक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") द्वारा अपेक्षित सूचना को उसी तरीके से उपलब्ध कराया गया हैं जैसा अपेक्षित है और 31 मार्च, 2024 तक कंपनी के कार्यों की स्थिति, लाभ, कुल समेकित बड़ी आय, इक्विटी में परिवर्तन और उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए उनके नकदी की सही और निष्पक्ष स्थिति का कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 यथा संशोधित, ("इंड एएस") के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों के अनुरूप और भारत में आम तौर पर स्वीकार किए गए अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुरूप एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करता है।

अभिमत के लिए आधार

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के तहत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों ("एसए") के अनुसार स्टेंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को आगे हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरण खंड की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियों में वर्णित किया गया है। हम भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार स्वतंत्र कंपनी हैं, साथ ही साथ नैतिक आवश्यकताएं जो अधिनियम के प्रावधानों के तहत स्टेंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और इसके तहत बनाए गए नियम, और हमने इन आवश्यकताओं और आईसीएआई आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य स्टेंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी संशोधित लेखापरीक्षा अभिमत के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त है।

मुख्य लेखापरीक्षा बिंदु

मुख्य लेखा परीक्षा बिंदु वे मामले होते है जो, हमारे पेशेवर निर्णय में, चालू अवधि के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा में बहुत महत्वपूर्ण है। इन मामलों को समग्र रूप से स्टेंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में और उस पर अपनी राय बनाने के लिए शामिल किया गया था, और हम इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं करते हैं। अर्हक अभिमत के लिए आधार खंड में वर्णित मामलों के अतिरिक्त, हमने नीचे वर्णित मामलों को अपनी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जाने वाले प्रमुख लेखापरीक्षा मामलों के रूप में निर्धारित किया है।

क्र. सं.	मुख्य लेखापरीक्षा बिंदु	लेखापरीक्षक के उत्तर
1.	**राजस्व मान्यता** कंपनी के ग्राहकों के साथ किए जाने वाले अनुबंधों में परामर्श और निर्माण अनुबंध शामिल हैं। कंपनी भारत और विदेशों में व्यवसायों और समुदायों के संबंध में जल, विद्युत और अवसंरचना क्षेत्रों में इंजीनियरिंग परामर्श सेवाओं और निर्माण से राजस्व प्राप्त करती है। कंपनी अनुबंध में नियत की गई सेवाओं का मूल्यांकन करती है और अनुबंध में विशिष्ट कार्य निष्पादन दायित्वों की पहचान करती है। विशिष्ट कार्य निष्पादन दायित्वों की पहचान करना, सुपुर्द को निर्धारित करना और ग्राहक की उन डेलिविरेब्लस और स्वतंत्र रूप से लाभ उठाने की क्षमता का मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण निर्णय की प्रक्रिया में शामिल है। कतिपय एकीकृत सेवाओं की व्यवस्थाओं के मामले में, ग्राहकों के साथ अनुबंधों में उपठेकेदार सेवाएँ या तृतीय पक्ष विक्रेता उपकरण शामिल होता है। इन प्रकार के व्यवस्थाओं में, जब कंपनी ग्राहक और विक्रेता के बीच एक एजेंट के रूप में कार्य कर रही होती है तृतीय पक्ष विक्रेता उत्पादों या सेवाओं की बिक्री से होने वाली आय को निवल लागत के रूप में और जब कंपनी लेनदेन के के मूल में होती है, तो सकल के रूप में रिकॉर्ड किया जाता है। ऐसा करते समय, कंपनी पहले इस बात का मूल्यांकन करती है कि ग्राहक को स्थानांतरित करने से पूर्व क्या वह निर्दिष्ट वस्तुओं या सेवाओं पर नियंत्रण प्राप्त करती है। कंपनी यह विचार करती है कि क्या यह निर्दिष्ट वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति के वादे को पूरा करने, इन्वेंटरी जोखिम, मूल्य निर्धारण विवेक और अन्य कारकों को निर्धारित करने के लिए के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है, यह कि क्या यह उत्पादों या सेवाओं पर नियंत्रण रखती है और इसलिए, यह एक प्रमुख या एजेंट के रूप में कार्य कर रही है।	निष्पादित की गई प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल है: हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाएँ (1) विशिष्ट कार्य निष्पादन दायित्वों की पहचान, (2) यह निर्धारित करना कि कंपनी एक प्रमुख या एजेंट के रूप में कार्य कर रही है और (3) यह कि क्या निश्चित मूल्य रखरखाव राजस्व को स्ट्रेट-लाइन आधार पर या पूर्णता प्रतिशत विधि का उपयोग करके मान्यता दी जाती है, जिसमें अन्य के साथ निम्नलिखित शामिल हैं: • हमने ग्राहकों के साथ किए गए अनुबंधों के नमूने का चयन किया और निम्नलिखित प्रक्रियाओं का निष्पादन किया: – मास्टर सेवा अनुबंधों और अन्य दस्तावेजों सहित जो अनुबंध का हिस्सा थे, प्रत्येक चयन हेतु अनुबंध दस्तावेज प्राप्त किए और उन्हें पढ़ा – (i) विशिष्ट कार्य निष्पादन दायित्वों की पहचान (ii) क्या कंपनी एक प्रमुख या एजेंट के रूप में कार्य कर रही है और (iii) क्या निश्चित मूल्य रखरखाव राजस्व को स्ट्रेट लाइन आधार पर या पूर्णता के प्रतिशत विधि का उपयोग करके मान्यता दी जाती है, के सबंध में प्रबंधन के निष्कर्षों का आकलन करने हेतु अनुबंध की महत्वपूर्ण शर्तों और डिलिवरेबल्स की पहचान की गई। निर्माण अनुबंधों से होने वाली आय में कंपनी की उन परियोजनाओं को शामिल किया गया है जिनके लिए इसे परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है और जहां अनुबंध की शर्तें यह निर्धारित करती हैं कि ठेकेदार को ग्राहक की ओर से चुना जाए, निविदा दस्तावेज तैयार किए जाएं, और निविदाएं आमंत्रित की जाएं। निर्माण लागत के प्रतिशत के रूप में की गई गणना के आधार पर कंपनी द्वारा परियोजना प्रबंधन परामर्श शुल्क लिया जाता है। निर्माण कार्य का बिल ठेकेदार द्वारा कंपनी को भेजा जाता है, तत्पश्चात कंपनी अनुबंध की शर्तों के अनुसार लागत-से-कॉस्ट आधार पर ग्राहक को बिल भेजती है। कंपनी, जो स्वयं को एक प्रमुख नियोक्ता के रूप में देखती है, लाभ और हानि खाते में सकल राशि (पीएमसी सेवा शुल्क सहित निर्माण लागत) को राजस्व के रूप में और मिलान की गई लगातार निर्माण लागत को व्यय के रूप में दर्ज करती है। मुख्य विशेषताओं/टिप्पणियां निम्नलिखित है: 1. चूंकि कंपनी का मुख्य क्षेत्र इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण से संबंधित परामर्श सेवाओं में है, न कि निर्माण सेवाओं में, इसे विभिन्न ग्राहकों द्वारा एक परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में नियुक्त की जाता है, जिसमें निर्माण से संबंधित कार्यों को पूरा करने हेतु एक ठेकेदार को नियुक्त करना भी शामिल है। 2. ग्राहक की ओर से ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों की संलग्नता शर्तों में स्पष्ट रूप से कंपनी की बैक-टू-बैक भुगतान आवश्यकता या क्रेडिट जोखिम से उन्मुक्ति उल्लेख किया जाता है। ठेकेदार को कंपनी द्वारा केवल तब भुगतान किया जाता है जब ग्राहक ने भुगतान किया हो। 3. कंपनी की अपने ग्राहकों के साथ अनुबंध अथवा एमओयू, की शर्तें, मुख्य रूप से परियोजना प्रबंधन सलाहकार की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों पर केंद्रित हैं। इसके अलावा, संगठन के पास बैक-टू-बैक सहभागिता के कारण कोई इन्वेंटरी नहीं है। 4. लागत-प्लस अनुबंध की सामान्य शर्तों के विपरीत, वर्तमान अनुबंधों के अंतर्गत विचारार्थ ठेकेदारों से आमतौर पर टर्नकी आधार पर निर्माण कोटेशन प्राप्त किए जाते हैं। 5. यह कि ठेकेदारों के लाभ मार्जिन के विपरीत, निर्माण लागत के अतिरिक्त पीएमसी शुल्क लिया जाता है, जो कंपनी की वास्तविक आय को दर्शाता है।

क्र. सं.	मुख्य लेखापरीक्षा बिंदु	लेखापरीक्षक के उत्तर
2.	परियोजना हेतु वेतन लागत का निर्धारण	कंपनी का अधिकांश राजस्व परामर्श शुल्क से प्राप्त होता है, जिनमें से अधिकांश का रखरखाव कंपनी के आंतरिक कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। अत्यधिक पहल के कारण, प्रत्येक परियोजना के संबंध में प्रयासों का आवंटन करना संभव नहीं है। लेखांकन नीति में भी यह उल्लिखित है कि कर्मचारी खर्चों को लाभ और हानि में से पूर्ण रूप पर आवधिक आधार पर घटाया जाना चाहिए। परिणामस्वरूप, 31 मार्च 2024 तक, कर्मिक प्रयासों के योगदान के कारण अनबिल कार्य या प्रगतिधीन कार्य में कोई व्यक्तिगत लागत का घटक नहीं है।
3.	प्रावधान, आकस्मिक देनदारियाँ, और आकस्मिक परिसंपत्तियाँ कंपनी कई कर और अन्य कानूनी विवादों, जिनका समाधान करना कठिन है और इसके गंभीर कानूनी परिणाम हो सकते है, में उलझी हुई है, कानूनी कार्यवाही से जुड़े जोखिम का मूल्यांकन जटिल अवधारणाओं पर आधारित है जो निर्णय लेने की आवश्यकता को जन्म देता हैं। यह निर्णय मुख्य रूप से कार्यवाही के परिणाम के अनुमान से संबंधित अनिश्चितताओं के आकलन और वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण की पर्याप्तता से संबंधित है। आवश्यक निर्णय, इन कानूनी विवादों का महत्व, और मूल्यांकन प्रक्रिया की जटिलता के कारण यह क्षेत्र हमारे लेखापरीक्षा का एक महत्वपूर्ण विषय है।	निष्पादित प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल है: i. जारी विधिक और कर विवादों का पता लगाने हेतु की गई प्रक्रिया और संबंधित उपायों का मूल्यांकन ii. विधि और कर विभाग के संभावित विधिक और कर जोखिमों के आकलन में उपयोग की गई अवधारणाओं का मूल्यांकन। iii. विधि और कर विभागों के प्रमुख विवादों की स्थिति की जांच, और हमें प्रस्तुत किए गए महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच। iv. मौजूदा विवादों के संभावित परिणामों के संबंध में प्रबंधन की ओर से प्रस्तुतिकरण v. खातों की टिप्पणियों के पर्याप्त प्रकटीकरण का मूल्यांकन।
4.	कर्मचारी कार्य-निष्पादन संबंधी भुगतान सीपीएसई दिशानिर्देशों के अनुसार, कर्मचारियों को संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए कर पूर्व लाभ के आधार पर कार्य निष्पादन संबंधी भुगतान प्राप्त करने का अधिकार है, बशर्ते कि उस वर्ष में आवश्यक प्रावधान किए गए हों। पिछले वित्तीय वर्ष के परिणामों को भारतीय लेखा मानक नियमों और कंपनी की लेखा नीति के अनुसार पूर्व अवधि के समायोजनों हेतु पुन: दोहराया गया है, जो पूर्व के वर्षों के कर पूर्व लाभ को प्रभावित करता है।	निष्पादित प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं: i. यह निर्धारित करने हेतु कि कार्य निष्पादन से संबंधित भुगतान की गणना किस प्रार की जाती है सीपीएसई दिशानिर्देशों की जांच ii. पुनः व्यक्त संशोधनों पर किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण हेतु संबंधित विभाग से पूछताछ। iii. वर्तमान दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए प्रावधानों की जांच और उनके आधार पर सर्वाधिक कार्यात्मक कार्यनीति का चयन करना। iv. कंपनी ने प्रस्तुत किया है कि, सीपीएसई संबंधित किसी भी अनुदेशों के अनुसार, ऐसे समायोजनों पर वास्तविक वितरण के समय विचार किया जाएगा। अतिरिक्त समायोजन (यदि कोई हो) पर वास्तविक भुगतान के समय विचार किया जाएगा। गणनाओं को संबंधित वर्ष के लेखा परीक्षा वित्तीय विवरणों के आधार पर पूर्व अवधि के समायोजनों के प्रभाव को ध्यान में रखे बिना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कर पूर्व लेखापरीक्षा लाभ के आधार पर किया गया है।

मामलों पर जोर

1. विवादित दावों के संबंध में आकस्मिक देनदारियों का प्रकटीकरण किया गया है। आकस्मिक देनदारियाँ ऐसी स्थिति में विकसित हो सकती हैं जहां वे प्रारंभ में अपेक्षित नहीं थी। इसलिए, इनका निरंतर आंकलन किया जाता है कि क्या आर्थिक लाभों को समाहित करने वाले संसाधनों का बहिर्वाह संभावित हो गया है। यदि यह संभावित हो जाता है कि भावी आर्थिक लाभों का बहिर्वाह किसी ऐसे मद हेतु आवश्यक होगा जिसे पूर्व में आकस्मिक देनदारी के रूप में देखा गया था, तो उस अवधि के वित्तीय विवरणों में एक प्रावधान के रूप रखा जाता है जिसमें संभावित परिवर्तन होता है (अत्यंत असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर जहां कोई विश्वसनीय अनुमान व्यक्त नहीं किया जा सकता)।

2. कंपनी अपने बहीखातों का विकेन्द्रीकृत तरीके से रख रखाव करती है, जिसके अंतर्गत निगमित कार्यालय वित्तीय रिकॉर्ड और खातों का रख रखाव करता है और स्थल (साइट) कार्यालय अनुबंध माप, निरीक्षण लॉग, प्रगति समीक्षा दस्तावेज आदि से संबंधित भौतिक रिकॉर्ड का रख रखाव किया जाता है। वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी ने "फॉक्सप्रो 2.60" से एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) की ओर स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की, जिसे अनुकूलित किया जा रहा है। वर्ष के दौरान ईआरपी सॉफ़्टवेयर स्थापना और कार्यान्वयन की प्रक्रिया शुरू की गई।

   कंपनी ने अक्टूबर 2023 से ईआरपी मॉड्यूल में काम करना शुरू किया और 01/04/2024 से कार्यात्मकता प्राप्त की।

3. हमारे विचार में कंपनी को पिछले अवधि के लेनदेन को न्यूनतम करने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि यह बाद के वर्षों में पायी गई त्रुटियों और चूक को दर्शाता है।

4. व्यापार प्राप्तियों के एक बड़े भाग के संबंध में, पुष्टि प्राप्त नहीं की जा सकी (टिप्पणी संख्या 37 देखें)। कुछ मामलों में व्यापार देनदारियों के बारे में पुष्टि प्राप्त हुई है, लेकिन पक्षकारों ने बकाया असमानताओं का दावा किया है जिसे कंपनी ने स्वीकार नहीं किया है। इस प्रकार की बाहरी पुष्टि की अनुपस्थिति में, ऐसे आपूर्तिकर्ताओं द्वारा किए गए अनुबंध परिवर्तनों (यदि कोई हो) की पहचान नहीं की जा सकी, और न ही ऐसे विलम्बित डिलीवरी शुल्क या कटौतियों की गणना ज सकी, या कंपनी द्वारा स्वीकार किया गया। प्रत्येक पक्षकार के साथ वित्तीय समायोजन वित्तीय निहितार्थों का निर्धारण करेगा।

   इसी प्रकार , व्यापार प्राप्तियों के एक महत्वपूर्ण प्रतिशत की पुष्टि प्राप्त नहीं की जा सकी (नोट संख्या- 37 देखें)। ऐसी बाहरी पुष्टियों की अनुपस्थिति में, ऐसे ग्राहकों द्वारा की गई अनुबंध कटौतियों (यदि कोई हो) अथवा अवरूद्ध परियोजनाओं के परिणामों की पहचान नहीं की जा सकी, और न ही ऐसे विलम्बित शुल्क या कटौतियों को कंपनी द्वारा स्वीकार किया गया है। अप्राप्त ग्रिम भुगतान/प्रतिभूति जमा और कर्मचारी देय/गैर-गतिशील अग्रिमों के संबंध में समान पस्थितियाँ हैं, जिसके लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं।

5. हमने प्रबंधन की व्यापार देयताओं के वर्गीकरण को सूक्ष्म और छोटे के रूप में तैयार करने पर विश्वास किया है। हालांकि, चूंकि प्रबंधन का मानना है कि इन एमएसई आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान उन शर्तों के अनुसार किए गए हैं जिन पर सहमति हुई थी और जिन्हें उन्होंने उचित रूप से स्वीकार किया है, इसलिए कंपनी ने इन विक्रेताओं को भुगतान के लिए बकाया शेष पर कोई ब्याज अलग से निर्धारित नहीं किया है। हमें विश्वास है कि एमएसएमई अधिनियम 2006 के अनुसार, यदि एमएसई विक्रेताओं द्वारा दावा किया जाता है तो कंपनी विलम्बित भुगतान पर ब्याज अदायगी हेतु उत्तदायी होगी।

6. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वाप्कोस लिमिटेड के पूर्व मुख्य प्रबंध निदेशक (अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक), और उनके परिवार के सदस्यों के पास असमान संपत्ति होने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है। यह कि पूर्व सीएमडी ने 01.04.2011 से 31.03.2019 के कार्यकाल के दौरान अपनी ज्ञात आय के स्रोत से कहीं अधिक असमान संपत्तियाँ रखी थीं। सीबीआई के प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उनके विभिन्न परिसरों की छानबीन की गई, जिससे लगभग 20 करोड़ रुपये की बड़ी नकद राशि, बड़ी मात्रा में आभूषण, मूल्यवान वस्तुएं और आपराधिक दस्तावेज़ बरामद हुए। प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, यह मामला पूर्व प्रबंध निदेशक से संबंधित है, और प्रबंधन को , उसकी ओर से कार्य करते हुए, व्यवसाय या इसके कर्मचारियों पर किसी प्रकार के नकारात्मक प्रभाव की उम्मीद नहीं है।

उपर्युक्त मामले पर हमारी राय संशोधित नहीं है।

वित्तीय विवरणों और इस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अलावा सूचना

कंपनी प्रबंधन और निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं के लिए जिम्मेदार है। अन्य सूचनाओं में बोर्ड की रिपोर्ट के अनुलग्नकों सहित बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल सूचना शामिल है, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और हमारी लेखा परीक्षक रिपोर्ट शामिल नहीं है।

स्टेंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारे विचार में अन्य सूचना शामिल नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

स्टेंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी ज़िम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना है और ऐसा विचार करना है कि क्या स्टेंडअलोन वित्तीय विवरणों या हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया के दौरान प्राप्त हमारी जानकारी के साथ अन्य सूचना वास्तविक रूप से असंगत है अथवा अन्यथा वास्तविक रूप से गलत प्रतीत होती है।

यदि, हमारे द्वारा निष्पादित कार्य के आधार पर हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी का एक महत्वपूर्ण गलत विवरण है; हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करने की आवश्यकता है। हमारे पास इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कोई सूचना नहीं है।

स्टेंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और निदेशक मंडल की जिम्मेदारी

कंपनी सिंहावलोकन, महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और नोट्स टू अकाउंट्स स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न अंग हैं।

कंपनी सिंहावलोकन

कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत 26 जून 1969 को स्थापित **वाप्कोस लिमिटेड (कंपनी)** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, गंगा संरक्षण और नदी विकास विभाग के तत्वावधान में एक "मिनी रत्न -I" सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। जल, विद्युत और अवस्थापना के क्षेत्र में मजबूत घरेलु और वैश्विक उपस्थिति के साथ वाप्कोस एक प्रौद्योगिकी संचालित परामर्श और अभियांत्रिकी, प्रापण और निर्माण संगठन है। अभियांत्रिकी उत्कृष्टता, असाधारण कार्यबल और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण ने ग्राहकों की परियोजनाओं को निरंतर पूरा करने में वाप्कोस को समर्थ बनाया है। वाप्कोस के पास अपने प्रचालन से संबंधित क्षेत्रों की किसी भी स्तर और जटिलता से परिपूर्ण परामर्श और ईपीसी परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अपेक्षित अनुभव और विशेषज्ञता मौजूद है। परियोजनाओं से संबंधित वाप्कोस का पोर्टफोलियो प्रभावशाली और विविध दोनों प्रकार की प्रकृति का है। वाप्कोस की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों के संबंध में आवासीय, कार्यालय भवनों, सिविल कार्यों, सड़क एवं राजमार्गों, सिंचाई, कृषि एवं जल परियोजनाओं, उत्पादन, उप-केंद्र, पारेषण इत्यादि हेतु विद्युत ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित जल संसाधन, विद्युत और अवसंरचना विकास परियोजनाओं में परामर्श सेवाओं के संबंध में **आईएसओ-9001:2015** की गुणवत्ता आश्वासन अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाता है।

कंपनी को कंपनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित किया गया है और कंपनी का पंजीकृत कार्यालय कैलाश, 5 वीं मंजिल, 26 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110001 (भारत) और कॉर्पोरेट कार्यालय 76-सी, सेक्टर -18, गुरुग्राम, हरियाणा -122015 (भारत) में स्थित है।

कंपनी की समग्र शेयरधारिता राष्ट्रपति और उसके नामितों के पास है।

कंपनी की रिपोर्टिंग और कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपया (आईएनआर) है। प्रति शेयर डेटा को छोड़कर और अन्यथा उल्लिखित के संबंध में दो दशमलव तक पूर्णांकित करके वित्तीय विवरणों में आंकड़े रु/₹ लाख में प्रस्तुत किए जाते हैं। विगत अवधि के आंकड़ों को, जहां भी आवश्यक हो, पुन: समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को दिनांक 30.09.2024 को अनुमोदित किया गया है।

1. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ

1.1 सामान्य

(क) अनुपालना का विवरण

कंपनी के वित्तीय विवरण के साथ पठित यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 133 के तहत कारपोरेट कार्य मंत्रलय ("एमसीए") द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानकों (भा.ले.मा.) के अनुसार तैयार किए गए हैं।

लेखांकन नीतियाँ को केवल उन स्थितियों को छोड़ कर जहां नए जारी किए गए भारतीय लेखांकन मानक को प्रारम्भ में अपनाया गया है अथवा एक विद्यमान लेखांकन मानक में किसी संशोधन के लिए पहले से प्रयोग में आ रही लेखांकन नीति में परिवर्तन की आवश्यकता होती है, में सतत रूप से लागू किया गया हैं। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ये वित्तीय विवरण पहले वित्तीय विवरण हैं जिन्हें कंपनी ने सभी लागू भारतीय लेखांकन मानकों के अनुसार तैयार किया है।

एमसीए ने 31 मार्च, 2023 को कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियम, 2023 को अधिसूचित किया, जिससे माध्यम से कंपनियों को केवल प्रमुख लेखाकंप नीतियों के प्रकटीकरण को अनिवार्य अनिवार्य किया गया है। तदनुसार, पूर्ववर्ती महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों की समीक्षा की गई है और

उनके स्थान पर महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों को प्रतिस्थापित किया गया है। इस प्रतिस्थापन पर कोई वित्तीय निहितार्थ लागू नहीं है।

(ख) वित्तीय विवरण तैयार करने का आधार

कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों तथा देयताओं और उचित मूल्य पर मापे जाने वाली परिभाषित लाभ योजनाओं को छोड़ कर कंपनी के वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत के सिद्धान्त के आधार पर तैयार किए गए हैं, और कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 133 के तहत कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानकों (भा.ले.मा.) नियम, 2015 के नियम 4 की अनुपालना में तैयार किए गए हैं। वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी वर्षों के लिए भारतीय लेखांकन मानकों की लेखांकन नीतियाँ समान रूप से लागू की गई हैं।

सभी परिसंपत्तियों और देयताओं को कंपनी के प्रचालन चक्र और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-III में निर्धारित अन्य मानदंडों के अनुसार वर्तमान अथवा गैर-वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है। क्रियाकलापों की प्रकृति और प्रक्रियान्वयन के लिए परिसंपत्तियों की प्रापण तथा उनकी नकद एवं नकद के समान मूल्य में प्राप्ति के बीच के समय के आधार पर कंपनी ने परिसंपत्तियों तथा देयताओं के वर्तमान अथवा गैर-वर्तमान वर्गीकरण के उद्देश्य से अपना प्रचालन चक्र 12 माह निर्धारित किया है।

1.2 अनुमानों का प्रयोग

वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रबंधन को कुछ आकलन, अनुमान तथा परिकल्पनाएँ करनी होती हैं। ये अनुमान, आकलन और परिकल्पनाएँ लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग और परिसंपत्तियों तथा देयताओं की रिपोर्ट की गई मात्र, वित्तीय विवरणों को प्रस्तुत किए जाने की तारीख को आकस्मिक परिसंपत्तियों तथा आकस्मिक देयताओं के प्रकटन और वर्ष के लिए रिपोर्ट की गई राजस्व तथा व्यय की मात्र को प्रभावित करती हैं।

वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रयुक्त अनुमानों तथा आकलनों का कंपनी द्वारा लगातार मूल्यांकन किया जाता है और ये पूर्व अनुभव और वर्तमान परिस्थितियों में कंपनी द्वारा तर्कपूर्ण समझे जाने वाली कंपनी की विभिन्न अन्य परिकल्पनाओं और घटकों (भविष्य की घटनाओं की अपेक्षाओं सहित) पर आधारित होते हैं। यद्यपि कंपनी इन अनुमानों का नियमित रूप से आकलन करती है परंतु वास्तविक परिणाम अनुमानों से अलग हो सकते हैं। जैसे-जैसे प्रबंधन को अनुमानों से संबंधित परिस्थितियों में बदलाव की जानकारी मिलती है वैसे-वैसे अनुमानों में उचित बदलाव किए जाते हैं। अनुमानों में बदलाव उस अवधि के वित्तीय विवरणों में दर्शाए जाते हैं जिस अवधि में बदलाव किए गए हैं और, यदि उल्लेखनीय हों, तो उनके प्रभावों को वित्तीय विवरणों के साथ की गई टिप्पणियों में प्रकट किया जाता है।

1.3 राजस्व की मान्यता

प्रचालनों से राजस्व

1.3.1 कंपनी को प्रमुख रूप से परामर्श एवं निर्माण संविदाओं से प्रचालन राजस्व प्राप्त होता है।

1.3.2 वित्तीय विवरणों में राजस्व को पहचानने के लिए सामान्य मानदंड निम्न प्रकार से है, जो राजस्व के सभी क्षेत्रें पर लागू होते हैं, जबकि राजस्व के संबंधित क्षेत्र को लेखांकन नीति में विशिष्ट मापदंडों कहा जाता है।

सामान्य पैरामीटर

राजस्व को पहचान करने के उद्देश्य के लिए, कंपनी पांच प्रक्रिया का अनुसरण करती है:

- एक ग्राहक के साथ संविदा की पहचान करना
- कार्य निष्पादन दायित्वों की पहचान करना

- लेनदेन मूल्य का निर्धारण
- कार्य निष्पादन दायित्वों के लिए लेनदेन की कीमत आवंटित करना
- कार्य निष्पादन दायित्व का जब /जैसे निष्पादन किया जाता है, तो राजस्व की पहचान की जाती है।

कंपनी की सेवाओं की श्रृंखला में शामिल सभी क्षेत्रें में कार्य करती है। सभी मामलों में, कार्य निष्पादन दायित्वों के आधार पर संविदा हेतु सम्पूर्ण कार्य मूल्य होता है।

राजस्व या तो समय पर या समय पूरा होने पर पहचाना जाता है, तब (या जैसे) कम्पनी अपने ग्राहकों को दिए गए माल या सेवाओं को स्थानांतरित करके संतोषजनक कार्य निष्पादन दायित्वों को पूरा करती है।

लेन देन मूल्य वह राशि है जिसे कंपनी ग्राहक को माल या सेवाओं के स्थानांतरण हेतु विनिमय के लिए पाने की आशा रखती है। एक संविदा में वादा किए गए विचार में निश्चित राशियाँ, परिवर्तनशील राशियाँ या दोनों शामिल हो सकती हैं। किसी निर्धारित परिस्थिति में अपेक्षित मूल्य विधि या सबसे अधिक संभावित राशि का उपयोग करके परिवर्तनीय विचार का अनुमान लगाया जाता है। ग्राहकों के साथ सहमत भुगतान शर्तें व्यावसायिक व्यवहार के अनुसार हैं और लेनदेन मूल्य में कोई वित्तपोषण घटक शामिल नहीं है।

प्रस्ताव की तैयारी के लिए प्रशासनिक लागत को छोड़कर संविदा प्राप्त करने के लिए कंपनी कोई भी लागत नहीं लेती है और वही लाभ और हानि के विवरण के लिए शुल्क लिया जाता है।

संविदा को पूरा करने में लगने वाली लागत संबंधित संविदा के राजस्व को लाभ और हानि विवरण में जोड़ा जाता है।

संविदा पर राजस्व को संबंधित सेवाओं के रूप में मान्यता दी जाती है और अंतिम बिल की तिथि से तुलन पत्र की तारीख तक के राजस्व को तुलन पत्र में बिल न किए गए राजस्व के रूप में मान्यता दी जाती है।

कंपनी असंतुष्ट कार्य निष्पादन दायित्वों के संबंध में प्राप्त टिप्पणियों के लिए संविदा देनदारियों को पहचानती है और इन राशियों को तुलन पत्र में अन्य देनदारियों के रूप में रिपोर्ट करती है। इसी तरह, यदि कंपनी एक कार्य निष्पादन दायित्व को संतोषजनक रूप से पूरा करती है और इस पर टिप्पणी प्राप्त करना अभी बाकी होता है, तो टिप्पणी प्राप्त होने से पहले, कंपनी अपने तुलन पत्र में एक संविदा परिसंपत्ति लगाती।

1.3.3 राजस्व को माल व सेवा कर (जीएसटी) से मान्यता प्राप्त है।

1.3.4 संविदा राजस्व में संविदा में सहमत राजस्व की प्रारंभिक राशि शामिल है

1.3.5 परामर्शी शुल्क

- सेवाएं प्रदान करने से प्राप्त राजस्व को उस लेखा अवधि में मान्यता दी जाती है जिसमें सेवाएं प्रदान की जाती हैं। राजस्व या तो समय पर या समय पूरा होने पर पर पहचाना जाता है, तब (या जैसे) कम्पनी अपने ग्राहकों को दिए गए माल या सेवाओं को स्थानांतरित करके संतोषजनक कार्य निष्पादन दायित्वों को पूरा करती है।
- यदि कार्य निष्पादन दायित्वों को समय पर पूरा किया जाता है, तो राजस्व को संविदा अवधि के अनुसार लेनदेन की प्रकृति के आधार पर उपयुक्त पद्धति का उपयोग करके प्रदान की जाने वाली कुल सेवाओं के अनुपात के रूप में रिर्पोट अवधि के अंत तक प्रदान की गई वास्तविक सेवा के आधार पर मान्यता प्राप्त होती है।
- अन्य मामलों में जहां कार्य निष्पादन की बाध्यता समय के साथ संतोषजनक नहीं होती है, राजस्व को बाद में मान्यता दी जाती है।

- अधिक लागत वाली संविदाओं के मामले में, राजस्व को अपने ग्राहकों को दिए गए माल या सेवाओं को हस्तांतरित करके संविदा के तहत काम की प्रगति और संबद्ध कार्य निष्पादन दायित्वों को पूरा करने के साथ बिल योग्य राशि के आधार पर मान्यता दी जाती है।
- संबंधित कार्य निष्पादनों के संतोषजनक दायित्वों के मध्यनजर, गैर-समायोजित अग्रिम/शुल्क को राजस्व के रूप में मान्यता प्राप्त है। तथापि, वसूली योग्य अग्रिम को बाद के राजस्व बुकिंग के विरूद्ध समायोजित किया जाता है।
- निर्माण प्रबंधन/प्रर्यवेक्षण अनुबंध में, राजस्व को प्रबंधन द्वारा निर्धारित प्रत्येक अनुबंध किए गए कार्य/निर्मित लागत के मूल्य के प्रतिशत के रूप में मान्यता प्राप्त है, यदि ग्राहक द्वारा कोई स्वीकृति लंबित हो।
- संविदा पर राजस्व को संबंधित सेवाओं के रूप में मान्यता दी जाती है और अंतिम बिल की तिथि से तुलन पत्र की तारीख तक के राजस्व को तुलन पत्र में बिल न किए गए राजस्व के रूप में मान्यता दी जाती है।

1.3.6 निर्माण परियोजनाएं

कंपनी निर्माण संविदाओं/ परियोजनाओं में राजस्व को समय के साथ पहचानती है। इन परियोजनाओं के विभिन्न तत्वों के बीच अन्योन्याश्रितता के उच्च स्तर के कारण, इन परियोजनाओं को एकल कार्य निष्पादन दायित्व के रूप में माना जाता है।

अधिक लागत वाली संविदाएं

- अधिक लागत वाली संविदा से राजस्व को समय के साथ पहचाना जाता है और यह निर्धारित किया जाता है कि कार्य निष्पादन दायित्व संतोषजनक है। कंपनी द्वारा ग्राहक को दिए गए माल का नियंत्रण हस्तांतरित करती है और यह स्थापित करने के लिए कि कब और किस हद तक राजस्व को मान्यता दी जा सकती है, कंपनी कार्य के आधार पर निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति को मापती है।
- कार्य निष्पादन दायित्वों के लिए आवंटित लेनदेन मूल्य की राशि उस अवधि के दौरान वसूल किए गए वसूली योग्य लागतों को दर्शाती है जो ग्राहक के साथ सहमत होने पर मार्जिन से अधिक होती है।
- अधिक लागत वाली संविदा के मामले में, यदि परामर्शी आय/शुल्क को एक अलग रूप में निर्धारित किया जाता है, तो ऐसी परामर्शी आय/शुल्क को समय की अवधि में राजस्व के रूप में मान्यता दी जाती है या समय के साथ-साथ कंपनी वादा किए गए माल को स्थानांतरित करके कार्य निष्पादन दायित्वों को पूरा करती है या संविदा की शर्तों के अनुसार अपने ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करती है।
- अन्य मामलों में, राजस्व को समय-समय पर कार्य निष्पादन दायित्वों को संतुष्ट करने और ग्राहक को हस्तांतरित करने की सीमा तक मान्यता प्राप्त है। संविदा राजस्व को आवंटन योग्य लेनदेन मूल्य पर पहचाना जाता है जो पूर्णविधि के प्रतिशत का उपयोग करते हुए संविदा के आनुपातिक मार्जिन पर किए गए कार्य की लागत का प्रतिनिधित्व करता है।
- किसी भी अपेक्षित हानि को रिपोटिंग तिथि में नुकसानदेह हानि के प्रावधान के रूप में मान्यता प्राप्त है।

1.3.7 प्लांट और उपकरणों की आपूर्ति/चालू करने के लिए माल की बिक्री से प्राप्त राजस्व को निम्नानुसार मान्यता दी गई है:

माल की बिक्री से होने वाले राजस्व की पहचान तब की जाती है जब उसे ग्राहक को हस्तांतरित किया जाता है और यह संभव है जब विनिमय माल की हकदारी पर कम्पनी ध्यान एकत्र करेगी। माल की बिक्री के लिए संविदा के संबंध में कार्य निष्पादन दायित्वों को उस समय संतोजनक माना जाता है जब उसे ग्राहक को हस्तांतरित किया जाता है और यहां परिसंपत्ति का वैकल्पिक उपयोग हो या कंपनी के पास उस तिथि तक कार्य निष्पादन पूर्ण करने के लिए भुगतान या तो निहित या स्पष्ट हो। परिसंपत्ति का कोई वैकल्पिक उपयोग नहीं होने के मामले में हो और कंपनी के पास कानूनी मामलों पर विचार करके

भुगतान का निहित या स्पष्ट अधिकार हो, कार्य निष्पादन दायित्व को समय की अवधि के रूप में संतोषजनक माना जाता है और समय के साथ राजस्व को मान्यता दी जाती है।

1.3.8 वसूली योग्य प्रतिपूर्ति व्यय वर्तमान परिसंपत्तियों की प्रकृति में हैं और ग्राहक द्वारा प्रतिपूर्ति की गई सीमा तक समायोजित किए जाते हैं।

1.3.9 प्रभावी ब्याज पद्धति के उपयोग से ब्याज आय को पहचाना जाता है, जब यह संभावित है कि लेनदेन से जुड़े आर्थिक लाभ इकाई में स्थिरता से बढ़ाता है और राशि को स्थिरता से मापी जाती है।

1.3.10 लाभांश आय को तब मान्यता प्राप्त होती है जब भुगतान प्राप्त करने का अधिकार स्थापित होता है और जब यह संभावित है कि लेनदेन से जुड़े आर्थिक लाभ इकाई में स्थिरता से बढ़ाता है और राशि को स्थिरता से मापा जाता है।

1.3.11 अन्य

कंपनी के पास कंपनी में नियुक्त नियमित भर्तियों से बॉन्ड राशि लेने की नीति है। बॉन्ड राशि को कंपनी के नाम पर बैंकों के पास सावधि जमा रसीदों के रूप में रखा जाता है। मूल राशि के साथ जमा पर अर्जित ब्याज को कंपनी की पुस्तकों में परिसम्पति व देयताओं के रूप में माना जाता है। बांड अवधि के सफल समापन पर, संबंधित अधिकारियों को बांड की धनराशि ब्याज के साथ वापस कर दी जाती है। यदि अधिकारी बांड अवधि पूरी होने से पहले कंपनी छोड़ देता है, तो उसे जब्त कर लिया जाता है और उसे आय के रूप में माना जाता है।

1.4 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई)

पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि ऐतिहासिक लागत पर रखी जाती है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को प्रारंभ में लागत, अर्थात माल भाड़ा, निर्माण तथा कार्य सौंपने के शुल्क, अप्रतिदेय शुल्क एवं कर, निर्माण अवधि के दौरान व्यय, उधार लिए जाने संबंधी लागत, एक पात्र संपत्ति के मामले में, प्रापण/संस्थापन की तारीख तक, निवल संचित मूल्यह्रास तथा खराब होने से होने वाले नुकसान, यदि कोई हो, सहित अधिग्रहण अथवा निर्माण की लागत पर मान्यता दी जाती है। इसके बाद में मापन लागत में से संचित मूल्यह्रास तथा खराब होने से होने वाले नुकसान, यदि कोई हो, को घटा कर किया जाता है। लागत में वह व्यय शामिल होता है जो प्रबंधन द्वारा संपत्ति को इसके अभिप्रेत उद्देश्य के लिए तैयार करने में प्रत्यक्ष रूप से लगा है।

इसके बाद संपत्ति, संयंत्र और उपकरण से संबंधित व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब यह संभावित हो कि इनसे संबंधित भविष्य के आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और मद की लागत का विश्वसनीय रूप से मापन किया जा सकता है। मरम्मत तथा रखरखाव पर होने वाली लागत को व्यय किए जाने पर लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। प्रारंभ में मान्यता प्रदान की गई संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण की मद और किसी उल्लेखनीय हिस्से को निपटान के बाद अथवा इसके उपयोग अथवा निपटान से भविष्य में कोई आर्थिक लाभ होने की अपेक्षा न होने पर इसकी मान्यता समाप्त कर दी जाती है। संपत्ति की मान्यता समाप्त किए जाने से होने वाले किसी लाभ अथवा हानि (निवल निपटान प्राप्ति और संपत्ति की वर्तमान लागत राशि के बीच के अंतर के रूप में परिकलित) को संपत्ति की मान्यता समाप्त किए जाने पर लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है। निपटान की जाने वाली संपत्ति को वर्तमान लागत मूल्य अथवा उचित मूल्य में से बेचने की लागत को घटा कर प्राप्त होने वाली राशि में से कम राशि पर रिपोर्ट किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण पर मूल्यह्रास कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-II में निर्धारित उपयोगी जीवन के आधार पर सीधी रेखा विधि (एसएलएम) के तहत प्रदान किया जाता है जो प्रबंधन के आकलन के समान हो। मूल्यह्रास पद्धति, उपयोगी जीवन और शेष मूल्य की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है। सम्पत्तियों का उपयोगी जीवन कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-IIके भाग ग में निर्धारित किए गए अनुसार है। वर्ष के दौरान सम्पत्तियों में जोड़/कटौती के संबंध में मूल्यह्रास समानुपातिक आधार पर प्रभारित किया जाता है।

विभिन्न परिसंपत्तियों का अनुमानित उपयोगी कार्यकाल निम्नानुसार है:-

पूंजी कार्य प्रगति

संपत्ति का वर्ग	उपयोगी कार्यकाल (वर्ष)
आरसीसी फ्रेम संरचना वाले कार्यालय भवन	60
फर्नीचर और फिक्सचर	10
वाहन-मोटर कारें	8
वाहन-मोटर साइकिल, स्कूटर और अन्य मोपेड़	10
कार्यालय उपकरण	5
विद्युत कार्य	10
कंप्यूटर	3
नेटवर्किंग सर्वर	6
लकड़ी की अस्थायी संरचना	3
इंजीनियरिंग और अन्य पुस्तकें	3

ऐसी परिसंपत्तियां जो इच्छित उपयोग के लिए तैयार नहीं हैं, उन्हें प्रत्यक्ष लागत, संबंधित आकस्मिक खर्च और जिम्मेदार ब्याज सहित लागत पर किया जाता है।

1.5 अमूर्त संपत्तियाँ

अमूर्त संपत्ति बिना किसी वास्तविक संपत्ति के एक पहचाने जा सकने वाली गैर-मौद्रिक संपत्ति होती है जैसे तकनीकी जानकारी, कंप्यूटर सॉफ्रटवेयर। इसे तब पूंजीकृत किया जाता है जब संपत्ति के कारण भविष्य में आर्थिक लाभ संभावित रूप से कंपनी को प्राप्त हों और संपत्ति के अधिग्रहण अथवा सृजन की लागत का विश्वसनीय रूप से मापन किया जा सके। इसके लिए उस बिन्दु से परिशोधन किया जाता है जहाँ संपत्ति उपयोग के लिए उपलब्ध होती है।

अधिग्रहित/विकसित अमूर्त सम्पत्तियों का मापन लागत में से परिशोधन और खराबी होने के कारण हुए संचित नुकसान को घटा कर प्राप्त राशि से किया जाता है।

अमूर्त सम्पत्तियों की मान्यता समाप्त करने से होने वाले लाभ अथवा हानि का मापन निवल निपटान प्राप्ति और संपत्ति की मूल कीमत के बीच के अंतर के रूप में किया जाता है और जब संपत्ति की मान्यता समाप्त की जाती है तब इसे लाभ एवं हानि के विवरण में दर्शाया जाता है।

अमूर्त सम्पत्तियों का परिशोधन उपयोग के लिए उपलब्ध होने की तारीख से अनुमानित उपयोगी कार्यकाल में सीधी रेखा आधार पर किया जाता है।

परिशोधन:

कंप्यूटर सॉफ्रटवेयर का परिशोधन 3 वर्ष की अवधि में अथवा उनकी लाइसेंस अवधि में किया जाता है, जो भी लागू हो।

1.6 वित्तीय साधन

प्रारंभिक मान्यता

कंपनी वित्तीय संपत्तियों और वित्तीय देयताओं को तब मान्यता देती है जब यह उस साधन के संविदात्मक प्रावधानों का एक पक्षकार बन जाती है। व्यापार प्राप्तियों/व्यापार देयताओं, जिनका मापन प्रारंभ में लेन-देन की तारीख को किया जाता है, को छोड़ कर सभी वित्तीय सम्पत्तियों और देयताओं को प्रारंभिक मान्यता में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है। लेन-देन लागतें जो प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय सम्पत्तियों तथा वित्तीय देयताओं, जो लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर नहीं हैं, के अधिग्रहण अथवा जारी किए जाने के कारण नहीं हैं उन्हें प्रारंभिक मान्यता में उचित मूल्य में जोड़ा जाता है/से घटाया जाता है।

अनुवर्ती मापन

(क) बाद में यदि वित्तीय सम्पत्तियों को एक ऐसे व्यापार मॉडल में रखा जाता है जिसका उद्देश्य नकद प्रवाह एकत्रित करने के लिए संपत्ति को रोक कर रखना है और वित्तीय संपत्ति की संविदात्मक शर्तें विशिष्ट तारीखों पर ऐसे नकद प्रवाह में वृद्धि लाती हैं जो केवल प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) का प्रयोग करके लंबित मूलधन पर मूल तथा ब्याज के भुगतान हैं तो इनका मापन परिशोधित लागत पर किया जाता है। ईआईआर परिशोधन को लाभ एवं हानि के विवरण में वित्त आय में शामिल किया जाता है। खराबी से होने वाले नुकसान को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

(ड) लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय संपत्तियाँ वित्तीय सम्पत्तियों का मापन लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है जब तक कि इसे परिशोधित लागत पर वर्गीकृत न किया जाए।

(ग) लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में व्यापार के लिए रखी गई वित्तीय देयताएँ और प्रारंभिक मान्यता में उचित मूल्य पद्धति के माध्यम से उचित मूल्य पर निर्धारित वित्तीय देयताएँ शामिल हैं।

अन्य सभी वित्तीय देयताओं का मापन बाद में ईआईआर पद्धति का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर किया जाता है। जब देयताओं की मान्यता समाप्त की जाती है तब ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया से भी लाभ एवं हानि के विवरण में लाभ एवं हानि को मान्यता दी जाती है।

कंपनी के पास गैर-व्युत्पन्न वित्तीय साधन हैं। गैर-व्युत्पन्न वित्तीय साधनों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) वित्तीय संपत्तियाँ, जिनमें नकद और नकद समकक्ष, इक्विटी में निवेश, व्यापार प्राप्तियाँ, परियोजना प्राधिकरणों द्वारा प्रतिधारित राशि, बिल नहीं किए गए राजस्व, कर्मचारी और अन्य अग्रिम (दी गई जमानत राशि सहित जो कंपनी को वापस की जा सकती है) शामिल हैं।

(ii) वित्तीय देयताएँ, जिनमें व्यापार देयताएँ, संविदात्मक भुगतानों से धारित राशि (ली गई जमानत राशि सहित जिसे कंपनी द्वारा वापस लौटाया जाना होता है) शामिल हैं।

प्रारंभिक मान्यता के बाद गैर-व्युत्पन्न साधनों का मापन निम्नानुसार किया जाता है:

(i) नकद और नकद समकक्ष:

नकद में कंपनी के पास उपलब्ध नकद राशि और बैंकों में जमा की गई माँग जमा राशि शामिल है। नकद समकक्ष में अधिग्रहण की तारीख से तीन माह अथवा इससे कम की मूल परिपक्वता वाली लघु अवधि जमा शामिल है जो तुरंत नकद की ज्ञात मात्र में बदली जा सकती हैं और जिनमें मूल्य बदलने का जोखिम न के बराबर हो। नकद और नकद समकक्ष में बैंकों में वह शेष राशि शामिल है जिसे निकाले जाने और उपयोग किए जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

(ii) सहायक में निवेश

सहायक में निवेश को लागत के अनुसार (भारतीय लेखा मानक 27 के अनुसार) जिसमें सहायक कम्पनी में 98-89% इक्विटी का अधिग्रहण करने के लिए भुगतान करने के लिए विचार शामिल है।

निवेश- अन्य

भारतीय लेखांकन मानक 109 के तहत सभी इक्विटी निवेशों का मापन उचित मूल्य पर किया जाता है। जिन इक्विटी साधनों को व्यापार के लिए रखा जाता है उन्हें लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर वर्गीकृत किया जाता है। अन्य सभी इक्विटी साधनों के लिए कंपनी इसे अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीओसीआई) पर अथवा लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर वर्गीकृत करने का निर्णय करती है।

(iii) परिशोधित लागत पर वित्तीय संपत्तियाँ

ऋणों, अग्रिम को वर्तमान वित्तीय संपत्तियों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, केवल उन संपत्तियों को छोड़ कर जो रिपोर्टिंग तारीख के बाद 12 माह से अधिक समय बाद परिपक्व होती हैं जिन्हें गैर-वर्तमान वित्तीय संपत्तियों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। ऋणों और प्राप्तियों को प्रारंभ में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है और बाद में इनका मापन प्रभावी ब्याज पद्धति (ईआईआर) का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर किया जाता है।

(iv) लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय संपत्तियाँ

एक वित्तीय संपत्ति जिसे उपयुक्त में से किसी भी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया गया है उसका मापन बाद में लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर किया जाता है।

वित्तीय साधनों की मान्यता समाप्त करना

एक वित्तीय संपत्ति की मान्यता समाप्त कर दी जाती है जब:

कंपनी ने उल्लेखनीय रूप से संपत्ति के सभी जोखिम तथा लाभ हस्तांतरित कर दिए हैं, अथवा कंपनी ने उल्लेखनीय रूप से न तो संपत्ति के सभी जोखिमतथा लाभ हस्तांतरित किए हैं और न ही अपने पास रखें हैं, परंतु संपत्ति का नियंत्रण हस्तांतरित कर दिया है।

एक वित्तीय देयता अथवा वित्तीय देयता के एक हिस्से को तुलन पत्र से बाहर कर दिया जाता है जब संविदा में विनिर्धारित दायित्व का निर्वहन कर दिया जाता है, रद्द कर दिया जाता है अथवा समाप्त हो जाता है। जब किसी वर्तमान वित्तीय देयता को उसी ऋणदाता की ओर से उल्लेखनीय रूप से भिन्न शर्तों पर किसी दूसरी देयता से बदला जाता है अथवा एक वर्तमान देयता की शर्तों में उल्लेखनीय संशोधन किया जाता है तो ऐसे विनिमय अथवा संशोधन को मूल देयता की मान्यता समाप्त किया जाना और एक नई देयता को मान्यता दिया जाना माना जाता है। संगत मूल कीमतों में अंतर को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

1.7 हानि

क. वित्तीय संपत्तियाँ:
(उचित मूल्य को छोड़ कर)

भारतीय लेखांकन मानक 109 के अनुसार कंपनी वित्तीय संपत्तियों के लिए संपत्ति-हानि से होने वाले नुकसान के मापन एवं इसे मान्यता देने के लिए अपेक्षित क्रेडिट नुकसान (ईसीएल) मॉडल अपनाती है।

ईसीएल संविदा के अनुसार कंपनी को देय सभी संविदात्मक नकद प्रवाह और कंपनी को प्राप्त होने की संभावना वाले अपेक्षित सभी नकद प्रवाह के बीच का अंतर होता है। नकद प्रवाह का अनुमान करते समय कंपनी को निम्नलिखित पर विचार करना होता है:-

- संपत्तियों के अनुमानित जीवन में वित्तीय संपत्तियों की सभी संविदात्मक शर्तें (पूर्व-भुगतान और विस्तार सहित)।
- जमानत के रूप में धारित वस्तु की बिक्री अथवा संविदात्मक शर्तों के अभिन्न हिस्से के रूप में अन्य क्रेडिट संवर्धन से नकद प्रवाह।

व्यापार प्राप्तियाँ

एक व्यावहारिक उपाय के रूप में कंपनी ने अनुमानित हानि अथवा व्यापार प्राप्तियों को मान्यता देने के लिए प्रावधान मैट्रिक्स पद्धति का प्रयोग करके सरलीकृत दृष्टिकोण अपनाया है। प्रावधान मैट्रिक्स व्यापार प्राप्तियों के अनुमानित जीवन में दर्ज की गई ऐतिहासिक डिफॉल्ट दरों पर आधारित होती है और दूरंदेशी अनुमानों के लिए इसे समायोजित किया जाता है। प्रत्येक रिपोटिंग तारीख को ऐतिहासिक डिफॉल्ट दरों को अद्यतन किया जाता है और दूरंदेशी अनुमानों में परिवर्तनों का विश्लेषण किया जाता है। इसके अतिरिक्त इस विश्लेषण के लिए प्राप्तियों को खंडो में विभाजित किया जाता है जहाँ प्राप्तियों की क्रेडिट जोखिम विशेषताएँ समान होती हैं।

गैर-वित्तीय संपत्तियाँ:

(मूर्त और अमूर्त संपत्तियाँ)

एक संपत्ति को हानिप्रद समझा जाता है जब इसकी मूल कीमत इससे प्राप्त हो सकने वाली राशि (अर्थात उचित मूल्य में से बिक्री लागत और उपयोग में मूल्य को घटाने के बाद प्राप्त राशियों में से उच्च राशि) से अधिक हो जाती है। संपत्ति-हानि से होने वाले नुकसान को उस वर्ष लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है जिस वर्ष संपत्ति को हानिप्रद के रूप में चिहनित किया जाता है। पूर्ववर्ती लेखांकन अवधियों में चिन्हित संपत्ति-हानि को बदल दिया जाता है यदि इससे प्राप्त हो सकने वाली राशि के अनुमान में परिवर्तन होता है और ऐसी हानि विद्यमान नहीं रहती है अथवा घट जाती है। संपत्ति-हानि को बदलने को पूर्व में मान्य अथवा संतुलित की गई संपत्ति-हानि की सीमा तक लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

बट्टे खाते में डालना

वित्तीय संपत्तियाँ

(उचित मूल्य पर संपत्तियों को छोड़ कर)

व्यापार प्राप्तियों, प्रतिधारण राशि और दस वर्ष से अधिक अवधि के लिए लंबित जमानत राशि सहित ऐसी संपत्तियों को बट्टे खाते में डाल दिया जाता है।

गैर-वित्तीय संपत्तियाँ (मूर्त और अमूर्त संपत्तियाँ)

संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण, अमूर्त संपत्तियों, वस्तु सूची आदि सहित ऐसी संपत्तियों को बट्टे खाते में डाल दिया जाता है जब प्रबंधन की राय में ऐसी संपत्तियाँ जीर्ण-शीर्ण, मरम्मत किए जाने की सीमा से परे क्षतिग्रस्त, चोरी और उपयोग हेतु अलाभकर हो गई हैं।

सम्पत्ति सूची की ऐसी मदों को जब बट्टे खाते में डाल दिया जाता है। तब प्रबंधन की राय में, ऐसी मदें बाधा, मरम्मत किए जाने की सीमा से परे, चोरी और उपयोग हेतु अलाभकर हो गई है।

1.8 प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक संपत्तियाँ

(i) प्रावधानों को तभी मान्यता दी जाती है जबः

क. कंपनी पर किसी पूर्व की घटना के परिणामस्वरूप वर्तमान में कोई दायित्व (कानूनी अथवा निर्माण संबंधी) है

ख. इससे संभवतः भविष्य में संसाधनों का बहिर्वाह होगा और इससे होने वाले आर्थिक लाभों के दायित्व का निर्वहन करने में आवश्यकता होगी और

ग. दायित्व की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है।

दायित्व का निर्वहन करने के लिए आवश्यक नकद प्रवाह का अनुमान लगा कर प्रावधान का निर्धारण किया जाता है और यदि धन के समय मूल्य का प्रभाव महत्वपूर्ण है तो प्रावधानों की मूल कीमत नकद बहिर्वाह का वर्तमान मूल्य होती है। एक प्रावधान के रूप में मान्य राशि दायित्व से संबंधित जोखिमों और अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए रिपोटिंग की तारीख को वर्तमान दायित्व का निपटान करने के लिए आवश्यक राशि का सर्वश्रेष्ठ अनुमान है।

(ii) आकस्मिक देयताओं को मान्यता नहीं दी जाती परंतु निम्नलिखित में से किसी मामले में इन्हें टिप्पणियों में प्रकट किया जाता है:-

क. किसी पूर्व की घटना के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व, जब यह संभावना न हो कि दायित्व के निपटान के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी। अथवा

ख. वर्तमान दायित्व का एक विश्वसनीय अनुमान नहीं किया जा सकता। अथवा

ग. संसाधनों के बहिर्वाह की संभाव्यता को छोड़ कर एक दायित्व की संभावना बहुत कम है।

आकस्मिक देयता निपटान के लिए संभावित बहिर्वाह को ध्यान में रखते हुए अनुमानित प्रावधानों का निवल है।

(iii) आकस्मिक संपत्तियों को मान्यता नहीं दी जाती परंतु इन्हें तब प्रकट किया जाता है जब किसी आर्थिक लाभ का अंतर्वाह संभाव्य होता है।

आकस्मिक संपत्तियों, आकस्मिक देयता और आकस्मिक देयताओं के लिए आवश्यक प्रावधानों की प्रत्येक तुलन पत्र तारीख को समीक्षा की जाती है।

1.9 कर्मचारियों के लिए लाभ

1.9.1 परिभाषित अंशदान योजना

एक परिभाषित अंशदान योजना एक सेवानिवृत्ति-पश्चात लाभ योजना होती है जिसके अंतर्गत एक इकाई विभिन्न कोषों में निर्धारित अंशदान जमा करती है और उस पर इसके अतिरिक्त किसी राशि का भुगतान करने का कोई कानूनी अथवा रचनात्मक दायित्व नहीं होगा। कंपनी ऐसे कोषों/स्कीमों को भुगतान किए जाने वाले अंशदान को व्यय मानती है, जब कोई कर्मचारी संबंधित सेवाएँ दे देता है। यदि बैलेंस शीट तैयार किए जाने से पहले सेवाओं के लिए स्कीमों हेतु प्राप्त देय अंशदान पहले से ही भुगतान किए गए अंशदान से अधिक है तो इस स्कीम हेतु देय अंतर को भुगतान किए जा चुके अंशदान को घटाने के बाद एक दायित्व माना जाता है। यदि पहले से भुगतान किया जा चुका अंशदान तुलन पत्र तैयार किए जाने से पहले सेवाओं के लिए प्राप्त देय अंशदान से अधिक है तो इस अधिक राशि को उस सीमा तक संपत्ति माना जाता है कि इस पूर्व-भुगतान से, उदाहरण के लिए, भविष्य में भुगतान में कमी होगी अथवा नकद वापसी होगी।

परिभाषित लाभ योजनाओं में अंशदान के दायित्व को लाभ एवं हानि के विवरण में उस अवधि में कर्मचारी लाभ व्यय माना जाता है जिसके दौरान कर्मचारियों द्वारा सेवाएँ दी गई हैं।

कंपनी की एक परिभाषित अंशदान पेंशन स्कीम है जिसे एक अलग ट्रस्ट के माध्यम से प्रबंधित किया जाता है। कंपनी का दायित्व इस ट्रस्ट में उस सीमा तक अंशदान करने का है जो मूल वेतन और महंगाई भत्ते के 30% में से भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, सेवानिवृत्ति-पश्चात चिकित्सा लाभ स्कीम के लिए नियोत्तफ़ा के अंशदान को घटाने के बाद प्राप्त राशि से अधिक न हो। इस कोष में किसी वर्ष के लिए अंशदान को व्यय माना जाता है और इसे लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए मान्यता प्राप्त भविष्य निधि - "वाप्कोस कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट" में अंशदान करती है जो कि उस सीमा तक एक परिभाषित लाभ योजना है कि कंपनी पर ट्रस्ट के निवेशों से मिलने वाले प्रतिफल के अधिसूचित ब्याज दर से कम होने की स्थिति में कमी को पूरा करने का दायित्व है। इस संबंध में कंपनी का दायित्व एक बीमांकक द्वारा निर्धारित किया जाता है और यदि परिस्थितियाँ दर्शाती हैं कि ट्रस्ट सरकार द्वारा अधिसूचित ब्याज दरों को कवर करने के लिए पर्याप्त प्रतिफल सृजित करने में सक्षम नहीं होगा तो इसके लिए कदम उठाए जाते हैं। कोष में कंपनी के अंशदान को लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

1.9.2 **परिभाषित लाभ योजनाएँ**

1.9.2.1 **ग्रेच्युटी**

कंपनी पात्र नियमित और संविदा कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, एक परिभाषित लाभ योजना, उपलब्ध कराती है। ग्रेच्युटी योजना में निहित कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति, मृत्यु, अशक्तता, अथवा रोजगार की शर्तों को पूरा करने पर संबंधित कर्मचारी के वेतन और सेवा की अवधि के आधार पर एक राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाता है।

ग्रेच्युटी योजना के संबंध में देयताएँ निम्नानुसार वर्ष के अंत में एक स्वतंत्र बीमांकक द्वारा निष्पादित "अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति" का प्रयोग करके प्रत्येक रिपोटिंग तारीख को बीमांकित मूल्यांकन द्वारा निर्धारित की जाती हैं:

(i) कंपनी ने एक ग्रेच्युटी ट्रस्ट निधि बनाई है जिसका प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा किया जा रहा है जो अंशदान का निवेश भारत के कानून द्वारा अनुमत्य स्कीमों में करता है।

(ii) कंपनी एक परिभाषित लाभ योजना के निवल दायित्व को बैलेंस शीट में एक संपत्ति अथवा देयता के रूप में मान्यता देती है।

(iii) निवल परिभाषित देयता/(संपत्ति) के पुनः मापन के माध्यम से लाभ अथवा हानि को अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्यता दी जाती है।

(iv) परिभाषित लाभ दायित्व के मापन के लिए प्रयुक्त छूट दर को लागू करके परिकलित लब्धि से अधिक राशि के योजना संपत्तियों के पोर्टफोलियो के वास्तविक प्रतिफल को अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्यता दी जाती है।

(v) सेवा लागत तथा निवल ब्याज लागत/ निवल परिभाषित लाभ देयता पर (आय)/ (संपत्ति) को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है। किसी योजना संशोधनों के प्रभावों, यदि कोई हो, को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

1.9.2.2 **प्रतिपूर्ति की गई अनुपस्थिति**

कंपनी प्रतिपूर्ति की गई अनुपस्थिति के लिए परिभाषित लाभ योजना प्रचालित करती है। ऐसे परिभाषित लाभ प्रदान करने की लागत "अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति" का प्रयोग करके प्रत्येक बैलेंस शीट तारीख को बीमांकित मूल्यांकन द्वारा निर्धारित की जाती है।

1.9.2.3 **सेवानिवृत्ति-पश्चात् चिकित्सा लाभ स्कीम**

सेवानिवृत्ति-पश्चात चिकित्सा लाभों के दायित्व का निर्धारण अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का प्रयोग करके प्रत्येक बैलेंस शीट तारीख को बीमांकित मूल्यांकन द्वारा किया जाता है। बीमांकित लाभों/नुकसानों को अन्य व्यापक आय के विवरण में मान्यता दी जाती है।

1.9.2.4 अन्य लघु-अवधि लाभों की गणना उस अवधि में की जाती है जिसके दौरान सेवाएं दी गई हैं और तदनुसार लाभ और हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है।

1.10 लीज

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने अधिसूचित किया है कि आने वाले वर्ष या 01 अप्रैल 2019 के बाद से लीज के लिए विद्यमान भारतीय लेखांकन मानक 17 को भारतीय लेखांकन मानक 116 से प्रतिस्थापित किया जाता है।

कंपनी लीजदार के रूप में

मान्यता

लीज के आरम्भ के समय, उपयोग के अधिकार को किसी भी अप्रत्यक्ष लागत सहित परिसंपत्ति और विघटित लागत प्राप्त करने के लिए मान्यता दी

जाएगी (यदि कोई हो), निम्नलिखित मामलों के अतिरिक्त भुगतान न किए गए लीज के वर्तमान मूल्य के समतुल्य देयता समरूपी लीज के साथ लीज प्रोत्साहन को कम करेंगी:

i) शॉर्ट लघु अवधी पट्टा या टर्म लीज

ii) लीज जिनके लिए कम मूल्य की संपत्ति अंतर्निहित है

लीज शॉर्ट टर्म या लो वैल्यू होने के मामले में, उन पट्टों से जुड़े लीज पेमेंट को लीज टर्म या किसी अन्य व्यवस्थित आधार पर स्ट्रेट-लाइन आधार पर व्यय के रूप में लिया जाएगा। लीजदार के रूप में कंपनी एक और व्यवस्थित आधार लागू करती है यदि वह आधार कंपनी के पैटर्न के अधिक प्रतिनिधि के रूप में लीजदार के लाभ के रूप में है।

लीज की अवधि में वित्त लागत में होने से लीज भुगतान के ब्याज तत्व को लाभ व हानि विवरण में चार्ज किया जाता है।

अनुवर्ती मापन (मूल्यह्रास)

अंतर्निहित परिसंपत्ति के उपयोगी कार्यकाल या पट्टा अवधि की वैधता का उपयोग का अधिकार, जो भी कम है और हानि के अधीन है।

अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी कार्यकाल और उपयोग के अधिकार के मूल्यह्रास के तरीकों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है और उचित रूप से समायोजित की जाती है।

लीज की देयता का पुनः मापन

लीज देनदारी फिर से मापी जाती है (उपयोग परिसंपत्ति के अधिकार के अनुरूप समायोजन के साथ) जबः

1. लीज अवधि को संशोधित किया जाता है - लीजदार को यह आश्वस्त करना चाहिए कि क्या विस्तार विकल्प का प्रयोग करना उचित है, या एक महत्वपूर्ण विकल्प या परिस्थितियों में बदलाव होने पर समाप्ति के विकल्प का प्रयोग न करेंः
    - लीजदार के नियंत्रण में है। तथा
    - प्रभाव क्या अनुपालन (या गैर-अनुपालन) यथोचित निश्चित है।
2. एक सूचकांक या दर के आधार पर लीज का भुगतान संशोधित किया जाता है।
3. लीज को संशोधित किया गया है
4. अवशिष्ट मूल्य की गारंटी के तहत भुगतान की जाने वाली राशियों में एक बदलाव है।

एक लीजदार संशोधित लीज के भुगतान को छूट देकर लीज देयता को अस्वीकार करेगा, यदि या तोः

(क) अवशिष्ट मूल्य की गारंटी के तहत देय राशि में बदलाव की उम्मीद है। अवशिष्ट मूल्य गारंटी के तहत देय राशि में परिवर्तन को प्रतिबिंबित करने के लिए एक लीजदार संशोधित लीज भुगतान का निर्धारण करेगा।

(ख) भविष्य के लीज के भुगतान में बदलाव होता है, जिसके परिणामस्वरूप एक सूचकांक या उन भुगतानों को निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली दर शामिल है, उदाहरण के लिए बाजार किराए की समीक्षा के बाद बाजार किराये की दरों में बदलाव को प्रतिबिंबित करने के लिए एक बदलाव। लीजदार उन देय लीज भुगतानों को प्रतिबिंबित करने के लिए पट्टा देयता को वापस करेगा, जब नकदी प्रवाह में परिवर्तन होता है (यानी जब लीज के भुगतान में समायोजन प्रभावी होता है)। एक लीजदार संशोधित संविदात्मक भुगतानों के आधार पर लीज की शेष अवधि के लिए संशोधित पट्टा भुगतानों का निर्धारण करेगा।

लीजदार अपरिवर्तित छूट दर का उपयोग करेगा, जब तक कि लीज के भुगतान में परिवर्तन से फ्लोटिंग ब्याज दरों में परिवर्तन नहीं होता है। उस मामले में, लीजदार एक संशोधित छूट दर का उपयोग करेगा जो ब्याज दर में परिवर्तन को दर्शाता है।

लीज संशोधन

लीजदार एक लीज के संशोधन के लिए एक अलग लीज के रूप में खाता होगा यदि दोनों:

(क) संशोधन एक या अधिक अंतर्निहित परिसंपत्तियों का उपयोग करने का अधिकार जोड़कर लीज के दायरे को बढ़ाता है। तथा

(ख) लीज के लिए विचार राशि में वृद्धि की गुंजाइश के लिए स्टैंड-अलोन मूल्य के साथ कम हो जाता है और उस अनुबंध के लिए किसी भी उपयुक्त समायोजन के लिए किसी भी उपयुक्त समायोजन विशेष अनुबंध की परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करने के लिए।

लीज के संशोधन के लिए जिसका अलग लीज के रूप में हिसाब नहीं है, पट्टा संशोधन की प्रभावी तिथि पर लीजदार करेगाः

(क) संशोधित अनुबंध में विचार को आवंटित करें

(ख) संशोधित लीज की लीज अवधि निर्धारित करें

(ग) संशोधित छूट भुगतानों को संशोधित छूट दरों का उपयोग करके पट्टा देयता को पुनः प्राप्त करें। संशोधित छूट दर को लीज अवधि के शेष के लिए लीज में निहित ब्याज दर के रूप में निर्धारित किया जाता है, अगर उस दर को आसानी से निर्धारित किया जा सकता है, या संशोधन की प्रभावी तिथि पर लीजदार की वृद्धिशील उधार दर, यदि ब्याज दर में निहित है। पट्टा आसानी से निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

एक लीज संशोधन के लिए जिसका अलग लीज के रूप में हिसाब नहीं है, लीजदार लीज देनदारी की पुनर्भुगतान के लिए जिम्मेदार होगाः

(क) लीज के संशोधनों के लिए लीज के आंशिक या पूर्ण समाप्ति को प्रतिबिंबित करने के लिए उपयोग की गई परिसंपत्ति की वहन राशि को कम करना, जो लीज के दायरे को कम करता है। लीजदार लाभ या नुकसान को पहचान सकता है या लीज की आंशिक या पूर्ण समाप्ति से संबंधित कोई लाभ या हानि।

(ख) अन्य सभी लीज संशोधनों के लिए उपयोग की जाने वाली संपत्ति के लिए एक संगत समायोजन करना

(ग) एक व्यावहारिक समीचीन के रूप में, एक लीजदार यह आकलन नहीं करने का चुनाव कर सकता है कि क्या पैरा 46बी में शर्तों को पूरा करने वाली किराया रियायत एक पट्टा रियायत है। एक लीजदार जो इस चुनाव को करता है, वह किराया रियायत के परिणामस्वरूप लीज के भुगतान में किसी भी बदलाव के लिए जिम्मेदार होगा, उसी तरह यह इस मानक को लागू करने वाले परिवर्तन के लिए जिम्मेदार होगा यदि परिवर्तन एक पट्टा संशोधन नहीं था

(घ) कोविड 19 महामारी के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में होने वाली किराया रियायत और केवल तभी जब निम्नलिखित सभी शर्तें पूरी होती हैंः -

(i) लीज के भुगतान में परिवर्तन के परिणामस्वरूप लीज के लिए संशोधित प्रतिफल होता है जो काफी हद तक परिवर्तन से ठीक पहले लीज के प्रतिफल के समान या उससे कम होता है।

(ii) लीज के भुगतान में कोई भी कमी केवल 30 जून, 2021 को या उससे पहले मूल रूप से देय भुगतानों को प्रभावित करती है (एक रियायत इस शर्त को पूरा करेगी यदि इसके परिणामस्वरूप 30 जून 2021 को या उससे पहले लीज के भुगतान में कमी आती है, और लीज के भुगतान में वृद्धि होती है जो इससे आगे बढ़ती है 30 जून 2021)।

(iii) लीज के अन्य नियमों और शर्तों में कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं हुआ है।

वि-मान्यता

प्रारंभ में मान्यता प्राप्त उपयोग संपत्ति का अधिकार निपटान या जब इसके उपयोग या निपटान से कोई भविष्य के आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं की जाती है। उपयोग की संपत्ति के अधिकार की मान्यता को लेकर उत्पन्न कोई भी लाभ या हानि (शुद्ध निपटान आय और संपत्ति की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में गणना) लाभ और हानि खातें के विवरण में शामिल है जब उपयोग संपत्ति का अधिकार है पहचाना हुआ।

एक पट्टेदार के रूप में कंपनी

वित्त पट्टा

कंपनी एक वित्तीय लीज के तहत धारित संपत्ति को लीज में शुद्ध निवेश के बराबर राशि पर प्राप्य के रूप में पहचानती है। कंपनी लीज अवधि में वित्त आय को सीधे-सीधे आधार पर मान्यता देती है, जो लीज में शुद्ध निवेश पर रिटर्न की निरंतर आवधिक दर को दर्शाती है।

परिचालन पट्टा

जिन पट्टों में कंपनी किसी परिसंपत्ति के स्वामित्व के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को पर्याप्त रूप से हस्तांतरित नहीं करती है, उन्हें परिचालन पट्टों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। परिचालन पट्टों के तहत लीज पर दी गई संपत्ति को पूंजीकृत किया जाता है। किराये की आय को लीज की अवधि के दौरान सीधी-रेखा के आधार पर मान्यता दी जाती है, सिवाय इसके कि किराए में अनुसूचित वृद्धि कंपनी को अपेक्षित मुद्रास्फीति लागत के साथ मुआवजा देती है।

1.11 विदेशी मुद्रा लेन-देन

वित्तीय विवरण भारतीय रुपये में प्रस्तुत किए जाते हैं जो कंपनी की कार्यात्मक तथा प्रस्तुतीकरण मुद्रा है। एक कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा वह होती है जो प्रमुख आर्थिक वातावरण की मुद्रा होती है जिसमें कंपनी प्रचालन करती है।

विदेशी मुद्रा में लेन-देन प्रारंभ में कंपनी द्वारा उस तारीख की कार्यात्मक मुद्रा स्पॉट दरों पर रिकॉर्ड किए जाते हैं जब यह लेन-देन सर्वप्रथम मान्यता के लिए पात्र होता है। तथापि व्यावहारिक कारणों से कंपनी एक उपलब्ध औसत दर का प्रयोग करती है जब लेन-देन की तारीख को यह औसत वास्तविक दर के लगभग समान होता है।

विदेशी मुद्रा में अंकित मौद्रिक संपत्तियाँ और देयताएँ रिपोटिंग की तारीख को विनिमय की कार्यात्मक मुद्रा स्पॉट दरों पर बदली जाती हैं।

निपटान के समय विनिमय में होने वाले अंतर अथवा मौद्रिक वस्तुओं के परिवर्तन को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

गैर-मौद्रिक संपत्तियों तथा देयताओं, जिनका मापन विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक लागत के अनुसार किया जाता है, को पुनः बदला नहीं जाता।

1.12 आय कर

1.12.1 वर्तमान आय कर

वर्तमान आय कर संपत्तियों और देयताओं का मापन कराधान प्राधिकरणों से प्राप्त किए जाने वाली अथवा उन्हें भुगतान किए जाने वाली अपेक्षित राशि पर किया जाता है। राशि की गणना करने के लिए प्रयुक्त दरें और कर कानून वे होते हैं जो रिपोटिंग की तारीख को भारत में अधिनियमित किए गए हैं अथवा मूल रूप से अधिनियमित किए गए हैं।

प्रबंधन ऐसी स्थितियों, जिनमें लागू कर विनियम विवेचना के शर्ताधीन है, के संबंध में कर आकलनों में अपनाई गई स्थितियों का आवधिक रूप से मूल्यांकन करता है और जहाँ उचित हो वहाँ प्रावधान स्थापित करता है।

वर्तमान कर संपत्तियों द्वारा वर्तमान कर दायित्वों को संतुलित किया जाता है, यदि और केवल यदि मान्य राशि की प्रतिपूर्ति करने के लिए एक कानूनी रूप से लागू अधिकार विद्यमान है और निवल आधार पर निपटान करने अथवा संपत्ति को बेचने और साथ-साथ देयता का निपटान करने का इरादा हो।

अंतिम रूप से कर प्राधिकरणों/अपीलीय प्राधिकरणों द्वारा लगाए गए/लागू किए गए अतिरिक्त करों, ब्याज और/अथवा जुर्मानों को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

लाभ एवं हानि के बाहर मान्यता प्राप्त मदों से संबंधित वर्तमान कर को लाभ एवं हानि के बाहर मान्यता दी जाती है (अन्य व्यापक आय में अथवा इक्विटी में)।

1.12.2 आस्थगित आय कर

रिपोटिंग की तारीख को वित्तीय रिपोर्टग के उद्देश्यों से आस्थगित कर संपत्तियों तथा देयताओं के कर आधारों और उनकी मूल कीमतों के बीच अस्थायी अंतर पर प्रदान किया जाता है।

आस्थगित कर संपत्तियों को सभी छूट योग्य अस्थायी अंतरों, अप्रयुक्त कर क्रेडिट के आगे ले जाए गए भाग और किन्हीं अप्रयुक्त कर नुकसानों के लिए मान्यता दी जाती है। आस्थगित कर संपत्तियों को उस सीमा तक मान्यता दी जाती है कि यह संभाव्य है कि कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके विरुद्ध छूट योग्य अस्थायी अंतरों, अप्रयुक्त कर क्रेडिट के आगे ले जाए गए भाग और अप्रयुत्तफ़ कर नुकसानों का उपयोग किया जा सकता है।

आस्थगित कर संपत्तियों की मूल कीमत की प्रत्येक रिपोटिंग तारीख पर समीक्षा की जाती है और इसे उस सीमा तक घटाया जाता है कि यह संभाव्य न रहे कि आस्थगित कर संपत्ति का पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से उपयोग करने की अनुमति देने हेतु पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध हो सके। गैर-मान्यताप्राप्त आस्थगित कर संपत्तियों का प्रत्येक रिपोटिंग तारीख को पुनःआकलन किया जाता है और उस सीमा तक इन्हें मान्यता दी जाती है कि यह संभाव्य हो जाए कि भविष्य में कर योग्य लाभ से आस्थगित कर संपत्ति को वापस प्राप्त किया जा सकेगा।

आस्थगित कर संपत्तियों और देयताओं का मापन उन कर दरों (और कानूनों), जिन्हें रिपोटिंग तारीख को अधिनियमित किया गया है अथवा मूल रूप से अधिनियमित किया गया है, के आधार पर उन दरों पर किया जाता है जिनके उस वर्ष में लागू होने की संभावना हो जब संपत्ति को बेचा जाता है अथवा देयता का निपटान किया जाता है।

लाभ एवं हानि के बाहर मान्यताप्राप्त मदों से संबंधित आस्थगित कर को लाभ एवं हानि के बाहर मान्यता दी जाती है (अन्य व्यापक आय में अथवा इक्विटी में)।

आस्थगित कर संपत्तियों और आस्थगित कर दायित्वों को संतुलित किया जाता है, यदि वर्तमान कर संपत्तियों से वर्तमान कर दायित्वों को पूरा करने के लिए एक कानूनी रूप से लागू अधिकार विद्यमान है और आस्थगित कर उसी कर योग्य इकाई और उसी कराधान प्राधिकरण से संबंधित है।

1.13 दरें और कर

भारत में अथवा विदेश में भुगतान किए गए/उपार्जित विदेशी कार्यों पर विदेशी कर, सेवा कर, जीएसटी, मूल्य वर्धित कर, समान कर, पेशेवर कर, संपत्ति कर, प्रवेश कर, श्रम उपकर, चुंगी आदि जिसके लिए कंपनी के पास क्रेडिट उपलब्ध नहीं हैं उन्हें लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

1.14 पूर्व-भुगतान व्यय और पूर्व अवधि समायोजन

पूर्व-भुगतान व्यय

पूर्व-भुगतान व्यय आने वाले वर्ष में, कंपनी की वर्तमान / गैर - वर्तमान परिसंपत्तियों के रूप में व्यवहार किया जाता है, जैसा कि मामला हो सकता है और इसे संबंधित वित्तीय वर्ष के व्यय / आय के रूप में माना जाता है, जो इसके अंतर्गत आता है जिसके संबंधित वर्ष के लेखों के प्राकृतिक शीर्ष में डाला जाता है।

पूर्व अवधि समायोजन

पूर्व अवधि समायोजन में प्रस्तुत की गई त्रुटियों के लिए तुलनात्मक मात्र को बहाल करके पूर्ववर्ती त्रुटियों को पूर्व अवधि रूप से ठीक किया जाता है। यदि प्रस्तुत की गई आरंभिक अवधि से पहले त्रुटि हुई है, प्रस्तुत की गई प्रारंभिक अवधि के लिए परिसंपत्ति देयता और इक्विटी का प्रारंभिक संतुलन, तब तक बहाल किया जाता है जब तक कि यह अव्यावहारिक न हो, इस मामले में, तुलनात्मक जानकारी को नई लेखांकन नीति को जल्द से जल्द लागू करने के लिए समायोजित किया जाता है।

1.15 परिसमापन नुकसान/दावे

परिसमापन नुकसानों/दावों पर प्रवेश आधार पर विचार किया जाता है और इन्हें क्रिस्टलीकरण के संबंध में लाभ एवं हानि के विवरण में व्यय/आय के रूप में मान्यता दी जाती है।

1.16 कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी निधि

कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी क्रियाकलापों के लिए संविधि के तहत लाभों के निर्धारित प्रतिशत में से शेष अव्ययित राशि, यदि कोई हो, को भविष्य में उपयोग के लिए सीएसआर निधि खाते में समायोजित किया जाता है।

1.17 लाभांश:

शेयरों पर अंतिम लाभांश को शेयरधारकों द्वारा अनुमोदन की तारीख को देयता के रूप में रिकॉर्ड किया जाता है और अंतरिम लाभांश को कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा घोषित किए जाने की तारीख को देयता के रूप में रिकॉर्ड किया जाता है।

1.18 प्रति शेयर आय

प्रति शेयर आधारभूत आय का निर्धारण करने में इक्विटी शेयरधारकों के कारण निवल लाभ को अवधि के दौरान लंबित इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित किया जाता है।

प्रति शेयर कम की गई आमदनी का निर्धारण करने में इक्विटी शेयरधारकों के कारण निवल लाभ को प्रति शेयर आधारभूत आय के लिए विचारित इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और सभी आमदनी कम करने की संभावना वाले इक्विटी शेयरों को बदलने पर जारी किए जा सकने वाले इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से भी विभाजित किया जाता है। आमदनी कम करने की संभावना वाले इक्विटी शेयरों को अवधि के प्रारंभ में परिवर्तित होने की प्रक्रिया में माना जाता है, यदि इन्हें बाद की तारीख में जारी न किया जाए। आमदनी कम करने की संभावना वाले इक्विटी शेयरों का निर्धारण प्रस्तुत की गई प्रत्येक अवधि के लिए स्वतंत्र रूप से किया जाएगा।

निदेशक मंडल द्वारा वित्तीय विवरणों के अनुमोदन से पहले किए गए परिवर्तनों सहित जारी किए जाने वाले बोनस शेयरों हेतु प्रस्तुत सभी अवधियों के लिए इक्विटी शेयरों और आमदनी कम करने की संभावना वाले इक्विटी शेयरों की संख्या को पूर्वव्यापी प्रभाव से समायोजित किया जाता है।

1.19 नकद प्रवाह का विवरण

नकद प्रवाह के विवरण के प्रस्तुतीकरण के उद्देश्य से नकद और नकद समकक्ष में उपलब्ध नकद, माँग जमा सहित बैंकों के पास शेष राशि, अन्य लघु अवधि अत्यधिक तरल निवेश जो मूल्य में परिवर्तन के गैर-महत्वपूर्ण जोखिम के शर्ताधीन हों, जिन्हें आसानी से नकद की ज्ञात मात्रा में बदला जा सके और जिनकी परिपक्वता अवधि अधिग्रहण अथवा निवेश की तारीख से तीन माह अथवा इससे कम हो। प्रचालन, वित्तपोषण और निवेश क्रियाकलापों से नकद प्रवाह को अलग-अलग किया जाता है।

1.20 अवकाश यात्रा रियायत का लाभ वास्तविक आधार के अनुसार किया जाता है।

1.21 लागू किए गए किन्तु प्रभावी नहीं मानदंड

हाल ही में की गई लेखांकन संबंधी घोषणाएं

प्रमुख लेखांकन नीति संबंधी जानकारी

कंपनी ने कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा 'लेखांकन नीति सबंधी जानकारी के प्रकटीकरण' हेतु दिनांक 31 मार्च 2023 की अधिसूचना के माध्यम से यथाअधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक 1 – 'वित्तीय विवरणों का प्रस्तुतिकरण' को दिनांक 1 अप्रैल 2023 से अपनाया है। यद्यपि संशोधन के परिणामस्वरूप लेखांकन नीतियों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, लेकिन उन्होंने वित्तीय विवरणों में प्रकट लेखांकन नीति संबंधी जानकारी को प्रभावित किया है। संशोधनों के अंतर्गत 'सिग्निफकेंट ' लेखांकन नीतियों के स्थान पर 'मेटिरियल' प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। यह संशोधन लेखांकन नीतियों के प्रकटीकरण हेतु वास्तविकता की अनुप्रयुक्ता के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान करते हैं, संस्थाओं को उपयोगी, संस्थागत-विशिष्ट लेखांकन नीति की जानकारी प्रदान करने में सहायता करते हैं जो उपयोगकर्ताओं को वित्तीय विवरणों में अन्य जानकारी को समझने के लिए आवश्यक है।

(घ) जारी किए गए मानक जो अभी तक प्रभावी नहीं हैं, कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) समय-समय पर कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली के अंतर्गत नए मानकों अथवा मौजूदा मानकों में संशोधन को अधिसूचित करता है। एमसीए ने मौजूदा मानकों के संबंध में किसी भी प्रकार के नए मानकों या संशोधनों को अधिसूचित नहीं किया है जो 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी हैं।

1.21.1 लेखांकन नीतियों और अनुमान अनिश्चितता को लागू करने संबंधी महत्वपूर्ण प्रबंधकीय निर्णय

भारत में वित्तीय विवरणों को आईएनडीएएस के अनुसार तैयार जाता है जिसके अंतर्गत प्रबंधन को अनुमान और धारणाएं बनाने की आवश्यकता होती है जो वित्तीय विवरणों की तारीख में संपत्तियों, देनदारियों के शेष और आकस्मिक देयताओं के प्रकटीकरण और अवधि के दौरान दिये गए आय और व्यय की मात्रा को प्रभावित करते हैं।

यद्यपि वित्तीय विवरणों के साथ उपयोग किए जाने वाले ये अनुमान और धारणाएं वित्तीय विवरणों की तारीख के अनुसार प्रबंधन द्वारा प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों, जोकि प्रबंधन की राय में विवेकपूर्ण और उचित होते हैं, के मूल्यांकन पर आधारित होते हैं, वास्तविक परिणाम वित्तीय विवरण तैयार करने में उपयोग किए जाने वाले अनुमानों और धारणाओं से भिन्न हो सकते हैं।

लेखांकन अनुमानों में किसी भी संशोधन को संभावित रूप से उस अवधि के लिए अभिज्ञात किया जाता है जिस अवधि में लागू भारतीय लेखा मानकों के अनुसार ज्ञात/वास्तविक परिणाम होते हैं। परिसंपत्तियों, देनदारियों, आय और व्यय को अभिज्ञात करने और उसके मापन पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले अनुमानों और धारणाओं से संबधित जानकारी को नीचे दिया गया है:

मार्च 31, 2024 को समाप्त वर्ष की महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक विवरणों का सारांश

महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्धारण

कंपनी की लेखांकन नीतियों को लागू करने में वित्तीय विवरणों पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्धारक निम्नलिखित हैं :

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की मान्यता

जिस सीमा तक आस्थगित कर परिसंपत्तियों को अभिज्ञात किया जाता है वह कंपनी की भविष्य की कर संभावित आय के आकलन पर आधारित होती है, जिसके संबंध में आस्थगित कर परिसंपत्तियों का उपयोग किया जा सकता है।

परिसंपत्तियों की हानि हेतु संकेतकों का मूल्यांकन

परिसंपत्तियों की हानि के संकेतकों की प्रयोज्यता के मूल्यांकन में महत्वपूर्ण निर्धारक शामिल होते हैं जिसके लिए विभिन्न बाहरी और आंतरिक कारकों का मूल्यांकन करना अपेक्षित होता है जिसके परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों की वसूली योग्य राशि में गिरावट आ सकती है। इन संकेतकों में जारीकर्ता या देनदार की महत्वपूर्ण वित्तीय कठिनाइयां, भुगतान में डिफ़ॉल्ट या दोष, तकनीकी, बाजार, आर्थिक या कानूनी वातावरण, अन्य में महत्वपूर्ण प्रतिकूल परिवर्तन शामिल हो सकते हैं।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

प्रबंधन शेष उपयोगी वस्तुओं और संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों के अवशिष्ट मूल्य का आकलन करता है और उसका मानना है कि निर्दिष्ट उपयोगी वस्तु और अवशिष्ट मूल्य यथोचित हैं।

अनुमान अनिश्चितता

परिसंपत्तियों, देनदारियों, आय और व्यय को अभिज्ञात करने और उनके मापन पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले अनुमानों और मान्यताओं से संबंधित जानकारी नीचे दी गई है:

अग्रिम/प्राप्य राशियों की वसूली

परियोजना/तकनीकी प्रमुख और क्षेत्रीय प्रमुख समय-समय पर अग्रिम और प्राप्य राशियों की वसूली की समीक्षा करते हैं। वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार समीक्षा की जाती है और ऐसे मूल्यांकन के लिए परस्पर प्रतिपक्षों की वित्तीय स्थिति, बाजार जानकारी और अन्य संगत कारकों पर आधारित महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्धारण की आवश्यकता होती है।

परिभाषित लाभ दायित्व (डीओबी)

डीबीओ से संबंधित प्रबंधन अनुमान कई महत्वपूर्ण अंतर्निहित धारणाओं जैसे मुद्रास्फीति की मानक दर, चिकित्सा लागत प्रचलन , मृत्यु दर, छूट दर और भावी वेतन वृद्धि का पूर्वानुमान पर आधारित है। इन अवधारणाओं में भिन्नता डीबीओ राशि और वार्षिक परिभाषित लाभ व्यय को प्रभावित कर सकती है।

आकस्मिकताएं

चूंकि लंबित मामलों के परिणाम का सटीकता के साथ पूर्वानुमान लगाना संभव नहीं है, कंपनी के विरुद्ध आकस्मिकताओं/दावे/मुकदमों के संबंध में संसाधनों के संभावित बहिर्वाह, यदि कोई हो, का अनुमान लगाने हेतु प्रबंधन निर्धारण की आवश्यकता होती है

परिसमापित हानि

परिसमापित क्षति प्राप्त योग्य राशि का अनुमान लगाया जाता है और संविदात्मक शर्तों के अनुसार दर्ज किया जाता है; ठेकेदार/विक्रेता पर लगाए गए अनुमान वास्तविक अनुमान से भिन्न हो सकते हैं।

राजस्व

प्रदर्शन दायित्व के समाधान हेतु प्रतिशत पूर्णता विधि के उपयोग के लिए कंपनी को कुल अपेक्षित लागत के सापेक्ष लागत का अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है। इसके लिए दीर्घकालिक निर्माण और सेवा अनुबंधों के परिणामों का अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है, जिसके लिए कार्य क्षेत्र में परिवर्तन, संतुलित प्रयासों, अनुबंध को पूरा करने संबंधी लागत और समय पर आकलन और निर्णय लेने, जिसमें परिनिर्धारित क्षति हेतु भारित संभावना और संभावित सीमा तक विलम्ब हेतु मूल्य में गिरावट और विश्वसनीय रूप से मापन में सक्षम हों, की आवश्यकता होती है। चूंकि इनपुट और कार्य निष्पादन के समाधान के मध्य सीधा संबंध है, कार्य पूरा होने की दिशा में प्रगति के मापन हेतु लागत और समय लगा है।

पट्टेदार के रूप में संपत्ति पट्टा वर्गीकरण

कंपनी ने कार्यालय/आवासीय परिसरों हेतु पट्टे पर हस्ताक्षर किए हैं।

जैसा कि पट्टे की अवधि वाणिज्यिक संपत्ति के आर्थिक परिपेक्ष्य का एक बड़ा भाग नहीं है और न्यूनतम पट्टे के भुगतान का वर्तमान मूल्य वाणिज्यिक संपत्ति के उचित मूल्य की समग्र राशि नहीं है, यह कि इन संपत्तियों के स्वामित्व हेतु और पट्टों के परिचालन के अनुबंधों के उत्तरदायी है,

कंपनी ने अनुबंधों के नियमों और शर्तों के मूल्यांकन के आधार पर निर्धारण किया है।

अनुमान अनिश्चितता

हानि भत्ते का समायोजन	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
आरंभिक हानि भत्ता	42767.40	36089.00
हानि घाटे की पहचान	6484.75	6678.40
प्रत्यावर्तन / वसूली	0.00	0.00
समापन हानि भत्ता	49252.15	42767.40

ii. चलनिधि जोखिम

कंपनी की चलनिधि के प्रमुख स्रोत नकद और नकद समकक्ष हैं जो प्रचालनों से नकद प्रवाह से सृजित किए जाते हैं। कंपनी पर कोई बकाया बैंक उधार नहीं हैं। कंपनी का मानना है कि प्रचालनों से नकद प्रवाह इसकी वर्तमान चलनिधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

वित्तीय देयताओं की परिपक्वता

नीचे दी गई तालिकाओं में संविदात्मक परिपक्वताओं के आधार पर संगत परिपक्वता समूहों में वित्तीय देयताओं का विश्लेषण किया गया है। तालिका में प्रकट की गई राशि संविदात्मक गैर-छूट प्राप्त नकद प्रवाह हैं। 12 माह के अंदर देय शेष राशि उनके मूल शेष के समान है चूंकि रियायत देने का प्रभाव बहुत कम है।

31 मार्च 2024

(रु. लाख में)

विवरण	नोट संदर्भ	1 वर्ष तक		1 वर्ष एक अधिक		कुल
व्यापार देनदारी	14	127096.85	0	1515.83	0	128612.68
प्रतिभूति जमा और प्रतिधारण राशि	19	1856.65	0	98.19	0	1954.84
कुल		**128953.5**		**1614.02**		**130567.52**

31 मार्च 2023

(रु. लाख में)

विवरण	नोट संदर्भ	1 वर्ष तक	1 वर्ष एक अधिक	कुल
व्यापार देनदारी	14	111879.49	1307.67	113187.16
प्रतिभूति जमा और प्रतिधारण राशि	19	1538.49	97.76	1636.25
कुल		**113417.98**	**1405.43**	**114823.41**

iii. बाजार जोखिम

कंपनी का मूल्य वृद्धि से होने वाला जोखिम अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर रखे गए और तुलन पत्र में वर्गीकृत निवेशों के कारण है।

कंपनी का इक्विटी प्रतिभूति से संबंधित जोखिम कंपनी द्वारा रखे गए और अन्य व्यापक आय (ओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य पर बैलेंस शीट में वर्गीकृत निवेशों के कारण है।

(रु. लाख में)

विवरण	नोट संदर्भ	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
निवेश- गैर उद्धृत निवेश	3	49.06	44.02

iv. विदेशी मुद्रा जोखिम

कंपनी के अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन होते हैं और इसे विदेशी मुद्रा में लेन-देन से विदेशी मुद्रा जोखिम भी होता है। विदेशी मुद्रा जोखिम भविष्य के व्यावसायिक लेन-देन और एक ऐसी मुद्रा, जो कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा नहीं है, में अंकित मान्य संपत्तियों और देयताओं से होता है।

विदेशी मुद्रा में आय

(रु. लाख में)

लेन - देन का विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
निर्माण	-	-
परामर्शी	16,024.43	16,917.51
अन्य आय (एफडीआर में ब्याज शामिल)	319.10	306.7
कुल	**16343.53**	**17224.21**

विदेशी मुद्राओं में व्यय

(रु. लाख में)

लेन - देन का विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
प्राप्त सेवा शुल्क	1,084.60	2,063.33
कर्मचारी लाभ व्यय	2,701.10	3,022.88
परिवहन	203.62	293.02
अन्य	2,057.33	2,379.53
कुल	**6046.64**	**7758.76**

विदेशी मुद्रा रिस्क जोखिम

(मुद्रा लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024										
	यूएसडी	यूरो	बीआईआरआर	यूजीएक्स	एनओके	एलकेआर	वाई आर	ओआर	एमजैडएम	एसइके	बीडीटी
वित्तीय परिसंपत्तियां											
व्यापार प्राप्तियां	214.16	4.81	46.65	35603.27	4.78	146.10	0.00	0.00	0.00	40.89	120.31
नकद और नकद समतुल्य	17.02	2.64	52.67	634.19	-	25.46	0.09	0.002	0.00	-	10.78
अन्य बैंक शेष	252.04	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
प्रतिभूति जमा	0.36	-	-	101.64	-	-	-	-	-	-	-
कुल	**483.59**	**7.45**	**99.32**	**36339.11**	**4.78**	**171.56**	**0.09**	**0.00**	**0.00**	**40.89**	**131.09**

विवरण	31 मार्च 2024										
	यूएसडी	यूरो	बीआईआरआर	यूजीएक्स	एनओके	एलकेआर	वाई आर	ओआर	एमजैडएम	एसइके	बीडीटी
वित्तीय देयताएं											
व्यापार देनदारियां	17.60	0.14	0.75	2945.03	-	145.99	-	-	-	-	95.37
कर्मचारियों को देय	3.38	0	0	0.00	-	0	0	0	0	-	0
प्रतिधारण राशि	154.54	-	0.57	-	-	-	-	-	-	-	-
कुल	**175.52**	**0.14**	**1.32**	**2945.03**	**0.00**	**145.99**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**95.37**

विवरण	31 मार्च 2023										
	यूएसडी	यूरो	बीआईआरआर	यूजीएक्स	एनओके	एलकेआर	वाई आर	ओआर	एमजैडएम	एसइके	बीडीटी
वित्तीय परिसंपत्तियां											
व्यापार प्राप्तियां	175.53	14.77	56.56	12166.44	4.78	149.93	0.00	0.00	0.00	66.89	82.94
नकद और नकद समतुल्य	32.35	0.01	32.87	474.22	0.00	20.66	0.09	0.002	0.00		24.00
अन्य बैंक शेष	254.95	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
प्रतिभूति जमा	0.35	-	-	76.64	-	-	-	-	-	-	1.84
कुल	**463.18**	**14.78**	**89.43**	**12717.30**	**4.78**	**170.59**	**0.09**	**0.00**	**0.00**	**66.89**	**108.78**

विवरण	31 मार्च 2023										
	यूएसडी	यूरो	बीआईआरआर	यूजीएक्स	एनओके	एलकेआर	वाई आर	ओआर	एमजैडएम	एसइके	बीडीटी
वित्तीय देयताएं											
व्यापार देनदारियां	55.32	0.14	5.96	2945.03	0.00	145.99	0.00	0.00	0.00	0.00	78.54
कर्मचारियों को देय	2.59	-	-	1532.94	-	-	-	-	-	-	4.05
प्रतिधारण राशि	154.34	-	-	-	-	-	-	-	-	-	
कुल	**212.25**	**0.14**	**5.96**	**4477.97**	**0.00**	**145.99**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**82.59**

रिपोर्टिंग अवधि के अंत में विनिमय दर में 5% प्रतिशत परिवर्तन का संवेदनशीलता विश्लेषण

(मुद्रा लाख में)

विवरण	विदेशी मुद्रा संवेदनशीलता								
	31 मार्च 2024								
	यूएसडी	यूरो	बीआईआरआर	यूजीएक्स	एनओके	एलकेआर	ओआर	एसइके	बीडीटी
भारतीय मुद्रा में 5 प्रतिशत मूल्यह्रास									
लाभ और हानि खाते पर प्रभाव - आय/(व्यय)	1,284.21	32.97	7.19	35.73	1.83	0.36	0.02	26.49	1.01
भारतीय मुद्रा में 5 प्रतिशत में अभिमूल्यन									
लाभ और हानि खाते पर प्रभाव - आय/(व्यय)	(1,284.21)	(32.97)	(7.19)	(35.73)	(1.83)	(0.36)	(0.02)	(26.49)	(1.01)

विवरण	विदेशी मुद्रा संवेदनशीलता								
	31 मार्च 2023								
	यूएसडी	यूरो	बीआईआरआर	यूजीएक्स	एनओके	एलकेआर	ओआर	एसइके	बीडीटी
भारतीय मुद्रा में 5 प्रतिशत मूल्यह्रास									
लाभ और हानि खाते पर प्रभाव - आय/(व्यय)	1,031.50	65.61	6.36	8.98	1.87	0.31		26.49	1.01
भारतीय मुद्रा में 5 प्रतिशत में अभिमूल्यन									
लाभ और हानि खाते पर प्रभाव - आय/(व्यय)	(1,031.50)	(65.61)	(6.36)	(8.98)	(1.87)	(0.31)	-	(26.49)	(1.01)

v. ब्याज दर जोखिम

कंपनी में ब्याज दर जोखिम का अनावरण भी किया गया है, ब्याज दर ममें परिवर्तन भविष्य के नकदी प्रवाह या इसके वित्तीय साधन मुख्य रूप से ऋण के उचित मूल्य को प्रभावित करेगा।

रिपोर्टिंग अवधि के अंत में कंपनी के ऋणों का प्रकटीकरण निम्न प्रकार से है:

(रु. लाख में)

ब्याज दर जोखिम	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
उधार		
गैर वर्तमान - फ्रलोटिंग (वर्तमान परिपक्वताओं सहित)	22772.64	14,282.34
वर्तमान	(0.02)	0.00
कुल	**22772.62**	**14282.34**

समीक्षाधीन अवधि के अंत में ब्याज दर में 1 प्रतिशत परिवर्तन की गैर-वर्तमान उधारियों के लिए संवेदनशीलता विश्लेषण

(रु. लाख में)

विवरण	ब्याज दर संवेदनशीलता			
	31 मार्च 2024		31 मार्च 2023	
	ब्याज दर में 1 प्रतिशत की वृद्धि	ब्याज दर में 1 प्रतिशत की कमी	ब्याज दर में 1 प्रतिशत की वृद्धि	ब्याज दर में 1 प्रतिशत की कमी
लाभ और हानि खाते पर प्रभाव - आय/(व्यय)	814.28	(814.28)	742.76	(742.76)

50. विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेन और लेनदेन पर शुद्ध (लाभ/हानि)

(रु. लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
विनिमय भिन्नता आय	613.01	3204.23
विनिमय भिन्नता व्यय	382.12	1629.62
शुद्ध प्रभाव - लाभ/(हानि)*	230.89	1574.61

*विचाराधीन उस प्रभावी चालू वित्तीय वर्ष में, समायोज्य व्यापार अग्रिम प्राप्त या भुगतान होने पर भी गैर-मौद्रिक वस्तुओं पर विनिमय उतार-चढ़ाव की गणना नहीं की जाती है।

51. आकस्मिक देयताएं, आकस्मिक परिसंपत्तियाँ और प्रतिबद्धताएं (उस सीमा तक जिसका प्रावधान नही किया गया) (प्रबंधन द्वारा प्रमाणित)

(रु. लाख में)

विवरण			31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
i. आकस्मिक देयताएं - मूल कंपनी				
1. कंपनी के खिलाफ दावा जिसे ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया।			29536.97	14417.45
	2024	2023		
कार्मिक द्वारा	35.31	51.66		
अन्यों द्वारा	29501.66	14365.79		
(उपर्युक्त दावों के विरुद्ध कंपनी द्वारा प्रति दावों की राशि 31 मार्च 2024 रु. शून्य (गत वर्ष को रु. शून्य है, जिसका हिसाब लेखाबही में नहीं है)				
2. सेवा कर विभाग द्वारा मांग सह कारण बताओ नोटिस जारी किया गया (सेवा कर विभाग द्वारा वर्ष 2014 में उपर्युक्त कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। समूह ने उक्त कारण बताओ नोटिस का प्रतिवाद किया और विभाग को इसके जवाब प्रस्तुत किए थे। विभाग द्वारा कई बार सुनवाई की गई है और प्रारंभिक कारण बताओ नोटिस के बाद कोई और डिमांड नोटिस जारी नहीं किया गया है।)			16667.99	16667.99
3. अन्य - परिसमापन नुकसान कंपनी बड़ी संख्या में ऐसी परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है जिनमें लेबी निर्माणपूर्व अवधि का समय है और विभिन्न सरकारी एजेंसियों से मंजूरी अनुमोदन की आवश्यकता है, जो समय लगने वाली प्रक्रिया है। नोट में दर्शायी गयी राशि परिसमापन क्षति की संभावित राशि से संबंधित है, जो परियोजना के समय पर पूरी न होने पर कंपनी पर लगाया जा सकता है।			7384.47 -	8957.75 -
4. व्यवसाय कार्य - निषादन प्रक्रिया के भाग के रूप में कंपनी ग्राहक द्वारा संबधित भुगतान जारी किए जाने के पश्चात एमएसई विक्रेताओं, जिनके साथ कंपनी ने सामान और सेवाओं (जो एमएसई विक्रेताओं द्वारा प्रदान की जाती हैं) की स्वीकृति के पश्चात भुगतान हेतु करार किया है, सामान और सेवाओं का क्रय रही है। इस प्रकार, कंपनी एमएसई विक्रेताओं के संबंध में अपने खातों में किसी प्रकार का ब्याज उपलब्ध नहीं करा रही है।				
ii. आकस्मिक परिसंपत्तियाँ				
iii. प्रतिबद्धताएं				
1. प्रदर्शन के लिए बैंक गारंटी, बयाना जमा और सुरक्षा जमा			38427.52	37594.00
2. पूँजीगत खाते पर निष्पादित की जाने वाली शेष संविदाओं की अनुमानिक राशि और इसके लिए प्रावधान नहीं किया गया है (संदर्भ टिप्पणी सं-2)			0.00	0.00
कुल			**92016.95**	**77637.19**

आकस्मिक देयता के लिए संचालन चार्ट

(रु. लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
प्रारंभिक जमा	77637.19	115327.92
अतिरिक्त: वर्ष के दौरान	31269.81	17831.35
कमः वर्ष के दौरान समायोजित/स्थिर	(16890.55)	(55522.08)
जमा शेष	**92016.45**	**77637.19**

52. ग्राहकों के साथ अनुबंध से प्राप्त राजस्व संबंधी प्रकटीकरण (भारतीय लेखा मानक-115) निम्नानुसार है:

i. राजस्व निर्धारण संबंधी महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय:

अनुबंध राजस्व और संबंधित लेनदारियों की मान्यता प्राप्त राशि प्रबंधन के प्रत्येक अनुबंध के परिणाम और पूरा होने के चरण के सर्वोत्तम अनुमानों को दर्शाती है, जो प्रगति, प्रयासों, लागत के आधार पर लेन-देन की कुल अनुमानित लागत, व्यतीत समय, सेवा निष्पादन या कोई अन्य तरीके, जिसे प्रबंधन उचित मानता है, के आधार पर आंकलित की जाती है। विशेष रूप से अधिक जटिल अनुबंधों के लिए, कार्य पूरा करने की लागत और अनुबंध लाभप्रदता, सटीक अनुमान और अनिश्चितता के अधीन होते हैं।

ii. कंपनी के पास विभिन्न सेवाओं के लिए ग्राहकों के साथ अनुबंध है जो नीचे दिए गए हैं:

- परामर्शी सेवाएं
- टर्नकी निर्माण परियोजनाएं

iii. कंपनी ने ग्राहकों को वस्तुओं या सेवाओं पर नियंत्रण स्थानांतरित करने पर निष्पादन दायित्व की संतुष्टि के आधार पर समय के साथ या समय के आधार पर राजस्व को मान्यता दी है। यदि निम्नलिखित में से कोई भी शर्त पूरी होती है, तो राजस्व को कंपनी द्वारा समय के आधार पर मान्यता दी गई है:

- ग्राहक एक ही साथ प्राप्त करता है और लाभ उठाता है।
- कंपनी का कार्य निष्पादन ऐसी परिसंपत्तियों का निर्माण करता है या बढ़ाता है जिन्हें ग्राहक संपत्ति के निर्माण या संवर्द्धन के रूप में नियंत्रित करता है।
- कंपनी का निष्पादन वैकल्पिक उपयोग के साथ नहीं बनता है और कंपनी को अब तक के निष्पादन के लिए भुगतान के लिए लागू करने योग्य अधिकार है।

ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व (भारतीय लेखा मानक 115) यह निर्धारित करने के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है कि क्या, कितना और कब राजस्व मान्यता प्राप्त है और ग्राहक अनुबंध से उत्पन्न होने वाली प्रकृति, राशि, समय और राजस्व की अनिश्चितता और नकदी प्रवाह के बारे में खुलासे की आवश्यकता है। भारतीय लेखा मानक 115 के अंतर्गत, राजस्व 5-चरण दृष्टिकोण के माध्यम से मान्यता प्राप्त है:

क) ग्राहक के साथ अनुबंध (अनुबंधों) की पहचान करना,

ख) अनुबंध में अलग-अलग निष्पादन दायित्वों की पहचान करना,

ग) लेन-देन मूल्य निर्धारित करना,

घ) निष्पादन दायित्वों के लिए लेन-देन मूल्य आवंटित करना, तथा

घ) निष्पादन दायित्व से संतुष्ट होने पर राजस्व की पहचान करना।

अनुबंध परिसम्पति - अनबिल राजस्व

अनुबंध में उल्लिखित कार्य पूरा होने के आधार पर ग्राहकों को बिल जारी किए जाते हैं। कुछ मामलों में, हालांकि उल्लिखित कार्य समय के अलावा अन्य कारकों के कारण बिलिंग नहीं हो पाती है। बिलिंग से अधिक राजस्व राजस्व नहीं है और अनुबंध परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। पहले से अनुबंधित परिसंपत्ति के रूप में मान्यता प्राप्त कोई भी राशि, जब और जब बिलिंग की जाती है और संबंधित कार्य प्राप्त किया जाता है, तो व्यापार प्राप्तियों के लिए पुनर्वर्गीकृत किया जाता है।

संविदा परिसम्पतियों का संचलन - अनबिल राजस्व

(रु. लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
प्रारंभिक शेष	**1727.18**	**5772.35**
निवल जोड़	856.68	8902.33
प्रत्यावर्तित राशि	(1327.31)	(12,947.50)
जमा शेष	**1256.55**	**1727.18**

अनुबंध परिसंपत्तियों का परिचालनः प्रतिधारण राशि

(रु. लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
प्रारंभिक शेष	**3532.55**	**3345.16**
निवल जोड़	1040.81	1262.93
प्रत्यावर्तित राशि	(457.07)	(1075.54)
जमा शेष	**4116.29**	**3532.55**

अनुबंध परिसंपत्तियों का परिचालनः प्रतिभूति जमा

(रु. लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
प्रारंभिक शेष	**3193.8**	**2628.72**
निवल जोड़	2040.08	2581.69
प्रत्यावर्तित राशि	(2045.14)	(2016.61)
जमा शेष	**3188.74**	**3193.8**

अनुबंध देनदारियां - अग्रिम में प्राप्त राजस्व

एक अनुबंध देनदारी को मान्यता दी जाती है यदि इकाई को प्रदर्शन के अग्रिम में महत्त्व (या यदि उसे महत्त्व मिलने का बिना शर्त का अधिकार है) प्राप्त हो।

अनुबंध देनदारियों का संचालन - अग्रिम में प्राप्त राजस्व

(रु. लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
प्रारंभिक शेष	46025.38	51314.29
निवल जोड़	66954.99	63151.87
प्रत्यावर्तित राशि	(73893.06)	(68440.78)
जमा शेष	39087.31	46025.38

अनुबंध देनदारियों का संचालन - प्रतिधारण राशि

(रु. लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
प्रारंभिक शेष	24544.97	22,469.22
निवल जोड़	4511.36	5405.2
प्रत्यावर्तित राशि	(1906.76)	(3329.45)
जमा शेष	27149.57	24544.97

अनुबंध देनदारियों का संचालन - प्रतिभूति जमा

(रु. लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
प्रारंभिक शेष	1636.25	1274.19
निवल जोड़	1537.22	1189.64
प्रत्यावर्तित राशि	(1251.80)	(827.58)
जमा शेष	1,921.67	1,636.25

"सूचना अवधि में निर्धारित राजस्व, जिसे अवधि के प्रारंभ में अनुबंध देयता शेष में शामिल किया गया था" और निष्पादन दायित्वों से सूचना अवधि में निर्धारित राजस्व से पूर्ववर्ती अवधियों में संतुष्टि (या आंशिक रूप से संतुष्टि) प्राप्त है के संबंध में भारतीय लेखा मानक 115 के पैरा 116 (ख) और (ग) के प्रकटीकरण निम्नानुसार दिए गए हैं:

(रु. लाख में)

विवरण	31 मार्च 2024	31 मार्च 2023
सूचना अवधि में निर्धारित राजस्व जो अवधि की शुरुआत में अनुबंध की देयता शेष में शामिल था	24059.42	20566.06
पूर्ववर्ती अवधियों में निष्पादन दायित्वों का निर्वाह (या आंशिक निर्वाह) होने से सूचना अवधि में निर्धारित राजस्व	1111.00	5392.54

पृथककरण राजस्व सूचना

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए विभिन्न क्षेत्रें से राजस्व हेतु ग्राहक के साथ अनुबंध से असहमत राजस्व निम्नानुसार दर्शाया गया है। कम्पनी का मानना है कि ये असहमत राजस्व और नकदी प्रवाह की प्रकृति, राशि, समय और अनिश्चितता उद्योग, बाजार और अन्य आर्थिक कारकों को कैसे प्रभावित करता है।

(रु. लाख में)

विवरण	परामर्शी सेवाएं		निर्माण परियोजनाएं		कुल
	घरेलू	विदेश	घरेलू	विदेश	
2023-24	0.48	0.20	0.85	0.00	1.53
2022-23	47747.19	21206.82	73006.79	0.00	141960.80

iv. कंपनी ग्राहकों को ओर उनकी और से कई परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही है।

कार्य निष्पादन दायित्वों ग्राहकों से भुगतान के साथ जुड़े हुए हैं। जहाँ भी रिर्पोटिंग तारीख पर कार्य निष्पादन किया जाता और संविदा के अनुसार भुगतान प्राप्त नहीं होता है तो ऐसे मामलों में अनुबंध परिसंपत्ति बनाया गया है।

तथापि, जहां भुगतान अग्रिम में प्राप्त होता है, लेकिन कार्यनिष्पादन दायित्वों को पूरा नहीं किया गया ऐसे मामलों में अनुबंध देनदारियों नहीं बनाई गई है। कंपनी द्वारा प्राप्त अग्रिम कार्य के निष्पादन के लिए है और सुरक्षा का प्रकार है अर्थात् बचाव का स्रोत हैं।

वर्ष के दौरान दी गई सेवाओं/वस्तु आपूर्ति हेतु ग्राहकों से प्राप्त राशि की हानि का प्रावधान 5671.11 लाख रू. (गत वर्ष 10518.60 लाख रू.) रहा।

53. 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान, 1 अप्रैल 2023 तक बिना बिल किए गए राजस्व के ₹ 1327.31 लाख (पिछले वर्ष ₹ 5392.54 लाख) की उपलब्धि प्राप्त होने पर ग्राहकों को बिल करने पर व्यापार प्राप्तियों में पुनः वर्गीकृत किया गया है।

54. प्रदर्शन दायित्वों का कुल मूल्य जो 31 मार्च 2024 तक पूरा होना बाकी है, ₹ 1500055.15 लाख (पिछले वर्ष ₹ 1164465.91 लाख) है जो कंपनी के विभिन्न खंडों से संबंधित है।

31 मार्च 2024 को

(रु. लाख में)

विवरण	चालू परियोजनाएं	बाधित परियोजनाएं	कुल
परियोजनाओं का शेष मूल्य	1406120.39	93934.76	1500055.15

31 मार्च 2023 को

(रु. लाख में)

विवरण	चालू परियोजनाएं	बाधित परियोजनाएं*	कुल
परियोजनाओं का शेष मूल्य	1069441.28	95024.63	1164465.91

*कंपनी का मानना है कि कुछ परियोजनाओं में निलंबन प्रकृति में अस्थायी है और एक बार प्रतिबंधित परिस्थितियाँ दूर हो जाने पर गतिविधियां पुनः आरंभ हो जाएंगी। कंपनी अपने तकनीकी और वित्तीय दायित्वों को पूर्ण करने के साथ-साथ इन परियोजनाओं से किए जाने वाले धन के के भुगतान के लिए अवश्वस्त है। इसलिए, प्राप्तियों के साथ-साथ देय, प्रकृति में स्थिर नहीं है और इन्हें वसूली योग्य प्राप्तियां और भुगतान योग्य वास्तविक शेष माना गया है। हालांकि, ऐसी प्राप्तियों पर कंपनी की अपेक्षित क्रेडिट हानि नीति के संदर्भ में पर्याप्त प्रावधान किया गया है।

55. कंपनी ने प्रस्तावों को तैयार करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक लागत को छोड़कर संविदा प्राप्त करने के लिए कोई लागत नहीं ली है और लाभ और हानि विवरण के लिए शुल्क लिया गया है।

56. संविदा को पूरा करने में लगने वाली लागत (खरीद लागत को छोड़कर) लाभ और हानि विवरण के लिए वसूल की जाती है, अगर यह वसूली योग्य नहीं है, तो यह बिल न किए गए राजस्व और बिल न की गई परिसम्मत्तियों का भाग है।

57. संयुक्त व्यवस्थाओं में कंपनी हित में प्रकटनः

(रु. लाख में)

क्र. सं.	व्यवस्था का नाम	कम्पनी का हित		पार्टनर और उनका पार्टनरशिप इंटरेस्ट (पीआई	देश
		2023-24	2022-23		
1.	लोअर सेती (तानाहु) हाइड्रोपावर परियोजना (एलएसएचईपी)	84.80%	84.80%	प्रमुख संयुक्त व्यवस्था पार्टनर - निप्पन कोई लिमिटेड - 15-2%	नेपाल
2.	पावर सिस्टम एंड डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम स्ट्रेंदनिंग प्रोजेक्ट	81.65%	81.65%	प्रमुख संयुक्त व्यवस्था पार्टनर - एसएमईसी इंटरनेशनल पीटीवाई-लि. -18-35%	नेपाल

58. 54.71 लाख रुपये की राशि अवकाश यात्रा रियायत के पुराने शेष से संबंधित है जिसे कम्पनी द्वारा देय होने की सम्भावना नहीं है। कंपनी की संभावित देयता का आकलन करने के लिए अपेक्षित उपाय किए जा रहे हैं

59. टिप्पणी संख्या-4ख में कर्मचारी अग्रिम के लिए 222.80 लाख रुपये की राशि दी गई है। इसकी वसूली/समायोजन के लिए उचित उपाय किए जा रहे हैं। कंपनी का मानना है कि पूरी राशि पूरी तरह से वसूली योग्य है।

60. कंपनी जमा कार्यों के आधार पर कई परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। ग्राहकों को देय ब्याज के लिए पर्याप्त प्रावधान बहियों में किया गया है, जिस कंपनी द्वारा आदर्श फंड का उपयोग किया गया है। वर्ष के दौरान प्रदान की गई कुल ब्याज लागत 1725.55 लाख रु. (गत वर्ष 1498.08 लाख रू.) है और देय ब्याज को वित्तीय विवरण में टिप्पणी 24 में विधिवत प्रकटन किया गया है।

61. कंपनी की कंपनी में लगे नए नियमित भत्तियों से बॉन्ड मनी लेने की नीति है। बांड का पैसा कंपनी के नाम पर बैंकों के पास सावधि जमा रसीद के रूप में रखा जाता है। मूल राशि के साथ जमा पर अर्जित ब्याज को कंपनी की पुस्तकों में परिसंपत्ति और देयता के रूप में माना जाता है। बांड अवधि के सफलतापूर्वक पूरा होने पर, बांड की राशि संबंधित अधिकारियों को उस पर अर्जित ब्याज के साथ वापस कर दी जाती है। यदि अधिकारी बांड की अवधि पूरी होने से पहले

कंपनी छोड़ देता है, तो उसे जब्त कर लिया जाता है और उसे आय के रूप में माना जाता है। 31 मार्च 2024 को ऐसे एफडीआर की राशि रु. 78.90 लाख (पिछले वर्ष 95.03 लाख रुपये)। कंपनी के पास कर्मचारियों से संबंधित एफडीआर को विनियमित करने के लिए पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण है और प्रत्येक कर्मचारी स्तर पर समाधान के लिए प्रक्रिया को डिजिटाइज करने के उपाय किए जा रहे हैं।

62. दिनांक 15.08.2021 को अफगानिस्तान में राजनीतिक परिस्थितियां परिवर्तित होने के समय कंपनी अफगानिस्तान में तीन परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रही थी। अफगानिस्तान में सत्ता परिवर्तन के कारण, सभी परियोजना के कार्यान्वयन को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया था। अफगानिस्तान परियोजनाओं से बकाया के रूप में कंपनी के पास 01.04.2023 को 1970.45 लाख रुपये की व्यापारिक प्राप्तियां थीं।

इनमें से, विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित एक परियोजना से संबंधित 869.92 लाख रुपये की देनदारी पर दिनांक 01.04.2023 तक पुन: प्रकिया चालू की गई। इसके अतिरिक्त, कंपनी को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 668.82 लाख रुपये और वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 6.13 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने 1100.53 लाख रुपये का प्रावधान किया है। इस प्रकार, दिनांक 31.03.2024 को अफगानिस्तान परियोजनाओं से बकाया व्यापारिक प्राप्तियों की शुद्ध राशि 194.97 लाख रुपये है। प्रबंधन इन परियोजनाओं में बकाया शेष राशि की वसूली के संबंध में आश्वस्त है।

63. बांग्लादेश में जब राजनीतिक परिस्थतियां परिवर्तित हुई उस समय कंपनी बांग्लादेश में तीन परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रही थी। 01.04.2023 को कंपनी के पास बांग्लादेश परियोजनाओं से प्राप्त होने वाला व्यापारिक बकाया 927.45 लाख रुपये का था। कंपनी को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 263.48 लाख रुपये और वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 67.35 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने 435.20 लाख रुपये का प्रावधान किया है। इस प्रकार, 31.03.2024 को बांग्लादेश परियोजनाओं से प्राप्त होने वाले व्यापारिक बकाया की शुद्ध राशि 513.50 लाख रुपये है। प्रबंधन इन परियोजनाओं में बकाया शेष राशि की वसूली के संबंध में आश्वस्त है।

64. श्रीलंका में जब राजीनीतिक परिस्थितियां बदली उस समय कंपनी श्रीलंका में एक परियोजना का कार्यान्वयन कर रही थी। इसके बाद, परियोजना संचालन को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया था। कंपनी की 94.62 लाख रुपये की व्यापार प्राप्तियां थीं जिसका पूर्ण से प्रावधान किया गया है।

65. कंपनी द्वारा गुजरात में तीन परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा था जिन्हें ग्राहक द्वारा बंद कर दिया गया है। ग्राहक के पास कंपनी के 280.55 लाख रुपये की व्यापार प्राप्तियां और प्रतिधारण राशि थी, जिसे वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान बही खातों में पूर्ण रूप से उपलब्ध करा दिया गया है।

66 अन्य जानकारी

i) कंपनी के पास कोई बेनामी संपत्ति नहीं है, जहां कोई बेनामी संपत्ति रखने के लिए कंपनी के विरूद्ध कोई कार्यवाही शुरू की गई हो या लंबित हो।

ii) कंपनी ने बंद की गई कंपनियों के साथ कोई लेन-देन नहीं किया है।

iii) कंपनी के पास कोई प्रभार या ऋणमुक्ति नहीं है जिसको वैधानिक अवधि से परे आरओसी के साथ अभी तक पंजीकृत नहीं किया गया है।

iv) कंपनी ने संबंधित वित्तीय वर्षों/अवधि के दौरान क्रिप्टो करेंसी या वर्चुअल करेंसी में व्यापार या निवेश नहीं किया है।

v) कंपनी ने विदेशी इकाइयों (मध्यस्थों) सहित किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) या इकाई (इकाइयों) को मध्यस्थ बनकर अग्रिम या ऋण या निवेश नहीं किया है:

क) कंपनी (मुख्य लाभार्थी) द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्ति या संस्थाओं में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उधार या निवेश करे या

ख) मुख्य लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई गारंटी प्रदान करें

vi) कंपनी को विदेशी इकाइयों (वित्तपोषित पक्ष) सहित किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) या इकाई (इकाइयों) से कोई वित्त प्राप्त नहीं हुआ है (चाहे लिखित रूप में या अन्यथा दर्ज किया गया हो) कि कंपनी:

क) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दिए गए ऋण या किसी व्यक्ति या वित्तपोषित पक्ष (मुख्य लाभार्थी) द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचानी गई इकाइयों में निवेश या

ख) मुख्य लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई गारंटी प्रदान करना

vii) कंपनी के पास ऐसा कोई लेनदेन नहीं है जो आयकर अधिनियम, 1961 (जैसे कि, आयकर अधिनियम 1961 के खोज या सर्वेक्षण या कोई अन्य प्रासंगिक प्रावधान) के तहत कर निर्धारण में वर्ष के दौरान आय के रूप में समर्पित या प्रकट किए गए खातों की बुक्स में रिकार्ड नहीं है।

viii) कंपनी को किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान या अन्य ऋणदाता द्वारा विल्फुल डिफाल्टर घोषित नहीं किया गया है।

ix) कंपनी ने कंपनी (संख्या की लेयर पर प्रतिबंध) नियम, 2017 के साथ पठित अधिनियम की धारा 2(87) के तहत निर्धारित लेयर की संख्या का अनुपालन किया है।

67. गत वर्ष के आंकड़ों का वर्तमान वर्ष के समूहीकरण और / या वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए, जब भी आवश्यक हो, पुनर्समूहीकरण और / या पुनर्वर्गीकरण किया गया है। नकारात्मक आंकड़े कोष्ठक में प्रदर्शित किए गए हैं।

निदेशक मण्डल के लिए और उनकी ओर से

(शैलेन्द्र विश्वकर्मा) कम्पनी सचिव	(अतुल मेंदीरत्ता) महाप्रबंधक (वित्त)	(अनिल त्रिगुणायत) निदेशक (डीआईएन 07900294)	(पंकज कपूर) निदेशक (वित्त) (डीआईएन 07290569)	(आर के अग्रवाल) अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (डीआईएन 09344894)

संलग्न सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कुमार विजय गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
एफआरएन - 007814एन

प्रदीप लखानी
साझेदार
एम. नं. 091192

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 30 सितंबर 2024

नोट्स

समेकित वित्तीय विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (4) के साथ पठित धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत 31 मार्च 2024 समाप्त वर्ष के संबंध में, वाप्कोस लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

31 मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के तहत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार वाप्कोस लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करना कंपनी की प्रबंधन की ज़िम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत वित्तीय विवरणों पर अधिनियम की धारा 143(1 0) के अंतर्गत निर्धारित लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर मत व्यक्त करने की जिम्मेदारी भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा अधिनियम की धारा 139(5) के अंतर्गत नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक है। यह उल्लिखित किया गया है कि ऐसा उनके द्वारा **दिनांक 20 जनवरी 2025** की लेखापरीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से किया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की ओर से, हमने अधिनियम की धारा 143(6)(क) के अंतर्गत 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के संबंध में वाप्कोस लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरणों की एक अनुपूरक लेखा परीक्षा की है। । हमने उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए वाप्कोस लिमिटेड और नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की एक अनुपूरक लेखापरीक्षा की है। सांविधिक लेखापरीक्षकों के कार्यपत्रों तक पहुंच के बिना यह अनुपूरक लेखा परीक्षा स्वतंत्र रूप से की गई है तथा यह मुख्य रूप से सांविधिक लेखा परीक्षकों और कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ तथा कुछ लेखा अभिलेखों की चयनित जांच तक ही सीमित है।

हमारी अनुपूरक लेखापरीक्षा के आधार पर, मैं अधिनियम के धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों को उजागर करना चाहूंगा जो मेरे संज्ञान में आये हैं और जो मेरे मत में वित्तीय विवरणों और संबंधित लेखा परीक्षा रिपोर्ट को समझने के लिए आवश्यक है:

क. वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियाँ

क.1 अन्य वित्तीय देनदारियाँ – रू. 244.24 करोड़ (टिप्पणी 20B)

उपरोक्त में गृह मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार मंत्रालय को देय रू 23.87 करोड़ के तरलित क्षतिपूर्ति शामिल नहीं है।

परियोजना निर्धारित पूर्णता की तारीख (20 जून 18) के भीतर पूरी नहीं की जा सकी। इसलिए, गृह मंत्रालय ने (जुलाई 2022) 23.87 करोड़ तरलित क्षतिपूर्ति को जमा करने का निर्देश दिया। हालांकि, एनपीसीसी द्वारा (अगस्त 2022) छूट दिये जाने संबंधी अनुरोध को आज तक स्वीकार नहीं किया गया है, एनपीसीसी ने प्रावधान के रूप में प्रकट करने के स्थान पर, इसे संभावित देनदारी के रूप में प्रकट किया।

चूंकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार लंबित देयता का भुगतान किया जाना है और भारतीय लेखा मानक 37 में प्रावधान को मान्यता देने संबंधी सभी तीन शर्तें पूरी होती हैं, इसलिए वित्तीय विवरणों में एक प्रावधान होना चाहिए क्योंकि छूट के लिए अनुरोध का लेखा निपटान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

इसके परिणामस्वरूप 'वर्तमान देनदारी हेतु प्रावधान' के संबंध में रू. 23.87 करोड़ का कम आकलन हुआ है, जिससे 'वर्ष के दौरान लाभ' का उसी राशि से अधिक आकलन हुआ है।

ख. लाभप्रदता पर टिप्पणियां

लाभ और हानि विवरण

ख. 1 अन्य व्यय

व्यापार प्राप्तियां और प्रतिधारण राशि हेतु प्रावधान – 77.83 करोड़

कंपनी की लेखांकन नीति संख्या 1.7 वित्तीय परिसंपत्तियों, जिसमें व्यापार प्राप्तियां, सुरक्षा जमा (एसडी) और ब्याज राशि जमा (ईएमडी) शामिल हैं, के मूल्यह्रास हेतु प्रावधान करती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक, कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों पर अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) की गणना के लिए आंतरिक ग्रेड मैट्रिक्स का उपयोग कर रही थी। वर्तमान वित्तीय वर्ष (2023-24) में, कंपनी ने ईसीएल की गणना के लिए कार्यकारी की नियुक्ति के माध्यम से आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स की पद्धति से कार्यकारी आधारित मूल्यांकन की ओर रूख किया है जोकि भारतीय लेखा मानक के अंतर्गत प्राप्तियों के पोर्टफोलियो के लिए अपेक्षित ऋण हानि का अनुमान प्रदान करेगा। कंपनी ने इस परिवर्तन को लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में माना और पूर्व के वर्षों पर इस विधि को पुरानी अवधि के लिए पुनर्प्रयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप पहले की रिपोर्ट का वित्तीय विवरणों में समायोजन किया गया।

भारतीय लेखा मानक 8 (पैराग्राफ 32, 32 क, 35) के अनुसार, वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में ईसीएल के मापन के लिए अनुमान तकनीक में बदलाव एक लेखांकन अनुमान में बदलाव है और इसलिए, प्रभाव को भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 36 में दिए अनुसार पूर्वानुमानित रूप से लागू किया जाना चाहिए था, न कि कंपनी द्वारा किए गए समानुपातिक रूप से।

कुल प्रावधान इस वर्ष लागू किये जाने थे रू. 280.96 करोड़ (रू.258.65 करोड़ विधि के अनुसार प्रावधान का अंतर और रू. 22.31 करोड़ अतिरिक्त प्रावधान और लेखांकन नीति के अनुसार 10 वर्षों से अधिक की बकाया राशि के लिए लिखी गई राशि) है। लेकिन कंपनी ने इस वर्ष केवल रू 278.47 करोड़ चार्ज किए, जबकि रू.202.48 करोड़ गलत तरीके से पिछले वर्ष के खर्च के रूप में चार्ज किए गए (नोट-49)।

गलत लेखांकन गणना के परिणामस्वरूप अन्य खर्चों की कमी और वर्ष के लिए लाभ को अतिशयोक्ति रूप से रू. 202.48 करोड़ दर्शाया गया है।

ख.2 अन्य आय – रू. 100.98 करोड़ (टिप्पणी 22)

अखिल भारतयी आयुर्वेद संस्थान, भारत सरकार के साथ निर्माण गतिविधियों हेतु किए गए करार के के अनुसार, "मंत्रालय परियोजना व्यय के लिए पीएमसी को 'रोलिंग क्रेडिट' प्रदान करेगा और परियोजना निधि पर प्राप्त किसी भी प्रकार का ब्याज मंत्रालय की संपत्ति होगी और पीएमसी को परियोजना निधियों पर अर्जित आय कर कटौती के बाद ब्याज पर कोई अधिकार नहीं होगा।"

कंपनी ने समझौते की शर्तों का उल्लंघन करते हुए 2018-19 से 2023-24 तक ब्याज की राशि को अपनी आय के रूप में माना, जो कि लगभग 7.92 करोड़ है। इसके परिणामस्वरूप चालू वर्ष के लाभ का अधिशेष ~12.22 लाख, अन्य इक्विटी (राठित आय) का अधिशेष ~7.80 करोड़ तथा देनदारियों का अधनिष्कर्षण ~7.92 करोड़ हुआ है।

ग. लेखा परीक्षा रिपोर्ट पर टिप्पणियां

ग. 1 स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

उपरोक्त टिप्पणियों के प्रभाव स्वरूप, कंपनी के लाभ और हानि विवरण में दर्शाए गए लगभग 120.23 करोड़ के लाभ पर प्रभाव 194.85 प्रतिशत है और उपरोक्त टिप्पणियों का प्रभाव लगभग रू. 114.04 करोड़ के नुकसान को दर्शाता है।

इसलिए, कंपनी के वित्तीय विवरण कंपनी की 'सत्य और सही छवि' प्रस्तुत नहीं करते हैं और स्वतंत्र लेखा परीक्षक की ओर दिया गया यह आश्वासन प्रस्तुत किए गए वित्तीय विवरण 'सच्ची और सही छवि' प्रस्तुत करते हैं, उचित नहीं था।

ग.2 अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं संबंधी रिपोर्ट

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट ध्यान आकर्षित करती है - अन्य कानूनी और नियामक अपेक्षा संबंधी रिपोर्ट, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि 'चूंकि कंपनी (लेखा) नियमवली, 2014 के नियम 3(1) की उपधारा 1 के प्रावधान 1 अप्रैल, 2023 से लागू हैं, इसलिए रिकॉर्ड अनुरक्षण की विधिक आवश्यकताओं के अनुसार, " कंपनी (लेखा और लेखपरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11(च) के अंतर्गत ऑडिट ट्रेल के संरक्षण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना, 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष लिए लागू नहीं है।"

लेखाकारों ने कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 (छ) कंपनी कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 24 मार्च 2021 को जारी यथा संशोधित के अनुसार यथाअपेक्षित जानकारी प्रदान नहीं की है। इसलिए, स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट अधूरी है।

घ. अन्य टिप्पणियां

घ 1 कंपनी (घोषणा और लाभांश का भुगतान) नियम, 2014 के अनुसार, कोई कंपनी कुछ शर्तों की पूर्ति के अध्यधीन स्वतंत्र आरक्षित में से लाभांश की घोषणा कर सकती है। कंपनी ने वर्ष के दौरान आरक्षित में से लगभग 25 करोड़ (साल 2022-23 से संबंधित) का लाभांश दिया, लेकिन नियमों में यथानिर्धारित शर्तों का पूर्ण अनुपालन नहीं किया गया लाभांश भुगतान के बाद 'सामान्य आरक्षित' का शेष भाग नकारात्मक हो गया।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से

(तान्या सिंह)
प्रधान निदेशक, केंद्रीय व्यय लेखापरीक्षा
(कृषि, खाद्य एवं जल संसाधन)

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 04.07.2025

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वाप्कोस के समेकित वित्तीय आंकड़ों पर सीएजी की टिप्पणियों का जवाब

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
1.	**A.1 अन्य वित्तीय देयताएं – 244.24 करोड़ रुपये (नोट 20B)** उपरोक्त राशि में गृह मंत्रालय और एनपीसीसी के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार गृह मंत्रालय को परिनिर्धारित 23.87 करोड़ रुपये का हर्जाना शामिल नहीं है। परियोजना निर्धारित समय सीमा (जून 2018) तक पूरी नहीं हो सकी। तदनुसार, गृह मंत्रालय ने ₹23.87 करोड़ की परिनिर्धारित हर्जाना जमा करने का निर्देश (जुलाई 2022) दिया। हालाँकि, एनपीसीसी का छूट का अनुरोध (अगस्त 2022) आज तक स्वीकार नहीं किया गया है, एनपीसीसी ने कोई प्रावधान करने के बजाय, आकस्मिक देयता के रूप में इसका प्रकटीकरण किया है। चूँकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार एलडी देय है और भारतीय लेखा मानक 37 में प्रावधान को मान्यता देने के लिए सभी तीन शर्तें पूरी होती हैं, इसलिए वित्तीय विवरणों में प्रावधान किया जाना चाहिए था, क्योंकि छूट के अनुरोध का अनुसरण किए जाने वाले लेखांकन व्यवहार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप 'चालू देयता के लिए प्रावधान' 23.87 करोड़ रुपये कम दर्शाया गया है, तथा परिणामस्वरूप 'वर्ष के लिए लाभ' भी उतनी ही राशि अधिक दर्शाया गया है।	लेखापरीक्षा टिप्पणी के संदर्भ में, यह कहा गया है कि समूह की सहायक कंपनी ने पत्र संख्या: 1) NEZ/IBBW/LD/838 दिनांकित 02.08.2022, 2) NEZ/IBBW/LD/2023/591 दिनांकित 15.06.2023 और 3) NEZ/IBBW/LD/2023/1494 दिनांकित 18.10.2023 के माध्यम से गृह मंत्रालय से अनुरोध किया था कि पूरे कार्यों पर एलडी न लगाया जाए क्योंकि एनपीसीसी ने पहले ही काम पूरा कर लिया था और एलडी की छूट के अनुरोध को गृह मंत्रालय द्वारा अस्वीकार नहीं किया गया है। अतः समूह की सहायक कंपनी के पास गृह मंत्रालय से एलडी की छूट पाने का ठोस आधार है। इसके अलावा, 2006 में गृह मंत्रालय के साथ हुए प्रारंभिक समझौता ज्ञापन में, पूरी परियोजना लागत पर एलडी लगाने का कोई प्रावधान नहीं था। एलडी लगाने के मामले को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है और ग्राहक ने कोई अनुवर्ती मांग नहीं की है। तदनुसार, समूह द्वारा 23.87 करोड़ रुपये की एलडी राशि को आकस्मिक देयता के रूप में मान्यता दी गई है और वित्तीय विवरण में इसका खुलासा किया गया है। इसके अलावा, निर्माण उद्योगों/क्षेत्र में, आमतौर पर एलडी और दंड बहियों में तब तक प्रदान नहीं किए जाते हैं जब तक कि अंतिम बैठक समाप्त न हो जाए, या मध्यस्थता प्रदान न की जाए, यदि कोई हो। उद्योग की प्रकृति ऐसी विचित्र है, जहाँ किसी भी संभावित कारण से काम रोका जा सकता है/देरी हो सकती है और एनपीसीसी एक सरकारी पीएसयू है और गृह मंत्रालय भी एक सरकारी संस्थान है, इस मामले में पिछले अनुभव या प्रवृत्ति के अनुसार आमतौर पर मंत्रालय पीएसयू को एल.डी. नहीं देता है। कार्य आदेश या समझौते में एक सामान्य पैरा जोड़कर एल.डी. लगाने को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इस तरह की किसी भी देनदारी को तय करने से पहले जमीनी हकीकत और व्यावहारिक परिदृश्य को देखा जाना चाहिए। इसलिए, प्रबंधन ने जमीनी हकीकत को देखते हुए और गृह मंत्रालय के साथ चर्चा के लिए समय नहीं दिया है। इसलिए, इसे खाता-बही में शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा, यह भी उल्लेख करना उचित है कि कंपनी नियमित रूप से गृह मंत्रालय से एलडी न लगाने का अनुरोध कर रही है, तदनुसार, एलडी न लगाने के लिए गृह मंत्रालय के साथ मामला चर्चा में है। हम आगे यह भी बताना चाहते हैं कि सहायक कंपनी के पास एक साथ कई अनुबंध हैं और अंततः दायित्व स्पष्ट हो गया है, जिसे कार्य निष्पादित करने वाले ठेकेदार के साथ समझौते की शर्तों और नियमों के अनुसार ठेकेदार से वसूल किया जाएगा। इस प्रकार, 'चालू देयता के लिए प्रावधान' को 23.87 करोड़ रुपये कम करके नहीं बताया गया है और 'वर्ष के लिए लाभ' को भी उतनी ही राशि से अधिक करके नहीं बताया गया है।
2.	**लाभप्रदता पर टिप्पणियाँ** **लाभ और हानि का विवरण** **ख.1 अन्य खर्चे – 194.99 करोड़ रुपये** व्यापार प्राप्य और प्रतिधारण धन के लिए प्रावधान - 77.83 करोड़ रुपये कंपनी की लेखा नीति संख्या 1.7 वित्तीय परिसंपत्तियों – जिसमें व्यापार प्राप्य, प्रतिभूति जमाराशि (एसडी), और बयाना जमा-राशि (ईएमडी) शामिल हैं – की हानि के लिए प्रावधान करती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक, कंपनी	समूह ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान वित्तीय परिसंपत्तियों पर प्रत्याशित ऋण हानि (ईसीएल) का अनुमान लगाने के लिए पद्धति में परिवर्तन के वर्गीकरण और अनुप्रयोग के संबंध में लेखापरीक्षा अवलोकन पर अपनी सुविचारित प्रतिक्रिया प्रस्तुत की है। **1. परिवर्तन का संदर्भ** • समूह की नियंत्रक कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) को अपनाया और समूह की सहायक कंपनी ने वित्त वर्ष 2019-20 में भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) को अपनाया। • भारतीय लेखा मानकों की आवश्यकताओं के अनुसार, कंपनी वित्तीय वर्ष 2017-18 में ऐतिहासिक चूक दरों के आधार पर आंतरिक रूप से विकसित ग्रेड मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए, भारतीय लेखा मानक 109 द्वारा अनुमत सरलीकृत दृष्टिकोण के तहत ईसीएल की गणना कर रही थी।

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	वित्तीय परिसंपत्तियों पर अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) की गणना के लिए आंतरिक ग्रेड मैट्रिक्स का उपयोग कर रही थी। चालू वित्तीय वर्ष (2023-24) में, कंपनी ने भारतीय लेखा मानक के तहत आवश्यकताओं के अनुसार प्राप्य संविभाग के लिए अपेक्षित क्रेडिट हानि का अनुमान प्रदान करने के लिए एक बीमांकक की नियुक्ति करके ईसीएल की गणना के लिए आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स की पद्धति का उपयोग करने के स्थान पर बीमांकिक-आधारित मूल्यांकन पद्धति का उपयोग किया। कंपनी ने इस परिवर्तन को लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में माना तथा इस पद्धति को पूर्ववर्ती अवधियों पर लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप पूर्व में रिपोर्ट किए गए वित्तीय विवरणों में समायोजन हुआ। भारतीय लेखा मानक 8 (पैरा 32, 32 ए, 35) के अनुसार, वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में ईसीएल के मापन के लिए आकलन तकनीक में परिवर्तन लेखांकन अनुमान में परिवर्तन है और इसलिए, प्रभाव को भारतीय लेखा मानक 8 के पैरा 36 के अनुसार भविष्य में लागू किया जाना चाहिए था, न कि कंपनी द्वारा पूर्वव्यापी रूप से लागू किया जाना चाहिए था। वर्ष के दौरान वसूला जाने वाला कुल प्रावधान 280.96 करोड़ रुपये (258.65 करोड़1 रुपये बीमांकिक पद्धति के अनुसार प्रावधान का अंतर है और 22.31 करोड़ रुपये अतिरिक्त प्रावधान के लिए हैं तथा लेखांकन नीति के अनुसार 10 वर्ष से अधिक की प्राप्तियों के लिए बट्टे खाते में डाली गई राशि है) था। लेकिन कंपनी ने वर्ष के दौरान केवल 78.47 करोड़2 रुपये वसूले, जबकि 202.48 करोड़ रुपये पिछले वर्ष के व्यय के रूप में गलत तरीके से वसूले गए (नोट-49)। गलत लेखांकन पद्धति के परिणामस्वरूप अन्य व्ययों को कम दर्शाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष के लिए लाभ 202.48 करोड़ रुपये अधिक दर्शाया गया है।	• इस पद्धति को पूर्ववर्ती वैधानिक लेखापरीक्षाओं के साथ-साथ नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा वित्त वर्ष 2017-18 से 2020-21 तक लगातार लागू और स्वीकार किया गया था। • हालाँकि, वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने पाया कि मौजूदा मॉडल में पर्याप्त वैज्ञानिक आधार का अभाव था। इसी लेखा परीक्षक ने वित्त वर्ष 2020-21 में ईसीएल ग्रेड मैट्रिक्स दृष्टिकोण को स्वीकार किया था। • जवाब में, और उपयुक्त प्राधिकारियों के समक्ष प्रतिनिधित्व के बावजूद विशिष्ट मार्गदर्शन के अभाव में, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एक अधिक मजबूत और सांख्यिकीय रूप से समर्थित ईसीएल अनुमानित ढांचा विकसित करने के लिए एक स्वतंत्र और प्रतिष्ठित बीमांकक फर्म की नियुक्ति की। 2 **लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में वर्गीकरण का आधार** • कंपनी का मानना है कि आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स से बीमांकिक मूल्यांकन ढांचे में परिवर्तन माप के आधार में परिवर्तन को निरूपित करता है और तदनुसार लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में योग्य है, जैसा कि भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 35 के तहत परिभाषित किया गया है, जिसमें कहा गया है: "माप आधार में लागू परिवर्तन, लेखांकन नीति में परिवर्तन है, ना कि लेखांकन अनुमान में परिवर्तन है।" • आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स मुख्यतः पूर्वव्यापी आँकड़ों पर निर्भर था, जबकि अपनाए गए बीमांकिक दृष्टिकोण में रोल दर और हानि दर पद्धतियों जैसी उन्नत तकनीकें शामिल हैं, जो सांख्यिकीय मॉडलिंग के आधार पर प्राप्य राशियों की आयु वृद्धि प्रवृत्तियों और हानि व्यवहार का मूल्यांकन करती हैं। यह मापन मॉडल में एक मौलिक बदलाव को निरूपित करता है - न कि केवल मौजूदा ढाँचे के भीतर अनुमान मापदंडों में बदलाव। • भारतीय लेखा मानक-8 के अनुसार, पूर्वव्यापी पुनर्कथन की परिभाषा वित्तीय विवरणों के अवयवों की मात्रा की पहचान, माप और प्रकटीकरण को सही करना है, जैसे कि पूर्व अवधि में कोई त्रुटि कभी हुई ही नहीं थी। • निम्नलिखित भारतीय लेखा मानक 8 प्रावधान इस वर्गीकरण का समर्थन करते हैं: • पैराग्राफ 13: समान लेनदेन के लिए लेखांकन नीतियों का लगातार पालन करना आवश्यक है। • पैराग्राफ 14(ख): यदि इससे अधिक विश्वसनीय और प्रासंगिक वित्तीय जानकारी प्राप्त होती है तो लेखांकन नीति में परिवर्तन की अनुमति दी जाती है। • भारतीय लेखा मानक के पैराग्राफ 15 में कहा गया है कि "वित्तीय विवरणों के उपयोगकर्ताओं को किसी इकाई की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन और नकदी प्रवाह के रुझानों की पहचान करने के लिए समय के साथ उसके वित्तीय विवरणों की तुलना करने में सक्षम होना चाहिए। इसलिए, प्रत्येक अवधि के भीतर और एक अवधि से दूसरी अवधि तक समान लेखांकन नीतियाँ लागू की जाती हैं।” • पैराग्राफ 19 एवं 22 : लेखांकन नीतियों में परिवर्तन के लिए पूर्वव्यापी आवेदन को अनिवार्य करें, जब तक कि यह अव्यावहारिक न हो। • पैराग्राफ 23 : लेखांकन नीति में परिवर्तन पूर्वव्यापी रूप से लागू किया जाएगा, सिवाय उस सीमा तक जब परिवर्तन के अवधि-विशिष्ट प्रभाव या संचयी प्रभाव का निर्धारण करना अव्यावहारिक हो। • पैराग्राफ 26 : जब कोई संस्था पूर्वव्यापी नई लेखांकन नीति लागू करती है, तो वह नई लेखांकन नीति को यथासंभव पूर्व अवधियों की तुलनात्मक जानकारी पर लागू करती है।

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
		• तदनुसार, कंपनी ने संशोधित नीति को पूर्वव्यापी रूप से लागू किया, और समायोजन चालू वर्ष के प्रारंभिक शेष में परिलक्षित हुए और वित्तीय विवरणों के नोट 49 में व्यापक रूप से प्रकट किए गए।

3. भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 32 क से अंतर

• सादर निवेदन है कि भारतीय लेखा मानक 8 का अनुच्छेद 32A, जो आकलन तकनीक में परिवर्तन को लेखांकन अनुमान में परिवर्तन मानता है, उन मामलों में लागू होता है जहाँ अंतर्निहित मापन आधार अपरिवर्तित रहता है। वर्तमान मामले में, स्थिर, ऐतिहासिक हानि मैट्रिक्स से गतिशील बीमांकिक मूल्यांकन में परिवर्तन, हानि प्रावधान के वैचारिक आधार में परिवर्तन का गठन करता है और इसलिए अनुच्छेद 35 के अनुसार लेखांकन नीति में परिवर्तन के दायरे में आता है।

4. अभिशासन, प्रकटीकरण और वित्तीय प्रभाव

किए गए परिवर्तन :

• वैधानिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर विचार करने के बाद निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित।

• भारतीय लेखा मानक 1 और भारतीय लेखा मानक 8 के अनुसार वित्तीय विवरणों में पारदर्शी तरीके से खुलासा किया गया।

• हम आपका ध्यान निम्नलिखित तालिका की ओर आकर्षित करना चाहते हैं जो लेखापरीक्षक को प्रस्तुत की गई थी:

रू. करोड़ में

	वाप्कोस	एनपीसीसी	समेकित
2022-2023			
देनदार	1927.69	648.57	2575.93
प्रावधान	351.5	70.99	422.49
देनदारों के % के रूप में प्रावधान	18.23	10.95	16.40
2023-2024			
देनदार	2007.58	746.05	2752.52
प्रावधान	492.53	127.04	619.56
देनदारों के % के रूप में प्रावधान	24.53	17.03	22.51
राशि में अंतर (अनंतिम)	141.03	56.05	197.07
% में अंतर (अनंतिम)	40.12	78.95	46.64

वाप्कोस की स्थिति

उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि कंपनी के पास 31.03.2023 तक सकल देनदारों के 18.23% के बराबर 351.50 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसकी गणना पुरानी ग्रिड मैट्रिक्स दर के आधार पर की गई थी।

हालाँकि, बीमांकिक मूल्यांकन को अपनाने के बाद, प्रावधान की मात्रा बढ़कर 492.53 करोड़ रुपये हो गई, जो 31.03.2024 तक सकल देनदारों का 24.53% थी।

इसके अलावा, यह पिछले वर्ष की तुलना में 31.03.2024 तक संचयी प्रावधान की मात्रा में 40.12% की वृद्धि को दर्शाता है।

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
		एनपीसीसी स्थिति उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि कंपनी के पास 31.03.2023 तक सकल देनदारों के 10.95% के बराबर 70.99 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसकी गणना पुरानी ग्रिड मैट्रिक्स दर के आधार पर की गई थी। हालाँकि, बीमांकिक मूल्यांकन को अपनाने के बाद, प्रावधान की मात्रा बढ़कर 127.04 करोड़ रुपये हो गई, जो 31.03.2024 तक सकल देनदारों का 17.03% थी। इसके अलावा, यह पिछले वर्ष की तुलना में 31.03.2024 तक संचयी प्रावधान की मात्रा में 78.95% की वृद्धि को दर्शाता है। **समेकित स्थिति** उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि वापकोस समूह के पास 31.03.2023 तक सकल देनदारों के 16.40% के बराबर 422.49 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसकी गणना पुरानी ग्रिड मैट्रिक्स दर के आधार पर की गई थी। हालाँकि, बीमांकिक मूल्यांकन को अपनाने के बाद, सकल देनदारों की मात्रा बढ़कर 619. 56 करोड़ रुपये हो गई, जो 31.03.2024 तक सकल देनदारों का 22.51 % थी। इसके अलावा, यह पिछले वर्ष की तुलना में 31.03.2024 तक संचयी प्रावधान की मात्रा में 22.51 % की वृद्धि को दर्शाता है। **5. निष्कर्ष** समूह पुन: दोहराता है कि : • यह परिवर्तन अनुपालन को मजबूत करने और वित्तीय रिपोर्टिंग में सुधार लाने के लिए लिया गया एक सोची-समझी, तर्कसंगत निर्णय था। • अपनाया गया व्यवहार भारतीय लेखा मानक 8 और भारतीय लेखा मानक 109 के लागू प्रावधानों के अनुरूप है। • लेखांकन नीति में परिवर्तन के रूप में वर्गीकरण तकनीकी रूप से सटीक, कानूनी रूप से रक्षणीय तथा अंतर्निहित परिवर्तन के सार के अनुरूप है। इस प्रकार, लाभ का कोई अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन नहीं है।
3.	**ख.2 अन्य आय – रू. 100.98 करोड़ (टिप्पणी 22)** भारत सरकार के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के साथ निर्माण गतिविधियों के लिए हुए समझौते के अनुसार, "मंत्रालय परियोजना व्यय के लिए पीएमसी को 'रोलिंग क्रेडिट' प्रदान करेगा और परियोजना निधि पर उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के ब्याज पर मंत्रालय का स्वामित्व होगा तथा परियोजना निधियों पर अर्जित लागू आयकर घटाने के बाद पीएमसी का उस ब्याज पर कोई अधिकार नहीं होगा।" कंपनी ने करार की शर्तों का उल्लंघन करते हुए 2018-19 से 2023-24 तक रू. 7.92 करोड़ रुपए की ब्याज की राशि को अपनी आय के रूप में माना। इसके परिणामस्वरूप चालू वर्ष के लाभ में	पिछले लेखा परीक्षा उत्तर के अनुसार, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के संबंध में रू.12.22 आय को रिवर्स किया है, हालांकि इसे बाद में निर्धारित कर लिया गया, अत: इसके प्रभाव को ध्यान में रखा गया है।

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	12.22 लाख रुपए के अधिक आंकड़े प्रस्तुत किए गए, अन्य इक्विटी (आरक्षित आय) में 7.80 करोड़ रुपए की अधिक विवरणी हुई और देयताओं में 7.92 करोड़ रुपए की कम विवरणी हुई।	
4.	**ग. लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर टिप्पणियाँ** **ग. 1 स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट** कंपनी के लाभ-हानि विवरण में दर्शाए गए 120.23 करोड़ रुपये के मुनाफे पर उपरोक्त टिप्पणियों का प्रभाव 194.85 प्रतिशत है और उपरोक्त टिप्पणियों के प्रभाव से 114.04 करोड़ रुपये की हानि होगी। इसलिए, कंपनी के वित्तीय विवरण 'सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण' को निरूपित नहीं करते हैं और स्वतंत्र लेखापरीक्षक की ओर से यह आश्वासन देना उचित नहीं था कि वित्तीय विवरण 'सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण' प्रस्तुत करते हैं।	हमारी राय में, लाभ और हानि का विवरण सही और निष्पक्ष स्थिति को दर्शाता है। नीचे दिए गए तथ्यों के आधार पर और सीएजी टीम की टिप्पणियों के अप्रभावित रहने के कारण: **पैरा ख1 के संबंध में लेखापरीक्षक का उत्तर** हमने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान वित्तीय परिसंपत्तियों पर अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) का निर्धारण करने के लिए समूह द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली में परिवर्तन के वर्गीकरण और पूर्वव्यापी अनुप्रयोग के संबंध में लेखापरीक्षा अवलोकन की जाँच की है। तथ्यों, लागू भारतीय लेखा मानक प्रावधानों और मॉडल परिवर्तन के सार का विस्तृत मूल्यांकन करने के बाद, हम निम्नलिखित प्रस्तुत करते हैं: **1. परिवर्तन की प्रकृति और सार** कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में, अपने आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स (ऐतिहासिक चूक दरों पर आधारित) को एक बीमांकिक मूल्यांकन ढाँचे से बदल दिया है, जिसमें भारतीय लेखा मानक 109 द्वारा निर्धारित सरलीकृत दृष्टिकोण के तहत ईसीएल की गणना के लिए रोल दर और हानि दर तकनीकों का उपयोग किया गया है। यह मूल्यांकन कंपनी द्वारा चयनित एक प्रतिष्ठित बीमांकिक फर्म द्वारा किया जाता है और मूल्यांकन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यों में अनुभव रखने वाली एक प्रतिष्ठित बीमांकिक फर्म द्वारा किया गया था। हमने एसए 620 के अनुसार उनकी रिपोर्ट पर भरोसा किया क्योंकि इसमें विशेषज्ञों की राय शामिल थी और प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में भी इसी तरह के मॉडल का उपयोग किया गया है। यह परिवर्तन पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में जारी लेखापरीक्षा योग्यता के जवाब में किया गया था, जिसमें मौजूदा मॉडल की पर्याप्तता पर प्रश्न उठाए गए थे तथा वैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ दृष्टिकोण की सिफारिश की गई थी। यह परिवर्तन पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में जारी लेखापरीक्षा अर्हता के प्रत्युत्तर में किया गया था, जिसमें मौजूदा मॉडल की पर्याप्तता पर प्रश्न उठाए गए थे तथा वैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ दृष्टिकोण की सिफारिश की गई थी। *''समूह ने पिछले वर्ष बोर्ड द्वारा अनुमोदित ईसीएल मैट्रिक्स के अनुसार ईसीएल के लिए प्रावधान किया है और हमने उसी पर भरोसा किया है।* *इसके अलावा, हमने संबंधित पक्षों से राशि की वसूली और मैट्रिक्स के आधार की पुष्टि नहीं की है क्योंकि कंपनी द्वारा हमें प्रासंगिक डेटा और दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जिसके कारण हम प्रावधान की पर्याप्तता और वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव के बारे में टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।''* **2. भारतीय मानक ब्यूरो 8 के तहत वर्गीकरण का आधार** हमारे व्यावसायिक निर्णय में, उक्त परिवर्तन लेखांकन नीति में परिवर्तन है, न कि अनुमान में परिवर्तन, जिसके निम्नलिखित कारण हैं: भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 35 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि: "लागू की गई माप आधार में परिवर्तन लेखांकन नीति में परिवर्तन है, न कि लेखांकन अनुमान में परिवर्तन।"

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
		आंतरिक-ग्रेड मैट्रिक्स के अंतर्गत प्रयुक्त मापन का आधार पूर्वव्यापी ऐतिहासिक प्रवृत्तियों पर आधारित था। इसके विपरीत, बीमांकिक मॉडल भविष्योन्मुखी है, जो संभाव्यता-आधारित परिवर्तनों और नकदी प्रवाह व्यवहार मॉडलिंग द्वारा संचालित होता है। यह परिवर्तन केवल मापदंडों का परिशोधन नहीं है, बल्कि मूल्यांकन दर्शन में एक मूलभूत परिवर्तन है। भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 13 और 14(b) के तहत अपेक्षित, संशोधित नीति का चयन विश्वसनीयता बढ़ाने, वित्तीय रिपोर्टिंग की योग्यता और प्रासंगिकता से बचने के लिए किया गया, निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया, और वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रासंगिक वर्गों में सुसंगत रूप से लागू किया गया। भारतीय लेखा मानक 8 के अनुसार, पूर्वव्यापी पुनर्कथन की परिभाषा वित्तीय विवरणों के अवयवों की मात्रा की पहचान, माप और प्रकटीकरण को सही करना है, जैसे कि पूर्व अवधि में कोई त्रुटि कभी हुई ही नहीं थी। भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 19 और 22 के अनुरूप, कंपनी ने परिवर्तन को पूर्वव्यापी रूप से लागू किया और तुलनात्मक शेष को उचित रूप से पुनः प्रस्तुत किया, वित्तीय विवरणों के नोट 49 में विस्तृत प्रकटीकरण किया, जो सही है। **3. भारतीय लेखा मानक 8 के पैराग्राफ 32 क की प्रयोज्यता** विनम्र रूप से प्रस्तुत किया जाता है कि पैराग्राफ 32क, जो आकलन तकनीकों में बदलावों से संबंधित है, वहाँ लागू होने के लिए है जहाँ अंतर्निहित मापन आधार अपरिवर्तित रहता है, लेकिन आकलन मान्यताओं या इनपुट में संशोधन किया जाता है। इसका अर्थ है कि यह तभी लागू होता है जब मापन आधार वही रहता है। हमारे मामले में, पूरा मॉडल बदल दिया गया था, इसलिए पैरा 35 लागू होता है। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि बीमांकिक मूल्यांकनकर्ता अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) की गणना के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग कर सकते हैं, जिसमें शामिल है: रियायती नकदी प्रवाह विधि हानि दर विधि रोल दर विधि डिफॉल्ट पद्धति की लाभप्रदता ऐजिंग शेड्युल पद्धति हमारे मामले में, बीमांकिक मूल्यांकनकर्ता ने रोल दर और हानि दर विधियों को लागू किया है। मौजूदा ढाँचे के भीतर; इसने पूरे अनुमान आधारित मॉडल को एक नए बीमांकिक दृष्टिकोण से बदल दिया। इस प्रकार, पैराग्राफ 35 इस मामले को उचित रूप से नियंत्रित करता है, और अपनाया गया उपचार हमारी राय में तकनीकी रूप से सही है। **4. लेखापरीक्षा मूल्यांकन और निष्कर्ष** हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के भाग के रूप में, हमारे पास उपलब्ध है: जाँची हुई बीमांकिक रिपोर्ट और कार्यपत्र। नीति परिवर्तन के औचित्य और शासन का मूल्यांकन किया गया। सत्यापित किया गया कि पूर्वव्यापी समायोजन भारतीय लेखा मानक 8 के अनुसार किए गए थे।

क्र. सं.	सीएजी की टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	गैर वर्तमान देयताएं	8,058.70		(14,101.02)	
	अन्य वर्तमान वित्तीय देयताएं	(2,760.66)		(673.86)	
	गैर वर्तमान वित्तीय देयताएं	7,642.24		6,332.51	
	वर्तमान प्रावधान	175.30		(149.57)	
	गैर वर्तमान प्रावधान	617.67		787.40	
			(5,907.38)		8,648.22
	कर से पहले प्रचालन गतिविधियों से उत्पन्न नकद		**11,177.25**		**19,065.65**
	घटाएं: निगमित प्रदत्त कर	(7,417.92)	(7,417.92)	(6,712.22)	(6,712.22)
	घटाएं: निगमित प्रदत्त कर/पूर्व वर्ष हेतु समायोजित	0.47	0.47	(0.62)	(0.62)
	प्रचालन गतिविधियों से निवल नकद प्रवाह		**3,759.80**		**12,352.81**
ख)	**निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह**				
	लाभांश आय	1.02		0.75	
	संपत्ति, प्लांट व उपकरण की बिक्री	3.82		120.59	
	अमूर्त परिसम्पत्तियों का निपटारा	-		-	
	संपत्ति, प्लांट व उपकरण की खरीद	(109.84)		(760.46)	
	अमूर्त परिसम्पत्तियों की खरीद	(225.03)		(35.49)	
	नकद व नकद तुल्यमान के रूप में न मानी जाने वाले जमा	5,919.82		(24,404.65)	
	लाभ/(हानि) के विवरण में अभिज्ञात आय ब्याज	7,140.58		4,640.03	
	निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह		**12,730.35**		**(20,439.22)**

	विवरण	31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष हेतु		31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष हेतु	
ग)	**वित्तीय गतिविधियों से नकद प्रभाव**				
	पट्टा भुगतान के प्रमुख आधार	(425.25)		(509.34)	
	पट्टा का ब्याज आधार	(69.38)		(98.67)	
	लंबी अवधि के ड्ढण से आय	7,461.17		11,070.00	
	लंबी अवधि के ऋण का (पुर्नभुगतान)	(1,737.50)		(1,307.17)	
	लंबी अवधि के ऋण से पुर्नभुगतान (निवल)	2,768.81		(3,568.71)	
	कंपनी के शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान (कर सहित)	(2,517.41)		(3,111.55)	
	भुगतान की गई वित्तीय लागत	(1,444.85)		(879.91)	
	वित्तीय गतिविधियों से निवल नकद प्रवाह		**4,035.59**		**1,594.65**
	विदेशी मुद्रा नकद और नकद तुल्य के रूपांतरण पर विनिमय अंतर का प्रभाव		294.07		3,329.43
	नकद व बैंक शेष में निवल वृद्धि/कमी		**20,819.84**		**(3,162.37)**
	वर्ष के आरम्भ में नकद व बैंक शेष		**52,439.46**		**55,601.82**
	वर्ष के अन्त में नकद व बैंक शेष		**73,259.30**		**52,439.46**
	टिप्पणियां				
	1. भारतीय लेखा मानक-7 के अनुसार नकदी प्रवाह तैयार रने हेतु अप्रत्यक्ष पद्धति का अनुपालन किया गया है।		73,259.30		52,439.45
	2. नकदी व बैंक शेष प्रतिनिधित्व करते हैं		73,259.30		52,439.45
	क- नकद व नकद तुल्यमान:				
	(क) चालू खातों में बैंकों साथ शेष		62,764.63		42,501.06
	(ख) रैमिटेस इन ट्रांजिट				400.00
	(ग) 3 माह से कम मूल परिपक्वता वाले बैंक जमा		10,485.75		9,528.39
	(घ) हस्तगत नकदी		8.92		10.00
	(ङ) पोस्टेज स्टाम्प		-		-
			73,259.30		**52,439.46**

नोटः भारतीय लेखा मानक 7 के तहत वित्तीय गतिविधियों से उभरने वाली देयताओं का समायोजन

(रु. लाख में)

	विवरण	31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष हेतु	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष हेतु
	वर्ष के आरंभ में शेष	14,282.34	8,085.24
	नकद प्रवाह-प्राप्तियां/(पुर्न भुगतान)	8,492.48	6,194.13
	गैर नकद परिवर्तन	(2.20)	2.97
	वर्ष के अंत में शेष	22,772.62	14,282.34

निदेशक मण्डल के लिए और उनकी ओर से

(शैलेन्द्र विश्वकर्मा)	(अतुल मेंदीरत्ता)	(अनिल त्रिगुणायत)	(पंकज कपूर)	(आर के अग्रवाल)
कम्पनी सचिव	महाप्रबंधक (वित्त)	निदेशक (डीआईएन 07900294)	निदेशक (वित्त) (डीआईएन 07290569)	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (डीआईएन 09344894)

संलग्न सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कुमार विजय गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
एफआरएन - 007814एन

प्रदीप लखानी
साझेदार
एम. नं. 091192
20 जनवरी 2025

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 17 जनवरी 2025

1. महत्वपूर्ण लेखाकंन नीतियां

1.1 सामान्य

(क) अनुपालन विवरण

समूह के वित्तीय विवरणों को समय-समय पर यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली, 2015 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के अंतर्गत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (इंड-एएस) के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

जब कभी नये जारी लेखांकन मानक को अपनाया जाता है अथवा अब तक उपयोग में लाये जा रही अपेक्षित परिवर्तन के कारण मौजूदा लेखांकन नीति मानक संशोधन को अपनाये जाने को छोड़कर लेखांकन नीतियों को निरंतर रूप से लागू किया जाता है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष से संबंधित इन वित्तीय विवरणों को सभी लागू भारतीय-लेखा मानकों के अनुसार तैयार किया गया है।

31 मार्च 2023 को, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियम, 2023 को अधिसूचित किया, जिससे अंतर्गत कंपनियों को केवल महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के प्रकटीकरण को अनिवार्य बना दिया गया है। तद्नुसार, पूर्व की महत्वपूर्ण लेखा नीतियों की समीक्षा की गई है और उन्हें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों से प्रतिस्थापित किया गया है। इस प्रतिस्थापन का कोई वित्तीय निहतार्थ नहीं है।

(ख) वित्तीय विविरण तैयार करने का आधार

कंपनी समेकन के उद्देश्य से विचार-विमर्श के अंतर्गत सहायक कंपनी के वित्तीय विवरण उसी रिपोर्टिंग तिथि तक तैयार किए जाते हैं।

कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों तथा देयताओं और उचित मूल्य पर मापे जाने वाली परिभाषित लाभ योजनाओं को छोड़ कर समूह के समेकित वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत के सिद्धान्त के आधार पर तैयार किए गए हैं, और इसे लेखा भारतीय मानक (भा.ले.मा.) की अनुपालन में कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा अधिसूचित कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 133 के अंतर्गत समय-समय पर कम्पनियों भारतीय लेखा मानक द्वारा संशोधित नियमों के अनुसार संशोधित कम्पनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 के नियम 4 के साथ पढ़ा जाएगा। वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी वर्षों के लिए भारतीय लेखांकन मानकों की लेखांकन नीतियाँ समान रूप से लागू की गई हैं।

सभी परिसंपत्तियों और देयताओं को समूह के प्रचालन चक्र और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-iii में निर्धारित अन्य मानदंडों के अनुसार वर्तमान अथवा गैर-वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है। क्रियाकलापों की प्रकृति और प्रक्रियान्वयन के लिए परिसंपत्तियों की प्रापण तथा उनकी नकद एवं नकद के समान मूल्य में प्राप्ति के बीच के समय के आधार पर कंपनी ने परिसंपत्तियों तथा देयताओं के वर्तमान अथवा गैर-वर्तमान वर्गीकरण के उद्देश्य से अपना प्रचालन चक्र 12 माह निर्धारित किया है।

(ग) समेकन के सिद्धांत

समेकित वित्तीय विवरणों में कंपनी के वित्तीय विवरण और उसकी नियंत्रित इकाई अर्थात सहायक रिपोर्टिंग तिथि पर शामिल हैं।

यदि समेकित वित्तीय विवरण लेन देन और अन्य समान परिस्थितियों के लिए समरूप लेखा नीतियों के प्रयोग से तैयार की जाती है। समूह का कोई सदस्य समूह की लेखांकन नीतियों को सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय विवरणों में अपनाई गई लेखांकन नीतियाँ जो उस समूह के सदस्यों के समेकित वित्तीय विवरणों जैसे लेन-देन और सामान परिस्थितियों में घटनाओं, उचित समायोजनों को तैयार करने के लिए अपनाई जाती हैं।

सभी संस्थाओं के वित्तीय विवरण जो समेकन के उद्देश्य के लिए उपयोग किए जाते हैं, होल्डिंग कंपनी की रिपोर्टिंग तिथि के समान तैयार किए जाते हैं।

सहायक कम्पनी के लिए समेकन प्रक्रिया

मूल की परिसंपत्तियों, देनदारियों, इक्विटी, आय, व्यय और नकदी प्रवाह की मदों का उसकी सहायक कंपनी के साथ समायोजन।

ऑफसेट (छोड़) सहायक में मूल के निवेश और सहायक की इक्विटी के मूल के हिस्से की आगे की राशि दें।

समूह की इकाइयों के बीच लेन-देन से संबंधित संपूर्ण इंट्रा-ग्रुप परिसंपत्तियों और देनदारियों, इक्विटी, आय, व्यय और नकदी प्रवाह को हटा दें। इंट्रा ग्रुप हानियां उस क्षति का संकेत दे सकती हैं जिसे समेकित वित्तीय विवरणों में मान्यता की आवश्यकता होती है। भारतीय लेखा मानक 12 आयकर अस्थायी अंतरों पर लागू होता है जो इंट्राग्रुप लेनदेन से होने वाले लाभ और हानि के उन्मूलन से उत्पन्न होते हैं।

यद्यपि इसका परिणाम घाटे के शेष वाले गैर-नियंत्रित ब्याज में हो लाभ या हानि और अन्य व्यापक आय (ओसीआई) के प्रत्येक घटक को समूह के मूल के इक्विटी धारकों और गैर-नियंत्रित ब्याज के लिए उत्तरदायी ठहराया जाता है।

व्यवसाय संयोजन

व्यवसायों के अधिग्रहण (सामान्य नियंत्रण के तहत व्यावसायिक संयोजनों को छोड़कर) को अधिग्रहण पद्धति का उपयोग करने के लिए उत्तरदायी ठहराया जाता है। एक व्यावसायिक संयोजन में हस्तांतरित प्रतिफल को उचित मूल्य पर मापा जाता है, जिसकी गणना समूह द्वारा हस्तांतरित परिसंपत्तियों के अधिग्रहण की तिथि के उचित मूल्य के योग, समूह द्वारा अधिग्रहण के पूर्व मालिकों को दी गई देनदारियां और अधिग्रहणिती के नियंत्रण के विनिमय में समूह द्वारा जारी इक्विटी ब्याज के रूप में की जाती है।

अधिग्रहण की तिथि में, अधिग्रहीत अभिज्ञात परिसंपत्ति और स्वीकृत देनदारियों को उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है, निम्न के अलावा:-

आस्थगित कर परिसंपत्तियां या देनदारियां या कर्मचारी लाभ व्यवस्थाओं से संबंधित देनदारियों को क्रमशः भारतीय लेखा मानक 12 "आयकर" और भारतीय लेखा मानक 19 " कर्मचारी" लाभ के अनुसार मान्यता प्राप्त है और मापी जाती हैं;

गुडविल को हस्तांतरित प्रतिफल के योगफल, अधिग्रहणिती में किसी भी गैर-नियंत्रित ब्याज की राशि और अधिग्रहणकर्ता के पूर्व में धारित इक्विटी ब्याज के उचित मूल्य के रूप में मापा जाता है, यदि अधिग्रहीत पहचान योग्य संपत्तियों और ग्रहण की गई देनदारियों अधिग्रहण की तारीख की कुल राशि से अधिक है।

खरीद के मामले में, उसके संबंध में लाभ की पहचान से पहले, समूह यह निर्धारित करता है कि क्या व्यापार संयोजन को खरीद के रूप में वर्गीकृत करने के अंतर्निहित कारणों का स्पष्ट प्रमाण मौजूद है। तत्पश्चात, समूह पुनर्मूल्यांकन करता है कि क्या उसने अधिग्रहीत की गई सभी परिसंपत्तियों और स्वीकृत की गई सभी देनदारियों की सही पहचान की है और उस पुनर्मूल्यांकन में निर्धारित की गई अतिरिक्त परिसंपत्तियों या देनदारियों को पहचानता है। समूह तब उन प्रक्रियाओं की समीक्षा करता है जिनका उपयोग भारतीय लेखा मानक द्वारा खरीद-फरोख्त की गणना के उद्देश्यों के लिए आवश्यक राशियों को मापने हेतु किया जाता है। यदि इस पुनर्मूल्यांकन और समीक्षा के बाद भी लाभ बना रहता है, तो समूह इसे इक्विटी में पूंजी आरक्षित के रूप में मान्यता देता है। इस लाभ का श्रेय अधिग्रहणकर्ता को दिया जाता है।

जब एक व्यवसाय संयोजन में समूह द्वारा हस्तांतरित प्रतिफल में आकस्मिक प्रतिफल व्यवस्था के परिणामस्वरूप संपत्ति या देनदारियां शामिल होती हैं, तो आकस्मिक प्रतिफल को इसके अधिग्रहण की तिथि के उचित मूल्य पर मापा जाता है जब एक व्यापार संयोजन में हस्तांतरित प्रतिफल के हिस्से के रूप में शामिल किया जाता है। आकस्मिक प्रतिफल के उचित मूल्य में परिवर्तन जो माप अवधि समायोजन के रूप में अर्हता प्राप्त करते हैं, पूर्वव्यापी रूप से

समायोजित किए जाते हैं, गुडविल या पूंजी आरक्षित के विपरीत इसी समायोजन के साथ, जैसा भी मामला हो। मापन अवधि समायोजन वे समायोजन हैं जो समूह द्वारा मापन अवधि के दौरान' अधिग्रहण तिथि पर मौजूद तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में प्राप्त की गई अतिरिक्त जानकारी से उत्पन्न होते हैं। मापन अवधि अधिग्रहण की तिथि से एक वर्ष से अधिक नहीं होती है।

आकस्मिक प्रतिफल के उचित मूल्य में परिवर्तन के लिए अनुवर्ती लेखांकन, जो माप अवधि व्यवस्था के रूप में योग्य नहीं है, इस पर निर्भर करता है कि आकस्मिक प्रतिफल को कैसे वर्गीकृत किया जाता है। आकस्मिक प्रतिफल जिसे इक्विटी के रूप में वर्गीकृत किया गया है, को आगामी रिपोर्टिंग तिथियों पर पुनः नहीं मापा जाता है और इसके बाद के निपटान का हिसाब इक्विटी के अंतर्गत किया जाता है। आकस्मिक प्रतिफल, जिसे परिसंपत्ति या दायित्व के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, का आगामी रिपोर्टिंग तिथियों पर उचित मूल्य, जिसमें लाभ और हानि के समेकित विवरण में संबंधित लाभ या हानि को मान्यता दी जाती है, पर पुनः मापा जाता है।

जब व्यावसायिक समायोजन चरणों में प्राप्त किया जाता है, तो अधिग्रहण में समूह के पहले से धारित इक्विटी ब्याज को इसकी अधिग्रहण तिथि पर उचित मूल्य और परिणामी लाभ या हानि पर फिर से मापा जाता है, यदि कोई हो, इसे लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्यता दी जाती है। अधिग्रहण की तारीख से पहले अधिग्रहण में ब्याज से उत्पन्न होने वाली राशियों को पहले अन्य व्यापक आय में मान्यता दी गई है, लाभ और हानि के समेकित विवरण में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है जहां ऐसा वर्णन/निरूपण उपर्युक्त होगा यदि उस ब्याज का निपटान किया गया था।

यदि किसी व्यावसायिक संयोजन के लिए प्रारंभिक लेखांकन, जिसमें संयोजन होता है, रिपोर्टिंगअवधि के अंत तक अधूरा है, तो समूह मदों के लिए अस्थायी राशि की रिपोर्ट करता है जिनके लिए लेखांकन अधूरा है। उन अस्थायी राशियों को अतिरिक्त परिसंपत्तियों या देनदारियों (यदि कोई हो) को चिन्हित करते हुए माप अवधि के दौरान समायोजित किया जाता है ताकि अधिग्रहण तिथि पर मौजूद तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में प्राप्त नई जानकारी को प्रतिबिंबित किया जा सके, यदि ज्ञात हो तो, उस तिथि पर मान्यता प्राप्त राशियों को प्रभावित कर सकती है।

गैर नियंत्रित ब्याज

गैर-नियंत्रित ब्याज सहायक कंपनी में आय के अनुपात, अन्य व्यापक आय और निवल संपत्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो कंपनी के शेयरधारकों के लिए उत्तरदायी नहीं है।

गैर-नियंत्रित ब्याज को आरम्भ में अधिगृहणीति की पहचान योग्य निवल संपत्ति की मान्यता प्राप्त राशि के आनुपातिक हिस्से पर मापा जाता है। अधिग्रहण के पश्चात, गैर-नियंत्रित ब्याज की वहन राशि, प्रारंभिक मान्यता पर ब्याज की राशि के अतिरित्तफ़ इक्विटी में बाद के परिवर्तनों के गैर-नियंत्रित ब्याज की हिस्सेदारी है।

समेकन पर नियंत्रण लागत

एक व्यवसाय के पूर्ण अधिग्रहण पर उत्पन्न होने वाले नियंत्रण की लागत व्यवसाय के अधिग्रहण की तिथि पर स्थापित लागत पर वहन की जाती है।

1.2 अनुमानों का प्रयोग

वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रबंधन को कुछ आकलन, अनुमान तथा परिकल्पनाएँ करनी होती हैं। ये अनुमान, आकलन और परिकल्पनाएँ लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग और परिसंपत्तियों तथा देयताओं की रिपोर्ट की गई मात्र, वित्तीय विवरणों को प्रस्तुत किए जाने की तारीख को आकस्मिक परिसंपत्तियों तथा आकस्मिक देयताओं के प्रकटन और वर्ष के लिए रिपोर्ट की गई राजस्व तथा व्यय की मात्र को प्रभावित करती हैं।

वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रयुक्त अनुमानों तथा आकलनों का समूह द्वारा लगातार मूल्यांकन किया जाता है और ये पूर्व अनुभव और वर्तमान परिस्थितियों में कंपनी द्वारा तर्कपूर्ण समझे जाने वाली कंपनी की विभिन्न अन्य परिकल्पनाओं और घटकों (भविष्य की गतिविधियों की अपेक्षाओं सहित) पर आधारित होते हैं। यद्यपि कंपनी इन अनुमानों का नियमित रूप से आकलन करती है परंतु वास्तविक परिणाम अनुमानों से अलग हो सकते हैं। जैसे-जैसे प्रबंधन को अनुमानों से संबंधित परिस्थितियों में बदलाव की जानकारी मिलती है वैसे-वैसे अनुमानों में उचित बदलाव किए जाते हैं। अनुमानों में बदलाव उस अवधि के वित्तीय विवरणों में दर्शाए जाते हैं जिस अवधि में बदलाव किए गए हैं और, यदि उल्लेखनीय हों, तो उनके प्रभावों को वित्तीय विवरणों के साथ की गई टिप्पणियों में प्रकट किया जाता है।

1.3 राजस्व की मान्यता

प्रचालनों से राजस्व

1.3.1 समूह को प्रमुख रूप से परामर्श एवं निर्माण संविदाओं से प्रचालन राजस्व प्राप्त होता है।

1.3.2 वित्तीय विवरणों में राजस्व को पहचानने के लिए सामान्य मानदंड निम्न प्रकार से है, जो राजस्व के सभी क्षेत्रें पर लागू होते हैं, जबकि राजस्व की संबंधित क्षेत्र को लेखांकन नीति में विशिष्ट मापदंडों कहा जाता है।

सामान्य पैरामीटर

राजस्व को पहचान करने के उद्देश्य के लिए, समूह पांच प्रक्रिया का अनुसरण करता है:

- ग्राहक के साथ संविदा की पहचान करना
- कार्य निष्पादन दायित्वों की पहचान करना
- लेनदेन मूल्य का निर्धारण
- कार्य निष्पादन दायित्वों के लिए लेनदेन की कीमत आवंटित करना
- कार्य निष्पादन दायित्व का जब/जैसे निष्पादन किया जाता है, तो राजस्व की पहचान की जाती है।

समूह की सेवाओं की श्रृंखला में शामिल सभी क्षेत्रों में समूह कार्य करता है। सभी मामलों में, कार्य निष्पादन दायित्वों के आधार पर संविदा हेतु सम्पूर्ण कार्य मूल्य होता है।

राजस्व या तो समय पर या समय पूरा होने पर पर पहचाना जाता है, तब (या जैसे) समूह अपने ग्राहकों को दिए गए माल या सेवाओं को स्थानांतरित करके संतोषजनक कार्य निष्पादन दायित्वों को पूरा करती है।

लेन देन मूल्य वह राशि है जिसे समूह ग्राहक को माल या सेवाओं के स्थानांतरण हेतु विनिमय के लिए पाने की आशा रखती है। एक संविदा में वादा किए गए विचार में निश्चित राशियाँ, परिवर्तनशील राशियाँ या दोनों शामिल हो सकती हैं। किसी निर्धारित परिस्थिति में अपेक्षित मूल्य विधि या सबसे अधिक संभावित राशि का उपयोग करके परिवर्तनीय विचार का अनुमान लगाया जाता है। ग्राहकों के साथ सहमत भुगतान शर्तें व्यावसायिक व्यवहार के अनुसार हैं और लेनदेन मूल्य में कोई वित्तपोषण घटक शामिल नहीं है।

प्रस्ताव की तैयारी के लिए प्रशासनिक लागत को छोड़कर संविदा प्राप्त करने के लिए समूह कोई भी लागत नहीं लेता है और वही लाभ और हानि के विवरण के लिए शुल्क लिया जाता है।

संविदा को पूरा करने में लगने वाली लागत संबंधित संविदा के राजस्व को लाभ और हानि विवरण में जोड़ा जाता है।

कंपनी द्वारा नियुक्त किए गए कार्मिक अनेक परियोजनाओं पर एक साथ तैनात/काम करते हैं, जिनकी लागत को सीधे विशिष्ट परियोजना के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। इस तरह की लागत को आवधिक लागत की प्रकृति में लाभ और हानि का प्रभार सीधे सौंप दिया जाता है।

संविदा पर राजस्व को संबंधित सेवाओं के रूप में मान्यता दी जाती है और अंतिम बिल की तिथि से तुलन पत्र की तारीख तक के राजस्व को तुलन पत्र में बिल न किए गए राजस्व के रूप में मान्यता दी जाती है।

समूह असंतुष्ट कार्य निष्पादन दायित्वों के संबंध में प्राप्त टिप्पणियां के लिए संविदा देनदारियों की पहचान करता है और इन राशियों को तुलन पत्र में अन्य

देनदारियों के रूप में जानकारी करती है। इसी तरह, यदि कंपनी एक कार्य निष्पादन दायित्व को संतोषजनक रूप से पूरा करती है और इस पर टिप्पणी प्राप्त करना अभी बाकी होता है, तो टिप्पणी प्राप्त होने से पहले, समूह अपने तुलन पत्र में एक संविदा परिसंपत्ति लगाती।

1.3.3 राजस्व को माल व सेवा कर (जीएसटी) से मान्यता प्राप्त है।

1.3.4 संविदा राजस्व में संविदा में सहमत राजस्व की प्रारंभिक राशि शामिल है

1.3.4 परामर्शी शुल्क

- सेवाएं प्रदान करने से प्राप्त राजस्व को उस लेखा अवधि में मान्यता दी जाती है जिसमें सेवाएं प्रदान की जाती हैं। राजस्व या तो समय पर या समय पूरा होने पर पर पहचाना जाता है, तब (या जैसे) कम्पनी अपने ग्राहकों को दिए गए माल या सेवाओं को स्थानांतरित करके संतोषजनक कार्य निष्पादन दायित्वों को पूरा करती है।
- यदि कार्य निष्पादन दायित्वों को समय पर पूरा किया जाता है, तो राजस्व को अनुबंध अवधि के अनुसार लेनदेन की प्रकृति के आधार पर उपयुत्तफ़ पद्धति का उपयोग करके प्रदान की जाने वाली कुल सेवाओं के अनुपात के रूप में वास्तविक सेवा के आधार पर मान्यता प्राप्त होती है।
- अन्य मामलों में जहां कार्य निष्पादन की बाध्यता समय के साथ संतोषजनक नहीं होती है, राजस्व को बाद में मान्यता दी जाती है।
- अधिक लागत वाली संविदाओं के मामले में, राजस्व को अपने ग्राहकों को दिए गए माल या सेवाओं को हस्तांतरित करके संविदा के तहत काम की प्रगति और संबद्ध कार्य निष्पादन दायित्वों को पूरा करने के साथ बिल योग्य राशि के आधार पर मान्यता दी जाती है।
- संबंधित कार्य निष्पादनों के संतोषजनक दायित्वों के मध्यनजर, गैर-समायोजित अग्रिम/शुल्क को राजस्व के रूप में मान्यता प्राप्त है। तथपि, वसूली योग्य अग्रिम को बाद के राजस्व बुकिंग के विरूद्ध समायोजित किया जाता है।
- निर्माण प्रबंधन/प्रर्यवेक्षण अनुबंध में, राजस्व को प्रबंधन द्वारा निर्धारित प्रत्येक अनुबंध किए गए कार्य/निर्मित लागत के मूल्य के प्रतिशत के रूप में मान्यता प्राप्त है, यदि ग्राहक द्वारा कोई स्वीकृति लंबित हो।
- संविदा पर राजस्व को संबंधित सेवाओं के रूप में मान्यता दी जाती है और अंतिम बिल की तिथि से तुलन पत्र की तारीख तक के राजस्व को तुलन पत्र में बिल न किए गए राजस्व के रूप में मान्यता दी जाती है।

1.3.6 निर्माण परियोजनाएँ

- समूह निर्माण संविदाओं/परियोजनाओं में राजस्व को समय के साथ पहचानती है। इन परियोजनाओं के विभिन्न तत्वों के बीच अन्योन्याश्रितता के उच्च स्तर के कारण, इन परियोजनाओं को एकल कार्य निष्पादन दायित्व के रूप में माना जाता है।
- निर्माण/पर्यवेक्षण संविदाओं के संबंध मेंए राजस्व का निर्धारण किए गए कार्य के मूल्य के प्रतिशत के रूप मेंधप्रबंधन द्वारा निर्धारित प्रत्येक संविदा की निर्माण लागतए लंबित ग्राहक/क्लाइंट अनुमोदनए यदि कोई होए के रूप में किया जाता है।

अधिक लागत वाली परियोजनाएं

- अधिक लागत वाली संविदा से राजस्व को समय के साथ पहचाना जाता है और यह निर्धारित किया जाता है कि कार्य निष्पादन दायित्व संतोषजनक है। समूह द्वारा ग्राहक को दिए गए माल का नियंत्रण हस्तांतरित करती है और यह स्थापित करने के लिए कि कब और किस हद तक राजस्व को मान्यता दी जा सकती है, समूह कार्य के आधार पर निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति को मापती है।

- कार्य निष्पादन दायित्वों के लिए आबंटित लेनदेन मूल्य की राशि उस अवधि के दौरान वसूल किए गए वसूली योग्य लागतों को दर्शाती है जो ग्राहक के साथ सहमत होने पर मार्जिन से अधिक होती है।

- अधिक लागत वाली संविदा के मामले में, यदि परामर्शी आय/शुल्क को एक अलग रूप में निर्धारित किया जाता है, तो ऐसी परामर्शी आय/शुल्क को समय की अवधि में राजस्व के रूप में मान्यता दी जाती है या समय के साथ-साथ कंपनी वादा किए गए माल को स्थानांतरित करके कार्य निष्पादन दायित्वों को पूरा करती है या संविदा की शर्तों के अनुसार अपने ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करती है।

- अन्य मामलों में, राजस्व को समय-समय पर कार्य निष्पादन दायित्वों को संतुष्ट करने और ग्राहक को हस्तांतरित करने की सीमा तक मान्यता प्राप्त है। संविदा राजस्व को आवंटन योग्य लेनदेन मूल्य पर पहचाना जाता है जो पूर्णविधि के प्रतिशत का उपयोग करते हुए संविदा के आनुपातिक मार्जिन पर किए गए कार्य की लागत का प्रतिनिधित्व करता है।

- किसी भी अपेक्षित हानि को रिपोर्टिंग तिथि में नुकसानदेह हानि के प्रावधान के रूप में मान्यता प्राप्त है।

अभियांत्रिकी प्रापण एवं निर्माण (ईपीसी)

ईपीसी संविदा के लिए, लेनदेन मूल्य वह मूल्य है जो सेवाओं के प्रावधान के लिए ग्राहक के साथ संविदागत रूप से सहमत है। प्रगति को मापने के इनपुट पद्धति के आधार पर राजस्व को समय के साथ पहचाना जाता है क्योंकि ऐसे अनुबंधों में, ग्राहक लाभ प्राप्त करता है और उपयोग करता है क्योंकि कंपनी दायित्वों का पालन करती है।

किसी भी अपेक्षित हानि को रिपोर्टिंग तिथि में नुकसानदेह हानि के प्रावधान के रूप में मान्यता दी गई है।

1.3.7 प्लांट और उपकरणों की आपूर्ति/चालू करने के लिए माल की बिक्री से प्राप्त राजस्व को निम्नानुसार मान्यता दी गई है:

माल की बिक्री से होने वाले राजस्व की पहचाना तब की जाती है जब उसे ग्राहक को हस्तांतरित किया जाता है और यह संभव है जब विनिमय माल की हकदारी पर कम्पनी ध्यान एकत्र करेगी। माल की बिक्री के लिए संविदा के संबंध में कार्य निष्पादन दायित्वों को उस समय संतोजनक माना जाता है जब उसे ग्राहक को हस्तांतरित किया जाता है और यहां परिसंपत्ति का वैकल्पिक उपयोग हो या कंपनी के पास उस तिथि तक कार्य निष्पादन पूर्ण करने के लिए भुगतान या तो निहित या स्पष्ट हो। परिसंपत्ति का कोई वैकल्पिक उपयोग नहीं होने के मामले में हो और कंपनी के पास कानूनी मामलों पर विचार करके भुगतान का निहित या स्पष्ट अधिकार हो, कार्य निष्पादन दायित्व को समय की अवधि के रूप में संतोषजनक माना जाता है और समय के साथ राजस्व को मान्यता दी जाती है।

1.3.8 वसूली योग्य प्रतिपूर्ति व्यय वर्तमान परिसंपत्तियों की प्रकृति में हैं और ग्राहक द्वारा प्रतिपूर्ति की सीमा तक समायोजित किए जाते हैं।

1.3.9 प्रभावी ब्याज पद्धति के उपयोग से ब्याज आय को पहचाना जाता है, जब यह संभावित है कि लेनदेन से जुड़े आर्थिक लाभ इकाई में स्थिरता से बढ़ाता है और राशि को स्थिरता से मापी जाती है।

1.3.10 लाभांश आय को तब मान्यता प्राप्त होती है जब भुगतान प्राप्त करने का अधिकार स्थापित होता है और जब यह संभावित है कि लेनदेन से जुड़े आर्थिक लाभ इकाई में स्थिरता से बढ़ाता है और राशि को स्थिरता से मापा जाता है।

1.3.11 अन्य

समूह की धारिता कम्पनी के पास समूह में नियुक्त नियमित भर्तियों से बॉन्ड राशि लेने की नीति है। बॉन्ड राशि को समूह के नाम पर बैंकों के पास सावधि जमा रसीदों के रूप में रखा जाता है। मूल राशि के साथ जमा पर अर्जित ब्याज को समूह की लेखा-बही में परिसम्पति व देयताओं के रूप में माना जाता है।

बांड अवधि के सफल समापन पर, संबंधित अधिकारियों को बांड की धनराशि ब्याज के साथ वापस कर दी जाती है। यदि अधिकारी बांड अवधि पूरी होने से पहले समूह छोड़ देता है, तो उसे जब्त कर लिया जाता है और उसे आय के रूप में माना जाता है।

1.4 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई)

पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि ऐतिहासिक लागत पर रखी जाती है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को प्रारंभ में लागत, अर्थात माल भाड़ा, निर्माण तथा कार्य सौंपने के शुल्क, अप्रतिदेय शुल्क एवं कर, निर्माण अवधि के दौरान व्यय, उधार लिए जाने संबंधी लागत, एक पात्र संपत्ति के मामले में, प्रापण/संस्थापन की तारीख तक, निवल संचित मूल्यह्रास तथा खराब होने से होने वाले नुकसान, यदि कोई हो, सहित अधिग्रहण अथवा निर्माण की लागत पर मान्यता दी जाती है। इसके बाद में मापन लागत में से संचित ममूल्यह्रास तथा खराब होने से होने वाले नुकसान, यदि कोई हो, को घटा कर किया जाता है। लागत में वह व्यय शामिल होता है जो प्रबंधन द्वारा संपत्ति को इसके अभिप्रेत उद्देश्य के लिए तैयार करने में प्रत्यक्ष रूप से लगा है।

इसके बाद संपत्ति, संयंत्र और उपकरण से संबंधित व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब यह संभावित हो कि इनसे संबंधित भविष्य के आर्थिक लाभ समूह को प्राप्त होंगे और मद की लागत का विश्वसनीय रूप से मापन किया जा सकता है। मरम्मत तथा रखरखाव पर होने वाली लागत को व्यय किए जाने पर लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। प्रारंभ में मान्यता प्रदान की गई संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण की मद और किसी उल्लेऽनीय हिस्से को निपटान के बाद अथवा इसके उपयोग अथवा निपटान से भविष्य में कोई आर्थिक लाभ होने की अपेक्षा न होने पर इसकी मान्यता समाप्त कर दी जाती है। संपत्ति की मान्यता समाप्त किए जाने से होने वाले किसी लाभ अथवा हानि (निवल निपटान प्राप्ति और संपत्ति की वर्तमान लागत राशि के बीच के अंतर के रूप में परिकलित) को संपत्ति की मान्यता समाप्त किए जाने पर लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है। निपटान की जाने वाली संपत्ति को वर्तमान लागत मूल्य अथवा उचित मूल्य में से बेचने की लागत को घटा कर प्राप्त होने वाली राशि में से कम राशि पर रिपोर्ट किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण पर मूल्यह्रास कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-II में निर्धारित उपयोगी जीवन के आधार पर सीधी रेखा विधि (एसएलएम) के तहत प्रदान किया जाता है जो प्रबंधन के आकलन के समान हो। मूल्यह्रास पद्धति, उपयोगी जीवन और शेष मूल्य की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है। सम्पत्तियों का उपयोगी जीवन कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-II के भाग-ग में निर्धारित किए गए अनुसार है। वर्ष के दौरान सम्पत्तियों में जोड़/कटौती के संबंध में मूल्यह्रास समानुपातिक आधार पर प्रभारित किया जाता है।

विभिन्न परिसंपत्तियों का अनुमानित उपयोगी कार्यकाल निम्नानुसार हैः-

विमान्यता

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मद और किसी भी महत्वपूर्ण हिस्से को जिसे आरम्भ में मान्यता दी गई है निपटान पर विमान्यता की जाती है या जब इसके

संपत्ति का वर्ग	उपयोगी कार्यकाल (वर्ष)
आरसीसी फ्रेम संरचना वाले कार्यालय भवन	60
फर्नीचर और फिक्सचर	10
वाहन-मोटर कारें	8
वाहन-मोटर साइकिल, स्कूटर और अन्य मोपेड़	10
कार्यालय उपकरण	5
विद्युत कार्य	10
कंप्यूटर	3
नेटवर्किंग सर्वर	6
लकड़ी की अस्थायी संरचना	3
इंजीनियरिंग और अन्य पुस्तकें	3
सामान्य संयंत्र और मशीनरी	15

उपयोग या निपटान से भविष्य के आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं की जाती है। परिसंपत्ति की व्युत्पत्ति पर उत्पन्न कोई भी लाभ या हानि (निवल निपटान आय और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में गणना) लाभ और हानि के विवरण में शामिल है, जब परिसंपत्ति की विमान्यता की जाती है।

पूंजी कार्य प्रगति

ऐसी परिसंपत्तियां जो इच्छित उपयोग के लिए तैयार नहीं हैं, उन्हें प्रत्यक्ष लागत, संबंधित आकस्मिक खर्च और जिम्मेदार ब्याज सहित लागत पर किया जाता है।

1.5 अमूर्त संपत्तियाँ

एक अमूर्त संपत्ति बिना किसी वास्तविक संपत्ति के एक पहचाने जा सकने वाली गैर-मौद्रिक संपत्ति होती है जैसे तकनीकी जानकारी, कंप्यूटर सॉफ्रटवेयर। इसे तब पूंजीकृत किया जाता है जब संपत्ति के कारण भविष्य में आर्थिक लाभ संभावित रूप से समूह को प्राप्त हों और संपत्ति के अधिग्रहण अथवा सृजन की लागत का विश्वसनीय रूप से मापन किया जा सके। इसके लिए उस बिन्दु से परिशोधन किया जाता है जहाँ संपत्ति उपयोग के लिए उपलब्ध होती है।

अधिग्रहित/विकसित अमूर्त सम्पत्तियों को लागत रहित संचित परिशोधन और खराबी होने के कारण हुए क्षति नुकसान यदि कोई हैम की मान्यता पर मापा जाता है।

अमूर्त परिसम्पत्तियों के वि-मान्यता से उत्पन्न होने वाले लाभ या हानि की गणना निवल निपटान आय और परिसम्पत्ति के बहीखाता मूल्य के बीच के अंतर के रूप में की जाती है और जब सम्पत्ति वि-मान्य होती है तो इसे लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

अमूर्त संपत्तियों के अव्यवस्थित होने से उत्पन्न लाभ या हानि को शुद्ध निपटान आय और संपत्ति के बहीखाता मूल्य के बीच के अंतर के रूप में मापा जाता है और जब संपत्ति को अव्यवस्थित किया जाता है, तो इसे लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

परिशोधन:

कंप्यूटर सॉफ्रटवेयर का परिशोधन 3 वर्ष की अवधि में अथवा उनकी लाइसेंस अवधि में किया जाता है, जो भी लागू हो। निर्दिष्ट अवधि के लिए लाइसेंसों का आवेदन और संचालन सॉफ्रटवेयर लाइसेंस की अवधि के संबंध में राजस्व पर प्रभारित किया जाता है।

वि-मान्यता

अमूर्त संपत्ति की व्युत्पत्ति से उत्पन्न होने वाले लाभ या हानि को निवल निपटान आय और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में मापा जाता है और परिसंपत्ति की मान्यता समाप्त होने पर लाभ और हानि के विवरण में शामिल किया जाता है।

1.6 वित्तीय साधन

प्रारंभिक मान्यता

समूह वित्तीय संपत्तियों और वित्तीय देयताओं को तब मान्यता देता है जब यह उस साधन के संविदात्मक प्रावधानों का एक पक्षकार बन जाती है। व्यापार प्राप्तियों/व्यापार देयताओं, जिनका मापन प्रारंभ में लेन-देन की तारीख को किया जाता है, को छोड़ कर सभी वित्तीय सम्पत्तियों और देयताओं को प्रारंभिक मान्यता में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है। लेन-देन लागतें जो प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय सम्पत्तियों तथा वित्तीय देयताओं, जो लाभ एवं हानि के मध्यम से उचित मूल्य पर नहीं हैं, के अधिग्रहण अथवा जारी किए जाने के कारण नहीं हैं उन्हें प्रारंभिक मान्यता में उचित मूल्य में जोड़ा जाता है/से घटाया जाता है।

अनुवर्ती मापन

(क) बाद में यदि वित्तीय संपातियों को एक ऐसे व्यापार मॉडल में रखा जाता है जिसका उद्देश्य नकद प्रवाह एकत्रित करने के लिए संपत्ति को रोक कर रखना है और वित्तीय संपत्ति की संविदात्मक शर्तें विशिष्ट तारीखों पर ऐसे नकद प्रवाह में वृद्धि लाती हैं जो केवल प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) का

प्रयोग करके लंबित मूलधन पर मूल तथा ब्याज के भुगतान हैं तो इनका मापन परिशोधित लागत पर किया जाता है। ईआईआर परिशोधन को लाभ एवं हानि के विवरण में वित्त आय में शामिल किया जाता है। खराबी से होने वाले नुकसान को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

(ख) लाभ एवं हानि के मध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय संपत्तियाँ

वित्तीय सम्पत्तियों का मापन लाभ एवं हानि के मध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है जब तक कि इसे परिशोधित लागत पर वर्गीकृत न किया जाए।

(ग) लाभ एवं हानि के मध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में व्यापार के लिए रखी गई वित्तीय देयताएँ और प्रारंभिक मान्यता में उचित मूल्य पद्धति के मध्यम से उचित मूल्य पर निर्धारित वित्तीय देयताएँ शामिल हैं।

अन्य सभी वित्तीय देयताओं का मापन बाद में ईआईआर पद्धति का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर किया जाता है। जब देयताओं की मान्यता समाप्त की जाती है तब और ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया से भी लाभ एवं हानि के विवरण में लाभ एवं हानि को मान्यता दी जाती है।

` समूह के पास गैर-व्युत्पन्न वित्तीय साधन हैं। गैर-व्युत्पन्न वित्तीय साधनों में निम्नलिखित शामिल हैं:

i) वित्तीय संपत्तियाँ, जिनमें नकद और नकद समकक्ष, इक्विटी में निवेश, व्यापार प्राप्तियाँ, परियोजना प्राधिकरणों द्वारा प्रतिधारित राशि, बिल नहीं किए गए राजस्व, कर्मचारी और अन्य अग्रिम (दी गई जमानत राशि सहित जो समूह को वापस की जा सकती है) शामिल हैं।

ii) वित्तीय देयताएँ, जिनमें व्यापार देयताएँ, संविदात्मक भुगतानों से धारित राशि (ली गई जमानत राशि सहित जिसे समूह द्वारा वापस लौटाया जाना होता है) शामिल हैं।

प्रारंभिक मान्यता के बाद गैर-व्युत्पन्न साधनों का मापन निम्नानुसार किया जाता है:

(i) नकद और नकद समकक्ष:

नकद में कंपनी के पास उपलब्ध नकद राशि और बैंकों में जमा की गई माँग जमा राशि शामिल है। नकद समकक्ष में अधिग्रहण की तारीख से तीन माह अथवा इससे कम की मूल परिपक्वता वाली लघु अवधि जमा शामिल है जो तुरंत नकद की ज्ञात मात्र में बदली जा सकती हैं और जिनमें मूल्य बदलने का जोखिम न के बराबर हो। नकद और नकद समकक्ष में बैंकों में वह शेष राशि शामिल है जिसे निकाले जाने और उपयोग किए जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

(ii) सहायक कंपनी में निवेश

सहायक कंपनी में निवेश को ऐसी लागत पर रखा गया है (भारत लेखा मानक 27 के अनुसार) जिसमें मूल कंपनी द्वारा सहायक कंपनी में 98.89% इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए भुगतान की गई राशि शामिल है।

निवेश – अन्य

भारतीय लेखा मानक 109 के परिदृश्य में सभी इक्विटी निवेशों को उचित मूल्य पर मापा जाता है। व्यापार हेतु धारित किए जाने वाले इक्विटी साधन को लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। सभी अन्य इक्विटी साधनों के संबंध में, समूह द्वारा यह निर्धारित किया जाता है कि उन्हें अन्य समग्र आय (एफवीओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य अभवा लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) के रूप में वर्गीकृत किया जाए।

(iii) परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियाँ

ऋणों, अग्रिम को वर्तमान वित्तीय संपत्तियों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, केवल उन संपत्तियों को छोड़ कर जो रिपोर्टिंग तारीख के बाद 12 माह से अधिक समय बाद परिपक्व होती हैं जिन्हें गैर-वर्तमान वित्तीय संपत्तियों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। ऋणों और प्राप्तियों को प्रारंभ में उचित

मूल्य पर मान्यता दी जाती है और बाद में इनका मापन प्रभावी ब्याज पद्धति (ईआईआर) का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर किया जाता है।

(iv) लाभ एवं हानि के मध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियाँ

एक वित्तीय संपत्ति जिसे उपर्युक्त में से किसी भी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया गया है उसका मापन बाद में लाभ एवं हानि के मध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर किया जाता है।

वित्तीय साधनों की मान्यता समाप्त करना

एक वित्तीय संपत्ति की मान्यता समाप्त कर दी जाती है जबः

- संपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के अधिकार समाप्त हो जाएँ, अथवा
- समूह ने उल्लेखनीय रूप से संपत्ति के सभी जोखिम तथा लाभ हस्तांतरित कर दिए हैं, अथवा समूह ने उल्लेखनीय रूप से न तो संपत्ति के सभी जोखिम तथा लाभ हस्तांतरित किए हैं और न ही अपने पास रखे हैं, परंतु संपत्ति का नियंत्रण हस्तांतरित कर दिया है।

एक वित्तीय देयता अथवा वित्तीय देयता के एक हिस्से को बैलेंस शीट से बाहर कर दिया जाता है जब संविदा में विनिर्धारित दायित्व का निर्वहन कर दिया जाता है, रद्द कर दिया जाता है अथवा समाप्त हो जाता है। जब किसी वर्तमान वित्तीय देयता को उसी ऋणदाता की ओर से उल्लेखनीय रूप से भिन्न शर्तों पर किसी दूसरी देयता से बदला जाता है अथवा एक वर्तमान देयता की शर्तों में उल्लेखनीय संशोधन किया जाता है तो ऐसे विनिमय अथवा संशोधन को मूल देयता की मान्यता समाप्त किया जाना और एक नई देयता को मान्यता दिया जाना माना जाता है। संगत मूल कीमतों में अंतर को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

1.7 इम्पेयरमेंट

क. वित्तीय संपत्तियाँः

(उचित मूल्य को छोड़ कर)

भारतीय लेखांकन मानक 109 के अनुसार कंपनी वित्तीय संपत्तियों के लिए संपत्ति-हानि से होने वाले नुकसान के मापन एवं इसे मान्यता देने के लिए अपेक्षित क्रेडिट नुकसान (ईसीएल) मॉडल अपनाती है।

ईसीएल संविदा के अनुसार समूह को देय सभी संविदात्मक नकद प्रवाह और समूह को प्राप्त होने की संभावना वाले अपेक्षित सभी नकद प्रवाह के बीच का अंतर होता है। नकद प्रवाह का अनुमान करते समय कंपनी को निम्नलिखित पर विचार करना होता हैः-

- संपत्तियों के अनुमानित जीवन में वित्तीय संपत्तियों की सभी संविदात्मक शर्तें (पूर्व-भुगतान और विस्तार सहित)।
- जमानत के रूप में धारित वस्तु की बिक्री अथवा संविदात्मक शर्तों के अभिन्न हिस्से के रूप में अन्य क्रेडिट संवर्धन से नकद प्रवाह।

व्यापार प्राप्तियाँ, प्रतिभूति डिपोजिट और अग्रिम राशि जमा

एक व्यावहारिक उपाय के रूप में कंपनी ने अनुमानित हानि अथवा व्यापार प्राप्तियों को मान्यता देने के लिए प्रावधान मैट्रिक्स पद्धति का प्रयोग करके फ्सरलीकृत दृष्टिकोणय् अपनाया है। प्रावधान मैट्रिक्स व्यापार प्राप्तियों के अनुमानित जीवन में दर्ज की गई ऐतिहासिक डिफॉल्ट दरों पर आधारित होती है और दूरंदेशी अनुमानों के लिए इसे समायोजित किया जाता है। प्रत्येकरिपोर्टिंग तारीख को ऐतिहासिक डिफॉल्ट दरों को अद्यतन किया जाता है और दूरंदेशी अनुमानों में परिवर्तनों का विश्लेषण किया जाता है। इसके अतिरिक्तफ़ इस विश्लेषण के लिए प्राप्तियों को खंडों में विभाजित किया जाता है जहाँ प्राप्तियों की क्रेडिट जोखिम विशेषताएँ समान होती हैं।

i) **गैर-वित्तीय परिसंपत्तियाँ:**

(मूर्त और अमूर्त परिसंपत्तियाँ)

जब भी घटनाओं या परिस्थितियों में परिवर्तन यह इंगित करते हैं कि उनका वहन मूल्य पुनर्प्राप्त करने योग्य नहीं हो सकता है, तो पीपीई और अमूर्त परिसंपत्तियों की निश्चित जीवन के साथ, हानि के लिए समीक्षा की जाती है। हानि परीक्षण के उद्देश्य के लिए, वसूली योग्य राशि (जो कि उचित मूल्य से अधिक है, बेचने के लिए कम लागत और उपयोग में मूल्य) एक व्यक्तिफ़गत परिसंपत्ति के आधार पर निर्धारित की जाती है, जब तक कि संपत्ति नकदी प्रवाह उत्पन्न नहीं करती है जो बड़े पैमाने पर अन्य परिसंपत्तियों से स्वतंत्र होती है, जिस मामले में वसूली योग्य राशि नकदी पैदा करने वाली इकाई - ('सीजीयू') स्तर पर निर्धारित की जाती है।

एक संपत्ति को हानिप्रद समझा जाता है जब इसकी मूल कीमत इससे प्राप्त हो सकने वाली राशि (अर्थात उचित मूल्य में से बिक्री लागत और उपयोग में मूल्य को घटाने के बाद प्राप्त राशियों में से उच्च राशि) से अधिक हो जाती है। संपत्ति-हानि से होने वाले नुकसान को उस वर्ष लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है जिस वर्ष संपत्ति को हानिप्रद के रूप में चिहनित किया जाता है। पूर्ववर्ती लेखांकन अवधियों में चिहनित संपत्ति-हानि को बदल दिया जाता है यदि इससे प्राप्त हो सकने वाली राशि के अनुमान में परिवर्तन होता है और ऐसी हानि विद्यमान नहीं रहती है अथवा घट जाती है। संपत्ति-हानि को बदलने को पूर्व में मान्य अथवा संतुलित की गई संपत्ति-हानि की सीमा तक लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

बट्टे खाते में डालना

वित्तीय संपत्तियाँ

(उचित मूल्य पर संपत्तियों को छोड़ कर)

व्यापार प्राप्तियों, प्रतिधारण राशि और दस वर्ष से अधिक अवधि के लिए लंबित जमानत राशि सहित ऐसी संपत्तियों को बट्टे खाते में डाल दिया जाता है।

गैर-वित्तीय संपत्तियाँ (मूर्त और अमूर्त संपत्तियाँ)

संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण, अमूर्त संपत्तियों, वस्तु सूची आदि सहित ऐसी संपत्तियों को बट्टे खाते में डाल दिया जाता है जब प्रबंधन की राय में ऐसी संपत्तियाँ जीर्ण-शीर्ण, मरम्मत किए जाने की सीमा से परे क्षतिग्रस्त, चोरी और उपयोग हेतु अलाभकर हो गई हैं।

इन्वेंटरी की ऐसी वस्तुओं का निपटान तब किया जाता है, जब प्रबंधन की राय में, इस तरह की वस्तुएं अप्रचलित हो गई हैं, मरम्मत से परे क्षति, चोरी और उपयोग हेतु अलाभकर हो गई हैं।

1.8 प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक संपत्तियाँ

(i) प्रावधानों को तभी मान्यता दी जाती है जब:

क. समूह पर किसी पूर्व की घटना के परिणामस्वरूप वर्तमान में कोई दायित्व (कानूनी अथवा निर्माण संबंधी) है_

ख. इससे संभवतः भविष्य में संसाधनों का बहिर्वाह होगा और इससे होने वाले आर्थिक लाभों की दायित्व का निर्वहन करने में आवश्यकता होगी, और

ग. दायित्व की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है।

दायित्व का निर्वहन करने के लिए आवश्यक नकद प्रवाह का अनुमान लगा कर प्रावधान का निर्धारण किया जाता है और यदि धन के समय मूल्य का प्रभाव महत्वपूर्ण है तो प्रावधानों की मूल कीमत नकद बहिर्वाह का वर्तमान मूल्य होती है। एक प्रावधान के रूप में मान्य राशि दायित्व से संबंधित जोखिमों और अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए रिपोर्टिंग की तारीख को वर्तमान दायित्व का निपटान करने के लिए आवश्यक राशि का सर्वश्रेष्ठ अनुमान है।

(ii) आकस्मिक देयताओं को मान्यता नहीं दी जाती परंतु निम्नलिखित में से किसी मामले में इन्हें टिप्पणियों में प्रकट किया जाता हैः-

क. किसी पूर्व की घटना के परिणामस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व, जब यह संभावना न हो कि दायित्व के निपटान के लिए संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी; अथवा

ख. वर्तमान दायित्व का एक विश्वसनीय अनुमान नहीं किया जा सकता; अथवा

ग. संसाधनों के बहिर्वाह की संभाव्यता को छोड़ कर एक दायित्व की संभावना बहुत कम है।

आकस्मिक देयता निपटान के लिए संभावित बहिर्वाह को ध्यान में रखते हुए अनुमानित प्रावधानों का निवल है।

(iii) आकस्मिक संपत्तियों को मान्यता नहीं दी जाती परंतु इन्हें तब प्रकट किया जाता है जब किसी आर्थिक लाभ का अंतर्वाह संभाव्य होता है।

आकस्मिक संपत्तियों, आकस्मिक देयता और आकस्मिक देयताओं के लिए आवश्यक प्रावधानों की प्रत्येक बैलेंस शीट तारीख को समीक्षा की जाती है।

1.9 कर्मचारियों के लिए लाभ

1.9.1 परिभाषित अंशदान योजना

एक परिभाषित अंशदान योजना एक सेवानिवृत्ति-पश्चात लाभ योजना होती है जिसके अंतर्गत एक इकाई विभिन्न कोषों में निर्धारित अंशदान जमा करती है और उस पर इसके अतिरिक्त किसी राशि का भुगतान करने का कोई कानूनी अथवा रचनात्मक दायित्व नहीं होगा। समूह ऐसे निधियों/स्कीमों को भुगतान किए जाने वाले अंशदान को व्यय मानती है, जब कोई कर्मचारी संबंधित सेवाएँ दे देता है। यदि बैलेंस शीट तैयार किए जाने से पहले सेवाओं के लिए स्कीमों हेतु प्राप्त देय अंशदान पहले से ही भुगतान किए गए अंशदान से अधिक है तो इस स्कीम हेतु देय अंतर को भुगतान किए जा चुके अंशदान को घटाने के बाद एक दायित्व माना जाता है। यदि पहले से भुगतान किया जा चुका अंशदान बैलेंस शीट तैयार किए जाने से पहले सेवाओं के लिए प्राप्त देय अंशदान से अधिक है तो इस अधिक राशि को उस सीमा तक संपत्ति माना जाता है कि इस पूर्व-भुगतान से, उदाहरण के लिए, भविष्य में भुगतान में कमी होगी अथवा नकद वापसी होगी।

परिभाषित लाभ योजनाओं में अंशदान के दायित्व को लाभ एवं हानि के विवरण में उस अवधि में कर्मचारी लाभ व्यय माना जाता है जिसके दौरान कर्मचारियों द्वारा सेवाएँ दी गई हैं।

समूह की होल्डिंग कंपनी की एक परिभाषित अंशदान पेंशन स्कीम है जिसे एक अलग ट्रस्ट के मध्यम से प्रबंधित किया जाता है। समूह की होल्डिंग कंपनी का दायित्व कर्मचारियों के संबंध में इस ट्रस्ट में उस सीमा तक अंशदान करने का है जो मूल वेतन और महंगाई भत्ते के 30% में से भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, सेवानिवृत्ति-पश्चात चिकित्सा लाभ स्कीम के लिए नियोक्ता के अंशदान को घटाने के बाद प्राप्त राशि से अधिक न हो। इस कोष में किसी वर्ष के लिए अंशदान को व्यय माना जाता है और इसे लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

समूह अपने कर्मचारियों के लिए अपनी धारिता और सहायक कम्पनी के मान्यता प्राप्त भविष्य निधि में योगदान देता है जो उस सीमा तक एक निर्धारित लाभ योजना है, कि समूह पर ट्रस्ट के निवेशों से मिलने वाले प्रतिफल के अधिसूचित ब्याज दर से कम होने की स्थिति में कमी को पूरा करने का दायित्व है। इस संबंध में समूह का दायित्व एक बीमांकक द्वारा निर्धारित किया जाता है और यदि परिस्थितियाँ दर्शाती हैं कि ट्रस्ट सरकार द्वारा अधिसूचित ब्याज दरों को कवर करने के लिए पर्याप्त प्रतिफल सृजित करने में सक्षम नहीं होगा तो इसके लिए कदम उठाए जाते हैं। कोष में कंपनी के अंशदान को लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

1.9.2 परिभाषित लाभ योजनाएँ

1.9.2.1 ग्रेच्युटी

समूह पात्र नियमित और संविदा कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, एक परिभाषित लाभ योजना, उपलब्ध करता है। ग्रेच्युटी योजना में निहित कर्मचारियों को

सेवानिवृत्ति, मृत्यु, अशक्तता, अथवा रोजगार की शर्तों को पूरा करने पर संबंधित कर्मचारी के वेतन और समूह के साथ सेवा की अवधि के आधार पर एक राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाता है।

ग्रेच्युटी योजना के संबंध में देयताएँ निम्नानुसार वर्ष के अंत में एक स्वतंत्र बीमांकक द्वारा निष्पादित "अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति" का प्रयोग करके प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को बीमांकित मूल्यांकन द्वारा निर्धारित की जाती हैं:

(i) समूह की होल्डिंग कंपनी ने एक ग्रेच्युटी ट्रस्ट निधि बनाई है जिसका प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा किया जा रहा है जो अंशदान का निवेश भारत के कानून द्वारा अनुमत्य स्कीमों में करता है। इसी प्रकार समूह की सहायक कम्पनी ने भी ग्रेच्युटी ट्रस्ट निधि बनाई है जिसका प्रबंधन सहायक कम्पनी द्वारा किया जाता है। समान रूप से, समूह की सहायक कंपनी ने भी एक ग्रेच्युटी ट्रस्ट फंड की स्थापना की है जिसका प्रबंधन सहायक कंपनी द्वारा किया जाता है

(ii) समूह एक परिभाषित लाभ योजना के निवल दायित्व को बैलेंस शीट में एक संपत्ति अथवा देयता के रूप में मान्यता देती है।

(iii) निवल परिभाषित देयता/(संपत्ति) के पुनः मापन के मध्यम से लाभ अथवा हानि को अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्यता दी जाती है।

(iv) परिभाषित लाभ दायित्व के मापन के लिए प्रयुक्त छूट दर को लागू करके परिकलित लब्धि से अधिक राशि के योजना संपत्तियों के पोर्टफोलियो के वास्तविक प्रतिफल को अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्यता दी जाती है।

(v) सेवा लागत तथा निवल ब्याज लागत/ निवल परिभाषित लाभ देयता पर (आय)/(संपत्ति) को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

किन्हीं योजना संशोधनों के प्रभावों, यदि कोई हो, को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

1.9.2.2 <u>प्रतिपूर्ति की गई अनुपस्थिति</u>

समूह प्रतिपूर्ति की गई अनुपस्थिति के लिए परिभाषित लाभ योजना प्रचालित करती है। ऐसे परिभाषित लाभ प्रदान करने की लागत "अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति" का प्रयोग करके प्रत्येक बैलेंस शीट तारीख को बीमांकित मूल्यांकन द्वारा निर्धारित की जाती है।

1.9.2.3 <u>सेवानिवृत्ति-पश्चात चिकित्सा लाभ स्कीम</u>

सेवानिवृत्ति-पश्चात चिकित्सा लाभों के दायित्व का निर्धारण अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का प्रयोग करके प्रत्येक बैलेंस शीट तारीख को बीमांकित मूल्यांकन द्वारा किया जाता है। बीमांकित लाभों/नुकसानों को अन्य व्यापक आय के विवरण में मान्यता दी जाती है। पीआरएमएस स्कीम केवल समूह की धारिता कम्पनी पर लागू होती है।

1.9.2.4 अन्य लघु-अवधि लाभों की गणना उस अवधि में की जाती है जिसके दौरान सेवाएं दी गई हैं और तदनुसार लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किए जाते है।

1.10 लीज

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने भारतीय लेखा मानक 116 को अधिसूचित किया है जो कि मौजूदा भारतीय लेखा मानक 17- लीज़ को 01 अप्रैल 2019 से शुरू होने वाले लेखा वर्ष से प्रभावी तरीके से प्रतिस्थापित करता है।

<u>पट्टेदार के रूप में समूह</u>

मान्यता

लीज के आरम्भ के समय, उपयोग के अधिकार को किसी भी अप्रत्यक्ष लागत सहित परिसंपत्ति और विघटित लागत प्राप्त करने के लिए मान्यता दी जाएगी (यदि कोई हो), निम्नलिखित मामलों के अतिरिक्त भुगतान न किए गए लीज के वर्तमान मूल्य के समतुल्य देयता समरूपी लीज के साथ लीज प्रोत्साहन को कम करेंगी:

i. शॉर्ट टर्म लीज ; या

ii. लीज जिनके लिए कम मूल्य की संपत्ति अंतर्निहित है

लीज शॉर्ट टर्म या लो वैल्यू होने के मामले में, उन पट्टों से जुड़े लीज पेमेंट को लीज टर्म या किसी अन्य व्यवस्थित आधार पर स्ट्रेट-लाइन आधार पर खर्च के रूप में लिया जाएगा। पट्टेदार के रूप में कंपनी एक और व्यवस्थित आधार लागू करती है यदि वह आधार कंपनी के पैटर्न के अधिक प्रतिनिधि के रूप में पट्टेदार के लाभ के रूप में है।

लीज की अवधि में वित्त लागत में होने से लीज भुगतान के ब्याज तत्व को लाभ व हानि विवरण में चार्ज किया जाता है।

अनुवर्ती मापन (मूल्यह्रास)

अंतर्निहित परिसंपत्ति के उपयोगी कार्यकाल या लीज अवधि की वैधता का उपयोग का अधिकार, जो भी कम है और हानि के अधीन है।

अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी कार्यकाल और उपयोग के अधिकार के मूल्यह्रास के तरीकों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है और उचित रूप से समायोजित की जाती है।

लीज की देयता का पुनः मापन

लीज देनदारी फिर से मापी जाती है (उपयोग परिसंपत्ति के अधिकार के अनुरूप समायोजन के साथ) जबः

1. लीज अवधि को संशोधित किया जाता है - पट्टेदार को यह आश्वस्त करना चाहिए कि क्या विस्तार विकल्प का प्रयोग करना उचित है, या एक महत्वपूर्ण विकल्प या परिस्थितियों में बदलाव होने पर समाप्ति के विकल्प का प्रयोग न करेंः
   - पट्टेदार के नियंत्रण में है; तथा
   - प्रभाव क्या अनुपालन (या गैर-अनुपालन) यथोचित निश्चित है।
2. एक सूचकांक या दर के आधार पर लीज का भुगतान संशोधित किया जाता है।
3. लीज को संशोधित किया गया है
4. अवशिष्ट मूल्य की गारंटी के तहत भुगतान की जाने वाली राशियों में एक बदलाव है।

एक पट्टेदार संशोधित पट्टे के भुगतान को छूट देकर लीज देयता को अस्वीकार करेगा, यदि या तोः

(क) अवशिष्ट मूल्य की गारंटी के तहत देय राशि में बदलाव की उम्मीद है। अवशिष्ट मूल्य गारंटी के तहत देय राशि में परिवर्तन को प्रतिबिंबित करने के लिए एक पट्टेदार संशोधित लीज भुगतान का निर्धारण करेगा।

(ख) भविष्य के पट्टे के भुगतान में बदलाव होता है, जिसके परिणामस्वरूप एक सूचकांक या उन भुगतानों को निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली दर शामिल है, उदाहरण के लिए बाजार किराए की समीक्षा के बाद बाजार किराये की दरों में बदलाव को प्रतिबिंबित करने के लिए एक बदलाव। पट्टेदार उन देय पट्टे भुगतानों को प्रतिबिंबित करने के लिए पट्टा देयता को वापस करेगा, जब नकदी प्रवाह में परिवर्तन होता है (अर्थात् जब पट्टे के भुगतान में समायोजन प्रभावी होता है)। एक पट्टेदार संशोधित संविदात्मक भुगतानों के आधार पर पट्टे की शेष अवधि के लिए संशोधित पट्टा भुगतानों का निर्धारण करेगा।

पट्टेदार अपरिवर्तित छूट दर का उपयोग करेगा, जब तक कि लीज के भुगतान में परिवर्तन से फ्लोटिंग ब्याज दरों में परिवर्तन नहीं होता है। उस मामले में, पट्टेदार एक संशोधित छूट दर का उपयोग करेगा जो ब्याज दर में परिवर्तन को दर्शाता है।

लीज संशोधन

पट्टेदार एक लीज के संशोधन के लिए एक अलग लीज के रूप में खाता होगा यदि दोनोंः

(क) संशोधन एक या अधिक अंतर्निहित परिसंपत्तियों का उपयोग करने का अधिकार जोड़कर लीजके दायरे को बढ़ाता है; तथा

(ख) लीज के लिए विचार राशि में वृद्धि की गुंजाइश के लिए स्टैंड-अलोन मूल्य के साथ कम हो जाता है और उस संविदा के लिए किसी भी उपर्युक्त समायोजन के लिए किसी भी उपयुक्त समायोजन विशेष संविदा की परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करने के लिए।

लीज के संशोधन के लिए जिसका अलग पट्टे के रूप में हिसाब नहीं है, पट्टा संशोधन की प्रभावी तिथि पर पट्टेदार करेगाः

(क) संशोधित अनुबंध में विचार को आवंटित करें

(ख) संशोधित पट्टे की लीज अवधि निर्धारित करें

(ग) संशोधित छूट भुगतानों को संशोधित छूट दरों का उपयोग करके पट्टा देयता को पुनः प्राप्त करें। संशोधित छूट दर को लीज अवधि के शेष के लिए पट्टे में निहित ब्याज दर के रूप में निर्धारित किया जाता है, अगर उस दर को आसानी से निर्धारित किया जा सकता है, या संशोधन की प्रभावी तिथि पर पट्टेदार की वृद्धिशील उधार दर, यदि ब्याज दर में निहित है। पट्टा आसानी से निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

एक लीज संशोधन के लिए जिसका अलग लीज के रूप में हिसाब नहीं है, पट्टेदार लीज देनदारी की पुनर्भुगतान के लिए जिम्मेदार होगाः

(क) लीज के संशोधनों के लिए पट्टे के आंशिक या पूर्ण समाप्ति को प्रतिबिंबित करने के लिए उपयोग की गई परिसंपत्ति की वहन राशि को कम करना, जो लीज के दायरे को कम करता है। पट्टेदार लाभ या नुकसान को पहचान सकता है या लीज की आंशिक या पूर्ण समाप्ति से संबंधित कोई लाभ या हानि।

(ख) अन्य सभी लीज संशोधनों के लिए उपयोग की जाने वाली संपत्ति के लिए एक संगत समायोजन करना

(ग) एक व्यावहारिक प्रणाली के रूप में, एक पट्टेदार इस बात का चयन कर सकता है कि क्या पैराग्राफ 46ख में निर्धारित शर्तों से मेल खाने वाली रियायत पट्टा रियायत है अथवा नहीं। इस बात का चयन करने वाला पट्टाधारी किराया रियायत के परिणामस्वरूप पट्टा भुगतानों में किसी भी परिवर्तन को उसी प्रकार भारित करेगा जिस प्रकार कि यदि यह परिवर्तन पट्टा संशोधन नहीं होता तो इस मानक को लागू करते समय भारित किया जाता।

(घ) कोविड 19 महामारी के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में किराए में छूट और केवल तभी होगी जब निम्नलिखित सभी शर्तें पूरी हों :-

(i) व्यापक रूप से समान अथवा कम लीज के संबंध में संशोधित मान में लीज भुगतान में परिवर्तन का यह परिणाम होता है कि जो परिवर्तन से पहले के लीज हेतु विचारार्थ था।

(ii) लीज भुगतान के संबंध में किसी भी प्रकार की कटौती केवल 30 जून, 2021 या उससे पहले की मूल रूप से देय भुगतानों को प्रभावित करती है (यह छूट केवल इस परिस्थिति में लागू होगी यदि 30 जून 2021 या उससे पहले कम हुए लीज भुगतानों और 30 जून 2021 के पश्चात वर्धित लीज भुगतानों जिन्हें 30 जून 2021 से पश्चात तक विस्तारित किया गया हो,);

(iii) लीज की अन्य शर्तों और नियमों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं किया गया है।

वि-मान्यता

प्रारंभ में मान्यता प्राप्त उपयोग संपत्ति का अधिकार निपटान पर या जब इसके उपयोग या निपटान से कोई भविष्य के आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं की

जाती है। उपयोग की संपत्ति के अधिकार की मान्यता को लेकर उत्पन्न कोई भी लाभ या हानि (निवल निपटान आय और संपत्ति की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में गणना) लाभ और हानि खाते के विवरण में शामिल है जब उपयोग संपत्ति का अधिकार है पहचाना हुआ।

समूह एक लीजदाता के रूप में

वित्तीय लीज

समूह वित्तीय पट्टे के अंतर्गत धारित परिसंपत्तियों को लीज में निवल निवेश के बराबर राशि के रूप में एक प्राप्य के रूप में मान्यता देता है। समूह पट्टे की अवधि के दौरान वित्तीय आय को सीधे आधार पर मान्यता देता है, जो पट्टे में निवल निवेश पर एक स्थिर आवधिक रिटर्न की दर को दर्शाता है।

परिचालन लीज

ऐसी लीज़ जिनमें समूह संपत्ति के स्वामित्व के सभी जोखिमों और प्रतिफल को व्यापक रूप से स्थानांतरित नहीं करता है, उन्हें परिचालन लीज़ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। परिचालन लीज के अंतर्गत लीज़ पर दी गई परिसंपत्तियों को पूंजीकृत किया जाता है। किराया आय को लीज़ अवधि के दौरान सीधे आधार पर मान्यता दी जाती है, सिवाय इसके कि जहां अपेक्षित मुद्रास्फीति लागतों के साथ किराए में निर्धारित वृद्धि समूह को प्रतिपूर्ति करती है।

1.11 विदेशी मुद्रा लेन-देन

वित्तीय विवरण भारतीय रुपये में प्रस्तुत किए जाते हैं जो समूह की कार्यात्मक तथा प्रस्तुतीकरण मुद्रा है। एक समूह की कार्यात्मक मुद्रा वह होती है जो प्रमुख आर्थिक वातावरण की मुद्रा होती है जिसमें समूह प्रचालन करता है।

विदेशी मुद्रा में लेन-देन प्रारंभ में कंपनी द्वारा उस तारीख की कार्यात्मक मुद्रा स्पॉट दरों पर रिकॉर्ड किए जाते हैं जब यह लेन-देन सर्वप्रथम मान्यता के लिए पात्र होता है। तथापि व्यावहारिक कारणों से कंपनी एक उपलब्ध औसत दर का प्रयोग करती है जब लेन-देन की तारीख को यह औसत वास्तविक दर के लगभग समान होता है।

विदेशी मुद्रा में अंकित मौद्रिक संपत्तियाँ और देयताएँ रिपोर्टिंग की तारीख को विनिमय की कार्यात्मक मुद्रा स्पॉट दरों पर बदली जाती हैं।

निपटान के समय विनिमय में होने वाले अंतर अथवा मौद्रिक वस्तुओं के परिवर्तन को लाभ एवं हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

गैर-मौद्रिक संपत्तियों तथा देयताओं, जिनका मापन विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक लागत के अनुसार किया जाता है, को पुनः बदला नहीं जाता।

1.12 आय कर

1.12.1 वर्तमान आय कर

वर्तमान आय कर संपत्तियों और देयताओं का मापन कराधान प्राधिकरणों से प्राप्त किए जाने वाली अथवा उन्हें भुगतान किए जाने वाली अपेक्षित राशि पर किया जाता है। राशि की गणना करने के लिए प्रयुक्त दरें और कर कानून वे होते हैं जो रिपोर्टिंग की तारीख को भारत में अधिनियमित किए गए हैं अथवा मूल रूप से अधिनियमित किए गए हैं।

प्रबंधन ऐसी स्थितियों, जिनमें लागू कर विनियम विवेचना के शर्ताधीन है, के संबंध में कर आकलनों में अपनाई गई स्थितियों का आवधिक रूप से मूल्यांकन करता है और जहाँ उचित हो वहाँ प्रावधान स्थापित करता है।

